पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 2 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –138 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

अभिमत
■ कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी पृष्ठ 6
■ मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की तेजी से जांच के लिए बनेंगी 42 एसआईटी पृष्ठ 7

## इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्षी दलों की चुनौती

# जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया

■ अगली बैठक में गठबंधन के लोगों व संयोजक का ऐलान किया जाएगा
■ तीस सितम्बर तक लिया जाना है सीट बंटवारे पर फैसला

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। मीटिंग के दूसरे दिन 1 सितंबर को गठबंधन ने 13 मेंबर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान किया। बाद में कहा गया कि कमेटी में माकपा के मेंबर का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी में 14 मेंबर हो जाएंगे। मीटिंग में इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष और संयोजक ➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢



इंडिया का जीतना जरूरी है। गठबंधन को जिताने के लिए ही हम सब इस मंच पर बैठे हैं। हम हर राज्य की राजधानी में जाएंगे और मीटिंग करेंगे : **मल्लिकार्जुन खड़गे**

देश की एकता व संप्रभुता को मजबूत करना ही समय की मांग है हम लोगों ने संकल्प लिया है कि मोदी को हटाकर ही दम लेंगे : **लालू यादव**

### बैठक में 3 प्रस्ताव पास किए गए

अगले लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ा जाएगा। राज्यों में सीट बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी।

सार्वजनिक चिंता और महत्व के मुद्दों पर देशभर में जल्द से जल्द सार्वजनिक रैलियां करेंगे। अलग-अलग भाषाओं में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम के साथ पब्लिसिटी और मीडिया स्ट्रैटेजी बनाई जाएगी।

सितम्बर के दूसरे हफ्ते से कार्यक्रम हो जाएंगे शुरू

### ‘इंडिया’ की मुम्बई बैठक सम्पन्न

## संयुक्त प्रतिपक्ष मोदी-भाजपा को हराने के लिये कटिबद्ध

■ डॉ. दीपक पाचपोर

**रायपुर**, 1 सितम्बर। (देशबन्धु) लोकसभा चुनाव, अब चाहे अपने वक्त पर 2024 के मध्य में हो या जैसी कि केन्द्र सरकार की मंशा दिख रही है, इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ करा दिये जाएं- देश के दो दर्जन से अधिक प्रमुख विपक्षी दल ‘इंडिया’ के बैनर तले प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी सरकार को हराने का संकल्प ले चुके हैं। तमाम तरह की आशंकाओं को दरकिनार करते हुए मुम्बई में एक बड़े मंच पर साथ आये ‘इंडिया’ (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) में शामिल साथी दल भारत की 60 प्रतिशत जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिये आश्चर्य नहीं कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हों कि ‘जब भी चुनाव हों हम भाजपा को हरा देंगे क्योंकि लड़ाई बहुत आसान हो गयी है।’ घटक दलों के नेताओं ने जैसी मजबूत गोलबन्दी और एकजुटता का प्रदर्शन किया है, उससे बड़ी बात नहीं कि राहुल का कहा सच हो जाये। संयुक्त प्रतिपक्ष की ताकत का अंदाजा केवल इस बात से नहीं लगाया जाना चाहिये कि उसमें शामिल दलों की संख्या बड़ी है। उसकी असली ताकत यह है कि ये सारे ही दल अपने-अपने राज्यों के प्रमुख दल हैं। कई तो ऐसे हैं जो या तो सरकार में हैं अथवा प्रमुख विपक्षी दल हैं। की भाजपा को हराए बैठे हैं।

इस बैठक के समापन के साथ ही एकजुट विपक्ष अब सीधे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारियां पूरी करता हुआ भी दिखने लगा है। शुभंकर (लोगो), झंडा, प्रधानमंत्री पद का चेहरा जैसे मुद्दों की ज़रूरत इसलिये नहीं रह गयी कि बैठक में मौजूद दल उत्तर से दक्षिण तक एवं पूर्व से पश्चिम तक के भारत की नुमाइंदगी करते हैं- दक्षिणी राज्य केरल की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से लेकर धुर जम्मू-कश्मीर से नेशनल कांफ्रेंस व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी तथा पूर्वी भारत स्थित राज्य पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस से लेकर पश्चिम में महाराष्ट्र की शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी। वैचारिक विभिन्नता के बावजूद जिस तरह से इन दलों ने आपस में हाथ मिलाया है वह मोदी के लिये जबर्दस्त खतरा है। एक ओर देश के दोनों प्रमुख साम्यवादी दल (सीपीआई-सीमीएम) हैं तो दूसरी तरफ शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) भी है जो कभी अपनी वैचारिक कट्टरता के लिये जानी जाती थी। कांग्रेस तो धुरी ही है, तो कभी उसे तोड़कर गठित हुई एनसीपी भी मुम्बई बैठक के प्रमुख आयोजकों में से एक थी। सभी पार्टियां इस संकल्प के साथ बैठक में शामिल हुईं कि मोदी को हराकर ‘आइडिया ऑफ इंडिया’ को मोदी से बचाया जाये।

इसी साल के जून में बिहार की राजधानी पटना व तत्पश्चात कर्नाटक की राजधानी बंगलुरु में हुई बैठक से कई कदम आगे बढ़ चुकी मुम्बई की बैठक इस मायने में सचमुच मोदी के लिये गम्भीर खतरा बन गयी है क्योंकि बैठक में कहीं कोई विवाद या मत विभिन्नता नज़र नहीं आई और ऐसे किसी मुद्दे पर चर्चा ही नहीं हुई जिससे कोई विवाद हो सकता था। इसमें सबसे बड़ा मसला प्रधानमंत्री पद के चेहरे का कहा जा रहा था। सभी नेताओं की ओर से यही संदेश आया कि यहां कोई भी किसी पद के लिये नहीं आया है। सभी का एकमात्र उद्देश्य पूंजी के कुछ हाथों में एकत्रित करने वाली आर्थिक नीति के कारण बढ़ती गैर बराबरी, बिगड़ते साम्प्रदायिक सौहार्द्र, बेरोजगारी, भुखमरी, चीन की घुसपैठ, कमजोर वर्गों पर होते अत्याचारों से देश को बचाना है। अब यहां से निकलकर ये दल सीधे चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे। राज्य स्तर पर ही सीटों का बंटवारा कर लिया जायेगा। समन्वय समिति, सोशल मीडिया कमेटी आदि कुछ ऐसे कार्य दल बनाए गये हैं जो भाजपा के खिलाफ और इंडिया के पक्ष में अभियान चलाएंगे। ➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢

### आदित्य एल-1 के लॉन्चिंग की उल्टी गिनती शुरू

**बेंगलुरु**, 1 सितम्बर (एजेंसियां)। इसरो का सूर्य मिशन आदित्य-एल-1 लॉन्चिंग के लिए तैयार है। लॉन्चिंग की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और अगर सब कुछ सही रहा तो शनिवार दो सितंबर को सुबह करीब 11.50 बजे आदित्य-एल-1 को लॉन्च कर दिया जाएगा। भारत के पहले सौर मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो के वैज्ञानिकों ने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसरो के वैज्ञानिकों की एक टीम शुक्रवार को आदित्य-एल1 के एक छोटे मॉडल के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर मंदिर दर्शन करने ➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢

### कठिनाई का डटकर मुकाबला करें सफलता चूमेगी कदम : राष्ट्रपति मुर्मू



**बिलासपुर**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने तथा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने पहुँची राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रूकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें तात्कालिक असफलता से कभी हताश न हो, चुनौतियाँ हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं।

➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢

### अमित शाह दो दिन के प्रदेश प्रवास पर पहुंचे राजधानी



**रायपुर**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए उनके मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय हो गया है। अमित शाह आज शाम 6.40 बजे वायुसेना के विमान से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद शाम 7 बजे प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। रात को प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में आराम किया। ➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢

### राहुल गांधी आज रायपुर आएंगे



**रायपुर**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को रायपुर आयेंगे। 2 सितंबर को दोपहर 1 बजे मेला ग्राउण्ड नवा रायपुर में आयोजित विशाल राजीव युवा मितान सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश भर से करीब 2लाख युवाओं के आने की संभावना है। इसी के अनुरूप तैयारियां की गई है।सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी विशेष रूप से सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ➢➢ *शेष पृष्ठ 7 पर* ➢



# देश

**उवाच** ‘प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक ही चुनाव कराने की संभावनाएं तलाशने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुझे खुशी है कि रामनाथ कोविंद जैसे व्यक्ति ने पीएम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कमेटी इस मामले को देखेगी:-**हिमंत बिस्वा सरमा, मुख्यमंत्री असम**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.2 |
| मुंबई | 32.3 | 26.6 |
| कोलकाता | 36.6 | 28.8 |
| चेन्नई | 35.1 | 25.2 |

# 10 साल सत्ता में रहने के बाद भाजपा ने अपनी जमीन खो दी है : पवार

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा, ‘सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पैर जमीन पर नहीं हैं। वह 10 साल की सत्ता के बाद भी देश में लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करती है।’ 83 वर्षीय शरद पवार ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों को अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वे किसान हों, युवा हों, श्रमिक हों या अन्य हों। तीसरे इंडिया कॉन्क्लेव के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि अब हर कोई उस भाजपा से नाखुश है, जिसे उन्होंने सत्ता सौंपी थी, सरकार के पैर जमीन पर नहीं हैं। एक दशक तक सत्ता में रहने के बावजूद, भाजपा ने जमीन पर पैर रखकर काम करने की क्षमता खो दी है, लेकिन वे राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन के इंडिया सम्मेलन को भी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। शरद पवार ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके वरिष्ठ नेता हमारी आलोचना कर रहे हैं और हमें घमंडी कह रहे हैं। यह स्पष्ट है कि वे हममें से कुछ लोगों के एक साथ बैठने की सराहना नहीं करते... इससे साबित होता है कि असली घमंडी कौन है। शरद पवार ने बताया कि कैसे पिछले दो दिनों में 28 राजनीतिक दलों के नेता एक साथ शामिल हुए और देश के सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। पवार ने प्रतिज्ञा की कि इंडिया गठबंधन अगले चुनावों के लिए देश को एक व्यवहार्य राजनीतिक विकल्प देने का प्रयास कर रहा है।



**देश के विभिन्न हिस्सों को अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चाहे वे किसान हों, युवा हों, श्रमिक हों या अन्य हों, 10 साल की सत्ता के बाद भी देश में लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करती है:- शरद पवार, अध्यक्ष एनसीपी**

लोगों ने हमें बहुत गंभीरता से लिया है... हम इंडिया की तीन बैठकों में एक योजना लेकर आए हैं। इंडिया नामक एक नया मिशन शुरू किया गया है और यह रुकेगा नहीं। उन्होंने यह भी वादा किया कि जो लोग भटक गए हैं, उन्हें सही रास्ते पर लाएंगे और अगर फिर भी नहीं मानेंगे तो सभी पार्टियां कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें मनाएंगी और देश को एक स्वच्छ प्रशासन प्रदान करेंगी।

## उद्धव ठाकरे का दावा- इंडिया 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करेगा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है और 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के लिए तैयार है। इंडिया कॉन्क्लेव में पूरे भारत से 28 राजनीतिक दलों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव की मेजबानी करने वाले उद्धव ठाकरे ने कहा, ‘हम कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं और इंडिया गठबंधन की तीसरी मीटिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। हम सब राष्ट्र प्रेमी हैं और जो देश के विरोधी हैं, हम उनसे लड़ेंगे, आप सब जानते हैं कि वे कौन हैं।’ भाजपा का नाम लिए बिना उद्धव ठाकरे ने दोहराया कि इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर निरंकुशता, ‘जुमलों’, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा, ‘इंडिया परिवार’ के लिए बोलेगा, देश के विभिन्न हिस्सों में अत्याचारों का मुकाबला करेगा और ‘नये भारत’ के लिए काम करेगा। हमने ‘सबका साथ, सबका विकास’ के बारे में सुना था, लेकिन उसके बाद सहयोगियों को भुला दिया गया और दोस्तों को ही फायदा हुआ। वर्षों तक ‘लूट’ होती रही, चुनाव के समय ‘छूट’ (गैस सिलेंडर की कीमतें वापस लेना)।

**इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर निरंकुशता, ‘जुमलों’, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा, ‘इंडिया परिवार’ के लिए बोलेगा, देश के विभिन्न हिस्सों में अत्याचारों का मुकाबला करेगा और ‘नये भारत’ के लिए काम करेगा:-उद्धव ठाकरे**



## राष्ट्रपति ने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय करने की मंजूरी दी



**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, ‘भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में दूसरी अनुसूची में प्रविष्टि 9 में ‘संस्कृति मंत्रालय’ शीर्षक के तहत, ‘नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय’ शब्दों के स्थान पर...‘प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय और पुस्तकालय’ शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।’ इससे पहले, विपक्षी कांग्रेस ने संग्रहालय से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम हटाने के लिए केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की थी और इसे ‘प्रतिशोध की राजनीति’ का हिस्सा बताया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था, ‘इससे हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं होने वाली है। यह केवल उन्हीं के लिए समस्याएं पैदा करने वाला है। ये लोग जो कर रहे हैं, इसका उन पर निश्चित तौर पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्हें देश के प्रति जवाबदेह होना होगा।’

## ‘एक देश, एक चुनाव’ के लिए राज्यों की अनुमति जरूरी : कमलनाथ

**नीमच,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। एक देश एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चा के बीच मध्य प्रदेश की कांग्रेस इकाई के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इसके लिए राज्यों की अनुमति जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने नीमच जिले के प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस की पहली सूची जल्द ही जारी होगी परंतु फिर भी जिसे हमको इशारा करना है, हमने इशारा कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के ऐलान पर कमलनाथ ने कहा, 500 में सिलेंडर देने की बात मैंने ही की थी। सुना है भाजपा ने दो-तीन दिनों के लिए सिलेंडर को 450 रुपए में देने की बात की है। चलिए कम से कम मेरी मांग पर कुछ तो एक्शन लिया। ‘वन नेशन, वन इलेक्शन’ की चल रही चर्चा के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि यह संविधान संशोधन का विषय है, यह केवल लोकसभा और राज्यसभा में पास होना पर्याप्त नहीं, इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी। राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या भ्रष्टाचार का गवाह है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की एक व्यवस्था बनी हुई है। मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार प्रदेश बनाया गया। रोज चिट्ठियां वायरल हो रही है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोग मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्महत्या करने पहुंच रहे हैं, प्रदेश की छवि देशभर में धूमिल हो रही है।



■ **कमलनाथ ने नीमच जिले के प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा की**

उन्होंने आगे कहा कि भ्रष्टाचार होने के कारण प्रदेश में निवेश नहीं आ पाया और भयंकर बेरोजगारी व्याप्त है। मुझे चिंता है प्रदेश के नौजवानों की जो कल हमारे प्रदेश का निर्माण करेंगे। यदि नौजवानों का भविष्य इसी प्रकार अंधेरे में रहा तो कैसे प्रदेश का भविष्य संवरेगा। राज्य सरकार की लाडली बहन योजना को लेकर कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह चौहान को 18 वर्षों के बाद बहनें याद आने लगी, किसान याद आने लगे, कर्मचारी याद आने लगे, संविदा कर्मचारी अतिथि शिक्षक आदि सब की याद आने लगी।

## सार संक्षेप

### सीएम जगन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में टीडीपी नेता गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में टीडीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अय्यना पत्रुडु को विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया। हैदराबाद से विमान से विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कृष्णा जिले में ले गई। टीडीपी महासचिव नारा लोकेश की ‘युवा गलम’ पदयात्रा के हिस्से के रूप में एनटीआर जिले के गन्नावरम में हाल ही में आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पुलिस ने टीडीपी नेता और कुछ अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया था।

### अमित शाह ने देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को संबोधित किया। इस दौरान कॉल सेंटर के जरिए मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने की रणनीति को लेकर अहम टिप्स दिए।

## राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधों की समीक्षा के लिए 2 से 3 सितंबर तक श्रीलंका का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह श्रीलंका के राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री रानिल विक्रमसिंघे के अलावा प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से बातचीत करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठकों के दौरान श्रीलंका से भारत के रक्षा संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की जाएगी। राजनाथ सिंह मध्य श्रीलंका में नुवारा एलिया और देश के पूर्वी हिस्से में स्थित त्रिंकोमाली का भी दौरा करेंगे। राजनाथ सिंह की यात्रा श्रीलंका के साथ मौजूदा मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराएगी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच दोस्ती के मजबूत बंधन बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इससे पहले रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए श्रीलंका को भारत का प्राथमिकता वाला भागीदार बताया था। उन्होंने कहा कि अपनी ‘नेबरहुड फर्स्ट’ नीति के तहत, नई दिल्ली पड़ोसी देश के सशस्त्र बलों की क्षमता और क्षमता निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



‘इंडिया’ गठबंधन के प्रस्ताव पर भाजपा का कटाक्ष

## ‘गिव एंड टेक’ की राजनीति को विपक्षियों ने कर लिया स्वीकार

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने मुंबई की बैठक में विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ के पारित प्रस्ताव पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आज मुंबई की बैठक में तथाकथित इंडिया का जो रिजोल्यूशन रहा, उस पर उन्हें बहुत कौतूहल हुआ। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी सरकार के कार्यकाल में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि इन लोगों ने पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और नभ सहित हर जगह भ्रष्टाचार किया, इन सबकी पूरी राजनीति गिव एंड टेक से प्रभावित रही है और आज अलायन्स में शामिल दलों ने अपने प्रस्ताव में ही यह स्वीकार कर लिया कि वे गिव एंड टेक की राजनीति करेंगे।



प्रसाद ने राहुल गांधी पर चीन का प्रवक्ता बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या उनके गठबंधन की हर बैठक में चीन का स्तुतिगान किया जाना जरूरी है? उन्होंने सवाल पूछा कि क्या चीन भी इस विपक्षी इंडिया गठबंधन को पसंद कर रहा है? भाजपा नेता ने कहा कि पटना और बेंगलुरु के बाद मुंबई में विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक थी लेकिन तीन बैठकों के बाद भी विपक्षी गठबंधन ने भारत के विकास, महिलाओं और बच्चों के लिए ठोस बात, गरीबों के उत्थान और आतंकवाद एवं देश की सुरक्षा को लेकर कोई संकल्प देश के सामने नहीं रखा, भारत के विकास का कोई एजेंडा नहीं रखा, इनके पास कोई विजन नहीं है।

## पीठासीन अधिकारी ने कोर्ट में कहा – जान के खतरे के कारण बंगाल पंचायत चुनाव में धांधली का विरोध नहीं कर सके

**कोलकाता,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में हाल में संपन्न हुए पंचायत चुनावों को लेकर एक पीठासीन अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में कहा कि अपनी जान को खतरा होने के कारण वह चुनावी कदाचार को रोकने में असमर्थ रहे। मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा-II ब्लॉक में एक चुनाव बूथ पर पीठासीन अधिकारी, कोलकाता के केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक सुमित पांडे ने कोर्ट में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के समक्ष एक हलफनामे में यह स्वीकार किया। कोर्ट सीपीआई (एम) उम्मीदवार नसीमा बेगम की दोबारा चुनाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले न्यायमूर्ति सिन्हा ने पीठासीन अधिकारी सुमित पांडे से मतदान के दिन जो कुछ हुआ उसे एक हलफनामे में दर्ज करने के लिए कहा। हलफनामे में पांडे ने कहा, ‘जहां वह पीठासीन अधिकारी थे, वहां उपद्रवियों ने दोपहर 12 बजे तक बूथ पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया, मतपत्र छीन लिए और एक विशेष चुनाव चिन्ह पर बड़े पैमाने पर मुहर लगाना शुरू कर दिया।’


**कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
Email ID-coonpbhatgaon01@igail.com

क्रमांक/800/न.पं.भ./लो.नि.वि./2022-23 भटगांव, दिनांक 31/08/2023

**द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु पी.डब्ल्यु.डी. एस.ओ. आर भवन / सड़क 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर निविदा प्रपत्र में बंद निविदाए स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 11/09/2023 (शाम 4.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 12/09/2023 (शाम 4.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 15/09/2023 (शाम 3ः00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15/09/2023 (शाम 4.00 बजे तक)

| क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (रूपय लाख में) | अमानत राशि | निविंदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गायत्री मंदिर रोड में दुकान निर्माण कार्य | 18.01 | 14000 | 750 | 06 माह |

उपरोक्त कार्यों के सामान्य मार्ते, विस्तृत निविदा विज्ञापित विभागीय बेवसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत भटगांव**


## कर्नाटक: संतोष बनाम येदियुरप्पा की लड़ाई एक बार फिर खुलकर सामने आई

**बेंगलुरु,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष द्वारा आयोजित पार्टी की बैठक के बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के साथ उनकी लड़ाई एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। येदियुरप्पा के करीबी विश्वासपात्र और पूर्व मंत्री एम.पी. रेणुकाचार्य ने संतोष पर हमला बोला और येदियुरप्पा की अनुपस्थिति में बैठक आयोजित करने के लिए उनकी आलोचना की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने गुरुवार को प्रदेश पार्टी नेताओं की एक बैठक की और इस बात पर जोर दिया कि ‘2013 में कई लोगों ने कहा था कि भगवा पार्टी समाप्त हो जाएगी, लेकिन उसने 40 विधानसभा सीटें जीतीं’। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह संदर्भ इस तथ्य को उजागर करने के लिए लाया गया था कि येदियुरप्पा ने उस समय भाजपा छोड़कर 2013 में अपनी पार्टी कर्नाटक जनता पक्ष बनाई थी। सूत्रों ने कहा कि संतोष ने येदियुरप्पा पर कटाक्ष करते हुये कहा कि भाजपा इस साल के विधानसभा चुनावों में 60 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब रही क्योंकि 2013 के अलावा यह पहला विधानसभा चुनाव था जिसमें भाजपा उनके नेतृत्व के बिना उतरी थी। रेणुकाचार्य ने पूछा कि पिछले विधानसभा चुनाव में 72 नए चेहरों को टिकट क्यों दिए गए और आरोप लगाया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और पार्टी को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।



## लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के बारे में 2016 में तैयार हुआ था नोट

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा सचिवालय द्वारा 2016 में तैयार किए गए एक नोट में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनावों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। यह नोट लोकसभा सचिवालय के अतिरिक्त निदेशक बी. फणी कुमार, संयुक्त निदेशक बेला राउथ द्वारा संयुक्त सचिव कल्पना शर्मा और निदेशक सी.एन. सत्यनाथन की देखरेख में तैयार किया गया था। नोट में कहा गया है, ‘लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की वांछनीयता पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा की गई है। एक सुविचारित विचार यह है कि एक साथ चुनाव से न केवल मतदाताओं का उत्साह बना रहेगा, बल्कि सरकारी खजाने में भी भारी बचत होगी। साथ ही प्रशासनिक प्रयास की पुनरावृत्ति से भी बचा जा सकेगा।’इससे राजनीतिक दलों के खर्चों को नियंत्रित करने की भी उम्मीद है। एक साथ चुनाव कराने से आदर्श आचार संहिता को बार-बार लागू करने से भी बचा जा सकेगा जो सरकार के प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करता है।’ भारत में एक साथ चुनावों के इतिहास पर नोट में कहा गया है कि लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव 1951-52, 1957, 1962 और 1967 में हुए थे। इसके बाद, हालांकि, इस क्रम को बनाए नहीं रखा जा सका।

एक साथ चुनाव कराने के औचित्य पर नोट में कहा गया है कि ऐसा महसूस किया गया कि एक साथ चुनाव कराने से हर साल अलग-अलग चुनाव कराने पर होने वाला भारी खर्च कम हो जाएगा। वर्तमान में, चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा और राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव कराने की लागत 4,500 करोड़ रुपये आंकी गई है। नोट में कहा गया है, ‘चुनावों के कारण चुनाव वाले राज्य/क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और परिणामस्वरूप वहां केंद्र और राज्य सरकारों के संपूर्ण विकास कार्यक्रम और गतिविधियां रुक जाएंगी। अक्सर चुनावों के कारण लंबे समय तक आचार संहिता लागू रहती है जो सामान्य शासन को प्रभावित करता है।’


**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर**

**नोटिस**

क्रमांक/221/ब-121/2019-20/1072 रायपुर, दिनांक 16 अगस्त, 2023

प्रति,

1. **श्रीमती तुलसी दुबे पति हेमंत कुमार दुबे**
2. **श्री हेमंत दुबे पिता कुलेश्वर प्रसाद दुबे**
**निवासी** – सांईराम किराना ग्राम खरोरा वार्ड नं. 11 राधाकृष्ण मंदिर के पास पचेरी रोड तहसील तिल्दा रायपुर

--0--

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय लालगंगा मिडास फाफाडीह रायपुर** द्वारा आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र के द्वारा आपको कंपनी से **15,99,120.00 रुपये** का ऋण दिया गया था, और **श्रीमती तुलसी दुबे के स्वामित्व की अचल संपत्ति** कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। किन्तु आप ऋण की अदायगी नही कर रहे है। जिसके कारण आपको कंपनी द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रुपये 16,48,244,00** अदा करे, अन्यथा आपके द्वारा रखी गई बंधक संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर कंपनी के पक्ष में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय लालगंगा मिडास फाफाडीह रायपुर से 15,99,120.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा खरोरा प.ह.नं. 26/31 तहसील तिल्दा जिला रायपुर स्थित आबादी भूमि ख.नं. 449/9-10 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट कंपनी के पक्ष में बंधक रखी गई है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के पक्ष में उक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 25.09.2023 को ठीक 3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज **दिनांक 16 अगस्त, 2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी**
**रायपुर**



OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION PRIVATE LIMITED

**ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
सीआईएन : यू67100टीजैड2014पीटीसी020363
कार्पोरेट कार्यालय :– कोहिनूर स्क्वायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई–400028
ई–मेल : तंरमौण्रनउंदप/वउांतंतबण्बवउध्नइमतणींद/वउांतंतबण्बवउ
फोन : 022–26544000 प्राधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर : +919884062068/+918657969231

ख्परिशिष्ट – 4–क,
खनियम 8(6) के साथ पठित 9(1) का परंतुक देखे,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफासी ऐक्ट") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है। आगे, ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि. (ओएआरपीएल) (ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) उपरोक्त कर्जदार/गारंटरों के संबंध में सम्पूर्ण बकाया ऋण का अधिग्रहण समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 30–09–2021 के माध्यम से इंडसइंड बैंक लिमिटेड (समनुदेशनकर्ता बैंक) से अधोवर्णित प्रतिभूति सहित, कर लिया है। तदनुसार ओएआरपीएल ने समनुदेशनकर्ता का स्थान ले लिया है और बकाया राशि वसूल करने तथा प्रतिभूतियां प्रवर्तित करने की अधिकारी बन गई है। ओएआरपीएल के प्राधिकृत अधिकारी ने कर्जदार/बंधकदाता/सह–कर्जदार से नीचे वर्णित प्रतिभूत सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। ओएआरपीएल का प्राधिकृत अधिकारी एतद्द्वारा निम्नवर्णित सम्पत्तियां बकाया राशि की वसूली के लिए करने का इच्छुक है और इसलिए प्रतिभूत सम्पत्तियों के क्रय हेतु सीलबंद लिफाफे मे निविदाएं/बोलियां आमंत्रित करता है। सम्पत्तियों की बिक्री नीचे वर्णित कर्जदार, सह–कर्जदार(रों) से प्रतिभूत लेनदार के रूप में ओएआरपीएल की संबंधित कालम में दर्शित बकाया राशि की वसूली के लिए सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) एवं 13(4) के प्रावधानों क तहत अधिकारों तथा शक्तियों का प्रयोग करते हुए "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है", तथा "जो भी है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर की जाएगी। कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं), प्रतिभूतियों, स्वामी, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत प्रेषित मांग सूचना की तिथि, कब्जा की तिथि, सुरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि मूल्य, धरोहर राशि जमा (ईएमडी) निरीक्षण की तिथि एवं समय का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) का नाम | प्रतिभूत आस्ति का विवरण | सम्पत्ति स्वामी | मांग सूचना तिथि | 30–06–2023 तक बकाया राशि | भौतिक कब्जा तिथि | सुरक्षित मूल्य (भारतीय रूपए में) | बोली वृद्धि मूल्य (भारतीय रूपए में) | ईएमडी (भारतीय रूपए में) | निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1. मैसर्स गैलेक्सी मार्केटिंग (इसकी स्वामिनी श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा के माध्यम से) 2. श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा 3. श्री रवीश कुमार तलरेजा | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : दुकान नंबर 48, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्याम स्क्वायर, परिमाप निर्मित एरिया 215 वर्ग फीट प्लॉट नंबर 1 का पार्ट, सर्वे/खसरा नंबर 117/2एवं 136/1 का भाग, देवेन्द्र नगर स्कीम नंबर 32, आरडीए, ग्राम पंडरी तराई, पीएच नंबर 109, शहीद हेमू कलानी वार्ड नंबर 35, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ तथा निम्नानुसार परिबद्ध (सेल डीड के अनुसार) : उत्तर : खुला क्षेत्र दक्षिण : कॉरीडोर, पूरब : दुकान नंबर 46, पश्चिम : दुकान नंबर 49 सम्पत्ति का अधिक स्पष्ट विवरण श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा पत्नी श्री रवीश कुमार तलरेजा के नाम डीड नंबर 3471 (केएच) दिनांकित 19–08–2015 में दिया गया है। | श्रीमती अमृता नेभानी उर्फ श्रीमती अमृता तलरेजा | | रू. 43,04,347.04 (रूपए तेतालीस लाख चार हजार तीन सौ सैंतालीस तथा पैसे चार मात्र) 23–06–2021 | 28–06–2023 | रू.43,00,000/– (रूपए तेतालीस लाख मात्र) | रू.50,000/– | रू. 4,30,000/– (रूपए चार लाख तीस हजार मात्र) | 25–09–2023 अप. 01.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक |

खाता नंबर : 055505010221, लाभार्थी का नाम : ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट, बैंक नाम : आईसीआईसीआई बैंक, शाखा : बान्द्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोड : आईसीआईसी0000555

| | |
|---|---|
| ई–नीलामी की तिथि एवं समय | 11–10–2023 को दोपहर 12.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक |
| प्रतिभागिता का बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 09–10–2023 अप. 6.00 बजे तक |

नीलामी के नियम एवं शर्तें : बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार (ओएआरपीएल) की वेबसाइट http://omkaraarc.com/auction.php अथवा सेवा प्रदाता की वेबसाइट http://www.bankeauction.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के तहत बिक्री हेतु कानूनी नोटिस

यह सूचना उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदार(रों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9(1) और वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत न्यूनतम 30 (तीस) दिन की अनिवार्य सूचना भी है कि ई–नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री उपरिसंदर्भित तिथि को की जाएगी, इसके साथ ही उनको उपरिवर्णित बकाया राशि 01–07–2023 से आगे ब्याज तथा सभी लागतों प्रभारों और खर्चों के साथ बिक्री की समाप्ति से पूर्व किसी भी समय आस्तियां छुड़ाने की सलाह भी है। भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विवेकानुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5) के तहत निर्धारित किसी विधि से की जाएगी।

हस्ता./–
तिथि : 02–09–2023
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी, ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओंकारा पीएस 30/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत

# आईसीआईसीआई ने आईसीआईसीआई आई प्रू गिफ्ट लॉन्च किया

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु) । आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है, जो ग्राहकों को साल-दर-साल बढ़ती आय या निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ-साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो 5 से 12 साल तक प्रीमियम भुगतान शर्तों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिससे ग्राहकों को उनकी सुविधा और लक्ष्य समयरेखा के अनुसार बचत करने में मदद मिलती है। साथ ही 8वें साल से उन्हें 30 साल तक की आय मिलनी शुरू हो सकती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी,अमित पालटा ने कहा, हम आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो अंतर्निहित लचीलेपन वाला एक दीर्घकालिक बचत उत्पाद है जो ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद को समायोजित करने की अनुमति देगा।

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PANKAJ SHEVKANI S/O MOHANLAL resident of H.NO. 01 H.N. 108/38 PLOT NO. 198/1 NEAR SWAMI NARAYAN MANDIR SRINAGAR KHAMTARAI RAIPUR (C.G.) have changed my old name PANKAJ SHEVKANI S/O MOHANLAL so in future I should be recognized by my new name that is PANKAJ MOHANLAL SHEVKANI S/O MOHANLAL in all Government and other documents.

**PANKAJ MOHANLAL SHEVKANI**
H.NO. 01 H.N. 108/38
PLOT NO. 198/1 NEAR SWAMI NARAYAN MANDIR SRINAGAR KHAMTARAI RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, FAKIR CHAD PALIWAL S/O BHOLA RAM PALIWAL resident of GANDHI CHOWK WARD-03 NAILA-JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668 have changed my old name FAKIR CHAD PALIWAL S/O BHOLA RAM PALIWAL so in future I should be recognized by my new name that is FAKIR CHAND PALIWAL S/O BHOLA RAM PALIWAL in all Government and other documents.

**FAKIR CHAND PALIWAL**
GANDHI CHOWK WARD-03 NAILA- JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHAMBHOO KUMAR PALIWAL ALIAS SHAMBHOO PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL resident of BLOCK- A-1, WARD-09 V.I.P. CITY COLONY NAILA-JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668 have changed my old name SHAMBHOO KUMAR PALIWAL ALIAS SHAMBHOO PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHAMBHU PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL in all Government and other documents.

**SHAMBHU PALIWAL**
BLOCK- A-1, WARD-09 V.I.P. CITY COLONY NAILA- JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DILIP NIGAM S/O ANNAT PRASAD NIGAM resident of B-601, PALM BELLAGIO, NEAR BSNL OFFICE KHAMHARDIH ROAD SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.) have changed my old name DILIP NIGAM S/O ANNAT PRASAD NIGAM so in future I should be recognized by my new name that is DILIP KUMAR NIGAM S/O ANNAT PRASAD NIGAM in all Government and other documents.

**DILIP KUMAR NIGAM**
B-601,PALM BELLAGIO, NEAR BSNL OFFICE KHAMHARDIH ROAD SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SUSHIL KUMAR AGRAWAL S/O SHRIKISHAN AGRAWAL resident of 97, JAL VIHAR COLONY, NEAR OLD S.S.C. OFFICE, RAIPUR (C.G.) have changed my old name SUSHIL KUMAR AGRAWAL S/O SHRIKISHAN AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SUSHIL AGRAWAL S/O SHRIKISHAN AGRAWAL in all Government and other documents.

**SUSHIL AGRAWAL**
97, JAL VIHAR COLONY, NEAR OLD S.S.C. OFFICE, RAIPUR (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VINOD KUMAR DADHA S/O JORAWARMAL DADHA resident of HOUSE NO. 11/1 WARD NO. 32, CINEMA LINE RAJNANDGAON. (C.G.) 491441 have changed my old name VINOD KUMAR DADHA S/O JORAWARMAL DADHA so in future I should be recognized by my new name that is VINOD DADDHA S/O JORAWARMAL DADDHA in all Government and other documents.

**VINOD DADDHA**
HOUSE NO. 1 1/1
WARD NO. 32, CINEMA LINE RAJNANDGAON. (C.G.) 491441

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/क/बी-121/2023
ग्राम खमतराई प.ह.नं...........
तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक संतोष दास पिता स्व. श्री भागवत दास द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता/पति दादा स्व. श्री फेकू दास पिता श्री फूलदास की मृत्यु दिनांक 12.08.2006 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाईदिनांक 05.09.2023 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/क/बी-121/2023
ग्राम रायपुरखास प.ह.नं...........
तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक रविन्द्र नाथ रजका पिता स्व. श्री अरूण रजक द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता/पति माता स्व. श्रीमती कुलोवती रजक पति स्व. श्री अरूण रजक की मृत्यु दिनांक 24.06.93 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाईदिनांक 06.09.2023 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121 वर्ष 2022-2023
ग्राम भैरवा प.ह.नं........
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा दिनांक 21.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अहिल्या बाई वर्मा पति स्व. पदुम सिंह निवासी भैरवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय एकादश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो रायपुर व्यवहार बाद क्रमांक 224 ए/2019 संस्थित दिनांक 08.08.2019 निर्णयदिनांक 09.05.2022 आवेदिका/वादिनी के ससुर अंजोर सिंह पिता हीरा सिंह के बारे में विगत सात वर्षों से उन्होंने नहीं सुना है, जिन्होंने उसके बारे में यदि व जीवित होते तो स्वाभाविकता सुने होते अर्थात अंजोर सिंह पिता हीरा सिंह की सिविल मृत्यु होने की उपधारण की जाती है। माननीय व्यवहार न्यायालय के परिपालन में आवेदिका द्वारा अपने ससुर अंजोर सिंह पिता हीरा सिंह वर्मा का दिनांक 09.05.2022 का मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदिका द्वारा आवेदन के साथ सरपंच प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04.09.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./20230811700022/
ब/121/वर्ष 2022-2023
ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86
रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 14.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण साहू पिता बसंत साहू निवासी ग्राम रावांभाठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. रायपुर-1 रावांभाठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 199/1 रकबा 0.0170 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था। जो कि गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04.09.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2022-2023
ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79
रायपुर, दिनांक 28.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ पिता बिश्राम निवासी ग्राम मोहगांव बलौदाबाजार अमसेना छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 158/10 रकबा 0.0770 हे. आवेदक के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदक के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अत: आवेदक पक्ष द्वारा नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15.09.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-प्रकाशन

रा.प्र.क्र./202308113700022/अ-6/वर्ष 2022-23
रायपुर, दिनांक 29.08.2023
प्रति,

श्री अभिजीत गिरी गोस्वामी पिता स्व. रूपगिरी गोस्वामी निवासी म.नं. 2/1337 कोटा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., सन्नी बिन्द्रा पिता रंजीत सिंह बिन्द्रा निवासी रोहणीपुरम डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदकगण/क्रेता श्री रणजीत सिंग, श्री इन्द्रजीत सिंग दोनों पिता श्री बलविन्दर सिंग दोनों निवासी पोल्ट्री फार्म के पास हीरापुर गुरूसागर नगर साकुरे कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खाता क्रमांक 16 खसरा नंबर 630/8 रकबा 800 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2015 के माध्यम से विक्रेता/अनावेदक श्री अभिजीत गिरी गोस्वामी पिता स्व. रूपगिरी गोस्वामी निवासी म.नं. 2/1337 कोटा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2015 के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनांक 11.09.2023 को अनिवार्य रूप से स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 29.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00049 गुढ़ियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440723100054

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00049 के अंतर्गत ग्राम गुढ़ियारी के वर्तमान भूमिस्वामी परिवर्तित भूमि पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 452/3 0.0120 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रशांत दुबे पिता/पति स्व. संतोष दुबे पता शीतला मंदिर महावीर स्कूल के पास गुढ़ियारी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440726700095

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी बल्लुदास वैष्णव पिता/पति अर्जुन दास वैष्णव पता संतोषी नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 398/11 0.0185 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हरीश कुर्रे पिता/पति एल.एल. कुर्रे पता डी 103 न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगा।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440727100145

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी अविनाश बिल्डर्स द्वारा भागीदार आनंद सिंघानिया पिता/पति संतोष सिंघानिया मुकेश पिता नरेश सिंघानिया पता गीता नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15009/1 0.0054 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती शुचि तिवारी पति श्री अंकिता तिवारी पिता/पति पता उमरपुर मधुपुर जैनपुर उत्तर प्रदेश के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगा।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202308211100056
अ/20 ( 3 ) वर्ष-2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मधुकांत चौबे पिता भोलाराम शर्मा एवं 01 अन्य निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक-6 सी, भूखण्ड क्रमांक 18/7 क्षेत्रफल 163 वर्गमीटर निर्धारण 20.05 रूपये नजूल अभिलेख में आवेदकगण एवं अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर दर्ज है। अनावेदकगण राजेन्द्र कुमार, नूतन तिवारी, पूर्णिमा पांडे एवं सस्मिता शर्मा के द्वारा अपने-अपने हिस्से की भूमि को पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 12.04.2023 के माध्यम से आवेदकगण के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। उक्त हकत्याग पत्र के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से हकत्यागकर्तागण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ हकत्याग पत्र की छायाप्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा करना हो तो अपना आपतित दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नजूल अधिकारी भाटापारा

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 05 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202308111800008
विषय-ब-121 सन-2022-2023
धनेली प.ह.नं. 00024
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-सुमित अग्रवाल, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमित अग्रवाल पिता श्री शिव कुमार अग्रवाल निवासी 19, मारूती लाईफ स्टाईल मोहबाबाजार रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम धनेली प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली तहसील व धरसींवा जिला रायपुर स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 305/2, 305/3, 305/4, 305/6, 306/3, 309/4, 309/5 कुल रकबा 0.7170 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में सुमित अग्रवाल पिता शिव कुमार अग्रवाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि के खसरा नंबर को संविलियन कर ऑनलाईन अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06.09.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11703/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 29/08/23

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री ए.डी. जॉन पिता स्व. डी. जॉन द्वारा एल.आई.जी. मकान क्रमांक ई-48/3 ( कार्नर ) क्षेत्रफल 1150 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 09.06.2023 को क्रेता श्री गौकरण साहू पिता श्री धनीराम साहू एवं श्रीमती पुष्पा साहू पति श्री गोविंद साहू दोनों निवासी फुलवारी चौक ग्राम रावांभाठा बीरगांव रायपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री गौकरण साहू पिता श्री धनीराम साहू एवं श्रीमती पुष्पा साहू पति श्री गोविंद साहू द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपतित/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 29.08.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11784/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजनान्तर्गत श्रीमती तिलोत्तमा झाबक पति श्री सम्पत लाल झाबक को भूखण्ड क्रमांक ए-02 क्षेत्रफल 5050 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

आवेदन क्रमांक........
क्रमांक 11740/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अन्तर्गत श्री के.पी. खोसला पिता स्व. श्री गुरूबक्षराय खोसला को भूखण्ड क्रमांक सी-189/5 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11785/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजनान्तर्गत श्री संदीप झाबक पिता श्री सम्पत्त लाल झाबक को भूखण्ड क्रमांक सी-276 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11797/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार कमल विहार योजनांतर्गत श्रीमती सुमन मंधान पति श्री रामचंद्र मंधान को भूखण्ड क्रमांक डी-53 क्षेत्रफल 2325.00 वर्गफुट सेक्टर 04 में आबंटित है। क्रेता श्री जितेनद्र रामानी पिता श्री रमेश रामानी एवं श्रीमती लता रामानी पति श्री जितेन्द्र रामानी दोनों निवासी म.नं. 34/338 एलआईजी-5 शिव मंदिर के पास कटोरातालाब रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 22.08.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11793/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार कमल विहार योजनांतर्गत किस्मत बंजारे पिता स्व. मंगल बंजारे को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ई-166 रकबा 183.78 वर्गमीटर सेक्टर 01 में आबंटित हैं। क्रेता श्री अंकित रामनानी पिता श्री राजेन्द्र रामनानी निवासी 34/695 मॉडल स्कूल के पास सिविल लाईन्स रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 14.07.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से प्राप्त कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 11795/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 01/09/23

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 ( कमल विहार ) योजनांतर्गत श्रीमती दशोदा धनगर पति श्री नरेन्द्र धनगर पिता स्व. श्री तुमर सिंह धनगर श्रीमती रेखा धनगर पति श्री चन्द्रपाल धनगर श्रीमती सरोज धनगर पति श्री नरेन्द्र धनगर को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-232 रकबा 660 वर्गमीटर सेक्टर 06 में आबंटित है। क्रेता श्री चंद सचदेव एच.यू.एफ. द्वारा कर्ता श्रीचंद सचदेव पिता स्व. श्री टेउमल सचदेव एवं श्रीमती कोमल सचदेव पति श्रीचंद सचदेव दोनों निवासी फ्लैट नंबर बी 304 तृतीय तल मेट्रो हाईट्स एयरटेल ऑफिस के पास तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 04.11.2022 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 01.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

### न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00023 चीचा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440204800003

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00023 के अंतर्गत ग्राम चीचा के वर्तमान भूमिस्वामी बिसराम पि. खेदू पिता/पति बिसाहू पि खेदू पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 506 0.1100, 512 0.2600 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजू पाटिल पिता/पति स्व. बिसराम पाटिल पता ग्राम रीको पोस्ट थाना मंदिर हसौद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर पर की जावेगा।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00021 रीको ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440204600001

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00021 के अंतर्गत ग्राम रीको के वर्तमान भूमिस्वामी खेदूराम पिता/पति मेघु पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 456 0.0400, 459 0.0200, 452 0.0100 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजू पाटिल पिता/पति स्व. बिसराम पाटिल पता ग्राम रीको, पोस्ट थाना मंदिर हसौद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर पर की जावेगा।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00049 गुढ़ियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440723100053

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00049 के अंतर्गत ग्राम गुढ़ियारी के वर्तमान भूमिस्वामी तुलसीराम व बहला राम यादव पिता/पति पता सा केलकर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1061/15 0.0050 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता साधना बाई यादव पिता/पति स्व. तुलसी राम यादव पता गली नं. 03 कृष्णा नगर सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 18 रायपुर, कृष्णा यादव पिता/पति स्व. तुलसी राम यादव पता गली नं. 03 कृष्णा नगर सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 18 रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 02 एए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00044 सड्डू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440723900042

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00044 के अंतर्गत ग्राम सड्डू के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती मेघा राजिम वाले पिता/पति श्री अनन्त प्रभाकर राजिम वाले पता म.नं. ई-39 एन.आई.टी. केम्पस जी.ई. रोड रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15016/29 0.0135 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती किरण राठौर पिता/पति श्री पुष्पराज सिंह राठौर पता निवासी 13/23 इस्पात नगर रिसाली भिलाई नगर जिला दुर्ग छ.ग., श्री पुष्पराज सिंह राठौर पिता/पति श्री मान सिंह राठौर पता निवासी 13/23 इस्पात नगर रिसाली भिलाई नगर जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6328210082023025

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी करसन भाई पटेल पिता/पति स्व. नत्थु भाई पटेल पता सरदार पटेल टिम्बर मार्केट भनपुरी रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 159/4 0.1220 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ज्वेरी लाल नायानी पटेल पिता/पति स्व. नत्थू भाई पटेल पता सरदार पटेल टिम्बर मार्केट भनपुरी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6328210082023018

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी वनीता बेन पिता/पति नरिसंह भाई पटेल पता शांति टिम्बर ट्रेडर्स टिम्बर मार्केट भनपुरी रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 159/5 0.0730 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नरिसंह भाई नायानी पटेल पिता/पति स्व. नत्थु भाई पटेल पता सरदार पटेल टिम्बर मार्केट भनपुरी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00013 कुरूद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440204200005

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00013 के अंतर्गत ग्राम कुरूद के वर्तमान भूमिस्वामी प्रज्ञा प्रमिता सिंह पिता/पति अशोक सिंह पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/11 0.0300 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रजना मधुलिका हरिचंदन पिता/पति मलयकिशोर हरिचंदन पता लोधीपारा चौक कांपा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00059 चंगोराभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440722300059

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम चंगोराभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी गोपाल बियानी पिता/पति मिश्री लाल बियानी पता पचपेड़ी नाका रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 161/6 0.0065 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सपना ठाकुर पिता/पति श्री सुधीर ठाकुर पता न्यू चंगोराभाठा करण नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/202307111000226/
अ/6 वर्ष 2022-23
ग्राम हथबंद प.ह.नं. 33
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 31.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजुराम निषाद पिता चंद्रिका निषाद निवासी हतबंद जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम हतबंद प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धरसींवा में स्थित भूमि खसरा नंबर 90/1 रकबा 0.1900 हे. भूमि आवेदक का नाम अंजुराम निषाद अन्जोरी पिता चन्द्रिका निषाद दर्ज है, उक्त खसरा में अंकित आवेदक का नाम त्रुटिवश अंजुराम निषाद के स्थान पर अन्जोरी दर्ज हो गया है, जिसे सुधार किया जाकर अन्जोरी के स्थान पर आवेदक का वास्तविक नाम अंजुराम निषाद दर्ज किये जाने का निवेदन अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत भूमि अभिलेख दुरूस्ती बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.09.2023 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 22.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुशीला नायक पति एस.पी. नायक निवासी राजीव नगर शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक एच-05 खसरा नंबर 431 एवं 432/3 का भाग रकबा 5184 वर्गफुट को आवेदिका के पति श्री एस.पी. नायक पिता श्री दिवाकर प्रसाद नायक ने विक्रेता भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.07.1997 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया था। उक्त भूमि के क्रेता आवेदिका के पति श्री एस.पी. नायक पिता श्री दिवाकर प्रसाद नायक की मृत्यु दिनांक 02.04.2021 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान आवेदिका एवं अन्य है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि को वारिसान हक में मृतक क्रेता के विधिक वारिसानों को नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 05.09.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) सूचना-प्रकाशन

रा.प्र.क्र./202309113700001/
अ-6/वर्ष 2022-2023
रायपुर, दिनांक 01.09.2023
प्रति,

श्रीमती भावना बाई पति श्री चुन्नीलाल निवासी कुम्हारी जिला दुर्ग छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदकगण /क्रेता ( 01 ) अवतार सिंग मनकू पिता गुरूदेव सिंह मनकू ( 02 ) श्रीमती गुरजीत कौर पति प्यारा सिंह सोनहपाल दोनों निवासी बी-10 उदया सहकारी समिति टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 366/3 का भाग रकबा 0.0620 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.12.1996 के माध्यम से विक्रेता / अनावेदक श्रीमती भावना बाई पति श्री चुन्नीलाल निवासी कुम्हारी जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.12.1996 के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनांक 13/09/2023 को अनिवार्य रूप से स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे. अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जायेगी एवं प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 01/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-12 आम सूचना

जारी दिनांक 13.08.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती यदुबाला मिश्रा पति स्व. श्री नितेन्द्र शेखर मिश्रा निवासी राधास्वामी नगर रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरखास पटवारी हल्का नंबर 62 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1745/1 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08.08.2023 के परिपालन में दिनांक 06.09.2023 को समय 4 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 62 के पुजारी चेंबर पचपेड़ी नाका में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-12

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KAVITA DADHA W/O VINOD DADHA resident of HOUSE NO. 11/1 WARD NO. 32, CINEMA LINE RAJNANDGAON. (C.G.) 491441 have changed my old name KAVITA DADHA W/O VINOD DADHA so in future I should be recognized by my new name that is KAVITA DADDHA W/O VINOD DADDHA in all Government and other documents.

**KAVITA DADDHA**
HOUSE NO. 1 1/1
WARD NO. 32, CINEMA LINE RAJNANDGAON. (C.G.) 491441

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHAMBHU KUMAR PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL resident of BLOCK- A-1, WARD-09 V.I.P. CITY COLONY NAILA- JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668 have changed my old name SHAMBHU KUMAR PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHAMBHU PALIWAL S/O FAKIR CHAND PALIWAL in all Government and other documents.

**SHAMBHU PALIWAL**
BLOCK- A-1, WARD-09 V.I.P. CITY COLONY NAILA- JANJGIR (NP) JANJGIR, JANJGIR- CHAMPA (C.G.) 495668

# छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन की 4 से होने वाली हड़ताल स्थगित



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन द्वारा 4 सितम्बर से होने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन को विधायक, मंत्री एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग से चर्चा उपरांत स्थगित किया गया है। जिला अध्यक्ष रायपुर राजेश सोनी ने बताया कि लिपिक फेडरेशन पदाधिकारियों ने विधायक सत्यनारायण शर्मा के निवास स्थान पर मुलाकात की। जिसमें विधायक के द्वारा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति की प्रथमदृष्टया प्रतीत होने का लेख करते हुये उसमें सुधार करने की अनुशंसा करते हुये वर्तमान अनिश्चितकालीन आंदोलन में नही जाने की सलाह दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंत्रीमंडल के मंत्रियों सहित मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को अपने पत्र के माध्यम से लिपिकों के ज्ञापन प्रेषित किया। कमलप्रीत सिंह सचिव सामान्य प्रशासन विभाग से हुई भेंट में लिपिक फेडरेशन के पदाधिकारियों से लिपिकों के वेतनमान में सुधार हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार करते हुए मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। उन्होने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर नही जाने की सलाह फेडरेशन के पदाधिकारियों को दी। इसी तारतम्य में आज मंत्रालय में मोहम्मद अकबर मंत्री वन, आवास एवं पर्यावरण से संपर्क किया गया। उन्होने ने भी लिपिक फेडरेशन के पदाधिकारियों के ज्ञापन पर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

लिपिकों के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रुप से संजय सिंह प्रांताध्यक्ष छ.ग.लि.व.शा कर्म.संघ, रोहित तिवारी प्रांताध्यक्ष छ.ग.प्र.लि.व.शा.कर्म.संघ, वीरेंद्र नाग प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिक वन कर्मचारी संघ, व्ही. पी. तिवारी, आर.बी.साहू, देवाशीष दास, राजकुमार सौंधिया, जाहिद अहमद, गौतम हाजरा, रफीक मोहम्मद, राजेश सोनी, रघुराज सिंह, मनीष शर्मा, परिवेश ठाकरे, अतिश शर्मा, मुकेश कसार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# टिकिट नहीं मिलने से नाराज श्याम तांडी ने भाजपा छोड़कर किया कांग्रेस में प्रवेश

## प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दिलाई सदस्यता




**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही महीने का समय बाकी है लेकिन दल बदलकर हित साधने की कोशिशें भी जारी है। भाजपा में टिकिट नहीं मिलने से नाराज सरायपाली के नेता श्याम तांडी ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश कर लिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में तांडी ने कांग्रेस की सदस्यता ली। महासमुन्द जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से साल 2018 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रहे श्याम तांडी और उनके साथ सैकड़ो समर्थकों ने रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन आकर कांग्रेस प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार सरायपाली विधानसभा सीट से गाड़ा समाज को टिकट नहीं मिलने से नाराज थे इसलिए उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश किया।

**सरायपाली से सरला को मिली है टिकिट**

भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। सरायपाली से सरला कोसरिया को टिकिट मिली है। वहीं गाड़ा समाज को टिकट नहीं देने से नाराज होकर श्याम तांडी कुछ दिन पहले भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा दे चुके हैं। श्याम तांडी के कांग्रेस प्रवेश करने से भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती है।

**श्याम तांडी ने कांग्रेस भवन में माथा टेककर किया प्रवेश**

श्याम तांडी 2018 में सराईपाली से भाजपा के उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी किस्मत लाल नंद से करीब 52 से ज्यादा वोटो के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। शुक्रवार को राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख दीपक बैज की मौजूदगी में श्याम तांडी ने कांग्रेस प्रवेश लिया और पार्टी की रीती-नीति के अनुसार चलने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

# निजी अस्पतालों में डेंगू मरीजों की गलत जानकारी देने पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,** 1 सितंबर। मलेरिया डेंगू एवं अन्य जनित रोग के लिए संचालक महामारी नियंत्रक ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी किया है तीन बिंदुओं में दिशा निर्देश जारी किया गया है जारी आदेश में कहा गया है कि डेंगू के सम्भावित रोगियों की पुष्टि एलाइजा टेस्ट द्वारा किया जाए रेपिड टेस्ट में पॉजिटिव मरीजों का एलाइजा टेस्ट कराया जाए आदेश में कहा गया है कि निजी अस्पताल में जहां डेंगू मरीजों की संख्या ज्यादा होने की जानकारी मिल रही है वहां भेंट करके जानकारी पुष्टि करें गलत जानकारी होने पर नर्सिंग होम एक्ट की तरह कार्रवाई किया जाए।

# अब 11 तक जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की तैयारी के समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुनरीक्षण तिथि आगे बढ़ाने की घोषणा की गई थी। इसी के परिपेक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की अर्हता तारीख में वृद्धि करते हुए 11 सितंबर 2023 अंतिम तारीख निर्धारित की गई है।

कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संशोधन करने के लिए पूर्व में निर्धारित तारीख 31 अगस्त थी, जिसे आगे बढ़ाकर 11 सितंबर किया गया है। अब सभी मतदान केन्द्र में कल 2 सितंबर शनिवार और 3 सितंबर रविवार को पूर्व की भांति विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसमें बूथ लेवल अधिकारी कार्यालयीन निर्धारित समय अवधि में आवश्यक फॉर्म के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य करेंगे। 11 सितंबर तक प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 28 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

कबीरधाम जिले में मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन मिशन मोड पर है। जिले के भीतर मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, विक्रय और परिवहन के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा से प्रवेश कर अन्य राज्यों के लिए जाने वाली सभी छोटी-बड़ी परिवहनों पर भी कड़ी मॉनिटरिंग और चौकसी बरती जाएगी।

# धारदार चाकू के साथ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। थाना गंज पुलिस टीम द्वारा थाना गंज क्षेत्रांतर्गत चेकिंग के दौरान अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते आरोपी अनिल कुमार भास्कर पिता अगर दास भास्कर उम्र 23 साल निवासी ग्राम टूंडा गिधौरी बलौदाबाजार हाल पता चुन्नीलाल का मकान पुरैना भिलाई.3 जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चाकू जप्त किया गया वही एक अन्य मामलें में उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम बुधवारी बाजार बीरगांव के पास धारदार चाकू लेकर आने.जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते आरोपी सत्यम सिंह उर्फढोलू पिता राजेश सिंह उम्र 20 साल साकिन नगर निगम रोड वंदना साड़ी दुकान के पास बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 342ध्23 धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# वीआईपी रायपुर प्रवास के मददेनजर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**रायपुर,** 3 सितंबर। अति विशिष्ट व्यक्तियों के रायपुर प्रवास सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों,थाना प्रभारियों, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम सहित यातायात पुलिस एवं अन्य पुलिस बलों द्वारा विशेष चेकिंग की जा रहीं है। होटल, लॉज, ढ़ाबा की चेकिंग करने के साथ ही 30 से अधिक स्थानों में फिक्स नाकेबंदी पाईंट लगाकर जिले के भीतर प्रवेश करने वाली समस्त वाहनों की बारिकी से जांच व चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग कर भीड़.भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालों संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वों संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने सार्वजनिक मैदान पार्क चौक . चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। चेकिंग के दौरान जो भी संदिग्ध पाये जाएंगे उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# राजीव युवा मितान सम्मेलन में आज 2 हजार शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रायपुर,** 1 सितम्बर। राजीव युवा मितान सम्मेलन में कल 2 सितम्बर को 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। ये शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीधी भर्ती से नियुक्त किए जा रहे हैं। इस समारोह में लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सहित मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में बस्तर व सरगुजा संभाग में नियुक्त 20 शिक्षकों को अतिथियों द्वारा प्रतीक स्वरूप नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। युवा मितान सम्मेलन नवा रायपुर स्थित मेला स्थल में आयोजित किया जा रहा है। राज्य गठन के बाद पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के विरुद्ध कल 10834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए 12489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। व्याख्याता की नियुक्ति के पश्चात मुख्यमंत्री निवास में 12 अगस्त 2023 को 232 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया था। इसी प्रकार शिक्षकों के विज्ञापित 5772 पदों में से 3449 पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किया जा रहा है। इनमें से 2000 अभ्यर्थियों को कल एक साथ नया रायपुर स्थित राजीव युवा मितान सम्मेलन में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# गौठान में रखे गायों को कसाई खानों में बेचने जा रही नगर निगम : बृजमोहन

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर निगम के द्वारा गौठान में रखे गौवंश की नीलामी के लिए निकाले गए आम सूचना का तीखे शब्दों में विरोध करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री व रायपुर नगर निगम गौमाता को कसाइयों के हाथ में बेचने की कोशिश कर रही है। उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। क्या गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठानो पर अरबो रुपया खर्च करने का ढिंढोरा पीटने वाली यह सरकार गौ माताओ को गौठानो में रख भी नहीं सकती।



उन्होंने कहा है कि गौवंस को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों सौपने नहीं देंगे। विधायक अग्रवाल ने कहा है कि रायपुर नगर निगम अगर गाय और अन्य पशुओ को नीलाम करेगी तो उन्हें खरीदने वाला कौन होगा इसका निर्धारण कैसे होगा, कि खरीदने वाला गौमाता को पालेगा या सेवा करेगा। कहीं इस नीलामी के माध्यम से कसाई लोगो का प्रवेश तो नहीं हो जाएगा। इस पर सरकार को चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम साढ़े चार साल से बोल रहे है, कि छत्तीसगढ़ सरकार कि गौ सेवा कि सभी योजनाए असफल हो गई है प्रदेश में गौ सेवा के नाम पर सिर्फ ढोंग हो रहा है। नगर निगम रायपुर के इस नीलामी के माध्यम से सरकार कसाइयों को या गौकसी करने वालो को छत्तीसगढ़ के गायों को सौपने जा रही है। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठान बनाने, गौ सेवा करने का ढोंग करने वाली भूपेश बघेल कि सरकार का मूल चरित्र आज फिर सामने आ गया है। गाय बेचते इन्हें लज्जा नहीं आ रही है। गौवंश कि नीलामी किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। गौवंस को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों में सौपने नहीं दिया जाएगा। सरकार को नगर निगम कि नीलामी को आम सूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर गौठानो में बंद गायों कि देख रेख व लालन पालन करना चाहिए।

# जहरीली शराब से मौत के लिए प्रदेश की भूपेश सरकार दोषी : चंदेल

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत के लिये प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कसूरवार ठहराते हुए कहा कि जहरीली व विषयुक्त शराब पीने से जांजगीर-चाँपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 2 लोगों की मौत के लिये हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली भूपेश सरकार जिम्मेदार है।



प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि विगत 3 महीने पहले इसी क्षेत्र के ग्राम रोगदा में 3 परिवार जहरीली शराब से पूरी तरह उजड़ गये थे। अभी इन परिवारों के आँसू सूख भी नहीं पाये हैं कि अब ग्राम अमोदा की यह घटना सामने आयी है। दोनों मृतक किरण कुमार सूर्यवंशी और ललिता सूर्यवंशी अनुसूचित जाति से हैं। दोनों जहरीली शराब के सेवन से असमय काल के गाल में समा गये। श्री चंदेल ने कहा कि हम लोग एक नहीं अनेक बार शासन व प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिये कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं, सड़क से लेकर सदन तक इस विषय को लेकर आंदोलन भी हुए, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि प्रदेश की भूपेश सरकार के संरक्षण में अवैध व जहरीली शराब का कारोबार खुलेआम गांव-गांव गली-गली में चल रहा है। शासन व प्रशासन के संरक्षण में इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि यह मौत का तांडव इस कांग्रेस सरकार की अवैध कमाई की भूख की परिणति है। छत्तीसगढ़ में शराब से मौत का सिलसिला कब रुकेगा, यह अनिश्चय के गर्भ में है। श्री चंदेल ने कहा कि इन मौतों के लिये जो भी जिम्मेदार है, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। श्री चंदेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कहा है कि प्रदेश में अवैध शराब से मौतों का सिलसिला कब रुकेगा, इस पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जानकारी दें। प्रदेश की जनता इस बात को जानना चाहती है।

## निधन

### महंत दशरथ भारती



**दुर्ग,** 1 सितंबर। गया नगर दुर्ग निवासी दशरथ भारती का आज सुबह करीब 9 बजे निधन हो गया। वे कीर्तन, सुरेश, कौशल भारती गोस्वामी के बड़े भाई और सुनील पूनम देवेन्द्र भारती गोस्वामी के पिता थे। अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नागपुर-दुर्ग खंड पूरी तरह ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। अब्दुल अमानी कुरैशी। कई बार इन सेक्शनों के एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को होती है भ्रम की स्थिति, बदलते वक्त के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने सिग्नल सिस्टम में भी बदलाव किया है। अब वर्तमान में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिनलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। नई व्यवस्था में स्टेशन वार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिमल लगाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिझल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी। जो ट्रेन जहां रहेंगी और वो जहां है वहीं रुक जाएंगी। कई बार इन सेक्शनों के एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को भ्रम की स्थिति हो जाती है, खासकर जब मेमू ट्रेन जिसके आगे और पीछे दोनों तरफ इंजन लगी रहती है, या वैसी मालगाड़ी जिसके पीछे भी बैंकिंग इंजन लगी होती है।

इन ट्रेनों के रुकने से ऐसा प्रतीत होता है कि इनके इंजन आमने सामने आ गए हैं। खासकर जब आगे वाली ट्रेन रुकती है तो पीछे वाली ट्रेन सिग्रल के इशारे का फॉलो कर एक निश्चित दूरी के अनुसार उसके पीछे रुक जाती है। इसी वजह से वीडियो एवं फोटो से ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनें आ गई है।




ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ही रूट पर एक किमी के अंतर पर एक के पीछे एक ट्रेन चलती है। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है और खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है। स्टेशन बार्ड से ट्रेन के आगे बढते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम नागपुर मंडल के अंतर्गत कलमना-गोंदिया, गोंदिया- राजनांदगाँव, राजनांदगाँव - दुर्ग कुल 260 किलोमीटर, बिलासपुर, जयरामनगर 14 कि.मी. बिलासप दुबिल्हा 16 कि.मी., बिलासपुर घुटकू के मध्य 16 कि.मी., चांपा से कोरबा 37 किलोमीटर जैसे अनेक रेल खंडो में आटोमेटिक सिग्रल प्रणाली लागू की गई है। साथ ही कई महत्वपूर्ण रेलखंडों में इस प्रणाली को स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

ऑटोमेटिक सिमल प्रणाली से एक और गाड़ियों की रफ्तार तो बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर लागत की दृष्टि से भी वह काफी कम खर्चीला है। पहले कॉपर के केवल लगाये जाते थे जिसमे लागत ज्यादा आती थी।

आजकल ऑप्टिकल फाइबर केबल लगाये जा रहे है जिसकी लागत भी कम होती है एवं इसके चोरी होने का भी भय नही रहता है। यह रिंग प्रोटेक्टेड केबल होते है जो जल्द खराब भी नहीं होते। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के सभी महत्वपूर्ण रेल खंडों में इस प्रकार की ऑप्टिकल फाइबर केबल के साथ आटोमेटिक सिग्रल प्रणाली से कम लागत में ज्यादा आउटपुट की प्राप्ति होगा।

संरक्षित ट्रेन संचालन में सिगलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे में उपयोग में आनेवाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जाता है, इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी।

# प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश को लेकर मौसम विभाग अलर्ट

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अगस्त महीना गर्मी और उमस के बीच ही बीत गया, हालांकि, बीच-बीच में हल्की बारिश भी हुई। लेकिन सावन में जिस बरसात की उम्मीद की जा रही थी, उस तरह से नहीं हो सकी। इसी बीच, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में अगले दो-तीन दिनों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक, 02 और 03 सितंबर को छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं।



**तेज आंधी और बिजली गिरने की संभावना**

प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं कुछेक स्थानों पर आंधी और बिजली गिरने के साथ ही भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 5 दिनों के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। शेष हिस्सों में हल्की वर्षा हो सकती है।

**इन राज्यों में बारिश का अलर्ट**

मौस्म विभाग ने 31 अगस्त से 02 सितंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में और 31 अगस्त और 01 सितंबर को केरल में तथा 04 सितंबर 2023 को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हल्की/मध्यम बारिश से भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इसके अलावा 01 सितंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं अगले 5 दिनों के दौरान देश के बाकी हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

## कलाकारों को ईमानदारी के साथ भूमिका निभानी चाहिए : प्रतीक सहजपाल

**नई दिल्ली।** एक्टर और मॉडल प्रतीक सहजपाल, जो इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर 'आखिरी सच' में एक कैमियो रोल में नजर आ रहे हैं, ने बताया है कि कैसे उन्होंने अपने किरदार को यथासंभव आकर्षक और वास्तविक रखा। एंटरटेनमेंट की दुनिया में प्रामाणिक बने रहना सुर्खियों में रहता है। यह सच्चाई को अपनाने के साथ-साथ बदलाव लाने के बारे में है, जिसे दर्शकों की तालियों ने प्रोत्साहित किया। यह रस्सी पर चलने वाली एक कठिन यात्रा है, जहां ट्रांसफॉर्मेशन आर्ट वास्तविक बने रहने की अखंडता से मिलती है, जबकि दर्शक जादू की सराहना करते हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, प्रतीक ने साझा किया कि मेरा मानना है कि एक कलाकार को, चाहे भूमिका की कोई भी मांग क्यों न हो, हमें उसे पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

### वैज्ञानिकों ने किया एक चौकाने वाला अध्ययन

# आईवीएफ उपचार से महिलाओं में 66 प्रतिशत तक बढ़ सकता है स्ट्रोक का खतरा

**न्यूयॉर्क,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। एक चौंकाने वाले अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जिन महिलाओं को विट्रो-फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) का उपचार मिला है, उनमें प्रसव के 12 महीनों के भीतर स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। रटगर्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 31,339,991 गर्भवती महिलाओं पर एक

- **प्रसव के 12 महीनों के भीतर स्ट्रोक का बढ़ा खतरा**
- **शोधकर्ताओं ने 31,339,991 गर्भवती महिलाओं पर किया विश्लेषण**

विश्लेषण किया, जिन्होंने 2010 से 2018 के बीच प्रसव कराया था। साथ ही उनका भी विश्लेषण किया गया, जिन्हें बांझपन का इलाज नहीं मिला।

जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित पेपर में बताया गया है कि हालांकि अस्पताल में भर्ती होने की पूर्ण दर कम थी, लेकिन पाया गया कि बांझपन उपचार के मामलों में 66 प्रतिशत मामले स्ट्रोक के जोखिम से जुड़े थे।

उनमें स्ट्रोक के घातक रूप, रक्तस्त्रावी स्ट्रोक से



पीड़ित होने की संभावना दोगुनी थी, वहीं इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित होने की संभावना 55 प्रतिशत अधिक थी। इस्केमिक स्ट्रोक, अधिक सामान्य, मस्तिष्क के एक क्षेत्र में रक्त की आपूर्ति के नुकसान के कारण होता है, जबकि रक्तस्त्रावी स्ट्रोक रक्त वाहिका के टूटने से मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण होता है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि जोखिम में वृद्धि प्रसव के बाद पहले 30 दिनों में भी स्पष्ट थी। यह अध्ययन तब सामने आया है, जब हाल के वर्षों में प्रौद्योगिकी में पर्याप्त प्रगति और नई दवाओं के विकास से बांझपन के इलाज में तेजी आई है।

हृदय रोग (सीवीडी) महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। हर साल तीन में से एक मौत सीवीडी के कारण होती है। स्ट्रोक पुरुषों और महिलाओं दोनों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है।


अध्ययनों से संकेत मिलता है कि 5 में से 1 महिला को अपने जीवनकाल में स्ट्रोक होने का खतरा होता है। सबूत बताते हैं कि कई लोग उन स्वास्थ्य कारकों को नहीं जानते हैं जो उन्हें स्ट्रोक या अन्य सीवीडी के खतरे में डालते हैं। अध्ययन में इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह उन हार्मोन उपचारों के कारण हो सकता है, जो प्रक्रियाओं से गुजरने वाली महिलाएं लेती हैं। साथ ही उन महिलाओं के लिए अधिक जोखिम है, जिनमें ठीक से प्लेसेंटा इम्प्लांट नहीं होता। शोधकर्ताओं ने स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए प्रसव के तुरंत बाद के दिनों में समय पर फॉलो-अप और दीर्घकालिक फॉलो-अप जारी रखने का आह्वान किया।

# चंद्रयान-3 के रंभा पेलोड को चांद पर विरल प्लाज्मा मिला

**चेन्नई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में प्लाज्मा का पता लगाया है, जो अपेक्षाकृत विरल है। चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे हुए रेडियो एनाटॉमी ऑफ मून बाउंड हाइपरसेंसिटिव लोनोस्फीयर एंड एटमॉस्फियर- लैंगमुइर प्रोब (रंभा-एलपी) पेलोड ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के ऊपर सतह के निकट चंद्र प्लाज्मा वातावरण का पहली बार माप किया है।

प्रारंभिक आकलन से संकेत मिला है कि चंद्रमा की सतह के पास प्लाज्मा अपेक्षाकृत विरल है। ये मात्रात्मक माप संभावित रूप से उस शोर को कम करने में सहायता करते हैं जो चंद्र प्लाज्मा रेडियो तरंग संचार के दौरान उत्पन्न होते है।

इसरो ने कहा कि इसके अलावा, वे भविष्य में चंद्र आगंतुकों के लिए उन्नत डिजाइन में योगदान दे सकते हैं। रंभा-एलपी पेलोड एक लैंगमुइर प्रोब है जिसे तिरुवनंतपुरम में विक्रम



साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल) द्वारा विकसित किया गया है।

यह चंद्रयान-3 लैंडर पर लगा है, जो 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा है। रंभा-एलपी पेलोड को चंद्र प्लाज्मा वातावरण के इन-सीटू माप करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अंतरिक्ष का वह क्षेत्र है जो चंद्रमा की सतह के सबसे समीप है और जहां चंद्र प्लाज्मा सबसे घना है।

रंभा-एलपी पेलोड चंद्र प्लाज्मा वातावरण में इलेक्ट्रॉन घनत्व, तापमान और विद्युत क्षेत्र की माप करेगा। रंभा-एलपी पेलोड के आंकड़ों के प्रारंभिक आकलन से संकेत मिलता है कि चंद्रमा की सतह के पास प्लाज्मा अपेक्षाकृत विरल है।

इसका मतलब है कि अंतरिक्ष के इस क्षेत्र में ज्यादा इलेक्ट्रॉन नहीं हैं। चंद्र प्लाज्मा की विरलता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उसी तरीके से प्रभावित करता है जिस तरीके से रेडियो तरंगें अंतरिक्ष के माध्यम से फैलती हैं।

रम्भा-एलपी पेलोड द्वारा किया गया माप वैज्ञानिकों को चंद्र प्लाज्मा वातावरण को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा।

इसरो ने यह भी घोषणा किया कि चंद्रयान-3 इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों से पता चला है कि लैंडर पर चंद्र भूकंपीय गतिविधि (आईएलएसए) पेलोड - पहला माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम (एमईएमएस) प्रौद्योगिकी- चंद्रमा पर आधारित उपकरण - ने रोवर और अन्य पेलोड गतिविधियों को रिकॉर्ड किया है।

आईएलएसए पेलोड को एलईओएस, बैंगलोर द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे यूआरएससी, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है।

## टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे होने पर बोलीं फलक नाज - 'लोग मेरे काम को याद करते हैं'

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 'ससुराल सिमर का', 'भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप' और 'राम सिया के लव कुश' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस फलक नाज ने टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे कर लिए हैं।



12 साल पूरे करने पर उन्होंने कहा कि मैं कहूंगी कि अपनी जर्नी के दौरान मैंने कई खूबसूरत किरदार निभाए हैं, मैं हमेशा अपने काम को लेकर चयनात्मक रही हूं और मेरा मानना है कि मैंने अच्छा काम किया है। लोग मेरे काम को याद करते हैं और यह सब 'ससुराल सिमर का' शो से शुरू हुआ, जो सबसे बड़ा है क्योंकि इसने मुझे सबके सामने जान्हवी के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसे खूबसूरत किरदार निभाए हैं, जिन्हें लेकर मैं कह सकती हूं कि युवा लोग, विशेष रूप से 'देवकी' में मेरे किरदार को पसंद करते हैं। मुझे वह भूमिका निभाने में बहुत मजा आया।

फलक नाज ने बिग बॉस ओटीटी 2 में हिस्सा लिया था, लेकिन शो के बीच में ही वह घर से बेघर हो गई।

## जापानी पर्यटकों के एक समूह ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 15 जापानी पर्यटकों के एक समूह ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग थेरेपिस्ट मधु खुराना द्वारा एक योग सत्र का संचालन किया गया और योग प्रशिक्षु श्रृति द्वारा प्रदर्शन किया गया।

एमडीएनआईवाई, निदेशक विक्रम सिंह ने पर्यटकों के समूह का गर्मजोशी से स्वागत किया। निदेशक ने उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जापानी पर्यटकों ने संस्थान के निदेशक विक्रम सिंह के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया, जिससे प्रतिभागियों को प्राचीन योग परंपराओं में निहित योग दर्शन और प्ररम्पराओं की गहरी समझ प्राप्त करने का मौका मिला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने अपने सुखद अनुभव



साझा किए और योग को बढ़ावा देने में संस्थान के पहल की सराहना की।

गौरतलब है कि योग जापानियों के दिल में धड़कता है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अगस्त 2019 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में जापान में योग के प्रचार और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए जापान योग निकेतन के किमुरा को अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'प्रधानमंत्री योग पुरस्कार-2019' से सम्मानित किया। इसी संदर्भ में ज्ञातव्य है कि योग भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा है, जो शरीर और मन की उत्कृष्टता के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करती है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' घोषित किया गया। यह घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागीरथी प्रयास और विशेष आग्रह पर की गई थी। कार्यक्रम के दौरान मुदित शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी, एमडीएनआईवाई और मनजोत कौर, आहार विशेषज्ञ, एमडीएनआईवाई भी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना योगदान दिया।

## आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन नहीं : इसरो

**चेन्नई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण सूर्य का अध्ययन करने के लिए उसका पहला सौर खोज मिशन आदित्य-एल1 पूर्ण मिशन नहीं है। इसरो ने कहा कि क्या आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन है। स्पष्ट उत्तर 'नहीं' है जो न केवल आदित्य-एल1 के लिए बल्कि सामान्य तौर पर किसी भी अंतरिक्ष मिशन के लिए सच है।



अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इसका कारण यह है कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण, सीमित क्षमता वाले उपकरणों का केवल एक सीमित सेट ही अंतरिक्ष यान पर भेजा जा सकता है।

आदित्य-एल1 के मामले में सभी माप लैग्रेंज बिंदु एल1 से किए जाएंगे। उदाहरण के तौर पर, सूर्य की विभिन्न घटनाएं बहु-दिशात्मक हैं और इसलिए विस्फोटक या विस्फोट घटनाओं की ऊर्जा के दिशात्मक वितरण का अकेले आदित्य-एल1 के साथ अध्ययन करना संभव नहीं होगा। एल5 के रूप में जाना जाने वाला एक अन्य लैग्रेंज बिंदु पृथ्वी निर्देशित सीएमई घटनाओं का अध्ययन करने और अंतरिक्ष मौसम का आकलन करने के लिए एक अच्छा सुविधाजनक बिंदु है। इसके अलावा ऐसे अध्ययनों के लिए अंतरिक्ष यान की कक्षाओं को प्राप्त करने की तकनीकी चुनौतियों के कारण सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का अच्छी तरह से अध्ययन नहीं किया जा सकता है। इसरो ने कहा कि माना जाता है कि सूर्य की ध्रुवीय गतिशीलता और चुंबकीय क्षेत्र सौर चक्र प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा सूर्य के अंदर और उसके आसपास होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने के लिए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर सौर विकिरण के ध्रुवीकरण माप की आवश्यकता होती है।

## म्यूजिक फेस्टिवल 'इंडिपेंडेंस रॉक' नवम्बर में 29वें एडिशन के साथ लौटने के लिए तैयार

**मुंबई,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। नौ साल के अंतराल के बाद पिछले साल वापसी करने वाला रॉक म्यूजिक फेस्टिवल 'इंडिपेंडेंस रॉक' इस साल अपने नए एडिशन के साथ लौटने के लिए तैयार है। महिंद्रा इंडिपेंडेंस रॉक नामक भारत के सबसे पुराने रॉक फेस्टिवल के रूप में जाना जाने वाला यह फेस्टिवल 4 और 5 नवम्बर को मुंबई के मझगांव इलाके में बेव्यू लॉन में आयोजित होगा।




अरेबियन सी को देखते हुए महिंद्रा आई-रॉक स्टेज देश में अपने साउंडस्केप को फैलाकर जियोग्राफिकल ब्रांउड्रीज को पार करते हुए होस्ट करेगा। उत्तर और उत्तर-पूर्व से लेकर पश्चिम और दक्षिण तक, साथ ही नेपाल की सीमाओं को पार करते हुए, महिंद्रा आई-रॉक रॉक के साउंड्स को अपने स्टेज पर लाने और एकजुट करने का प्रयास करता है। फेस्टिवल में पुराने जमाने की थ्रैश, डेथ मेटल, रॉक और रेग के जनरे-बेंडिंग फ्यूजन, 1980 के दशक की स्टाइल ग्लैम मेटल से लेकर गिटार रिफ्स के साथ मृदंगम और बांसुरी की भारतीय शास्त्रीय और लोक ध्वनियों के मिश्रण तक शैलियों का संगम दिखाई देगा। इंडिपेंडेंस रॉक के संस्थापक फरहाद वाडिया ने कहा कि 1980 के दशक से, फेस्टिवल ने रॉक बिरादरी में कई बड़े नामों के करियर को लॉन्च करने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

## भारत में वयस्कों के टीकाकरण के प्रति खास रुचि नहीं : सर्वे

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के केवल 16 प्रतिशत लोगों ने वयस्कों के लिए बने टीके लगवाए हैं, हालांकि इस आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगों को इसके बारे में पता है। 'एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन इन इंडिया' (एपीआई) और वैश्विक बाजार अनुसंधान और पोलिंग संस्थान 'इप्सोस' द्वारा 16 शहरों में 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों, उनकी देखभाल करने वालों और चिकित्सकों के बीच किया गया था । इस सर्वेक्षण के अनुसार अधिकतर चिकित्सकों ने वयस्कों के कम टीके लगवाने के लिए औपचारिक दिशानिर्देशों की कमी को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि इससे ठोस जानकारी मिली कि भारत में वयस्कों के टीकाकरण को इतने कम स्तर पर क्यों अपनाया गया है।

यह सर्वेक्षण फरवरी से मार्च 2023 के बीच 50 साल से अधिक उम्र के 1950 वयस्कों, देखभाल करने वाले 409 लोगों और 30 चिकित्सकों के बीच किया गया। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 71 प्रतिशत लोग वयस्कों के टीकाकरण के बारे में जानते हैं, लेकिन केवल 16 प्रतिशत ने ऐसा कोई टीका लगवाया है।

## 59 वर्षीय व्यक्ति को मिला नया जीवन

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। 59 वर्षीय एक व्यक्ति को नया जीवन मिला है। यह ब्रेन-डेड मरीज से प्राप्त लिवर के सफल प्रत्यारोपण के बाद हो सका। दरअसल, कौशांबी के रहने वाले मरीज का लिवर सिरोसिस के कारण खराब हो गया था। वह पिछले कुछ वर्षों से अस्पतालों में लगातार इलाज करा रहा था।



**ब्रेन-डेड डोनर बना मसीहा**

मरीज को एक 55 वर्षीय व्यक्ति से लिवर मिला। डोनर एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल ने ब्रेन-डेड घोषित कर दिया था। परिवार की सहमति से लिवर को ग्रीन कॉरिडोर से वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल पहुंचाया गया, महज 46 मिनट में 34 किलोमीटर दूरी तय की गई।

मैक्स हॉस्पिटल के 15 डॉक्टरों की टीम ने नौ घंटे में लिवर ट्रांसप्लांट किया। मैक्स अस्पताल के लिवर ट्रांसप्लांट और पित्त विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. सुभाष गुप्ता ने कहा कि रोगी लिवर सिरोसिस और अन्य जटिलताओं से पीड़ित था। उसे कई बार आईसीयू में भर्ती कराया गया। उसे तत्काल लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता थी।

हमें उम्मीद है कि यह उपलब्धि अधिक जागरूकता को बढ़ावा देगी और अधिक परिवारों को अंग दान करने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे जरूरतमंद लोगों को जीवन का अमूल्य उपहार मिलेगा।

अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजेश डे ने कहा कि हम दाता के परिवार के आभारी हैं, जिन्होंने अपने नुकसान के समय में भी गंभीर रोगियों की सेवा करने का फैसला किया।

अंग दान कई अनमोल जिंदगियों को बचा सकता है। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि हर कोई इस उद्देश्य को अपनाएगा।

### अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

## अंतरजातीय विवाह के बाद हरिवंश राय बच्चन के साथ खड़ी हुईं सरोजिनी नायडू

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया है कि जब पिता हरिवंश राय ने अपनी जाति से बाहर जाकर शादी की थी तो 'भारत कोकिला' सरोजिनी नायडू पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिन्होंने उन्हें सांत्वना दी थी। हरिवंश राय बच्चन 'नई कविता' साहित्यिक आंदोलन के कवि और लेखक थे। वह अपने काम 'मधुशाला' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उन्होंने 1941 में तेजी से शादी की। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के 14वें एपिसोड में होस्ट बिग बी ने हरियाणा के पंचकुला की सीनियर न्यूज एडिटर योजना यादव का हॉट सीट पर स्वागत किया। 3,20,000 रुपए के प्रश्न के लिए, योजना से पूछा गया कि किस कवि द्वारा सराहना किए जाने के बाद बेगम अख्तर एक कलाकार के रूप में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हुईं ?

दिए गए विकल्प थे ए - विजया लक्ष्मी पंडित, बी - महादेवी वर्मा, सी -सरोजिनी नायडू, और डी - सुभद्रा कुमारी चौहान।

ऑडियंस पोल लाइफलाइन का उपयोग करने के बाद, योजना ने सही उत्तर दिया जो था - सरोजिनी नायडू। 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि जब बेगम अख्तर ने 1934 में नेपाल और बिहार के भूकंप पीड़ितों के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तो सरोजिनी नायडू ने उनकी सराहना की। बाद में उनकी गायकी के लिए उन्हें 'मल्लिका-ए-गज़ल' का खिताब दिया गया।'

बेगम अख्तर को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गजल, दादरा और ठुमरी शैलियों की सबसे महान गायिकाओं में से एक माना जाता है।



'बागबान' फेम अभिनेता ने तब कहा कि सरोजिनी नायडू कई भाषाएं जानती थीं और अच्छी तरह से शिक्षित थीं। वह संस्कृत जानती थीं और उन्होंने कई देशों की यात्रा की। वह एक कवयित्री और राजनीतिज्ञ भी थीं।

अभिनेता ने आगे कहा कि मुझे यह कहने में थोड़ा संकोच हो रहा है लेकिन वो मेरे बाबूजी की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। मेरे बाबूजी ने मां तेजी बच्चन के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। मेरी मां तेजी सूरी एक सिख परिवार से थीं। उस समय हम लोग इलाहाबाद में रहते थे और उन दिनों उस क्षेत्र में दूसरी जाति में विवाह पाप माना जाता था। जब मेरे पिता मेरी मां को इलाहाबाद लाए तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। सरोजिनी नायडू उन्हें सांत्वना देने वाली पहली व्यक्ति थीं। उन्होंने उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू से मिलवाया जो इलाहाबाद के आनंद भवन में रहते थे। मुझे आज भी याद है कि किस तरह उन्होंने मेरे पिता का परिचय उनसे कराया था। सरोजिनी नायडू ने पंडित नेहरू से कहा था कि एक कवि और उनकी कविता से मिलिए।

1912 में प्रकाशित 'इन द बाज़ार्स ऑफ़ हैदराबाद' नायडू की सबसे लोकप्रिय कविताओं में से एक है। उन्हें 'भारत की कोकिला' भी कहा जाता था। कौन बनेगा करोड़पति 15 सोनी पर प्रसारित होता है।

# 1901 के बाद सबसे गर्म व शुष्क महीना रहा अगस्त

**नई दिल्ली,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार देश ने इतिहास में सबसे गर्म और शुष्क अगस्त का अनुभव किया है। इस साल के अगस्त महीने में 1901 के बाद से सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यह चिंताजनक प्रवृत्ति जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जिससे मौसम संबंधी आपदाएं हो रही हैं। अगस्त 2023 में औसत

- **क्या सितम्बर में भी गर्मी का तेवर रहेगा बरकरार?**
- **चिंताजनक प्रवृत्ति जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव**




अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक था। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में अगस्त में इससे अधिक औसत अधिकतम तापमान 2014 में देखा गया था, जब यह 36.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बारिश नहीं होने के कारण अगस्त कम से कम 14 वर्षों में दूसरा सबसे शुष्क वर्ष बन गया। राष्ट्रीय राजधानी के बेस स्टेशन सफदरजंग में 61 प्रतिशत की वर्षा की कमी हुई, इसमें सामान्य 233.1 मिमी की तुलना में केवल 91.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जबकि, अगस्त 2022 केवल 41.6 मिमी वर्षा के साथ 14 वर्षों में सबसे शुष्क था, इस बार का अगस्त महीना उसी समय सीमा में दूसरा सबसे शुष्क वर्ष रहा। 21 अगस्त को एक दिन का उच्चतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि महीने का औसत न्यूनतम तापमान 26.77 डिग्री सेल्सियस रहा। 31 अगस्त को तापमान सामान्य से ऊपर रहा, जो अधिकतम 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25.9 डिग्री सेल्सियस था। आईएमडी का कहना है कि सितम्बर में कुछ राहत की उम्मीद है। इस महीने पूरे देश में मानसूनी वर्षा की गतिविधि सामान्य स्तर पर लौटने की उम्मीद है। लेकिन, आईएमडी ने सितम्बर के लिए भी तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने बताया है कि 1 सितम्बर को दिल्ली में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सितम्बर में दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। सितम्बर के पूर्वानुमान से पता चलता है कि पूर्वोत्तर भारत, निकटवर्ती पूर्वी भारत, हिमालय की तलहटी और पूर्व-मध्य और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, देश के बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना सबसे ज्यादा है।

# अभिमत

*भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है।*

## कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी



जगदीश रत्तनानी

**किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं।**

भारत ने चंद्रमा पर अपना झंडा फहरा दिया है। भारत पहला देश है जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारा है। भारत चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला केवल चौथा देश बन गया है। जाहिर है कि राष्ट्र ने जो हासिल किया है, उससे उत्साह, गर्व और खुशी की भावना है। हमने बहुत दूर तक का सफर तय किया है। जब हम खुद से परे देखते हैं तो हम बहुत कुछ सीखते हैं लेकिन भारतीय विचार और आध्यात्मिक परंपराएं हमें सिखाती हैं कि जब हम अपने अंदर झांकते हैं तो हम और ज्यादा सीखते हैं। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के कुछ दिनों बाद तिरुवनंतपुरम में भद्र काली मंदिर की यात्रा के दौरान इसे बहुत सहजता से कहा। उन्होंने कहा-'मैं कई मंदिरों में जाता हूं, मैं कई शास्त्रों को पढ़ता हूं। इस ब्रह्मांड में हमारे अस्तित्व और हमारी यात्रा का अर्थ खोजने की कोशिश करता हूं। मैं एक अन्वेषक हूं। मैं चंद्रमा के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास करता हूं। मैं अंतर्मन के रहस्यों को खोजने की कोशिश करता हूं।'

अंतर्मन वह जगह है जहां हमारी सभी यात्राएं शुरू और समाप्त होती हैं। वेदांत के अग्रणी प्रतिपादकों में से एक अर्श विद्या गुरुकुलम के स्वामी दयानंद सरस्वती (1930-2015) ने भगवद् गीता की पहली पंक्ति पर विस्तार से यह सिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वामी दयानंद सरस्वती का सम्मान करते हैं। नेत्रहीन राजा धृतराष्ट्र द्वारा संजय से यह पूछने के साथ पवित्र भगवद्'गीता की शुरुआत होती है- युद्ध के मैदान में इकट्ठे हुए, लड़ने की इच्छा रखते वाले, 'मेरे लोगों' और 'पांडु पुत्रों' ने क्या किया? धृतराष्ट्र के पुत्र 'उसके लोग' हैं; उनके भाई पांडु के पुत्र 'उसके लोग' नहीं हैं, और लड़ाई यहीं से शुरू होती है। स्वामी दयानंद सरस्वती एक अनोखे तरीके और शैली में यह बात सिखाते हैं कि सभी लड़ाइयां अंदर की ओर हमारे अंतर्मन में होती हैं और हमारा शरीर और उसके कार्य कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र का निर्माण करते हैं जहां धर्म की परीक्षा होती है।

जब बाह्य जगत में आपका गौरव हो रहा हो उस समय डॉ. सोमनाथ ऐसे दुर्लभ व्यक्ति हैं जो वैज्ञानिक पद्धति के साक्ष्य आधारित अभ्यासक हैं। उन्होंने अपने जीवन में एक ही समय में विज्ञान की खोज तथा आध्यात्मिकता विचार के लिए जगह बनाई है। अंतरिक्ष अन्वेषण में इसरो प्रमुख की शानदार उपलब्धि विज्ञान के तरीकों के लिए उनके प्यार में निहित है। वास्तव में ऐसा होना भी चाहिए। वैज्ञानिक क्रांति के पिता फ्रांसिस बेकन (1561-1626) का कहना था कि-'इसे (विज्ञान को) वर्चस्व और नियंत्रण की भाषा का उपयोग कर हमें प्रकृति पर अत्याचार कर उसे अपने रहस्य उजागर करने के लिए बाध्य करना होगा।' विज्ञान के संबंध में भारतीय धारणा इसके विपरीत है। भारतीय परंपरा प्रकृति का सम्मान करना, प्रकृति की पूजा करना और उससे सीखने का संदेश देती है।

किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं। ऐसे उपक्रमों ने हमें एंथ्रोपोसीन और जलवायु संकट के युग में खड़ा कर दिया है जिनका आज संपूर्ण मानवता को सामना करना पड़ रहा है। यह संकट वैश्विक है और इसका जवाब विभिन्न पारिस्थितिक आंदोलनों के रूप में सामने आता है जो मानव जाति की प्रगति के विचार पर नए सवाल उठा रहे हैं। सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और वर्चस्व की भाषा बोलने वाले खुशामदियों के लिए ये चुनौतियां पूरी तरह से विदेशी हैं और इस प्रक्रिया में वे प्राकृतिक प्रणालियों को नष्ट कर रहे हैं। ये लोग इस उम्मीद में हैं कि भारत इसी तरह से आगे बढ़ सकता है और नई व्यवस्था में एक महाशक्ति बन सकता है।

चंद्रमा पर उतरने में सफलता ऐसे राजनीतिक दौर में मिली है जब मंदिर एक हथियार बन गया है, आध्यात्मिकता को उग्र भगवा में बदल दिया गया है और शास्त्रों को लापरवाही से उद्धृत किया जाता है या संवाद और एकता का संदेश देने के लिए प्रसिद्ध ग्रंथों को आक्रामक स्वर देने के लिए कहा जाता है। रूमी ने कहा है- 'हम अपने अंदर मौजूद चमत्कारों को बाहर तलाशते हैं'। इस संदर्भ में हम तर्क दे सकते हैं कि आज राष्ट्र को तोड़ने को विभाजित करने वाले प्रयास वे विभाजन हैं जो हम अपने अंदर रखते हैं। इस जहर को नष्ट करने का सरल उपाय दोनों पक्षों को समझने का प्रयास करना है या जैसा कि इसरो प्रमुख ने कहा-'विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों का पता लगाना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। यह उस संस्कृति का एक हिस्सा है जिसे हमने अंतरात्मा के साथ-साथ बाह्य जगत का पता लगाने के लिए बनाया है।'

कहने की जरूरत नहीं है कि आध्यात्मिकता का अर्थ धार्मिकता नहीं है। किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति या वास्तव में किसी भी धर्म को मानता नहीं है, वह किसी धाराप्रवाह मंत्रोच्चार करने वाले व्यक्ति से या उससे अधिक आध्यात्मिक हो सकता है। आध्यात्मिकता असंख्य पहलू जोड़ती है तथा गहरे आंतरिक परीक्षण को गति देती है जो समय सीमा, भौगोलिक क्षेत्रों, धार्मिक आस्थाओं की विश्वास प्रणालियों में गूंजती है और लाखों कंठों से उसका गुणगान करती है।

आज भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है। ऐसा नजरिया तेजी से जीडीपी विकास की अपनी विवेकहीन तलाश में प्रकृति की लापरवाह और विचारहीन लूट, एक समूह को विभाजित करने और दूसरे समूह से लड़ने के लिए मजबूर करने वाली राजनीति, बढ़ती असमानता और चुनिंदा सुपर-अमीरों को प्राथमिकता देकर और भी अधिक अन्याय करता है। यदि सब कुछ दीर्घकालिक दूरदर्शी सोच के बिना तत्काल लाभ-हानि की सोच तक सीमित हो जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं कि चांद पर भारत का अहम बड़ा कदम भी छोटी सोच से प्रभावित हो जाएगा।

यह विवाद वाजिब है कि इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने के लिए प्रधानमंत्री बेंगलुरु कैसे गए और प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अपनी अगवानी नहीं करने या प्रोटोकॉल के अनुसार उनके साथ (प्रधानमंत्री के साथ) आने के लिए क्यों रोक दिया?

देश को दोहरी खुशी होती यदि दो दलों के दोनों नेता साथ-साथ खड़े होते और चंद्रमा पर जाने के मिशन को संभव बनाने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते। स्पष्ट रूप से यह मुख्यमंत्री या उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को 'रोकने' का कोई अवसर नहीं था। प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए था कि 2024 के आम चुनावों और चंद्रमा मिशन की सफलता का राजनीतिक लाभ लेने की भाजपा की प्रवृत्ति को देखते हुए उनका यह स्पष्टीकरण कि वह राज्य के नेताओं को 'परेशान' नहीं करना चाहते थे, जनता की निगाह में खरा नहीं उतरेगा।

उम्मीद है कि इस प्रकरण को जल्द ही भुला दिया जाएगा क्योंकि राष्ट्र अपने वैज्ञानिकों की सफलता और उनके काम की खुशियां मनाने में व्यस्त है।

चंद्र मिशन की सफलता के क्षण में भी हम उनसे कुछ सीख सकते हैं। इसरो में किसी ने नहीं कहा कि यह 'मैंने' किया। टीम के सदस्यों को कैमरों के सामने बुलाया गया था। इसरो नेतृत्व ने सफलता का पूरा श्रेय अतीत और वर्तमान नेताओं को दिया। उन्होंने टीम भावना का प्रदर्शन किया जो मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इसरो प्रमुख के शब्दों में-'यह अकेले हमारा काम नहीं है। यह इसरो के नेतृत्व और इसरो वैज्ञानिकों की एक पीढ़ी का काम है। यही क्रमिक प्रगति है।

*(लेखक वरिष्ठपत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**26 अगस्त**
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए गुवाहाटी हाईकोर्ट में सुनवाई का फैसला लिया।
- चन्द्रयान-3 के रोवर ने चंद्रमा की सतह पर उतर कर 'मूनवॉक' किया।
- पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैम्पियन ब्रे वॉयट का 36 वर्ष की उम्र में हार्टअटैक से निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑर्नर' से सम्मानित किए गए।

**27 अगस्त**
- दिग्गज गीतकार देव कोहली का मुंबई में निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से भेंट कर चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग पाइंट को 'शिव शक्ति' पाइंट नाम देने का ऐलान किया।
- तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- नासा ने एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन लॉन्च किया।

**28 अगस्त**
- भारतीय अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल-1
- पश्चिम बंगाल के परगना जिले केदत्तपुकुर में फटाका फैक्ट्री में आग लग जाने से 8 लोगों मौत हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लायल्स विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता।
- एशिया कप के लिए बल्लेबाज सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल कर लिए गए।

**29 अगस्त**
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने से किया इंकार।
- जापान का पहला चंद्रयान मॉडयूल स्मार्ट लैंडर फार इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण का मौसम की खराबी के कारण स्थगित कर दिया।
- पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**30 अगस्त**
- तोशाखाना मामले में पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाई।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से पूछा कि जम्मू-कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा।
- केन्द्र ने एलपीजी गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कीमत कम कर दिया।
- चीन ने एक नया नक्शा जारी किया जिसमें अरुणाचल व अक्साइ चिन को बताया अपना क्षेत्र।

**31 अगस्त**
- मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल।
- लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म कर दिया गया।
- कर्नाटक सरकार ने अपने राज्य में गृह लक्ष्मी योजना शुरु की।
- मध्यप्रदेश के मुरैना में टैंक की सफाई में उतरे पांच मजदूरों की मौत हो गई।

**1 सितंबर**
- केंद्र सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रायपुर में कहा कि -छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहावत में है-सदियों का सच।
- राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस लेकर पीएम मोदी से किए सवाल कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका?
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को क्रॉप डाक्टर 2-0 ऐप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पदक पुरस्कार मिला।

## गुटनिरपेक्षता से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20

■ डॉ. अरुण मित्रा

अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर काफी उत्साह पैदा किया जा रहा है, विशेष रूप से यह दिखाने के लिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही भारत को समूह की अध्यक्षता मिली है, तथा इसी का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। परन्तु मामले की सच्चाई यह है कि जी-20 में अध्यक्षता की एक चक्रीय प्रणाली है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को बारी-बारी से आयोजन का अवसर और अध्यक्षता और दी जाती है। दरअसल भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष बन सकता था लेकिन इसमें एक साल की देरी हो गई।

जी-20 के पास चर्चा के लिए कई एजेंडे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक शांति और सभी के लिए स्वास्थ्य है। कई हिस्सों में चल रहे सशस्त्र संघर्षों के कारण आज दुनिया बहुत गंभीर स्थिति में है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष इस समय सबसे गंभीर है। यूएनओ के अनुसार अब तक 3604 नागरिकों सहित 14400 से अधिक लोग मारे गये हैं। 80 लाख से अधिक लोग बाहरी रूप से विस्थापित होकर दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं।

**7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है।**

मामला सिर्फ रूस और यूक्रेन के बीच नहीं रह गया है। अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी से चीजें बहुत आगे बढ़ गई हैं। दोनों पक्षों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान जारी करने के बाद कि वह यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करेंगे, रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में उनके पास परमाणु हथियारों का उपयोग करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। यह बहुत खतरनाक स्थिति है क्योंकि इस समय उस सीमा पर कोई भी परमाणु आदान-प्रदान रूस और यूक्रेन के बीच सीमित नहीं रहेगा। यह रूस और अमेरिका और नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान होगा। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इसका मतलब 5 अरब से अधिक लोगों की मृत्यु होगी जो हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

आईपीपीएनडब्ल्यू और पर्यावरण समूहों द्वारा किये गये अध्ययन ने पहले ही सुबूतों के साथ दिखाया है कि उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित परमाणु आदान-प्रदान से भी 2 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। लेकिन रूस और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान कहीं अधिक विनाशकारी होगा।

इसके अलावा अफ्रीका और एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी संघर्ष चल रहे हैं। इन आंतरिक झगड़ों को अमीर देशों के विभिन्न आर्थिक हितों के लिए किसी न किसी रूप में अंतरर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। फ़िलिस्तीन या सीरिया की स्थिति अत्यधिक मानवाधिकार उल्लंघन के उदाहरण हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर कड़ा निर्णय ले और छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाये।

हालांकि यह असंभावित लगता है क्योंकि जी-20 एक समरूप समूह नहीं है। यह बहुराष्ट्रीय निगमों और सैन्य औद्योगिक परिसरों पर हावी स्व-हित वाले देशों का एक समूह है। यह गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) के विपरीत है जिसने प्रभावी कदम उठाए और विभिन्न देशों में निरस्त्रीकरण, विकास और मानवाधिकारों के मुद्दे पर गंभीर चिंताएं उठाईं। यह सर्वविदित है कि उस समय भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नैम की स्थापना जवाहरलाल नेहरू, मार्शल टीटो और अब्दुलगमाल नासिर की पहल पर की गई थी। नैमका 7वां शिखर सम्मेलन 1983 में दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें 117 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया था और कई देशों के 20 पर्यवेक्षक थे।

इसके विपरीत, जी-20 एक छोटा आयोजन है लेकिन बहुत अधिक प्रचार के साथ। ऐसा लगता नहीं है कि जी-20 बैठक परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए एक ठोस घोषणा के साथ सामने आयेगी, जो अब 7 जुलाई 2017 को यूएनओ द्वारा पारित परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संधि (टीपीएनडब्ल्यू) के माध्यम से संभव है।

अंदर एक मजबूत लॉबी है। जी-20 ने यूएनओ में टीपीएनडब्ल्यू का विरोध किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों पर जबरदस्त दबाव डाला। ये देश निवारक के रूप में परमाणु हथियारों के सिद्धांत के नायक हैं। इसकी बहुत कम संभावना है कि जी-20 सभी के लिए स्वास्थ्य पर कोई ठोस निर्णय लेकर आयेगा जिसके लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए संसाधनों के समान वितरण की आवश्यकता है।

हमने देखा है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियों, विशेष रूप से वैक्सीन उत्पादक कंपनियों ने कोविड महामारी के दौरान तबाही मचाई और छोटे देशों को ब्लैकमेल किया, जिनके पास अपने दम पर वैक्सीन बनाने के लिए न तो तकनीकी जानकारी थी और न ही संसाधन। माना जाता है कि बड़ी फार्मा कंपनियों ने इस अवधि के दौरान भारी मुनाफा कमाया है। सभी के लिए स्वास्थ्य, सस्ती दवा मूल्य निर्धारण और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल पर किसी भी बातचीत के लिए, फार्मा कंपनियों को विनियमित करना होगा और उनके मुनाफे को पारदर्शी बनाना होगा।

जी-20 की गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में नतीजों पर नजर रखना अच्छा रहेगा। लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे देश कॉर्पोरेट समर्थक विचारधारा और आर्थिक हितों वाले हैं। क्या वे हथियार छोड़ने के लिए तैयार होंगे या क्या वे विश्व व्यापार संगठन में प्रभावी बदलाव करने के लिए तैयार होंगे ताकि विकासशील देशों की सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके?

7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है। वर्तमान में हमारी राजनीति में उस स्तर

## चांद पर 'शिवशक्ति पाइंट' : राजनीति का अंतरिक्ष

■ अमन नम्र

वर्ष 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था,

'पंछी नदिया पवन के झोंके,
कोई सरहद ना इन्हें रोके
सरहदें इन्सानों के लिए हैं
सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।'

इस गीत के लिए जावेद अख्तर को 'फिल्म फेयर अवॉर्ड' भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोड़नी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं-'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद ना इन्हें रोके।'

आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को 'शिवशक्ति' नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे 'जवाहर पॉइंट' नाम दिया गया था। जाहिर है, तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया। सवाल है कि क्या 'जवाहर पॉइंट' देशभक्ति थी और 'शिवशक्ति पॉइंट' राजनीति है?

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे।**

जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर 'जवाहर पॉइंट' का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में 'शिवशक्ति पॉइंट' के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी।

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 'शिवशक्ति पाइंट' के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, 'इसरो' के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोड़ना कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं।

इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को 'नासा' या 'ईएसए' (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है?

और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी। क्या इससे खालिस वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक खोज के लिए बनी 'नासा,' 'ईएसए' जैसी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के सामने हमारा मजाक नहीं बनेगा?

अब जरा, शिवशक्ति के पीछे की राजनीति समझने की कोशिश करते हैं। अगर केंद्र सरकार का इरादा वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मिशन को बढ़ावा देने का होता तो वह 'इसरो' जैसी संस्थाओं का बजट बढ़ाता, लेकिन हकीकत तो यह है कि इसी साल के बजट में सरकार ने 'इसरो' का बजट 1100 करोड़ रुपए कम कर दिया है। यानी दो चंद्रयान मिशन के बराबर की राशि। आरोप तो ये भी लग रहे हैं कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए 'लॉन्च पैड' बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। परोक्ष या प्रत्यक्ष तौर पर इससे भी चंद्रयान मिशन जैसे अभियानों से जुड़े 'इसरो' सरीखे संगठनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा तो नहीं ही मिलता। अब जरा विदेश यात्रा से लौटकर सीधे 'इसरो' जाने और वहां वैज्ञानिकों से मिलकर प्रधानमंत्री ने जिन तीन बड़ी घोषणाओं का ऐलान किया, उन्हें देखते हैं। पहली, 23 अगस्त को हर साल भारत 'नेशनल स्पेस डे' मनाएगा। दूसरी- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पदचिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा।

इन घोषणाओं के राजनीतिक फायदे तो समझ आते हैं, पर वैज्ञानिक फायदे जानने के लिए रिसर्च की जरूरत पड़ सकती है। अगर पीएम 'इसरो' के लिए 2-4 हजार करोड़ के विशेष बजट का ऐलान कर देते, इस पूरे मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, स्टॉफ के लिए एक या दो महीने के वेतन के बराबर बोनस की घोषणा करते या अगले ऐसे ही मिशन के बजट में 10-15 फीसदी बढ़ोतरी की ही घोषणा कर देते तो बेहतर हो सकता था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि भले ही सरकार ने 'इसरो' के बजट को 13,700 करोड रुपयों से घटाकर 12,543 करोड़ रुपए कर दिया हो, वह चंद्रयान मिशन-3 को 2024 के अपने राजनीतिक मिशन की कामयाबी के लिए भुनाने में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहने देगी। चंद्रयान-3 की सफलता पर जिस तरह बधाईयों की विज्ञापनबाजी हो रही है, उससे इसे समझा भी जा सकता है।

अब, एक बार जरा यह भी सोचकर देखें कि 'शिवशक्ति' के नामकरण का 'इसरो' के ऐसे किसी वैज्ञानिक शोध या मिशन पर क्या असर पड़ेगा? यह सोचें कि क्या इस नामकरण के बाद भी 'इसरो' से जुड़ा हर वैज्ञानिक, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, पूरे जोश, जुनून के साथ अपने काम में जुटा रहेगा? जुटना ही चाहिए, देश को आगे ले जाने का मिशन है, पर मानव मन का क्या। क्या गैर-हिंदू वैज्ञानिकों में इस हिंदू नामकरण से कहीं-न-कहीं छोटी सी भावना आहत नहीं हुई होगी? हमें भरोसा है कि हमारे वैज्ञानिक देश की राजनीति में चल रही अवैज्ञानिक और स्वार्थी सोच से प्रभावित नहीं होंगे और देश को वैज्ञानिक सोच वाली नई राह पर ले जाने के प्रयासों में सफल होंगे। 'इसरो' चीफ एस सोमनाथ का बयान भी है कि मैं एक खोजकर्ता हूं, चंद्रमा का अन्वेषण करता हूं। विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों की खोज करना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में, वेदों में, पुराणों में, स्पेस साइंस का अपार भंडार है। उसे आज के ज़माने से जोड़ने और ज्ञान के इस भंडार का उपयोग करने की ज़रूरत है। उन्होंने नौजवानों को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि देश को महाशक्ति बनाने में विज्ञान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। यह उम्मीद की जानी चाहिए देश चांद पर चंद्रयान-3 जैसे मिशन और चांद को हिंदू राष्ट्र बनाने की घोषणा सरीखे दो परस्पर विपरीत विचारधारा वाले दोराहे पर खड़े होने के बावजूद अपने लिए वैज्ञानिक सोच और बेहतर भविष्य के लिए सही राह चुन पाएगा।

इस मौके पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे। ऐसा न हुआ तो सूर्य व शुक्र को लक्ष्य कर शुरू किए गए मिशन भले सफल हो जाएं, पर शायद हम न धरती बचा पाएंगे, न उसके इंसानों को।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## उत्तर कोरियाई मानवाधिकारों के लिए अगले सप्ताह सियोल का दौरा करेंगी

**सियोल,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत एलिजाबेथ सैल्मन उत्तर कोरिया के मानवाधिकारों को लेकर अगले सप्ताह दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगी। वह इस दौरान सियोल के अधिकारियों के साथ-साथ शासन से अलग हुए लोगों से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार उत्तर कोरियाई दलबदलुओं के साथ-साथ विदेशी एकीकरण और न्याय अधिकारियों से मिलने के लिए सैल्मन के नौ दिवसीय प्रवास के लिए सोमवार को पहुंचने की उम्मीद है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार वह 12 सितंबर को सियोल में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने वाली हैं।



# मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की तेजी से जांच के लिए बनेंगी 42 एसआईटी

**इम्फाल,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। राजभवन के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा से संबंधित सभी मामलों की तेजी से जांच के लिए कम से कम 42 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाएंगे। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे गए मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था, ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और उन्हें राज्य में मौजूदा संकट से अवगत कराया।

राजभवन के सूत्रों ने कहा कि पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि शुरुआत में 42 एसआईटी गठित की जाएंगी और मणिपुर में हिंसा से जुड़े सभी मामलों की तेजी से जांच की जाएगी। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को हाल ही में मुख्य रूप से सीबीआई और एसआईटी द्वारा जांच किए गए मामलों की निगरानी के लिए मणिपुर में तैनात किया गया है। सूत्रों ने कहा, 'जहां तक पहाड़ी जिलों के मामलों का सवाल है, पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि मामलों की जांच के लिए बीएसएनएल और एनआईसी के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।' पडसलगीकर के मुताबिक, जांच की पहली स्टेटस रिपोर्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह तक संबंधित अथॉरिटी को सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई राहत शिविरों का दौरा किया और शिविरों में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। पडसलगीकर ने राज्यपाल से लोगों की मदद के लिए हर संभव कदम उठाने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने हिंसा प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए पहले ही आवश्यक साझा कार्यक्रम शुरू कर दिया है और संबंधित राज्य मशीनरी को उन लोगों को सहायता प्रदान करने और उन्हें फिर से यथाशीघ्र उनके स्थानों पर बसाने के लिए उपाय करने का निर्देश दिया है इस बीच, राज्यपाल ने मणिपुर और नागालैंड सेक्टर के नवनियुक्त सीआरपीएफ महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ मणिपुर की मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सहित केंद्रीय सुरक्षा बलों की समय पर तैनाती से स्थिति को बद से बदतर होने से रोका जा सका। इसके अलावा, राज्यपाल ने सिंह से घाटी और पहाड़ी जिलों में विभिन्न राहत शिविरों में शरण लेने वाले हिंसा प्रभावित लोगों को सहायता देने का अनुरोध किया।



■ पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे गए मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था

## स्मार्ट मीटरों पर जम्मू कश्मीर उबाल पर, अब सरकार का विज्ञापन युद्ध

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर बवाल सरकार के विज्ञापन युद्ध के बाद और बढ़ गया है। पिछले कई महीनों से लखनपुर से लेकर कश्मीर के उड़ी तक इन मीटरों के विरूद्ध हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बावजूद प्रदेश सरकार ने अब पुन: सख्ती के साथ पेश आते हुए स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर हर हाल में लगेंगे। इन मीटरों के विरोध में प्रदेश में दो बार जम्मू बंद भी आयोजित किया जा चुका है। पर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। अब उसने स्मार्ट मीटरों के पक्ष में विज्ञापन युद्ध छेड़ते हुए इसके फायदे गिनाने आरंभ किए हैं।

■ सरकार ने कहा पौने चार लाख लग चुके हैं और 22 लाख मीटर लगेगें

पिछले कई दिनों से स्थानीय अखबार स्मार्ट मीटरों के फायदे गिनाने वाले विज्ञापनों से तो पटे ही हैं, बिजली विभाग के आला अधिकारी भी स्थानीय स्तर पर पत्रकार वार्ताओं द्वारा इसके फायदे गिना रहे हैं। साथ ही वे चेतावनी के तौर पर स्पष्ट करने की कोशिश करते थे कि स्मार्ट मीटर की मुहिम नहीं रूकेगी। बिजली विभाग के अनुसार, प्रदेश में 22 लाख के करीब रजिस्टर्ड बिजली उपभोक्ता हैं और सभी के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अभी तक पौने चार लाख मीटर ही लग पाए हैं क्योंकि मीटरों की आपूर्ति की गति कछुआ चाल से है। हालांकि सबसे अधिक बवाल प्री पेड मीटरों को लेकर है जिसकी गति को फिलहाल धीमा करने के साथ ही पुलिस प्रोटेक्शन में उन्हें लगाया जा रहा है।

इतना जरूर था कि हर बार की तरह बिजली विभाग ने एक बार फिर घोषणा की है कि जिन इलाकों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं वहां बिजली कटौती नहीं होगी। पर पहले की घोषणाओं को मजाक वह खुद ही कई बार उड़ा चुका है।

## सुडोकू 6304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### NECC

| 02.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 475 सैकड़ा

दर्जन अंडा 65 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

### राशिफल

मेष - आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। सर्दी, कफ और बुखार के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। स्वजनों से वियोग हो सकता है।

वृषभ - आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा। प्रवास - पर्यटन के योग हैं।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। परिवार में भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार मन पर हावी होंगे।

कन्या - सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

तुला - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय मिलेगी।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

मकर - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। मन में प्रसन्नता रहेगी। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

कुंभ - मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा वाद-विवाद के कारण स्वजनों के साथ मनमुटाव होगा।

मीन - आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा के योग हैं।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**इंडिया गठबंधन की बैठक में ...**

के नाम का ऐलान नहीं किया गया। मीटिंग में जल्दी ही सीट शेयरिंग के मुद्दे पर सहमति बनाने के संकेत मिले है। बैठक के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में सभी नेताओं ने एकसुर में कहा कि लोकसभा चुनाव में मिलकर लड़ेंगे और केंद्र से मोदी सरकार को हटाएंगे। लड़ाई अब देश बचाने की हैं। देश रहेगा तो लोकतंत्र भी बच जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि, विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक में तय हुआ है कि सीट आबंटन का फॉर्मूला राज्य स्तरीय स्थानीय गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा। इसके साथ ही जिन सीटों पर गणित मेल नहीं खा रहा है, उन सीटों पर समन्वय समिति फैसला करेगी। वहीं सितंबर के दूसरे सप्ताह से देशभर में विभिन्न स्थानों पर प्रमुख कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां समन्वय समिति मुख्य रूप से गठबंधन बनाने के कार्यक्रम चलाएगी।

**कमेटी में 1 सीएम, एक डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री**

विपक्ष की कमेटी में 1 सीएम, 1 डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री, 5 राज्यसभा और 2 लोकसभा सांसदों को जगह दी गई है। इसके अलावा लेफ्ट से दो नेताओं को कमेटी में शामिल किया गया है। कमेटी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव। जम्मू-कश्मीर से दो पूर्व मुख्यमंत्री- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती हैं। पांच राज्यसभा सांसद हैं केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी), राघव चड्ढा (आप) और जावेद अली खान (सपा)। लोकसभा के दो सांसद, ललन सिंह, अभिषेक बनर्जी, डी राजा और एक सदस्य सीपीआई (एम) से शामिल किया गया है। सीपीआई (एम) के सदस्य के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

**लोगो लॉन्च नहीं हुआ**

गठबंधन के लोगो पर सहमति नहीं बन पाई। इसलिए इसे तीसरी बैठक में लॉन्च नहीं किया गया। लोगो के 6 डिजाइन शॉर्ट लिस्ट हुए थे, जिनमें से एक सभी को पसंद आया, लेकिन इसमें कुछ बदलाव होने बाकी हैं। इस पर फैसला अगली मीटिंग में होगा। मीटिंग के दौरान जो डिजाइन दिखाया गया, वह लेफ्ट पार्टी को पसंद नहीं आया। इसके साथ ही कुछ अन्य दलों ने भी डिजाइन में बदलाव के सुझाव दिए। इसी वजह से लोगो के अनावरण का कार्यक्रम टाल दिया गया। अब जब लोगो के डिजाइन में बदलाव कर दिए जाएंगे और इसपर सबकी सहमति होगी तब इसका अनावरण किया जाएगा।

**विपक्ष एक होगा तो ...**

और पीएम मोदी का एक कारोबारी के साथ गठजोड़ है जिसका नाम सब जानते हैं। इडिंया गठबंधन भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा और यहां मौजूद सभी नेता मतभेद भुलाकर एकसाथ हुए हैं। चीन को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं लद्दाख गया था और पेंगोंग लेक भी गया था। लद्दाख में चीन ने कब्जा कर लिया है ये मैंने देखा है। लद्दाख का हर एक आदमी जानता है केंद्र सरकार क्या कर रही है। आगे कहा कि पीएम मोदी जी-20 करा रहे हैं भारत की इज्जत का मामला है अदाणी मामले पर पीएम को जांच करनी चाहिए नहीं कराएंगे तो देश को पता लग जाएगा कि क्यों नहीं करा रहे हैं। भाजपा भारत के गरीब लोंगों से धन छीनकर कुछ अमीर लोगों को देती है।

**आदित्य एल-1 की ...**

पहुंचे। आदित्य-एल1 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस पोर्ट से लॉन्च किया जाएगा। इसरो के पहले सौर मिशन से पहले भारतीय अंतरिक्ष संगठन के चीफ एस सोमनाथ भगवान का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। एस सोमनाथ ने तिरुपति जिले के चेंगालम्मा परमेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आदित्य एल1 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और इसे कल सुबह करीब 11.50 बजे लॉन्च किया जाएगा। आदित्य एल-1 सैटेलाइट सूरज का अध्ययन करेगी। एल1 पॉइंट तक पहुंचने में इसे 125 दिन का समय लगेगा। यह एक अहम मिशन है। अभी तक हमने चंद्रयान-4 मिशन को लेकर फैसला नहीं किया है और जल्द ही इसका एलान किया जाएगा। आदित्य-एल1 के बाद हमारा अगला लॉन्च गगनयान होगा, जो अक्तूबर के पहले हफ्ते में होगा।

**आदित्य एल-1 के साथ भेजे जाएंगे सात पेलोड**

आदित्य एल-1 भारत का पहला सोलर मिशन है, जिसे पीएसएलवी-सी 57 से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन के साथ सात पेलोड भी भेजे जाएंगे जो सूरज का अध्ययन करेंगे। चार पेलोड सूरज से आने वाली रोशनी का अध्ययन करेंगे, वहीं बाकी तीन इन सिचुएशन पैरामीटर पर प्लाज्मा और चंबकीय क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे। आदित्य एल-1 पर सबसे अहम पेलोड विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ या वीईएलसी है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स द्वारा इसे टेस्ट और कैलिब्रेट किया गया है।

**चार महीने का लगेगा समय**

आदित्य एल-1 को लैग्रेजियन पॉइंट 1 के होलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। यह पॉइंट पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है और यहां से बिना किसी परेशानी के सूरज पर नजर रखी जा सकती है। आदित्य एल1 को पृथ्वी और सूर्य के बीच मौजूद इस लैग्रेजियन पॉइंट पर पहुंचने में करीब चार महीने का वक्त लगेगा। सूरज की गतिविधियों के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन किया जाएगा।

**कठिनाई का डटकर मुकाबला करें...**

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

जय जोहार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारा तिरंगा चाँद पर पहुँच चुका है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि का विषय है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया। इस संबंध में विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण यानी साइंटिफिक टेंपर का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहाँ ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाएं। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामी जी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामी जी ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने उपाधि समारोह के मौके पर उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों तथा विश्वविद्यालय के टीचिंग स्टाफ के योगदान को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की विविध उपलब्धियों का ब्योरा समारोह में रखा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह मौजूद रहीं। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नगर निगम बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर सांसद अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह, राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नन्द कुमार साय, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

**शिक्षा हमें संस्कारित और अनुशासित बनाती है:राज्यपाल**

इस मौके पर अपने संबोधन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह एक गरिमामय समारोह है जो आपकी कड़ी मेहनत को मान्यता देता है और साथ ही आपके लिए एक जिम्मेदारी भी लेकर आता है। आपको जीवन के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने के साथ-साथ नई चीजें सीखने के कई अवसर मिलेंगे। इस चरण के दौरान आप मूल्यों को आत्मसात करेंगे और क्षमताओं का विकास करेंगे। शिक्षा हमें संस्कारित तो बनाती ही है, अनुशासित भी बनाती है। यह हमें समाज में पद, धन और प्रतिष्ठा दिलाने में भी मदद करती है। जब आप इन चीजों को हासिल करते हैं, तो इसके साथ ही यह एक इंसान के रूप में विकसित होने में भी मदद करती है। इस मौके पर राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम की विभूतियों के ऐतिहासिक योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध कठिन संघर्ष कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें आजादी दिलाई है। हमें कठोर परिश्रम कर अपना जीवन हाशिये पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए काम करना है। यही सच्ची सेवा है।

**कठोर परिश्रम के बल पर स्वयं को स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया है: मुख्यमंत्री**

इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपने कठोर परिश्रम मेधा और अनुशासन के बल पर स्वयं को उपाधियों एवं स्वर्ण पदकों हेतु योग्य सिद्ध किया है। यह विश्वविद्यालय हमेशा ज्ञान का प्रकाश रहा है। हमारा प्रदेश हमेशा समृद्ध रहा है। यहां पुरखों के आशीर्वाद से उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों पर हमारा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हमारे यहां प्रचुर संसाधन हैं, समृद्ध जैव विविधता है, सघन वन हैं, सुंदर प्रकृति है, सुंदर जनजीवन है, उत्कृष्ट मानवीय मूल्य हैं। हम युवाओं को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमने 42 हजार पदों पर भर्ती की। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए हमने रोजगार, स्व-रोजगार और उद्यम दिए हैं। हम बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि युवाओं को आर्थिक मजबूती मिल सके और वे अच्छे भविष्य की तैयारी कर सके। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गुरु घासीदास जी का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर उन्होंने समतामूलक समाज के लिए कार्य किया।

**अमित शाह दो दिन के ...**

शाह कल कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। इसके बाद पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2:10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से सरायपाली के लिए रवाना होंगे। सरायपाली में जनजातीय सम्मेलन और अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5:30 बजे वापस रायपुर आकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**राहुल गांधी आज ...**

आज नया रायपुर पहुंचकर मेला ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप-मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारीद डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, सह-प्रभारी विजय जांगिड़, मंत्रीगण एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

**संयुक्त प्रतिपक्ष मोदी-भाजपा को ...**

समाज के सभी वर्गों को छूने और उनसे सम्बन्धित मुद्दों को उठाया जायेगा जो धीरे-धीरे एक सामूहिक घोषणा पत्र का रूप लेगा।

जैसा कि एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि 'इंडिया अगले चुनाव में भाजपा का एक सशक्त विकल्प बनेगा', इसके संकेत इस बात से मिल रहे हैं कि इस बैठक के शुरु होने के एक दिन पहले केन्द्र सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम घटा दिये तो वहीं सरकार ने 18 से 22 सितम्बर को संसद का विशेष सत्र बुला लिया है। विशेष सत्र बुलाने के लिये आवश्यक प्रक्रिया को ताक पर रखकर जिस तरह से एक ट्विट के जरिये संसदीय कार्य मंत्री ने इस बैठक की सूचना दी है वह भाजपा व मोदी की घबराहट तथा बदहवासी को ही बतलाता है क्योंकि कयास हैं कि एक साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। फिर भी इस बैठक से साफ संदेश गया है कि सरकार जब चाहे चुनाव कराए, मोदी व भाजपा की मुश्किलें कम नहीं होने वाली हैं। देश में पिछले 9 साल से अधिक समय से लोकतंत्र की वापसी का इंतज़ार करते हुए लोगों के लिये यह बैठक आशा बंधाने वाली साबित हुई है और उन्हें जनतंत्र पर छाया कुहरा छंटता दिख रहा है। देखना यह होगा कि पिछले 9 वर्षों में बना सबसे बड़ा विपक्षी गठबन्धन भारत में लोकतंत्र का सूर्य फिर से उगा सकेगा या नहीं। जो भी हो समावेशी, प्रगतिशील. धर्मनिरपेक्ष तथा समतामूलक समाज को बचाने के लिये 'इंडिया' अपनी सबसे बड़ी लड़ाई के लिये कमर कस कर मैदान में उतर चुका है।

## वर्ग पहेली 6304

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध०
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. पैसा जमा करना
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देना
११. पेट, उदर
१२. धीमा, मंद
१३. हाेंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-6303

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ही | २ खा | ता | ■ | ■ | ३ अ | प | ४ वि | त्र |
| र | ■ | द्य | ■ | ५ अ | टू | ट | ■ | रो | ■ |
| ६ सा | कि | न | ■ | नु | ■ | ७ क | ला | ध | ८ र |
| त | ■ | लि | ■ | ९ सा | य | ल | ■ | ■ | क्त |
| ■ | १० ब | का | ११ सु | र | ■ | ■ | १२ रो | च | क |
| ■ | का | ■ | धा | ■ | १३ सं | बं | ध | ■ | म |
| १४ भ | या | १५ तु | र | ■ | ग्रा | ■ | १६ क | १७ पा | ल |
| ग | ■ | ला | ■ | १८ क | म | १९ ला | ■ | दु | ■ |
| २० द | रिं | दा | ■ | दा | ■ | २१ ल | ल | का | २२ र |
| ड़ | ■ | २३ न | र | पि | शा | च | ■ | ■ | व |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1573- अकबर ने गुजरात को फतह किया।
1666- लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हजार इमारतें नष्ट हो गयी।
1775- पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जार्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया।
1989- अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया।
1926- इटली और यमन के बीच हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ।
1930- 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी।
1945- जापान के हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ।
1945- हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की।
1946- जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन।
1956- हैदराबाद से 100 किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच पुल ढ़हने से 125 लोगों की मौत।
1962- सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ।
1969- अमेरिका के न्यूयॉर्क में पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया।
1970- कन्याकुमारी में विवेकानन्द स्मारक का उद्घाटन हुआ।
1990- काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत।

## हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओला का आठ नंबर संकेत किया जारी किया

**हांगकांग।** हांगकांग वेधशाला ने शुक्रवार सुबह शक्तिशाली तूफान साओला के प्रभाव के मद्देनजर आठ नंबर का उत्तर-पश्चिम गेल या फिर तूफान का संकेत जारी किया। हांगकांग की मौसम प्रणाली के तहत नंबर 8 का संकेत तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी है, जिसमें आमतौर पर तूफान के लिए पांच रैंकिंग हैं। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम की ओर से 63 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा की गति से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। तूफान के कारण हांगकांग में कई सार्वजनिक सेवाएं और गतिविधियां बंद कर दी गई है। इसके अलावा सभी स्कूलें बंद हैं और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज ने कामकाज बंद कर दिया है। तूफान के कारण हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और हांगकांग डिज़्नीलैंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह 10 बजे (0200 जीएमटी) तूफान साओला हांगकांग से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। इसका दक्षिण-पूर्व चीन में पर्ल रिवर एस्चुरी के आसपास के क्षेत्रों की ओर लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है।

# दोना-पत्तल व्यवसाय कर महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

**महासमुंद,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के माध्यम से महिलाओं व युवाओं को रोजगार के साथ ही उद्यमियों को अवसर देने का काम कर रही है। शासन के इन प्रयासों से लोग आर्थिक रूप सशक्त हो रहे हैं। रीपा में स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आजीविका मूलक गतिविधियों से पर्याप्त रोजगार भी सृजित हो रहे हैं। जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम सिरपुर की कस्तूरबा महिला स्व सहायता समूह दोना पत्तल व्यवसाय कर अपने उद्यमी बनने का सपना साकार कर रहे हैं। रीपा से जुड़कर अपने आकांक्षाओं को हासिल कर महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम रख रहे हैं। कस्तूरबा महिला स्व सहायता समूह में 10 सदस्य है। वे बताते है कि रीपा से जुड़कर जो हमें मिला है, उसकी तलाश हमें बरसो से थी। इससे पहले हम में से कोई कृषि कार्य कर अपना जीविकोपार्जन करते थे तो कोई मजदूरी कार्य कर। रीपा के अंतर्गत दोना पत्तल मशीन स्थापित कर हमें इस व्यवसाय से जोड़कर सरकार हमारी आर्थिक स्थिति को सुधारने का काम कर रहे है। इस कार्य से हमारा आत्मविश्वास और बढ़ा है। महिला सदस्यों ने बताया कि अब तक वे 3000 नग दोना एवं 5000 नग पत्तल का उत्पादन कर चुके है। जिसमें से 64 हजार रुपए का दोना व पत्तल विक्रय कर प्रति सदस्य 5.6 हजार रुपए मासिक आय अर्जित कर चुके हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि रीपा के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है। ग्रामीण युवक.युवतियों को नए कौशल सीखने का अवसर मिल रहा है एवं अन्य युवाओं के लिए यह प्रेरणादायी भी साबित हो रही है। सदस्यों ने इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# भोजली विसर्जन जोक नदी में धूमधाम से किया



**कटगी/बलौदाबाजार,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार भोजली जिसे अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए शगुन का स्वरूप माना जाता है। गुरुवार को कटगी अंचल के कटगी, कलमिडीह, सरवानी, लखमाई सती, खैरा, झबड़ी, मड़कडा, धमलपुर, नावापारा, अमोदी, रामपुर, डेराडीह, कोट, तिपरूँगा, मानकोनी, दर्रा, गिरौदपुरी, मड़वा, मटिया, तेंदुभाठा में रक्षा बंधन के दूसरे दिन भोजली त्योंहार मनाया गया। इस त्योहार को मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें ग्राम के युवतियों एवं माताओं द्वारा बड़े ही उत्साह से 7 दिवस तक भोजली की सेवा के बाद भोजली विसर्जन का कार्यक्रम किया।

बच्चों के उत्सवर्धन के लिए अनेक गांव में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वतीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो इनाम एवं भोजली बोने वाली सभी माता बहनों को सांत्वना उपहार प्रदान किया गया। लंबी लाइन के साथ सिर पर भोजली को रखकर विसर्जन यात्रा निकाली गयी। जिसमें पूरे ग्राम वासी द्वारा भोजली गीत गाकर बैंड बाजे या मिरदंग साथ गांव के गली मुहल्ले होते हुए नदी में इसे विसर्जित किया गया। इस त्योहार में ऐसी मान्यता है कि 7 दिन पहले भोजली की बुआई की जाती है। हर रोज शाम को भोजली गीत का आयोजन किया जाता है। देवी की तरह पूजा-अर्चना की की गई इसके बाद राखी के दूसरे दिन गुरुवार को इसे विसर्जित किया गया। भोजली को मित्रता का त्योहार माना जाता है क्योंकि सभी गीले शिकवे को भूलकर एक दूसरे को भोजली देकर मित्र बनाया जाता है।

# स्वर्णकार महिलाओं ने पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा



**महासमुंद,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहर से लगे ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में छत्तीसगढ़ स्वर्णकार महिला मंडल की महिलाओं ने भूतपूर्व सैनिकों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने बताया कि राखी भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उपहार है। राखी के साधारण धागे भाई.बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। एक भाई का अपनी बहन के प्रति रक्षा की प्रतिबद्धता ही रक्षाबंधन के त्यौहार का मूल स्वरूप है। सिपाही सरहद में विपरीत परिस्थितियों में डटकर पूरे देश की रक्षा करते हैं उनकी इस निष्ठा और कर्तव्य परायणता के हम सदा आभारी रहेंगे। इसी भाव के साथ स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पूर्व सैनिकों के साथ श्रद्धा पूर्वक रक्षाबंधन पर्व को मनाया। शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर उन शहीदों को नमन किया जिन्होंने भारत देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी। पश्चात सभी पूर्व सैनिक भाइयों के माथे में अक्षत.कुमकुम का तिलक लगाकर उन कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ में वादा भी लिया कि अपने समान ही समाज के युवकों को तैयार करने में मदद करें, जो देशभक्त होने के साथ ही महिलाओं का सम्मान एवं आदर करें। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर एवं साथी सैनिक भाइयों ने आशीर्वाद के साथ प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वर्णकार महिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त किए। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपना परिचय देते हुए बताया कि कैसे सरहद में कठिनाइयों का सामना किया और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वर्णकार महिला संगठन से श्रीमती सरला सोनी, राखी सोनी, पूर्णिमा सोनी, जय श्री सोनी, नीता सोनी, बरखा सोनी, डॉली सोनी, शिखा सोन, अंजली सोनी एवं प्रतिमा सोनी उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**जाहिर सूचना**

रा.प्र.क्रं. अ/06 वर्ष 2022-23

**पक्षकार डायमंड एवं अन्य 05 निवासी ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. वो तहसील पलारी,**

अनावेदकगण त्रिलोचन, त्रिलोचनी, केशवराम पिता समारू, गौतमबाई, विनोदकुमार, त्रिलोकी पिता शिवरतन निवासी चोरहाडीह तहसील पलारी, दशरू पिता लालाराम यादव, गोवर्धन पिता लालाराम यादव, लच्छीराम पिता दौवाराम यादव, लक्ष्मण पिता दौवाराम यादव, रामनारायण पिता दौवाराम यादव निवासी गबौद तहसील पलारी, सुखउ उर्फसुखउ पिता परदेशीराम यादव के वारिसान, भुखउ पिता परदेशी यादव सेवा निवृत्त मास्टरमेन कांकेर तहसील व जिला कांकेर छ.ग. सुरूजबाई पिता परदेशी रावत, बृजबाई पिता परदेशी रावत तिरिथबाई पिता परदेशी सभी निवासी शक्ति नगर पास अवतीबाई चौंक के पास रायपुर जिला रायपुर छ.ग. सभी निवासी सरखोर तहसील लवन को सूचित किया जाता है कि आवेदक डायमंड एवं अन्य 05 निवासी ग्राम गोड़ा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. वो तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित ख.नं.1140 का टुकडा भूमि को आवेदकगण द्वारा विक्रेता भागवत प्रसाद वगै से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बलौदाबाजार द्वारा क्रेतागण के नाम पर यथावत रखे जाने का आदेश पारित किया गया है। इसलिए उक्त भूमि को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा.बलौदाबाजार के रा.प्र.क्रं. 202201210200005अ/06 वर्ष 2021-22 का परिपालन किये जाने हेतु बैनामा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.09.2023 को नियत किया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: आप दिनांक 06.09.2023 को प्रात: 11 बजे इस न्यायालय में स्वत: या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी। आपकी अनुपस्थिति से प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वत: जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 25.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

---

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि - 1. मेसर्स श्री सीताराम दाल मिल, ग्राम-धौराभाठा, तह-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) में स्थापित है। उक्त उद्योग में स्वामित्व में परिवर्तन हेतु मेसर्स श्री सीताराम दाल मिल के पूर्व स्वामी श्री दीपक तलरेजा तथा नवीन स्वामी मेसर्स पूजा इण्डस्ट्रीज. प्रो. श्रीमती पूजा किंगरानी, निवासी संत कंवर राम वार्ड, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार एवं श्री राधेश्याम किंगरानी, निवासी संत कंवर राम वार्ड, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार के मध्य स्वामित्व में परिवर्तन हेतु सहमति / इकरारनामा का निष्पादन हुआ है। 2. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2009-14 एवं 2014-19 के तहत प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक 20/ औ. नीति / 2023/14394 दिनांक 31/08/2023 द्वारा मेसर्स श्री सीताराम दाल मिल में स्वामित्व में परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।

अत: उक्त मेसर्स श्री सीताराम दाल मिल, ग्राम-धौराभाठा, तह.-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के उद्योग को स्वामित्व में परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था / बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर, दिनांक-

संचालक

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर ( छ.ग. )**

**( निविदा आमंत्रण सूचना )**

**क्रमांक-4035/NIT-17/2023-24/नि.लि.** **दिनांक 31/08/ 2023**

1. निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत - 15.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक करने की अंतिम तिथि
2. विभाग से निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 16.09.2023 तक
3. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त - 22.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक करने की अंतिम तिथि
4. निविदा खोलने की तिथि - 25.09.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में)- रूपये 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार- प्रपत्र 'A'
7. निविदाकारों की श्रेणी - द-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि- 02 माह (वर्षा ऋतु सहित)

| एन आई टी क्र. निविदा क्रं. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में ) अमानत राशि ( रू. में ) बैंक साल्वेंसी ( रू. में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 17 T0066 | BANRASI INTERNAL ROAD LENGTH 1.450 KM. & KORASI BASTI CULVERT BYPASS TO PIRDA ROAD LENGTH 0.80 KM. UNDER SUB DIVISION NO. -4 7 (ARANG) RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | 13.72<br>10,500.00<br>2,06,000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रं.-2 -रायपुर ( छ.ग. )

जी-04846

---

**न्यायालय कार्यपालन दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार तुमगांव, जिला महासमुंद**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी भोरिंग प.ह.नं. 31 रा.नि.म तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुकालु पिता स्व. दुखवाराम जाति सतनामी प.ह.नं. 31 रा.नि.म तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद द्वारा अपने स्वयं पुत्र/पुत्री/माता/पिता/ दादा बेचरी सतनामी के नाम से दिनांक 20.08.1978 को जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उक्त आवेदक/आवेदिका सुकालु पिता स्व. दुखवाराम जाति सतनामी के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 15.09.2023 को पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 01.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार तुमगांव महासमुंद ( छग )

---

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. ब/121 वर्ष 2022-23**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बीरबल निषाद पिता बिसम्भर निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन किया है कि आवेदक का पिता बिसम्भर निषाद पिता लुदू निषाद का मृत्यु दिनांक 28.11.2009 को स्थान बलौदाबाजार में हुआ है। जिसका भूलवश मुख्य नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नही कराय था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 08.09.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बलौदाबाजार

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAVIKANT KHANDELWAL S/o NAND KISHORE KHANDELWAL resident of 105, Danitola ward no. 19, sihawa road, dhamtari (m) dhamtari chhattisgarh- 493773 have changed my old name RAVIKANT KHANDELWAL S/o NANDKISHORE KHANDELWAL, so in future I should be recognized by my new name that is RAVI KHANDELWAL S/o NANDKISHORE KHANDELWAL in all Government and other documents.

**RAVI KHANDELWAL**
S/O NANDKISHORE KHANDELWAL,
105, DANITOLA WARD NO. 19,
SIHAWA ROAD, DHAMTARI (M)
DHAMTARI
CHHATTISGARH- 493773

---

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रविकांत खण्डेलवाल पिता नंदकिशोर खण्डेलवाल निवासी105, दानीटोला वार्ड नं. 19, सिहावा रोड धमतरी (म), धमतरी, छत्तीसगढ़- 493773 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम त्याग कर नया राम रवि खण्डेलवाल पिता नंदकिशोर खण्डेलवाल रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम रवि खण्डेलवाल पिता नंदकिशोर खण्डेलवाल से ही जाना पहचाना जाये।

**रवि खण्डेलवाल**
**आत्मज नन्दकिशोर खंडेलवाल, 105, दानीटोला वार्ड नं. 19, सिहावा रोड धमतरी ( म ), धमतरी, छत्तीसगढ़- 493773**

---

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**प्रथम बार निविदा सूचना क्रमांक-66**

क्रमांक 2985/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 31.08.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र %ए में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 15.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( रू.लाख ) |
|---|---|
| हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्या में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम मोहला विकास खण्ड मोहला | 12.27 |
| हायर सेकेण्डरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम गोटाटोला विकास खण्ड मोहला | 12.27 |
| माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम मोहला विकास खण्ड मोहला | 9.56 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम चिहकाटोला विकास खण्ड मोहला | 9.56 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम जंगलटोला विकास खण्ड मोहला | 9.56 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम विरसिंगटोला विकास खण्ड मोहला | 9.56 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम अमलीडीह विकास खण्ड मोहला | 9.56 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम पाटनवाडवी विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम कनेरी विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम छुरियाडोगरी विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम भाटकसा विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम माडिग पिडिग भुर्सा विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम रेगाकठेरा विकास खण्ड मोहला | 5.31 |
| माध्यमिक शाला में जीर्णोद्वार कार्य ग्राम मुनगाडीह विकास खण्ड मोहला | 6.11 |
| माध्यमिक शाला में जीर्णोद्वार कार्य ग्राम डंडासुर विकास खण्ड मोहला | 6.11 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 01.09.2023 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 15.09.2023 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- राजनांदगांव

जी-04873

---

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक दूरसंचार भिलाई जोन, भिलाई**
**सेक्टर- 6, भिलाई ( छ.ग. ), फोन / फैक्स- 0788-2283351**

क्रमांक-पुअ/दूसं./भि./भवन/02-3/2023 दिनांक - 22/08/2023

पुलिस अधीक्षक दूरसंचार भिलाई जोन हेतु ठेकेदार की श्रेणी 'द'(D) में रखते हुए निम्नांकित निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | कार्य का विवरण | राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक दूरसंचार भिलाई जोन अंतर्गत पुलिस दूरसंचार जिला सुकमा में प्रसाधन एवं सेप्टिक टैंक निर्माण कार्य | 5.27 लाख | 15,810/- |

निविदा बिकी की अंतिम तिथि- 08/09/2023 दोपहर 15.00 बजे तक
निविदा जमा की अंतिम तिथि - 11/09 /2023 दोपहर 14.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 11/09/2023 दोपहर 15.00 बजे से 17.00 बजे तक
टीप-अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक
( दूरसंचार )
भिलाई जोन भिलाई

जी-04885

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202308211900020**
**अ / 6 वर्ष 2022-23**
**ग्राम- चमारगुडा प.ह.न. 29 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार वर्मा वल्द भीमलाल वर्मा निवासी ग्राम करमदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के व्दारा ग्राम चमारगुडा प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 225 / 2 रकबा 0.1290 हे. लगान 0.32 रू. धनहा सिंचित एक फसली भूमि को विक्रेता/अनावेदक राम किशोर पिता थानू वर्मा जाति कुर्मी निवासी गावरी भट्ठा चौक सरोना तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा व्दारा दिनांक 26/06/2023 को बैनामा कीमती मुल्य 82000/- अक्षरी बियासी हजार रूपये में क्रय किये जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मय पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख की छाया प्रति के साथ आवेदन पेश किया है। तत्ससंबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा सुनवाई हेतु दिनांक 19/09/23 को नियत है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 19/09/23 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/08/23 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया ।

सील — नायब तहसीलदार निपनिया

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**आनलाईन नं. 202308211100075**
**अ / 2 वर्ष 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता देवांगन पति परमेश्वर देवांगन निवासी परसुराम वार्ड तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम-हथनी प. ह. न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 708/27, रकबा 0.0093 हेक्टेयर अर्थात 1000 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग. भू.रा. संहिता7 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, ब्लू प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत तिथि 06/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**आनलाईन नं. 202308211100076**
**अ / 2 वर्ष 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वर देवांगन पति/पिता गोविन्द देवांगन निवासी मुटपुरी मऊ तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा हथनी प.ह.न.40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर ग्राम-708/29, रकबा 0.0067 हेक्टेयर अर्थात 720 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग.भू.रा.संहिता7 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, ब्लू प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत तिथि 06/09/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा. प्र. क. 20238211900021**
**अ / 6 वर्ष 2022-23**
**ग्राम- चमारगुडा प.ह.न. 29 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार वर्मा वल्द भीमलाल वर्मा निवासी ग्राम करमदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के व्दारा ग्राम चमारगुडा प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 225/1 रकबा 0.7890 हे लगान 2.40रू. धनहा सिंचित एक फसली भूमि को विक्रेता/अनावेदक संतोष कुमार कुर्रे पिता भगेला कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम चमारगुडा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से पंजीकृत बैनामा व्दारा दिनांक 27/04/2023 को बैनामा कीमती मुल्य 498000/- अक्षरी चार लाख अंठायनबे हजार रूपये में कय किये जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मय पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख की छाया प्रति के साथ आवेदन पेश किया है। तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा सुनवाई हेतु दिनांक 19/09/23 को नियत है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 19/09/23 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/08/23 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया ।

सील — नायब तहसीलदार निपनिया

---

**कार्यालय कलेक्टर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( छ.ग. )**

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक/2489/भू-अर्जन/2023 सारंगढ़, दिनांक 18.08.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत मधुबन जलाशय योजना अंतर्गत मुख्य नहर निर्माण कार्य मे प्रभावित ग्राम डड़ाईडीह, प.ह.नं. 07; तहसील सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण. कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा ( हे. मं. ) | अर्जित भूमि का रकबा ( हे.में ) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ना.बा. गौरीलाल पिता अंजोर सिंह पा. माँ दिलबाई अघरिया सा. दे. भूमिस्वामी | 721/1/ख | 0.134 | 0.134 | एक फसली |
| | योग | 01 | 0.134 | 0.134 | - |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह भू-अर्जन अधिकारी सारंगढ़ के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़

जी-04866

---

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT (Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)**
**e-PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS**
**eProcurement Portal: https://eprocure.gov.in**
**(Second Call)**

TENDER ID-2023_WRCWB_768971/ RFB No.: 03/SAC/2023-24/Civil/Rudri/Drip-II Dated: 28.08.2023

Online Tenders are invited for the following works up to 09.10.2023 at 15.00 Hours

Name of work: Epoxy Treatment of Glacis Portion, Teeth & Bucket Floor of Ravishankar Sagar Dam Gangrel

**Probable Amount of Contract: Rs. 1571.38 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Goverment of India Integrated e- Procurement Portal (https://eprocure.gov.in) from Date 06.09.2023 at 15.00 Hours(IST) onwards.

NOTE: All eligible/interested bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eprocure.gov.in) in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Bidders from India should, however, be registered with the Government of Chhattisgarh or other State Governments/Government of India, or State/Central Government Undertakings. Bidders from India, who are not registered as above, on the date of bidding, can also participate provided they get themselves registered in appropriate class by the time of contract signing, if they become successful bidders

**Executive Engineer**
**Water Management Du., Rudri**
**for Chief Engineer Mahanadi Project, Ralpur (CG)**

**G-04835**

---

**।। न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग जिला-दुर्ग।।**

मामला क्रमांक/ अ-6 अ, सन् 2022.23

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महादेव प्रसाद दीक्षित आ. स्व. श्री शीतल प्रसाद दीक्षित, निवासी कोसानगर भिलाई के नाम से मौजा कोसानगर, प.ह.नं. 48, रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में भूमि स्वामी जमीन स्थित है जिसका खसरा नं.-24/1/1 है जिसमें बन्दोबस्त के समय जमीन के रकबे में त्रुटि हो गया है खसरा नं.24/1/1 रकबा 7.060 हे. वर्तमान अभिलेख में दर्ज है तथा मेरे द्वारा रकबा 6.263 हे को बिक्री किया जा चुका है तो शेष बचत रकबा 0.797 है, को दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 19.9.23 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा। आज दिनांक 28.8.23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मोहर — तहसीलदार दुर्ग ( छ.ग. )

---

**शपथ पत्र ( नाम परिवर्तन )**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या-JC302565H पूर्वसैनिक सूबेदार भानु प्रताप साहू (BHANU PRATAP SAHU) पिता-श्री प्रेमलाल साहू (PREMLAL SAHU), निवासी – VILLAGE AND TOWN–DHABA, POST–BHINDSAR, TEHSIL AND DIST–DURG, CHHATTISGARH–491001 का हूँ, जो की शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ , यह कि मैं पूर्वसैनिक पूर्वसैनिक सूबेदार भानु प्रताप साहू (BHANU PRATAP SAHU) पिता-श्री प्रेमलाल साहू ;(PREMLAL SAHU) सेना के सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम-अमित कुमार (AMIT KUMAR) दर्ज हो गया है जो की त्रुटीपूर्ण एवं गलत है, यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं मेरे पुत्र का नाम-अमित कुमार साहू(AMIT KUMAR SAHU) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक– 4627 7871 2420, पेन कार्ड क्रमांक–PFCPS3483F, कक्षा दसवीं प्रमाण पत्र क्रमांक-0746484 व कक्षा बारहवीं प्रमाण पत्र क्रमांक – 0633637 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है, यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम अमित कुमार (AMIT KUMAR) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम दृ अमित कुमार साहू (AMIT KUMAR SAHU) दोनों एक ही लड़के का नाम है जो कि मेरा पुत्र है अब से मेरा पुत्र अमित कुमार साहू (AMIT KUMAR SAHU) पिता-भानु प्रताप साहू (BHANU PRATAP SAHU) के नाम से जाना व पहचाना जायेगाए जिसके समर्थन में यह शपथपत्र शमक्ष प्रस्तुत हैं।

**शपथकर्ता**
**सेनासंख्या– JC302565H**
**पूर्वसैनिक सूबेदार भानु प्रताप साहू**
**(BHANU PRATAP SAHU)**

---

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

**विषय-अ-2 सन-2022-2023**
**हारम प.ह.नं. 00020 521/7 0.0200 हे.**
**पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार श्री अभिषेक सिंह, अनावेदक पक्षकार-**

**एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अभिषेक सिंह पिता राबेन्द्र बहादुर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी चितालंकर तहसील दंतेवाड़ा जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम हारम प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि का खसरा नं. 521/7 रकबा 0.0200 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।**

**उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 11.09.2023तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते है।**

**मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) गीदम**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा, बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2022-2023**
**वादभूमि ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक दीपक इंटरप्राईजेस पार्टनर विकास टिलवानी पिता रीझुराम दिलवानी निवासी एकता लाईन गली लाखेनगर रायपुर, नीतू देवी पति मनोज कुमार निवासी स्ट्रीट नं. 01 जोगा इंडस्ट्री, इकबाल नगर, कक्का जिला लुधियाना (पंजाब) कास्तकार ग्राम चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1535/1 रकबा 0.1317 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 31.08.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 14.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

**अदालत- न्यायालय आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम,श्रम न्यायालय दुर्ग ( छ.ग. )**

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
( सिविल प्रोसीजर कोड,आर्डर 5 रूल्स 1 और 5 )

**दीवानी मुकदमा नं.-30/WC Act सन् 2018**
**Non. Fatal**

पेशी ता. - 05/10/2023

आवेदक- अब्दुल रहमान आ. अब्दुल गफ्फार, मस्जिद के पास तकिया पारा, दुर्ग ( छ.ग. )

अनावेदक- श्रीमती सुनी मैथ्यु विधवा पति स्व. साजु मैथ्यु

बनाम- (1) श्रीमती सुनी मैथ्यु विधवा पति स्व. साजु मैथ्यु निवासी- एमआईजी-703 पदमनाभपुर दुर्ग एवं क्वार्टर नंबर- II-2/8, पांच बिल्डिंग दुर्ग, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

क्योंकि मुददई मजकूर ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 05/10/2023 ई. को दिन के 11=00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके ) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हों।

आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी मे मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 26/08/2023 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — ( सतीश कुमार जायसवाल ) न्यायालय आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम,श्रम न्यायालय दुर्ग ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पंचायत सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

क्रमांक/ /लो.नि.वि./न.पं./2023-24 सिमगा, दिनांक 01 सितंबर 2023

**मैन्यूवल पद्धति से तृतीय निविदा सूचना**

नगर पंचायत सिमगा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत करने अंतिम की तिथि | 05/09/2023 | समय 5.00 बजे तक |
| 02 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि | 06/09/2023 | समय 5.00 बजे तक |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 12/09/2023 | समय 3.00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की अंतिम तिथि | 12/09/2023 | समय 4.00 बजे |

प्रभावशील एस.ओ.आर. दर लोक निर्माण विभाग (सड़क) दिनांक 01/01/2015 से प्रभावशील

| क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01 | निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सी.सी. रोड, एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण (14 अलग-अलग कार्य) | 84.91 लाख |

निविदा के संबंध में समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सिमगा

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## अगस्त में 1.59 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह




नई दिल्ली, 1 सितंबर (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अगस्त में 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अगस्त में संग्रहित जीएसटी 143612 करोड़ रुपये की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जुलाई में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपये रहा था। पिछले 17 महीने से जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें अगस्त 2023 में संग्रहित राजस्व 159069 करोड़ रुपये रहा है। इस वर्ष जुलाई में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 28328 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35794 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83251 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 43350 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11695 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 1016 करोड़ रुपये शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 37581 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 31408 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 65909 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 67202 करोड़ रुपये रहा है।

## दो हजार के 93 प्रतिशत नोट वापस आए



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार रुपये के नोट के चलन से वापस लिये लाने के बाद अब तक 93 प्रतिशत नोट लोगों ने जमा करा दिये हैं जबकि सात प्रतिशत नोट अभी भी जाम कराये जाने हैं। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा गया है कि 31 अगस्त, 2023 तक प्रचलन से 2000 रुपये के 93 प्रतिशत बैंक नोट अर्थात 3.32 लाख करोड़ रुपये वापस आये जबकि 0.24 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में अभी भी है। 19 मई 2023 तक 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट प्रचलन में थे। रिज़र्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। प्रचलन में 2000 के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च को 3.62 लाख करोड़ था। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2023 घटकर 3.56 लाख करोड़ रह गया था। प्रमुख बैंकों से एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस प्राप्त 2000 रुपये मूल्यवर्ग के कुल बैंकनोटों में से लगभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में हैं और शेष लगभग 13 प्रतिशत को अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में बदल दिया गया है। केन्द्रीय बैंक ने लोगों ने मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने के लिए 30 सितंबर, 2023 तक की शेष अवधि का उपयोग करने की अपील की है।

## भारत, थाईलैंड में शुष्क मौसम ने बढ़ाई चीनी की कीमत



**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत तथा दूसरे चीन उत्पादक देशों में अल नीनो प्रभाव के कारण मौसम शुष्क रहने से वैश्विक स्तर पर चीनी के दाम इस साल 40 प्रतिशत बढ़ गये हैं। एसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक का हवाला देते हुये राबो बैंक की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक्का दोनों के वायदा भाव में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

अमेरिकी अनाज के रकबे में सात साल में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि के साथ बड़े पैमाने पर ब्राजीलियाई मकई की रिकॉर्ड फसल, और काले सागर से महत्वपूर्ण गेहूं निर्यात प्रवाह की निरंतरता से कीमतों में कमी आई है और एसएंडपी जीएससीआई कृषि सूचकांक में माह दर माह आधार पर दो प्रतिशत की नरमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गेहूं और मक्के के विपरीत चीनी, कोको, रोबस्टा कॉफ़ी और ऑस्ट्रेलियाई गेहूं के लिए मौसम का जोखिम अधिक बना हुआ है, क्योंकि अल नीनो का प्रभाव अधिक स्पष्ट हो गया है। भारत विशेष रूप से काफी शुष्क हो रहा है, जिससे चीनी की कीमत बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी के मामले में प्रभाव अधिक तत्काल हो सकता है। अल नीनो थाईलैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया को सामान्य से अधिक शुष्क बना सकता है। ब्राजील के बाद ये तीन सबसे बड़े निर्यातक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल नीनो के प्रभाव की आशंका से इस साल अब तक दाम 40 प्रतिशत बढ़ चुके हैं।

भारत और थाईलैंड पहले से ही शुष्क हैं, और उत्पादन अनुमान को संशोधित कर घटाया गया है। भारत के प्रमुख चीनी उत्पादक क्षेत्र महाराष्ट्र में जलाशयों में पानी की कमी के कारण 2024-25 सीज़न में फसल प्रभावित होने की आशंका है। चीनी की तरह, कॉफी बाजार पर भी गहरा असर पड़ सकता है, क्योंकि वियतनाम दुनिया में सबसे बड़ा रोबस्टा उत्पादक है और इंडोनेशिया तीसरे नंबर पर है। वियतनाम में अधिकांश कॉफी फार्म सिंचित हैं, लेकिन इंडोनेशियाई फार्म सिंचित नहीं हैं। स्पष्ट रूप से, वर्ष की शुरुआत में रोबस्टा के दाम में देखी गई तेजी में अल नीनो प्रभाव का भी असर था। कोको के मामले में पश्चिम अफ्रीका में सूखापन (वैश्विक कोको निर्यात के 70 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार क्षेत्र) और अल नीनो के बीच थोड़ा सा संबंध है।

## एनपीएस और एपीवाई के सदस्यों की संख्या 6.62 करोड़ के पार

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के साथ ही इसके सदस्यों की संख्या भी 6.62 करोड़ के पार हो गयी है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट आर्थिरिटी (पीएफआरडीए) की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार में 1 जनवरी 2004 को या उसके बाद शामिल होने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए एनपीएस लागू किया गया है। अधिकांश राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों ने अपने नए कर्मचारियों के लिए एनपीएस को भी अधिसूचित किया है। एनपीएस 01 मई 2009 से प्रत्येक भारतीय नागरिक को स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, 1 जून 2015 से, अटल पेंशन योजना शुरु की गई है, जिसने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बहुत आवश्यक प्रोत्साहन दिया है। वर्तमान में, एनपीएस और एपीवाई के कुल मिलाकर 6.62 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और कुल संपदा प्रबंधन 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

## देश में हवाई यात्रियों की संख्या 2035 तक बढ़कर 42.5 करोड़ होने का अनुमान : सिंधिया



ग्वालियर, 1 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि देश का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास के लिए तैयार है और हवाई यात्रियों की संख्या मौजूदा 14.5 करोड़ से बढ़कर 2035 तक 42.5 करोड़ होने का अनुमान है।

उन्होंने यहां सीआईआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस सम्मेलन में कहा, यह विकास क्षमता अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत के विमानन बाजार में शामिल होने का अवसर प्रस्तुत करती है। सिंधिया ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना (आरसीएस) ने नागरिक उड्डयन को अधिक सुलभ बना दिया है, जिससे चार क्षेत्रीय एयरलाइन उभरे हैं।


उन्होंने सेवा और उत्पाद दोनों के रूप में बढ़ते नागरिक उड्डयन के महत्व पर जोर दिया और एयरोस्पेस कंपनियों से भारत में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित करने का आग्रह किया।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्वालियर हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन की आधारशिला 16 अक्टूबर 2022 में रखी गई थी, और आश्वासन दिया कि यह 2023 के अंत तक 15 महीने की अवधि में पूरा हो जाएगा। यह देश के इतिहास में सबसे तेजी से बनने वाला टर्मिनल भवन बन जाएगा। सम्मेलन का व्यापक विषय समावेशी वैश्विक वैल्यू चेन की ओर बढ़ना है।

## मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई** 1 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार में करीब एक प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.50 अंक यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.75 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,435.62 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 37,420.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1479 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि शेष सात में गिरावट रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का जीडीपी आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहा, जो पिछली चार तिमाहियों में उच्चतम है और रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक है। इससे उत्साहित निवेशकों को लिवाली की बदौलत बीएसई में केवल हेल्थकेयर की 0.60 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान धातु 3.32, यूटिलिटीज 3.09, दूरसंचार 2.73, पावर 2.73, कमोडिटीज 1.57, सीडी 0.95, ऊर्जा 1.48, एफएमसीजी 0.27, वित्तीय सेवाएं 0.84, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 1.02, ऑटो 1.58, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.25, तेल एवं गैस 1.85, रियल्टी 0.96, टेक 0.99 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त लेकर 64,855.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,818.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया। वहीं इस दौरान हुई लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,473.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,831.41 अंक के मुकाबले 0.86 प्रतिशत चढ़कर 65,387.16 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,258.15 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,255.70 अंक के निचले जबकि 19,458.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,253.80 अंक की तुलना में 0.94 प्रतिशत मजबूत होकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 26 दिग्गज कंपनियों में एनटीपीसी ने सबसे अधिक 4.84 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही जेएसडब्ल्यूएस स्टील 3.37, टाटा स्टील 3.33, मारुति 3.24, पावर ग्रिड 3.07, इंडसइंड बैंक 2.95, बजाज फाइनेंस 2.12, टेक महिंद्रा 2.11, विप्रो 1.85, टाटा मोटर्स 1.68, एसबीआई 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.98, टीसीएस 0.66, रिलायंस 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.03 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, अल्ट्रा सिमको 0.50, सन फार्मा 0.34, नेस्ले इंडिया 0.26 और एलटी के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## अगस्त में यूपीआई से 10.58 अरब रुपये का लेन-देन

**मुंबई,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। इस बार अगस्त माह में मोबाइल ऐप यूपीआई ( यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) के माध्यम से साढ़े 10 अरब रुपये से भी अधिक लेन-देन किए गये जो एक साल पहले इसी माह की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। यह देश में डिजिटल भुगतान की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा, अगस्त 23 में 10 अरब से अधिक लेनदेन! आप अपने मोबाइल से यूपीआई के साथ तत्काल निर्बाध भुगतान करें। एनपीसीआई ने बताया कि अगस्त 2023 में यूपीआई से 10.58 अरब की संख्या में भुगतान किए गए जिनका मूल्य 15.76 लाख करोड़ रुपये रहा। भुगतान राशि के हिसाब से यूपीआई भुगतान में एक साल पहले की तुलना में 47 प्रतिशत वृद्धि हुई है। यूपीआई ऐप से जुलाई, 23 में कुल 15.34 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 9.96 अरब भुगतान किए गए थे। जून में सौदों का आंकड़ा 9.34 अरब और भुगतान राशि 14.75 लाख करोड़ रुपये थी। वर्ल्डलाइन इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड-स्ट्रेटेजी, इनोवेशन एंड एनालिटिक्स सुनील रोंगला ने कहा, यूपीआई डेटा डेटा से पता चलता है कि यूपीआई पर पी2एम लेनदेन साल-दर-साल आधार पर 100 प्रतिशत से अधिक की गति से बढ़ रहा है और पी2पी लेनदेन की तुलना में इसकी हिस्सेदारी अधिक है। समय के साथ, पी2एम लेनदेन से यूपीआई लेनदेन में वृद्धि होगी और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी , अगर 18-24 महीनों में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 20 अरब तक पहुंच जाए।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट उबलकर 3895 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.64 सेंट की तेजी लेकर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11300-11400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और **चावल** : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## अडाणी समूह का मार्केट कैप 12,675 करोड़ रुपए बढ़ा




**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। अदाणी समूह के शेयरों में शुक्रवार को तेजी रही, जिससे उसके बाजार पूंजीकरण में 12,675 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 10.62 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। गुरुवार को कारोबार की समाप्ति पर उसका मार्केट कैप 10.49 लाख करोड़ रुपये था।

एक विश्लेषक ने कहा, अडाणी समूह का हालिया उछाल, विशेष रूप से इसके पावर पोर्टफोलियो में, निवेशक समुदाय के नए आत्मविश्वास और इसकी क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने का उदाहरण है। यह रुचि केवल वर्तमान प्रदर्शन पर आधारित नहीं है, बल्कि समूह की मजबूत वित्तीय और रणनीतिक निर्णय लेने की क्षमता के कारण भी है। हालिया मीडिया रिपोर्टों की छाया के बावजूद, बाजार काफी हद तक नकारात्मकताओं को दरकिनार कर समूह की भविष्य की विकास क्षमता की ओर ध्यान दे रहा है। इस चुनौतीपूर्ण समय में समूह की लचीलापन और अनुकूलन क्षमता ने उसे दूसरों से अलग किया है। अडाणी समूह के पावर पोर्टफोलियो ने घरेलू निवेशकों की नई रुचि के कारण मजबूत लाभ दर्ज किया।

अडाणी पावर के शेयर 2.79 फीसदी बढ़कर 330.25 रुपये पर पहुंच गए, जिससे इसका मार्केट कैप 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 1.94 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और इसका मार्केट कैप 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयरों में 1.59 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और मार्केट कैप 92,017 करोड़ रुपये हो गया।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत 1.27 प्रतिशत बढ़कर 2,450.05 रुपये हो गई और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2.79 लाख करोड़ रुपये हो गया। अडाणी पोर्ट्स के शेयर भी 0.92 फीसदी चढ़े। अदाणी समूह के शेयरों को बढ़ावा तब मिला जब बाजार ने समूह की बुनियादी ताकत को पहचाना और हिंडनबर्ग रिपोर्ट और हालिया ओसीसीआरपी जैसी रिपोर्टों को खारिज कर दिया। अडाणी ग्रुप ने इन रिपोर्ट्स के दावों को खारिज कर दिया है।

रिपोर्टों के अनुसार, नियामक पहले ही अडाणी जांच में ओसीसीआरपी द्वारा नामित फंड की जांच कर चुका है। इन बाहरी चुनौतियों के बावजूद समूह के वित्तीय आंकड़े मजबूत हैं, जो परिचालन ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है। मौजूदा वित ?त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की सूचीबद्ध कंपनियों का कर पूर्व लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 23,532 करोड़ रुपये हो गया। इसमें कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की समूह की कंपनियों का कर पूर्व लाभ 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20,233 करोड़ रुपये रहा।

एईएल इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस ने सालाना आधार पर 96 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कर पूर्व लाभ में 1,718 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। सीमेंट व्यवसाय ने लागत अनुकूलन और परिचालन तालमेल के साथ तिमाही-दर-तिमाही आधार पर मजबूत सुधार दर्ज किया, जिससे मार्जिन में सुधार हुआ।

### सार संक्षेप

#### विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

#### वुमलुनमंग वुअलनाम नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नये सचिव

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वुमलुनमंग वुअलनाम ने शुक्रवार को यहां केंद्र में नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) के सचिव का पदभार ग्रहण किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री वुअलनाम ने श्री राजीव बंसल का स्थान लिया है जो 31 अगस्त, 2023 को सेवानिवृत्त हुए। श्री वुलनाम मणिपुर कैडर से 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय में अपर सचिव, गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित्त एवं कंपनी कार्य मंत्रालय के उप-सचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह मणिपुर सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में आयुक्त और परिवहन निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर भी कार्य कर चुके हैं और कुछ समय तक विश्वबैंक में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार का पदभार भी संभाला है।

#### भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता का 13वां दौर इसी माह

नई दिल्ली। भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 13वें दौर की वार्ता इस माह होगी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बारहवें दौर की बातचीत 8-31 अगस्त, 2023 तक मिले जुले तरीके से हुई जिसमें प्रतिनिधिमंडलों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग और साक्षात बैठकों का आयोजन किया गया। ब्रिटेन के कुछ अधिकारी बातचीत के लिए नयी दिल्ली आए और बाकी ने वहां से वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से चर्चा में भाग लिया। भारत ने गत 24-25 अगस्त जयपुर में जी 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी की। उस बैठक के लिए ब्रिटेन की व्यापार राज्य मंत्री केमी बडेनोच भारत आयी थीं। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल से मुलाकात की थी तथा एफटीए वार्ता की प्रगति की समीक्षा की थी।

# खेल जगत

## 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख डायमंड लीग के फाइनल में

**ज्यूरिख** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया।



# पाकिस्तान के खिलाफ भारत बल्लेबाजों की परीक्षा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- भारत के शीर्ष क्रम को अफरीदी व नसीम शाह से चौकस रहने की जरूरत
- बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना भारत के लिए अच्छी खबर

नई दिल्ली, 1 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ सदाबहार विराट कोहली जैसे धुरंधर बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति के साथ चोट के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पालीकेल(श्रीलंका) में वनडे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को ग्रुप ए अपने पहले मैच में भारत की नैया किनारे लगाने का दारोमदार रहेगा। भारत के शीर्ष क्रम में रोहित,शुभमन और विराट की त्रिमूर्ति और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह व हैरिस रउफ जैसे रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के बीच रोचक संघर्ष मुमकिन है। भारत में अगले महीने आईसीसी वनडे विश्व कप होगा इसलिए इस बार एशिया कप भी वन डे फॉर्मेट के आधार पर ही खेला जाएगा। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच इस मैच पर हालांकि बारिश के रंग में भंग डालने की आशंका है। यदि बारिश ने रंग में भंग नहीं डाला तो भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों को बेशक रोमांचक क्रिकेट देखने को मिल सकता है। आसमान छाई बदली और नम मौसम में गेंद को मनचाहे ढंग से स्विंग कराने की कूवत के कारण पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह अफरीदी भारत के शीर्ष क्रम को बिखेर सकते हैं। भारत के शीर्ष क्रम को खासतौर पर पाकिस्तान के रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, हैरिस राउफ जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति से चौकस रहना होगा। हालांकि पाकिस्तान के साथ लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज भी विकेट चटकाने में सक्षम हैं। सच तो यह कम से कम कागजों पर पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भारत से बीस नजर आता है। फिट होने में जुटे केएल राहुल के पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ उपलब्ध शुरू के दो मैचों उपलब्ध न होने के कारण भारत अपने बल्लेबाजी संयोजन को लेकर असमंजस में हैं। संयोग से भारत के लिए रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर का फिट होना अच्छी खबर है। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि चोट से उबरने के बाद हल्की चोट के कारण केएल राहुल एशिया कप में शुरू के दो मैचों-पाकिस्तान और नेपाल-के खिलाफ उपलब्ध नहीं होंगे। आईसीसी वन डे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की खुशकिस्मती है कि उसके पास विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज इशान किशन के रूप में अब केएल राहुल के बढ़िया विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं। भारतीय टीम प्रबंधन को यह मुश्किल फैसला लेना होगा कि वह कप्तान रोहित व शुभमन गिल से पारी का आगाज कराए अथवा ईशान किशन को बल्लेबाजी में पांचवें नंबर पर भेजे। अब श्रेयस के फिट होने से भारत उन्हें तीसरे नंबर पर और विराट कोहली को चौथे नंबर पर उतार कर इशान को पांचवें नंबर पर भेज सकता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोट के बाद वापसी कर आयरलैंड के खिलाफ उसके घर में भारत को अपनी दूसरे दर्जे की टीम के साथ उतरने के बाद टी-20 सीरीज जिताने के बाद अब पाकिस्तान के खिलाफ गेंद से तथा चोट से पूरी तरह उबर चुके बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बल्ले सें दमदार प्रदर्शन कर भारत के जिताने को बेताब होंगे। बुमराह और श्रेयस यह दर्शाने को भर प्रतिबद्ध होंगे कि रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम अब अपने देश में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी वन डे विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को दुनिया की नंबर 1 वन डे टीम पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को केएल राहुल के अनुभव की कमी जरूर अखरेगी। भारत ने पाकिस्तान से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। भारत अंतिम बार जब पाकिस्तान से मैनचेस्टर में 2019 में आईसीसी वन डे विश्व कप में भिड़ा तो तब उसके अब मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने धमाकेदार शतक और कप्तान रहे विराट कोहली तथा केएल राहुल ने अर्द्धशतक जड़े थे। भारत ने तब पाकिस्तान से बारिश से प्रभावित विश्व कप का यह मैच डकवर्थ लुइस नियम आधार पर 89 रन से जीता था। भारत 2017 में अंतिम बार पाकिस्तान से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में अकेला मैच 280 रन से हारा था। कप्तान बाबर आजम (151)और इफ्तिखार अहमद (अविजित 109)के शतकों और लेग स्पिनर शादाब खान(4/27) और रफ्तार के सौदागर शाहीन शाह अफरीदी(2/27) के कहर से बेशक पाकिस्तान ने सबसे कमजोर नेपाल को अपने घर मुल्तान में 238 रन से करारी शिकस्त दे दमदार अंदाज किया हो लेकिन भारत के खिलाफ मैच का मिजाज एकदम अलग रहने की उम्मीद है। पाकिस्तान की बल्लेबाजी कप्तान बाबर आजम, फख्र जमां, विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के साथ ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद पर निर्भर करेगी ही ऑलराउंडर शादाब खान और मोहम्मद नवाज में बल्ले से बाजी पलटने का दम है। भारत के लिए सबसे बढ़िया बात यह है कि अनुभवी जसप्रीत बुमराह का साथ निभाने के लिए मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , उपकप्तान हार्दिक पांडया के रूप चार तेज गेंदबाज के साथ बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रूप में किसी भी वक्त विकेट चटकाने का रखने वाले स्पिनर के रूप में संतुलित स्पिन आक्रमण है। खासतौर पर बुमराह,मोहम्मद शमी मैच में शुरू और आखिर के ओवर में रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाना खूब जानते हैं। भारत के लिए बड़ा सवाल यह होगा कि वह दो लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडरों-रवींद्र जडेजा व अक्षर पटेल के साथ उतरे या फिर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को उतारे। बुमराह, शमी और सिराज पर खासतौर पर पाकिस्तान की बल्लेबाज की रीढ़ माने जाने वाले बाबर आजम, विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और निचले क्रम में इफ्तिकार अहमद को सस्ते में आउट पैवेलियन लौटा शनिवार को भारत को शुरूआती कामयाबी दिलाने की जिम्मेदारी रहेगी। पाकिस्तान के पास हालांकि फख्र जमा और इमाम उल हक के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है।

# हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं ले रहे, अब लक्ष्य खिताब जीतना : मनदीप मोर



नई दिल्ली, 1 सितंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के दस, उपकप्तान आक्रामक मिडफील्डर मोहम्मद रहील के सात, पवन राजभर और गुरजोत के पांच-पांच , सुखविंदर के चार, कप्तान मनदीप मोर के तीन तथा जुगराज सिंह के एक गोल की बदौलत भारत ने गोल की बारिश कर जापान को सलाला(ओमान) में पुरुष एशियन हाकी 5 विश्व क्वॉलिफायर मे इलीट पूल मैच में बृहस्पतिवार 35-1 से तथा इससे पहले मलयेशिया को 7-5 से करारी शिकस्त दी। जापान के लिए अकेला गोल मासाताका कोबोरी ने खेल खत्म होने से एक मिनट पहले दागाा।

भारत के लिए बुधवार रात पाकिस्तान के हाथों 4-5 से हार मानों नींद जगाने वाली साबित हुई। भारत ने अपने इलीट पूल मैचों की समाप्ति पर पांच मैचों में चार जीत और मात्र एक हार के साथ कुल 12 अंकों के साथ दूसरे इलीट सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। पाकिस्तान की टीम मलयेशिया के साथ एक ड्रा और चार जीत के साथ कुल 13 अंकों के साथ पहले सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ गुरजोत ने पांच व मनिंदर व रहील ने एक- एक गोल किया। मलयेशिया के लिए कमरूल जमां ने दो तथा अरिफ इशाक, कप्तान अबू इस्माइल, दीन मोहम्मद ने एक-एक गोल किया।

भारत दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया, जापान अथवा ईरान से शनिवार दोपहर डेढ़ बजे भिड़ेगा। मलयेशिया इलीट पूल चरण में ओमान पर 10-4 की जीत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पाकिस्तान ने जापान को 26-1से हराया और पूल चरण में अंतिम स्थान पर रहा। भारत के कप्तान मनदीप मोर ने कहा, %हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को हल्के में नहीं ले रहे। हम मलयेशिया और जापान के खिलाफ खेल कर, इन दोनों टीमों को की ताकत को जान चुके हैं और हमें मालूम है कि हमें इनके खिलाफ क्या करना है।

हम उम्मीदकरते हैं कि यदि हम सेमीफाइनल में इन दोनों के खिलाफ भिड़े तो हमें क्या करना है। ईरान की टीम भी मौजूदा टूर्नामेंट में बढ़िया फॉर्म में है और हमने उसके मैचों का अध्ययन किया है और हम उसी के मुताबिक रणनीति बनाएंगे। हमारी टीम का लक्ष्य खिताब जीतना है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अच्छे रंग में है और हमने बतौर टीम एक इकाई के रूप में अपनी लय पा ली है। मेरा मानना है कि हमारी टीम में खिताब जीतने का मौका है। इससे पहले खिताब का दावा पेश करने के लिए हमें फाइनल में स्थान बनाना होगा। भारत की टीम सेमीफाइनल जीतती है तो उसके फाइनल में जीत खिताब जीतने का मौका होगा। यदि भारतीय टीम सेमीफाइनल हारी तो फिर वह तीसरे -चौथे स्थान के लिए भिड़ेगी।

# पीकेएल सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित

**मुंबई,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने आगामी सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी को स्थगित कर दिया है। ताकि, राष्ट्रीय टीमों को चीन के हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए समय मिल सके। यह निर्णय भारत में इस खेल के लिए आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था, अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के प्रशासक के अनुरोध पर लिया गया है। खिलाड़ियों की नीलामी पहले 8-9 सितंबर को होने वाली थी।

मशाल स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, एशियाई खेलों में कबड्डी प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों को देखते हुए हमें एकेएफआई प्रशासक से पीकेएल सीज़न 10 खिलाड़ी नीलामी को स्थगित करने का औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। मशाल और एकेएफआई का मानना है कि यह भारतीय कबड्डी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। पीकेएल सीजन-10 खिलाड़ी नीलामी के स्थगित होने पर परामर्श के हिस्से के रूप में, मशाल ने एकेएफआई प्रशासक को उस योजना और तैयारियों के बारे में जानकारी दी जो पीकेएल टीमों, पीकेएल प्रसारण भागीदार और मशाल स्पोर्ट्स ने 8-9 सितंबर की पूर्व निर्धारित तारीखों के लिए की है।

मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, प्रशासक ने हमारी 12 टीमों और ब्रॉडकास्टर सहित सभी पीकेएल हितधारकों ने इस बदलाव को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है। मशाल स्पोर्ट्स अब पीकेएल टीमों और पीकेएल के प्रसारण भागीदार स्टार स्पोर्ट्स के परामर्श से पीकेएल सीजन-10, खिलाड़ियों की नीलामी की अगली तारीखों की घोषणा करेगी।

# रोहन बोपन्ना-अल्डिला सुत्जियादी की जोड़ी यूएस ओपन के दूसरे दौर




**न्यूयार्क** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशियाई की अल्डिला सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2023 में अपने शुरुआती राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया। रोहन बोपन्ना और अल्डिला सुत्जियादी की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने न्यूयॉर्क के यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में जर्मनी के एंड्रियास मिज़ और रूसी खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे राउंड में प्रवेश किए। हले सेट में करीबी मुक़ाबला खेलने के बाद बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने निर्णायक ब्रेक प्वाइंट जीत कर पहले सेट को अपने नाम कर लिया। दूससे सेट में भारतीय-इंडोनेशियाई जोड़ी ने 3-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की। इस सेट में भी बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और 67 मिनट तक चले मैच को सीधे सेटों से जीत कर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गए।

रोहन बोपन्ना ने 2018 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अल्डिला सुत्जियादी के साथ पहली बार जोड़ी बनाई है। 28 वर्षीय अल्दिला ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैथ्यू ऐबडेन ने भी गुरुवार को पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शुक्रवार को दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन और एंड्री गोलुबेव की रूसी-कजाख जोड़ी से मुक़ाबला होगा। यूएस ओपन पुरुष युगल ड्रॉ में, भारत के युकी भांबरी और उनके ब्राजीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलिनर को पहले राउंड में नौवीं वरीयता प्राप्त पोलिश जोड़ी जान ज़िलेंस्की और ह्यूगो निस से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत के साकेत माइनेनी और उनके रूसी साथी असलान करातसेव को भी पुरुष युगल के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा था और यूएस ओपन 2023 से बाहर हो गए थे।

# हर पाकिस्तानी गेंदबाज के खिलाफ भारत को बनानी होगी विशेष योजना : हेडन



**मुबंई** 1 सितंबर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पड़ोसी मुल्क के हर गेंदबाज के साथ विशेष योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा।

स्टार स्पोर्टस के गेम प्लान कार्यक्रम में हेडन ने कहा भारत पाकिस्तान की खतरनाक तिकड़ी शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेलने उतरेगा। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे मसालेदार मुकाबलों में से एक होने वाला है। तीन अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाजों के लिए टीम इंडिया को अनोखी योजना की जरूरत है। यहां कैंडी की परिस्थितियों में काफी उछाल है, इसलिए आपको विशेष रूप से हारिस रऊफ से बेहद सतर्क रहना होगा। शाहीन की उस गेंद को हम कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए शाहीन अफरीदी के खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। विशेषकर पहले तीन ओवर भारतीय बल्लेबाजी की दिशा तय करेंगे। उन्होने कहा मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज नसीम जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक खेल में सफल हो सकते हैं। उसे दबाव में रखें, ऐसा महसूस करें कि आप खेल में सबसे आगे हैं। हालाँकि, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि टीम इंडिया ही जीतेगी। मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी में गहरायी और उत्तम दर्जे की बल्लेबाजी लाइनअप है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ ने कहा विराट कोहली पाकिस्तान के प्रत्येक गेंदबाज के खिलाफ विशेष रणनीति अपनाएंगे। पिछली बार जब ये दोनों देश खेले थे, तो विराट एक विशेष पारी लेकर आए थे और हारिस रऊफ के खिलाफ खेला गया वह शॉट लंबे समय तक क्रिकेट प्रेमियों की यादों में रहेगा। कुल मिलाकर विराट की भूमिका इस बार भी भारत के लिहाज से काफी अहम होने वाली है।

# मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए : वसीम अकरम



**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। दिग्गज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम पाकिस्तान टीम के हालिया प्रदर्शन से काफी खुश नजर आ रहे हैं और उन्होंने इस सफलता का श्रेय टीम की कड़ी मेहनत को दिया। इन दिनों बाबर आजम की टीम वनडे और टी20 दोनों में दमदार खेल रही है। अकरम ने कहा कि वो नहीं चाहते कि एशिया कप में प्रबल दावेदार होने का बोझ टीम के प्रदर्शन पर पड़े। इसलिए, उनका मानना है कि टीम को हार-जीत पर नहीं केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद एशिया कप में प्रवेश किया और नेपाल के खिलाफ अपना पहला मैच जीता। फॉक्स स्पोर्ट्स से बात करते हुए अकरम ने टीम पर अपने विचार व्यक्त किए और टीम के प्रदर्शन से खुश दिखे। अकरम ने बताया, मुझे पसंद है कि पाकिस्तान को कम आंका जाए, या अंडरडॉग्स कहा जाए। मैं नहीं चाहता कि वे प्रबल दावेदार के रूप में जाएं। अगर आप कम महत्वपूर्ण टीम हैं, तो आपके पास मौका है और पाकिस्तान टीम की सही तैयारी चल रही है। उन्होंने आगे कहा, जहां तक तैयारी की बात है, शारीरिक तैयारी, मानसिक तैयारी, परिस्थितियों, पिचों, मौसम से अभ्यस्त होना और सभी तैयारी सही रास्ते पर है। एक टीम के रूप में वो खुश दिखते हैं, सुलझे हुए नजर आते हैं और उन्हें जीत भी मिल रही है। इसलिए, सब कुछ ठीक चल रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वे प्रबल दावेदार हैं। नेपाल पर 238 रनों की शानदार जीत के साथ पाकिस्तान ने अपने एशिया कप अभियान की विजयी शुरुआत की। पाकिस्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मैच एकतरफा रहा। अब बाबर की टीम की टक्कर भारत से है। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भिड़ेगा, जिसकी नजर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करने पर होगी।

# पेरिस ओलंपिक में खिताब बचाने की होगी चुनौती : नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली,** 1 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में उन्हे अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर खिताब बचाने की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीरज ने कहा, अगले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का बचाव करना बड़ी चुनौती होगी। टोक्यो ओलंपिक में पहला खिताब जीतना चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। मुझे पता है कि हर देश का एथलीट पूरी तैयारी के साथ आयेगा। इसलिए दवाब बनना तो तय है क्योंकि मुझसे करोड़ो भारतीयों की उम्मीदें बंधी होंगी । उन्होने कहा कि इसके लिये जरूरी है कि मैं खुद को फिट बनाये रखूं और चोटों से बचा रहूं। मेरी कोशिश रहेगी कि मै अपना खिताब बचाने में सफल रहूं और इसके लिए जितनी भी मेहनत करने की जरूरत होगी, मैं करूंगा। '' गौरतलब है कि बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीतने के बाद नीरज ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब दोनों जीतने वाले इतिहास के तीसरे भाला फेंक एथलीट बन गये हैं। उनसे पहले जेलेज्नी और नार्वे के आंद्रियास थोरकिल्डसन ने लगातार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे जबकि थोरकिल्डसन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे। नीरज गुरुवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे।

## डायमंड लीग में नीरज को दूसरा स्थान

**ज्यूरिख।** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस परिणाम के साथ ही 2023 सीज़न में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया। ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा। हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

## सार संक्षेप

### तुर्की का भारोत्तोलक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी

**जिनेवा।** अर्मेनिया में इस साल की यूरोपीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 81 किग्रा में रजत पदक हासिल करने वाले तुर्की के बटुहान युकसेल को प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ऑक्सीमिथोलोन के सेवन का दोषी माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह निष्कर्ष तुर्की की भारोत्तोलक टीम की पेरिस 2024 की ओलंपिक यात्रा को खतरे में डाल सकता है। यह तीन महीने में तीसरी घटना है जब एक तुर्की भारोत्तोलक को डोपिंग उल्लंघन का सामना करना पड़ा है। तुर्की के अलावा कजाकिस्तान, यूक्रेन और तुर्कमेनिस्तान अन्य देश हैं जिनके भारोत्तोलक पिछले एक साल में डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाये गये हैं। युकसेल (23) का 28 जुलाई को आईटीए द्वारा एक गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षण किया गया था। अप्रैल में, आईटीए ने खुलासा किया कि दो तुर्की एथलीट, हकन कुर्नाज़ और पेलिनसु बायव ने स्टेरॉयड मेथैस्टरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था।

### अवनि, युवराज विश्व एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भाग लेने वाली गोल्फर अवनि प्रशांत, जिनका सीज़न सनसनीखेज रहा है, अक्टूबर में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप (डब्ल्यूएटीसी) में महिलाओं के लिए एस्पिरिटो सैंटो ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने 25 से 28 अक्टूबर तक अबु धाबी में होने वाले प्रतिष्ठित शौकिया गोल्फ कार्यक्रम के लिए अन्य दो खिलाड़ियों के रूप में निश्ना पटेल और मन्नत बरार को भी चुना है। वर्ष की शुरुआत में क्वीन सिरिकिट कप व्यक्तिगत खिताब की विजेता अवनी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने लेडीज यूरोपियन टूर के एक्सेस टूर पर एक प्रो इवेंट में खिताब जीता है। वह एलईटी एक्सेस टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। निश्ना मनीला में एपीजीसी जूनियर्स में उपविजेता रही, जहां अवनि ने पहले क्वीन सिरिकिट में सफलता हासिल की थी।

### सुडोकू 6304 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |





मानननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

# श्री अमित शाह जी

द्वारा

# आरोप पत्र लॉन्च कार्यक्रम






01 समय-10:30 बजे
आरोप पत्र जारी
(कांग्रेस सरकार के खिलाफ)
स्थान- पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर

02 समय-03:00 बजे
जनजातीय सम्मेलन
एवं अभिनंदन कार्यक्रम
स्थान-सराईपाली

अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़



CMYK

राजीव युवा मितान क्लब
छत्तीसगढ़

# राजीव युवा मितान सम्मेलन

**2 सितंबर 2023**
**मेला स्थल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़**

मुख्य अतिथि
## श्री राहुल गांधी
माननीय सांसद




## किया वादे से ज्यादा, भरोसा बरकरार युवाओं के साथ छत्तीसगढ़ सरकार

**सरकारी नौकरी के सपने हो रहे पूरे**
42,000 विभिन्न शासकीय पदों पर भर्ती जारी

**आकांक्षाओं पर निवेश**
शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2,500 रु भत्ता

**मजबूत भविष्य को आकार**
कौशल विकास प्रशिक्षण से 4.68 लाख युवाओं का भविष्य मजबूत

**युवाओं को आर्थिक राहत**
सीजीव्यापम और सीजीपीएससी की परीक्षाओं की फीस माफ

**रोजगार मेला - सफलता की राह**
18,666 युवाओं के हाथों में रोजगार-स्वरोजगार

**उज्ज्वल भविष्य का निर्माण**
10 नए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय

**स्कूली शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा**
हायर-सेकेंडरी में भी आईटीआई शिक्षा और प्रमाण पत्र

**तकनीकी प्रशिक्षण से रोजगार की राह आसान**
194 आईटीआई संचालित, 36 शासकीय आईटीआई का टाटा टेक्नोलॉजीस के साथ एमओयू

**मजबूत युवा हाथों में निर्माण की जिम्मेदारी**
ब्लॉक स्तर पर पंजीकृत युवा इंजीनियरों को दिए जा रहे 20 लाख रु तक के निर्माण कार्य

**निखर रहीं खेल प्रतिभाएं**
4 आवासीय, 3 गैर आवासीय खेल अकादमियां, 24 खेलो इंडिया सेंटर स्थापित
8 नई खेल अकादमियां प्रस्तावित

**जमीनी स्तर की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा**
13,242 राजीव युवा मितान क्लबों के माध्यम से 3.33 लाख युवाओं का सशक्तीकरण

**मजबूत नींव**
33 जिलों में अजा. अजजा. वर्ग के युवाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# पोलावरम बांध से प्रभावित लोगों के हैं साथ : मनीष कुंजाम

## पोलावरम बांध को लेकर सीपीआई ने निकाली सुकमा से कोन्टा तक बाइक रैली

**सुकमा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को पूर्व विधायक मनीष कुंजाम एवं सीपीआई जिला सचिव रामा सोड़ी की अगुवाई में जिला मुख्यालय से कोन्टा तक पोलावरम बांध से संबंधित समस्याओं को लेकर 500 से अधिक संख्या में बाइक सवार शामिल हुए। जिसके बाद कोन्टा बस स्टैंड में विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सीपीआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कवासी लखमा ने पोलावरम बांध के शुरुआती दौर में कोंटा में प्रदर्शन करते हुए कहा था कि जब तक मैं हूँ यह प्रोजेक्ट पूरा नही होगा कोन्टा के लोगों को डरने की जरूरत नही है। इतने वर्षों में कवासी लखमा ने कुछ नही किया और आज जब वे मंत्री बन गए





हैं तो उनकी ज्यादा जिम्मेदारी बनती है कि इस समस्या का निराकरण करे पर उन्होंने विधायक से मंत्री बनने तक बीते इतने वर्षों में कोन्टा के लोगों के लिए कुछ नही किया। आज तक न तटबंध बनाने को लेकर कोई पहल इनके द्वारा की गई और न ही लोगों को विस्थापित करने के लिए किसी प्रकार की कोई व्यवस्था की गई। श्री कुंजाम ने कहा कि कई वर्ष पूर्व हमने पोलावरम के विरोध में पीआईएल दर्ज कराने के लिए कोन्टा के सचिवों से सहयोग मांगा था कि आप सभी 5000 का सहयोग करें जिससे हम बाढ़ पीड़ितों के नाम से सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दर्ज कराएंगे जिसको लेकर मेरे द्वारा जबरन वसूली का आरोप लगाया गया।

**रमन सरकार ने सलवाजुड्डम की तुलना असहयोग आंदोलन से की थी:** पूर्व विधायक ने कहा कि जेल में बंद निर्दोष लोगों को दस दिन में रिहा करने की बात मंत्री कवासी लखमा ने की थी और कहा था कि अगर ग्यारहवें दिन जेल में जाकर जेल के दरवाजे खोल दूंगा पर वे सभी निर्दोष कैदी 50 से 60 हजार रुपये खर्च कर वकीलों की मेहनत से वे सभी जेल से रिहा हुए हैं और मंत्री कवासी लखमा आज तक अपने मुंह में दही जमाए बैठे हैं। श्री कुंजाम ने कहा कि सलवाजुडुम के दरमियान कवासी लखमा ने कहीं इसका विरोध नही किया बल्कि उसके गुर्गे इसका पूरा समर्थन करते आए हैं। हमने सलवाजुडुम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दर्ज कराया तब जाकर कहीं सलवाजुडुम बंद हुआ। रमन सिंह ने सलवाजुडुम को महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से तुलना करते नही थकते थे।

# मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या



**सुकमा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्रांतर्गत मिनपा समीप माओवादियों ने की मुखबिरी के आरोप में सिलगेर निवासी ग्रामीण कोरसा कोसा की नक्सलियों ने हत्या कर दी। कोरसा कोसा लंबे समय से आंध्र प्रदेश में रोजगार के लिए रह रहा था। कोरसा कोसा का विवाह पालागुड़ा (बीजापुर) में हुआ था, जहां वह अपनी पत्नी एवम परिजनों से मिलने कुछ दिन पूर्व गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार परिजनों से कुछ दिन पूर्व ही पालागुड़ा से ही उसका अपहरण माओवादियों द्वारा किया गया था। अपहरण पश्चात मिनपा समीप किसी अज्ञात स्थान पर माओवादियों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी।

सूचना पर थाना चिंतागुफा से पुलिस बल घटना स्थल जाकर शव कब्जे में लेकर शव का पोस्ट मार्टम दोरनापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर परिजनों को सौंपा गया।

# वोट की राजनीति करने वाले मनीष कुंजाम सिर्फ प्रोपेगेंडा कर रहे : हरीश कवासी

**सुकमा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने गुरुवार को पोलावरम बांध को लेकर प्रेसवार्ता कर शुक्रवार को सुकमा से कोन्टा तक बाइक रैली निकाल सभा किया वहीं इसे मात्र चुनावी प्रोपेगेंडा बताते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि सीमावर्ती प्रदेश में पोलावरम बांध का निर्माण पूरा हो चुका है और इस बांध के निर्माण का विरोध मंत्री कवासी लखमा के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं द्वारा लगातार किया जा रहा है। हरीश कवासी ने कहा कि जब कोंटा सड़क का निर्माण नहीं हुआ था उस समय उड़ीसा के रास्ते व शबरी नदी पार कर अपना विरोध जताया था। कई मंचों पर इस बांध का विरोध मंत्री कवासी लखमा कर चुके है। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले कोंटा के स्थानीय जनप्रतिनिधि व मंत्री कवासी लखमा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर अपनी चिंता जताई है।



**चुनाव के समय सीपीआई को पोलावरम व प्रभावितों की आई याद**

कवासी हरीश ने कहा कि बांध का मामला कोर्ट में चल रहा है और भाजपा के शासन में सर्वे तक नहीं हुआ था। बल्कि हमारी सरकार ने सर्वे का काम पूरा कर दिया है। कोंटा ब्लाक में प्रभावित लोगो के साथ मंत्री कवासी लखमा व कांग्रेस हमेशा खड़ी है। लेकिन इन सबकी याद चुनाव के समय सीपीआई नेताओं को आई है। वोट की राजनीति करने वाले मनीष कुंजाम सिर्फ प्रोपेगेंडा कर रहे है। उन्हे सिर्फ वोट से मतलब है। जो लोकतंत्र व परिवारवाद को लेकर बोलने वाले गरीब पार्टी के पूंजीवादी नेता मनीष कुंजाम राजनैतिक पार्टी नही बल्कि प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी चला रहे है। और खुद उसके एमडी है, हर बार वो खुद ही उम्मीदवार रहते है। बाकी अन्य नेताओं को मौका तक नहीं देते। चुनाव आते ही मुद्दों की बात करते >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। पंजाबी सनातन धर्म सभा द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरु मां ध्यान मूर्ति जी महाराज किशोरी जी मथुरा वृंदावन धाम से पहुंची। शुक्रवार को संजय बाजार के पास स्थित गीता भवन में गणेश पूजन के पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पंजाब भवन पहुंची। पंजाबी सनातन समाज के पदाधिकारी और सदस्य गण काफी संख्या में शामिल हुए। पंजाब भवन में ध्वजारोहण के बाद श्रीमद् भागवत महाम्य के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञानी यज्ञ कथा का शुभारंभ हुआ।

ध्यान मूर्ति जी महाराज प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से 7:00 बजे तक स्थानीय पंजाबी सनातन धर्म सभा भवन में 1 से 8 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। 1 सितंबर को गणेश पूजन के पश्चात कलश यात्रा एवं श्रीमद् भागवत महाम्य, 2 सितंबर को हिरण्याक्ष वध ध्रुव चरित्र, ऋषभदेव का आध्यात्मिक दृष्टि से दावाग्नि में प्रवेश,



- गीता भवन से निकली भव्य कलश यात्रा
- 1 से 8 सितंबर तक पंजाब भवन में जुटेंगे श्रद्धालु

3 सितंबर को प्रहलाद चरित्र, हिरण्यकश्यप वध, 4 सितंबर को गजेंद्र मोक्ष और श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 5 सितंबर को श्री कृष्णा बाल लीला श्री गोवर्धन पूजन और 56 भोग, 6 सितंबर को गोपी गीत, कंस वध, रुक्मणी विवाह प्रसंग पर कथा वाचन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगा तथा अन्य दिनों में कथा वाचन दोपहर 3 से 6:30 तक होगा। 7 सितंबर को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष प्रसंग पर कथा वाचन होगा। 8 सितंबर को हवन एवं पूर्ण आहुति के बाद महाप्रसाद भंडारा का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से होगा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए पंजाबी सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने बताया कि 6 सितंबर बुधवार को दोपहर 3:30 बजे गीता भवन से भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक, हनुमान मंदिर चौक, अग्रसेन चौक, अनुपम चौक होते हुए पंजाब भवन पहुंचेगी। शोभा यात्रा में बच्चों को राधा कृष्ण की वेशभूषा में बुलाने की अपील समाज के सदस्यों से की गई है। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर को गीता भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। 7 सितंबर रात्रि 10 से 12:30 बजे तक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 2 सितंबर की दोपहर ढाई से 4:00 बजे तक पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता बच्चों के लिए 3 सितंबर को कलाकृति ड्राइंग और 7 सितंबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता महिलाओं एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा जिला महिला मोर्चा की बहनों ने मनाई राखी पर्व

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक संतोष बाफना के निवास पहुँचकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को भाजपा जिला महिला मोर्चा की बहनों ने राखी पर्व का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ता बहनों ने पूर्व विधायक बाफना व उनकी धर्मपत्नी उज्जवला बाफना को राखी बांधी और अपने बड़े भाई बाफना की दीर्घायु की कामना की। तो वहीं बाफना ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया।



इस राखी पर्व के अवसर पर पूर्व विधायक बाफना ने निवास पहुँची महिला मोर्चा की बहनों को इस त्यौहार की शुभकामनाएं दी और उनके इस अपार स्नेह के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, मैं सभी मातृशक्तियों एवं बहनों को प्रणाम करता हूं। आज बहनों ने दोगुने उत्साह से अपना आशीर्वाद दिया है। बहनों का यही आशीर्वाद मुझमें ऊर्जा का संचार करता है एवं भारतीय जनता पार्टी को आप सभी बहनों का सहयोग समय-समय पर मिलता रहता है और आपके ही नेतृत्व में भाजपा का हर कार्य आगे बढ़ रहा है। पूर्व विधायक बाफना ने इस दौरान सभी उपस्थित बहनों को विश्वास दिलाते हुए सदैव उनके साथ खड़े रहने की बात कही। साथ मे सभी बहनों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। भाजपा बस्तर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि, रक्षाबंधन पर्व भाई व बहन के रिश्तों का प्रतीक है। प्रतिवर्ष हम सभी बहनें अपने बड़े भाई संतोष बाफना को राखी बांधती आई हैं। और हम सभी बहनों का संतोष बाफना जैसा भाई होना ही हमारे लिए सम्मान की बात है। इस दौरान महिला मोर्चा बस्तर जिलाध्यक्ष सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, गीता नाग, अनिता श्रीवास्तव, महेश्वरी ठाकुर, कुसुम परिहार, मीना साहू, रानी चेरपा, कौशल्या साहू, बिजली बैद, किरण सेन, गीता मिश्रा, निलेश्वरी भागवतकर, किरण दीवान, गोदावरी साहू, अनिता भारत, गीता यादव, रानी निषाद, भावना यादव, मायारानी बराई, नमिता सिंह, राजकुमारी झा, ममता शर्मा, मनीषा नाग, मीना विश्वकर्मा, गायत्री कश्यप, अनिता मिश्रा, माधवी मंडल, सुलमनी, डाकेश्वरी पाण्डे, लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# मेकाज में उपहार के दौरान सीआरपीएफ जवान की हुई मौत, सुकमा के दोरनापाल में था तैनात

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। सुकमा जिले के दोरनापाल में स्थित 74 बटालियन में पदस्थ जवान को बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जवान की मौत होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई है, साथ ही जवान के परिजनों को इस मामले में सूचना दी जाएगी। मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सुकमा जिले के दोरनापाल में स्थित 74 बटालियन में पदस्थ जवान बैजनाथ का स्वास्थ्य 27 अगस्त से खराब चल रहा था, जिसके बाद उसका उपचार वहीं बटालियन में किया जा रहा था। जवान की खराब हालत को देखने के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# एसएलआरएम सेंटर ही सफाई व्यवस्था का आधार है, इसे सुधारने आयुक्त ने दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। प्रवीर वार्ड स्थित एसएलआरएम सेंटर का शुक्रवार को निरीक्षण करते आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के सभी एसएलआरएम सेंटरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। शहर के प्रवीर वार्ड स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण के दौरान सेंटर में कार्य कर रहे स्वच्छता दीदीयों से चर्चा कर सेंटर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आयुक्त श्री मंडावी ने एसएलआरएम सेंटर में सूखा व गीला कचरा पृथ्कीकरण करने के कार्य का जायजा लेते हुए स्वच्छता दीदियों व अधिकारियों से कचरा पृथकीकरण के संबंध में चर्चा कर व्यवस्थाओं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मतदान करना हमारा हक है इसका उपयोग जरूर करें : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भारत वर्ष में सभी वयस्क नागरिकों को मतदान करने का हक मिला है इसका उपयोग जरूर करें। हमारे जिले के अंदरूनी इलाकों के मतदाताओं को अपने मताधिकार के महत्व का पता है उनकी लोकतंत्र के प्रति आस्था कायम है। उन्होंने वोट नहीं करने की नकारात्मक भावना को त्याग कर देश-प्रदेश के विकास हेतु मताधिकार का प्रयोग करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने ग्रामीण व अंदरूनी इलाकों के जागरूक मतदाताओं का उल्लेखकर शहरी क्षेत्रों में मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु युवा मतदाता को आगे आने की आवश्यकता बताई। साथ ही अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर आसपास के नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा।




**लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में किया गया स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के पर्व में आप सभी भागीदार बनें। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। नए मतदाता के रूप में कई युवा साथी शामिल होंगे उनमें अलग जोश होता है साथ ही हमारे युवा साथी अपने करीबी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। निर्वाचन आयोग युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 15-17 वर्ष के बच्चों का पंजीयन कर रही है, जो कि 18 वर्ष के होते ही अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा वर्तमान में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य हेतु 11 सितम्बर तक तिथि बढ़ाया गया है कोई अपना नाम जुड़वाना चाहता है तो बीएलओ से सम्पर्क कर या ऑनलाइन 1शहृद्गह्य.द्गष्ठ.द्गश1.द्बठ के माध्यम जुड़वा सकते हैं।

कार्यक्रम में कुछ युवाओं ने मतदान के महत्व पर विचार रखे। एक युवती ने ऑनलाइन वोटर लिस्ट में नाम जोड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कलेक्टर >> शेष पृष्ठ 9 पर >


34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:

M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Data Science
M.Sc. Bioinformatics | M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Biomedical Science | M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Blockchain Technology | M.Sc. Mathematics
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Cyber Security | M.Sc. Microbiology

Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit



Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid Identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

# कलेक्टर ने लिया वजन त्यौहार का जायजा

## लाईनपारा स्थित आंबा केंद्र से संचालित गतिविधियों की ली जानकारी



**सुकमा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस. ने सुकमा मुख्यालय में बाजारपारा स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार का जायज़ा लिया। उन्होंने वजन त्यौहार के तहत बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी ली। सभी बच्चों का सही तरीके से वजन तथा शारीरिक कद का माप लेकर पोर्टल में एण्ट्री करने कहा। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता से आंबा में संचालित गतिविधियों के साथ ही आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चें, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और कुपोषित बच्चों के साथ ही केन्द्र में आंगनबाड़ी में पेयजल, शौचालय, भोजन आदि की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों को गर्म पोषण आहार प्रदान करने कहा। वहीं कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए बेहतर प्रयास करने कहा। उन्होंने बच्चों तथा पालकों से आंबा केन्द्र से प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। विदित हो कि आंबा केंद्र में कुल सर्वेशित 53 बच्चे दर्ज है।

गढबो सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों के सही पोषण की स्थिति से अवगत कराने एवं कम वजन वाले बच्चों को चिन्हांकित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाने के लिए 1 से 13 सितम्बर 2023 तक वजन त्यौहार 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सभी आंबा केंद्र में दर्ज बच्चों का शारीरिक कद का माप और वजन लिया जायेगा। इस संबंध में सभी अभिभावकों से आंगनबाड़ी केन्द्र आकर अपने बच्चों का वजन कराने आग्रह किया गया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार की तैयारियों और कार्ययोजना के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

**शिशु संरक्षण माह में बच्चों, गर्भवती माताओं को दी जा रही लाभ**

उप स्वाथ्य केन्द्र गोंगला की एएनएम लक्ष्मी श्रीवास ने बताया कि 29 अगस्त से 29 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह चलाया जा रहा है। इस दौरान 9 महिने से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए का खुराक पिलाया जाता है। वहीं 6 महिने से 5 साल तक के बच्चों को आयरन सिरफ दी जाती है। यह खुराक 6 माह तक सप्ताह में दो दिन क्रमश मंगलवार और शुक्रवार को दिया जाता है। यह अभियान साल में दो बार यानि हर 6 माह में मनाया जाता है। शुक्रवार को बाजार पारा स्थित आंबा केन्द्र में 59 बच्चों को विटामिन ए, 64 बच्चों को आयरन फालिक एसिड का खुराक पिलाया गया। वहीं 7 गर्भवती महिलाओं को टीटी का टीका भी लगाया गया।

# आईटीआई भांसी में सत्र 2023-24 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम मिलाप का आयोजन

**बचेली,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी डीएवी आइटीआई भान्सी में नवप्रवेशित छात्रों एवं पालकों के लिए प्रत्येक वर्ष संस्था में अधिष्ठापन कार्यक्रम (मिलाप) का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में 1 सितम्बर, 2023 को सत्र 2023-24 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम (मिलाप-2023) का आयोजन रखा गया द्य इसमें संस्था के सभी शिक्षकगण, छात्र एवं उनके पालक शामिल हुए।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री बी. वेंकटेश्वरलू (अधिशासी निदेशक, एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली), सम्मानित के रूप में अतिथि धर्मेन्द्र आचार्य (महाप्रबन्धक-कार्मिक, एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पी. ब्रायन एंटोनी (महाप्रबन्धक-सामग्री, एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली समिल्लित हुए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्री कमलेश साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था की उपलब्धियों, नियमों, अनुशासन, कैंपस प्लेसमेंट और सम्बंधित विषय के शिक्षकों से अवगत कराया तथा मुख्य अतिथि को आईटीआई के चहुँमुखी विकास के लिए कृतज्ञता ज्ञापन किया। संस्थान के भूतपूर्व छात्र श्री हामिद खान (वरिष्ठ प्रबंधक, एल एन्ड टी) को उनकी उपलब्धि के लिए मुख्य अतिथि के द्वारा च्एक्सेम्पलरी एलुमनाईज्ञ सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पिछले वर्ष 2022 के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया द्य इनमें फिटर ट्रेड से आकाश बिस्वास (91.25त्न), इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से यशराज साहू (91.90त्न), मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड से सुजल कुमार बिस्वास (94.08त्न), वेल्डर ट्रेड से रोहित कुमार पुजारी (94.33त्न) तथा संस्थान के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मैकेनिक डीजल ट्रेड के छात्र डोगेन्द्र (96.5त्न) रहे। धर्मेन्द्र आचार्य (महाप्रबन्धक-कार्मिक, एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली) ने संस्थान के द्वारा छात्रों के रोजगार के अवसरों पर ध्यान देने के लिए एवम समय-समय पर कैंपस प्लेसमेन्ट कराने के लिए संस्थान को बधाई दी। बी. वेंकटेश्वरलू (अधिशासी निदेशक, एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली) ने अपने निजी अनुभव को छात्र-छात्राओं एवं पालकों के साथ साझा करते हुए उन्हें अपने ग्राम और क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी साथ ही उन्होंने छात्रों को आईटीआई करने के बाद मिल रहे अवसरों को लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी ने किया 296 स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त

**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विजय दयाराम के.द्वारा शुक्रवार को हड़ताल में गए 296 स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिए। छत्तीसगढ़, सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के तहत् स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के संबंध में अनाधिकृत रूप से निरंतर 21 अगस्त 2023 से हड़ताल में है, एवं इस कारण से लोकहित-नागरिक सेवायें तथा शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को असुविधा हो रही है। जिन सेवाओं के विषय में एस्मा (छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979) की धारा-4 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए एवं सूचना उपरांत भी कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नहीं होने पर एस्मा अंतर्गत कार्यवाही किये जाने के लिए दो सूचना के माध्यम से सूचित किया गया ,इसके बाद भी अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा कार्य पर उपस्थित नहीं होने के कारण छत्तीसगढ़, सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-6 एवं नियम-7 एवं छ.ग. अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारणअधिनियम- 1979) की धारा-4 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए 296 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया है।

# इथेनाल प्लांट के सभी उपकरणों का समयानुसार करें ट्रायल व टेस्टिंग : कलेक्टर



**कोण्डागांव,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट के निर्माण कार्यों की शुक्रवार को समीक्षा करते हुए प्लांट के समस्त निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सेक्शनवार चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने स्थापित हो चुके संयंत्रों एवं उपकरणों की समयानुसार ट्रायल एवं टेस्टिंग करने को कहा, जिसके तहत सभी निर्माण एजेंसियों के साथ ट्रायल एवं टेस्टिंग की कार्य योजना निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए इनका समय भी निर्धारित किया गया। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्थापित उपकरण का उचित रूप से टेस्टिंग की जाए एवं प्लांट के सौदर्यीकरण हेतु निर्मित योजना पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, प्लांट के प्रबंध निर्देशक के.एल.उईके सहित अन्य विभागों एवं प्लांट निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित 12 परिवारों को 48 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 48 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत् तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम पारापुर निवासी राधामनी की मृत्यु बिजली गिरने से पति रघु को, ग्राम चालकीगुड़ा की कुमारी पलक की मृत्यु पानी में डूबने से पिता फूलसिंह ठाकुर को, ग्राम मिचनार की मुन्नी की मृत्यु सांप काटने से पति जयसिंह को और सोमड़ी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता मड्डा को, ग्राम ककनार की सुबति की मृत्यु सांप काटने से पिता चमरा कश्यप को और रैती कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पति सन्नूराम कश्यप को, ग्राम गढ़िया के रघुनाथ की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी सोनारी को, ग्राम कस्तुरपाल निवासी ना.बा. गणेश कारटामी की मृत्यु सांप काटने से माता मंजली कारटामी को, तहसील नानगुर ग्राम गुड़िया छिरकापारा निवासी कुमारी सुकल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लखमु नाग को, ग्राम बिरनपाल तोंगपारा निवासी सोनुराम बघेल की मृत्यु सांप काटने से पत्नी सोमड़ी को और तहसील भानपुरी ग्राम बेसोली तहसील निवासी शंकर राम की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी सुकबती बघेल को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# परिवार न्यायालय जगदलपुर में आकस्मिकता निधि के पदों पर भर्ती हेतु 10 को होगा शारीरिक दक्षता परीक्षण

**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्यालय परिवार न्यायालय,बस्तर जगदलपुर द्वारा आकस्मिकता निधि के पद चैकीदार, वाटरमैन एवं माली के पद हेतु आमंत्रित आवेदन पत्रों की संवीक्षा एवं दावा-आपत्ति पर विचार उपरांत उक्त पदों हेतु अंतिम पात्र सूची जिला एवं सत्र न्यायालय बस्तर जगदलपुर के वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है तथा चयन समिति द्वारा उक्त पात्र अभ्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है। उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षण 10 सितम्बर 2023 की सुबह 10 बजे कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जगदलपुर जिला बस्तर (छत्तीसगढ़) में निर्धारित किया गया है एवं सभी पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित किये जा चुके हैं। साथ ही प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट में अपलोड किये गये हैं।

# अवैध शराब परिवहन करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि एक सफेद रंग का अर्टिगा कार में सवार व्यक्तियों के द्वारा अवैध शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश में है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु गठित टीम के द्वारा बताये स्थान धरमपुरा क्षेत्र में पहुंचे जहॉ पर एक वाहन कार आते मिला जिसे घेराबंदी कर, पकड़ा गया। संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना अपना नाम राम कुमार कश्यप, कमलोचन यादव, सुखचंद बघेल एवं मंगतू यादव निवासी देउरगावं उपरपारा व लामड़ागुड़ा जिला बस्तर का होना बताया, जिसके अधिपत्य के वाहन अर्टिगा कार सीजी 17 ,6811 के पीछे व सीट डिक्की में रखे सामान की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब 5000ए बीयर बाटल, गोल्डन गोवा व्हीस्की, एवं गोवा स्पेशल व्हीस्की एवं सिंबा स्ट्रांग केन बीयर कुल जुमला शराब मात्रा-79.160 एम0एल0 अंग्रेजी शराब आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित किमत 40,240/-रूपये आंकी गयी है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामलें में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायालय भेजा गया है।

# अमृत वाटिका बनाने पौधरोपण व शहीद वीर नारी सम्मान



**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत आसना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को अमृत महोत्सव अंतर्गत अमृत वाटिका बनाने के लिए पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शहीद वीर नारी सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस दौरान संस्थान की छात्रों ने आकर्षक रंगोली बनाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सपन कुमार कोल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के लिए वृक्ष काफी लाभदायक होते हैं और हम सभी को विशेष अवसरों पर आवश्यक रूप से वृक्षारोपण करना चाहिए। वाटिका उन्होंने अमृत वाटिका के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे हम सभी में बागवानी के प्रति जागरूकता आती है और अपने घर और बड़ी में स्थित जगह का सदुपयोग होता है जो हमें आर्थिक लाभ भी पहुंचना है। इस अवसर पर एनएसएस संयोजक डीएल पटेल, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, संस्थान प्राचार्या रमेश उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी जमुना ठाकुट, एवं विमल कुमार जैन, सुरेश पानीग्राही, मोनिका पाणिग्रही, वंदना झा, रेखासिंह, अंजना पचौरी, शाहजहां वेगम, अंजली पाण्डेय, श्रद्धा पाण्डेय, अनूपा दास, जीवा साव, सुनील सिंह एवं समस्त स्टाफ तथा एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# फसलों पर कीट व्याधि की निगरानी व समसामयिक कृषि सलाह के लिए दल गठित

**कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों के दल द्वारा फसलों का अवलोकन कर दी जाएगी समसामयिक सलाह**

**जगदलपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ फसलों पर कीट व्याधियों एवं रोग के निगरानी एवं नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा ई-पेस्ट सर्विलेन्स के क्रियान्वयन हेतु 2 दल का गठन किया गया है। प्रथम दल का प्रभारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर एवं द्वितीय दल का प्रभारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल को बनाया गया है। इस दल में शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड सहित उद्यानिकी महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हरावण्ड के पौध रोग एवं कीट वैज्ञानिकों को भी प्रमुख रूप से सम्मिलित किया गया है। सर्वे दल का रूट चार्ट तैयार किया गया है जिसमें विकासखण्ड जगदलपुर के 16 गांव, विकासखण्ड बस्तर के 20 गांव, विकासखण्ड बकावण्ड के 20 गांव, विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के 10 गांव, विकासखण्ड तोकापाल के 12 गांव, विकासखण्ड दरभा के 14 गांव एवं विकासखण्ड बास्तानार के 11 गांव का भ्रमण उक्त दोनों दल के द्वारा किया जायेगा। उप संचालक कृषि जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार ई-पेस्ट सर्विलेन्स, सर्वे दल प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं मंगलवार को जिले के अधीनस्थ विकासखण्डो मे भ्रमण कर कृषकों के कृषि प्रक्षेत्र में कृषकों द्वारा लगाये गये फसल का अवलोकन कर फसलों में लगने वाली कीट व्याधियों पर सतत् निगरानी रखते हुए जिले के किसानों को समसामयिक सलाह कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान किया जायेगा, जिससे नियत समय पर कीट व्याधि एवं पौध रोग पर नियंत्रण किया जाकर फसल क्षति की रोकथाम की जा सके।

## प्रादेशिकी का शेष...

### वोट की राजनीति करने वाले...

है। लेकिन सच यह है कि कांग्रेस पार्टी व मंत्री कवासी लखमा हर मुद्दों पर जनता के हक की लड़ाई लड़ते हैं। सीपीआई का ये नकाब हट गया है और जनता 25 सालों से जान रही है। इन सब प्रोपेगेंडा में कोंटा की जनता नहीं आने वाली है।

### श्रीमद् भागवत कथा भक्ति...

बच्चों के लिए आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 8 सितंबर की दोपहर 12ः00 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। साथ ही समाज के जो भी प्रतिभावान विद्यार्थी हैं उनका भी सम्मान किया जाएगा।

### मेकाज में उपहार के दौरान सीआरपीएफ...

करनपुर में 30 अगस्त को भेजा गया था। दो दिनों तक उपचार के बाद उसे शुक्रवार की सुबह 11 बजे करनपुर के एंबुलेंस वाहन से मेकाज लाया गया। जहां जवान की खराब हालत को देखते हुए उसे एमआईसीयू में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई। शव का पीएम करने के बाद परिजनों को सोपा जाएगा।

### एसएलआरएम सेंटर ही सफाई...

को दुरुस्त करने का निर्देश दिया । आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के सभी एसएलआरएम सेंटर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही समुचित सफाई रखने का निर्देश दिया ।इस दौरान प्रभारी स्वच्छता अधिकारी हेमंत श्रीवास ,योगेश पांडे व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

### मतदान करना हमारा हक...

द्वारा उपस्थित युवाओं को मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, स्वीप के अधिकारी शरद चंद गौर, एलेजेंडर चेरियन,संस्था के प्रभारी सहित बहु संख्या में लाइब्रेरी के सदस्य और युवोदय अकादमी के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# रेखचंद जैन के प्रयासों से मार्शल आर्ट खिलाड़ी तनुप्रिया को मिली तीन लाख की प्रोत्साहन राशि

## आबुधाबी इंटरनेशनल यूथ मिक्स मार्शल आर्ट में जीता ब्रांज मैडल



**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए तनु प्रिया दत्ता को ?3 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन ने कहा कि यह हमारे प्रदेश और शहर के लिए गर्व की बात है की हमारी बच्ची तनुप्रिया दत्ता ने आबुधाबी इंटरनेशनल यूथ एमएमए प्रतियोगिता में ब्रांज मैडम जीता। जहां देश के 16 प्रतिभागियों में केवल तीन मेडल जीतने का अवसर मिला यह हमारे लिए गर्व की बात है। हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की खेल नीतियों के कारण आज छत्तीसगढ़ में खेल का माहौल बना है जिससे की आज हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जिला बैडमिंटन संघ सचिव राजेश त्रिपाठी, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा उपस्थित रहे।

### साक्षरता सप्ताह व स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। जगतु महारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला में साक्षरता सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा शुक्रवार को प्राचार्य बी एस रामकुमार द्वारा विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया । छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता के लिए शपथ लिया गया तथा प्राचार्य द्वारा स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में साक्षरता सप्ताह अंतर्गत नारा लेखन कार्यक्रम बच्चों के लिए रखा गया जिससे बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं साक्षरता के महत्व को बताते हुए एक से एक नारे लिखे। इस कार्यक्रम की संयोजक हैं नवनीत कमल व्याख्याता । कार्यक्रम में शमशाद बेगम ,यमुना सेठिया, विद्या निम्जे एवं बहुत संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# बकाया राशि जमा नहीं करने पर निगमायुक्त ने दो दुकान का आवंटन निरस्त किया

## आयुक्त के निर्देश पर एक्शन में आया निगम राजस्व अमला

**जगदलपुर**, 1 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम राजस्व विभाग के द्वारा दुकानों की धोष विक्रय राशि जमा नही करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते शहर के दो दुकानों का निरस्तीकरण करने की कार्रवाई आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर किया गया । विगत दिनों आयुक्त श्री मंडावी ने निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक रख राजस्व वसूली , दुकानों की घोष राशि व किराए राशि वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिए थे । बरसों से घोष राशि व किराया जमा नहीं करने वाले के दुकानदारों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसी तारतम्य मे दुकानों की राशि नोटिस जारी करने के पश्चात भी नहीं पटाने वालों पर कार्रवाई करना प्रारंभ किया गया है । इसी कड़ी में शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय कांप्लेक्स में दुकान क्रमांक जी 13 की राशि नहीं पटाने पर द्वारका महावर की दुकान की जमा राशि राजसात करते हुए दुकान निरस्तीकरण करने की कार्रवाई किया गया वही न्यू नरेंद्र टॉकीज के सामने निगम स्वामित्व दुकान क्रमांक 2 की राशि नहीं पटाने पर अवधेश साहू की दुकान की जमा राशि राजसात करते हुए दुकान निरस्तीकरण की कार्रवाई किया गया । आयुक्त के निर्देश पर निगम राजस्व अमला राजस्व वसूली कार्रवाई में तेजी लाते हुए लगातार कार्य कर रहा है ।

# ओपीडी कर्मचारियों की मनमानी से बढ़ी मरीजों की परेशानी



## आधे घंटे विलंब से खुल रहा ओपीडी

**कोण्डागांव,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल कोण्डागांव में ओपीडी कर्मचारियों के मनमानीपुर्वक आधे घंटे विलंब से ओपीडी खोलने के कारण मरीज परेशान हो रहे हैं, का मामला सामने आया है।

काउंटर के सामने कतारबद्ध खड़े लोगों की यह तस्वीर किसी सिनेमा हॉल में टिकट लेने वालों की नहीं, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर जिला चिकित्सालय कोंडागांव में ओपीडी पर्ची के लिए खड़े मरीजों की है, जो सुबह 9 बजे से पर्ची के लिए के लिए कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं और वहीं ओपीडी के कर्मचारी सुबह 9.30 के बाद ओपीडी काउन्टर में पहुंच रहे हैं। जिला चिकित्सालय में कार्यरत कुछ लापरवाह कर्मचारियों के कारण उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को ऐसे ही प्रतिदिन परेषान होना पड़ता है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे बनियागांव निवासी सुरेश साहू ने बताया कि वह अपनी आंख का उपचार कराने के लिए सुबह 8 बजे घर से निकला और 9 बजे से अस्पताल पहुंचकर ओपीडी के सामने कतार में खड़ा है। अभी तकरीबन 9.30 बज रहे फिर भी कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं। वहीं कोंडागांव निवासी भूपेंद्र कुमार ने दावा किया कि पिछले दो दिन से पापा का उपचार कराने आ रहा हूं, आज सुबह भी 9 बजे पहुंचा, लेकिन अभी 9.30 बजे तक कर्मचारी नहीं आने से ओपीडी बंद है। समय पर ओपीडी नहीं खुलने से मरीजों को परेशानी हो रही है, उपचार के लिए पहुंचे सभी मरीजों की व्यथा उक्त तरह की ही थी। ओपीडी में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर धर्मराज कुंजाम ने कहा ओपीडी खोलने समय सुबह 9 बजे एवं बंद करने का समए दोपहर बाद 1.15 का है, अभी समय 9.48 बजा है, आने में विलंब हुआ। जिले के अंदर बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण पहले क्षेत्र के लोगों को सामान्य व गंभीर बीमारियां होने पर उपचार के लिए विशाखापट्टनम, रायपुर आदि शहरों की ओर जाना पड़ता था, लेकिन जिला प्रशासन ने बीते कुछ वर्षों के अंदर जिला चिकित्सालय को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया है, जिसके बाद से क्षेत्र के मरीजों को जिले के अंदर ही बेहतर उपचार की सुविधा मिल रही, जिससे लोगों को पुर्व में हो रही आर्थिक, मानसिक एवं समय की हानि से छुटकारा मिला है, लेकिन कुछ लापरवाह कर्मचारियों की वजह से जिला मरीजों को पुन: परेषान होना पड़ रहा है।

डॉ.आर.सी.ठाकुर प्रभारी जिला चिकित्सालय कोंडागांव ने पुछे जाने पर कहा कि आपने संज्ञान में लाया है, दिखवाता हूं, कर्मचारियों के स्ट्राइक में जाने के कारण फिलहाल कुछ दिक्कतें आ रही हो सकती है, परेषानी को जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर ऑफिसर करें समन्वय से कार्य : कलेक्टर

## संवेदनशील केन्द्रों की पहचान व मतदान कराने हेतु सेक्टर ऑफिसरों को दिया प्रशिक्षण

**कोण्डागांव**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने हेतु शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में संवेदनशील केन्द्रों की पहचान एवं उनके मूल्यांकन के संबंध में जानकारी देते हुए प्रशासनिक सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के लिए रूट निर्धारित करने तथा मतदान केन्द्रों में पहुंच उनका जायजा लेने के निर्देश दिए गए।



इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को दल सहित अपने निर्धारित क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में कम से कम तीन बार भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करने तथा संवाद हेतु योजना बद्ध तरीके से तैयारी करने को कहा ताकि क्षेत्र में प्रशासनिक साख बनायी जा सके। सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 13 बिन्दुओं के आधार पर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जांच हेतु निर्देश दिये गये। जिसमें क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक तनाव, पूर्व में हुए जघन्य अपराध, पूर्व मतदानों में कम मतदान प्रतिशत, महिला एवं विशेष जाति के लोगों में मतदान न करने हेतु किसी प्रकार के दबाव, पूर्व निर्वाचन में प्रभावित होने आदि बिन्दुओं के आधार पर निर्धारण करने को कहा गया। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करते हुए ऐसे केन्द्र जहां आवश्यकता है वहां की जानकारी देकर व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों को मतदान कार्यों में सतर्कता बरतने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सफलता पूर्वक निष्पादित कराना हमारा दायित्व है। ऐसे में सभी को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरव पोर्ते सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सभी पुलिस एवं प्रशासनिक सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**भानुप्रतापपुर**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत दाबकट्टा के आश्रित ग्राम जलीनकसा के प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक जागेश्वर गावडे गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। जिन्हें विधानसभा महासचिव प्रकाश नुरेटी के नेतृत्व में समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। इस दौरान श्री गावड़े ने स्कूल में अपने कार्यकाल के अनुभव ग्रामीणों से साझा किए। इस अवसर पर ग्राम पटेल दुकाल नुरेटी, शनिराम नुरेटी, हिरेसिग नुरेटी, फरशू राम कोरेटी, शिवप्रसाद नुरेटी, ज्ञानेशवर नुरेटी, अजय कोर्राम, ईशवर नुरेटी, तरूण चालकी, शंकर सलाम, नरेश गवडे, परमेशवर कुंजाम, बलदेव नुरेटी, संजय नुरेटी, शंकर कावडे, रायसिह कावडे, महेश कोर्राम, विजय नुरेटी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिपं अध्यक्ष ने स्वीप अभियान के तहत स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई

**भानुप्रतापपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित 3 दिवसीय विभिन्न खेल स्पर्धा के समापन समारोह एवं युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत ध्रुव (अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर) को आमंत्रित किया गया! मुख्य अतिथि ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय स्टाफ एवं समस्त छात्र छात्राओं को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई! छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कैरियर मार्गदर्शन, शासन की नीतियों- योजनाओं तथा विभिन्न विषयों पर सुझाव लिए! राजनीतिक कैरियर में संभावनाओं के साथ चुनौतियों को विस्तार से समझाते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, स्पोर्ट्स प्रभारी सुषमा चालकी, महादलनायक राजकुमार कुलदीप, अमृत कुमेटी, अजय उसेण्डी, समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे! कार्यक्रम का संचालन टुपेश कोसमा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी) एवं योगेश यादव (रासेयो प्राध्यापक सदस्य) द्वारा किया गया!




# स्टेनो टायपिस्ट व सहायक ग्रेड-3 पर भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की कंडिका 4 विलोपित

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत राजस्व विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु 26 मई 2023 को जारी किये गये विज्ञप्ति में स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड-03 के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता हेतु अंकित कंडिका 04 को अब विलोपित कर दी गयी है। उक्त पदों के लिए पूर्व में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत कंडिका 04 में मान्यताप्राप्त मण्डल या संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परिषद से कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की (द्मद्ध4) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति का प्रमाण पत्र उल्लेखित किया गया था और उक्त योग्यता के सम्बंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी का उल्लेख किया गया था। इस बारे में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा सीधी भर्ती हेतु गठित चयन समिति के अनुमोदन के आधार पर 28 अगस्त 2023 को शुद्धि पत्र जारी कर स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड-03 के शैक्षणिक योग्यता हेतु अंकित कंडिका 04 (चार) को विलोपित कर दिया गया है। वहीं इस दिशा में कलेक्टर कार्यालय द्वारा 26 मई 2023 को जारी विज्ञप्ति में उल्लेखित अन्य सभी शर्तें एवं कण्डिकाएं यथावत रहेंगी।

# बहू व उसके जीजा ने मिलकर सास की कर दी पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**भानुप्रतापपुर**, 1 अगस्त (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर निवासी प्रार्थिया देवकी बाई गंधर्व ने आज भानुप्रतापपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 30 अगस्त को मैं अपने घर में थी मेरी बहू सावित्री गंधर्व और उसका जीजा डिकेश टांडिया निवासी पुत्तरवाही से नाती खेमराज गंधर्व को राखी बंधवाने पुत्तरवाही ले जाने के लिए आये थे, जिन्हे मै बोली कि नातीन चारूलत्ता गंधर्व को पुत्तरवाही से यही लेकर आओ यही राखी बांधेगी, बहुत दिनो से नातीन को देखे नही है, इतने मे सावित्री गंधर्व और उसका जीजा डिकेश टांडिया द्वारा गंदी- गंदी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्रवाई में लिया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत कार्य न करने वाले 7 तकनीकी सहायकों को दिया नोटिस

**कोण्डागांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अपने कार्यों में लापरवाही करने वाले 7 तकनीकी सहायकों को जिला पंचायत सीईओ द्वारा नोटिस जारी किया गया है, जिसके तहत जनपद पंचायत फरसगांव की पिंकी ठाकुर, जनपद पंचायत माकड़ी की बुधमनी पोयाम, जनपद पंचायत कोण्डागांव के उमेश ध्रुव एवं प्रदीप देवांगन, जनपद पंचायत केशकाल के विक्रम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर की सविता नेताम एवं सविता मरकाम को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में तकनीकी सहायकों को बार-बार निर्देशित करने के पश्चात भी अपनी कार्यशैली में स्वेच्छाचारिता तथा उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए छत्तीसढ़ शासन संविदा भर्ती नियम 2012 के विपरीत व्यवहार पर अपना स्पष्टीकरण दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया है।

# कब-बुलबुल व रोवर रेंजर ने पौधों की सुरक्षा व संवर्धन के लिए बांधा रक्षा सूत्र

**कोण्डागांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण, पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए मुरारीपारा कब-बुलबुल एवं सिंगनपुर रोवर-रेंजर द्वारा वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा गया।

भारत स्काउट एवं गाइड राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यालय के मार्गदर्शन में कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में कब-बुलबुल टीम शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवं प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगनपुर श्यामलाल कोर्राम के नेतृत्व में रोवर-रेंजर की टीम द्वारा पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के अमर प्रेम के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।



## वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प

इस अवसर पर कब मास्टर पवन कुमार साहू ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन का पर्व प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई, बहन की जीवन भर रक्षा करने का वचन देते हैं। यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परंपराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ हर सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है। इसलिए यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोड़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व भी रखता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्यामलाल कोर्राम ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि द्वापर युग में राजसुय यज्ञ के समय भगवान श्रीकृष्ण को द्रोपदी ने रक्षा सूत्र के रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था तथा देश की आजादी के समय माताएं एवं बहनें अपने पति, पुत्र एवं पिता को देश की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधते थे। इसलिए रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हम भी वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति दृढ़ संकल्प लें। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुरारीपारा के बुलबुल बहनों ने कब भाइयों एवं कब मास्टर पवन कुमार साहू को तथा वहीं सिंघनपुर में रेंजर बहनों ने रोवर भाइयों एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्यामलाल कोर्राम को रक्षा सूत्र बांधा गया।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संबंध में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 में दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त को बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 सोमवार तक किया गया है। अब निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने सहित मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन और लिंग, आयु, पता इत्यादि संशोधन का कार्य उक्त नियत तिथि तक किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि अब राज्य के सभी मतदान केन्द्रों में 2 सितंबर शनिवार एवं 3 सितंबर रविवार को पूर्व की भांति विशेष शिविर का आयोजन भी किया जावे। उक्त शिविर तिथियों पर सम्बंधित मतदान केन्द्रों के लिये नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी, अभिहित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में कार्यालयीन निर्धारित समयावधि में अनिवार्यत: आवश्यक फार्मों के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जावे। निर्धारित तिथि 11 सितम्बर 2023 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर 2023 तक किया जाकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 2023 को किया जावेगा। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित अवधि एवं मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजन के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराते हुये इसका प्रचार-प्रसार करने कहा गया है।

## दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की समय-सीमा अब 11 तक

# खेल दिवस पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता



**जगदलपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में स्वर्गीय जोसेफ फिलिप्स की स्मृति में थॉमस फिलिप्स कार्यकारी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ बस्तर के द्वारा इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम जगदलपुर में एथलेटिक्स प्रतियोगिता सितारों की खोज का आयोजन किया गया। इसमें बस्तर संभाग के सातों जिला के प्रतिभागियों के साथ पड़ोसी जिला धमतरी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग महिला एवं पुरुष 300 खिलाड़ी शामिल हुए। यह प्रतियोगिता तीन आयु समूह 14 वर्ष से कम पुरुष एवं महिला 17 वर्ष से कम पुरुष एवं महिला एवं 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं उपहार के रूप में नगद 77000 की राशि एवं मैडल बांटा गया। इस प्रतियोगिता को सफल करने में पद्मश्री धर्मपाल सैनी, बस्तर जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष थॉमस फिलिप्स, वेद प्रकाश सोनी, सुनील पिल्ले, चंद्र मोहन वर्मा, अफजल अली अविनाश कोटेश्वर नायडू, अभय माने, डोरिस सुना, माया सिंह, प्रेमलाल जानी, श्रवण साहू, मधुसूदन वर्मा, स्टेफी सोनी, अभिजीत तिवारी, पंकज मूर्ति, शैलेंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया खेल ओलंपिक प्रतियोगिता के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया।

कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं संयुक्त कलेक्टर एवं उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया खेल ओलंपिक प्रतियोगिता में जिले भर से शामिल लगभग 2500 महिला पुरुष खिलाड़ियों के समक्ष मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम चलाकर पांचों विकास खंड से आए खिलाड़ियों को वोटर लिस्ट मे अपना नाम शामिल कर आने वाले चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

ज्ञात हो कि इस खेल प्रतियोगिता मे खो खो, कबड्डी, फुगड़ी, सांखली, रस्साकसी, पिट्ठूल, गेड़ी दौड़, बाटी कंचा, भौंरा, बिल्लस, गिल्ली डंडा, 100 मीटर दौड़, लंगड़ी दौड़, लंबी कूद जैसे 16 खेलों मे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया साथ ही साथ मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होकर अधिक से मतदान कर जिले में मतदान के प्रतिशत को बेहतर से बेहतर करने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव, कार्यक्रम संयोजक टी.एंकट राव, बीआरसी माकड़ी ताहिर खान, डॉ.प्रताप सिंह, संजय राठौर, खेल अनुदेशक बी.जॉन, ॠषिदेव सिंह, जी.रामेश्वर राव, प्रभाकर सिंह, गुप्तेश्वर, नरेश ठाकुर, एम मरकाम एवं समस्त कनिष्ठ खेल अनुदेशक उपस्थित रहे।

# विकास की बयार बदस्तूर जारी है : मोहन मरकाम

**कोण्डागांव** 1 सितम्बर (देषबन्धु)। केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के प्रयासों से कोंडागांव विधान सभा को मुख्य मंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत कोंडागांव विधान सभा को 4 करोड़ 30 लाख के निर्माण कार्य की स्वीकृत मिलने के सम्बन्ध में जानकारी को कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रेस से साझा करते बताया गया है कि मोहन मरकाम के प्रयास से कोंडागांव में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं, क्षेत्रवासियों की चाहे बड़ी मांग हो या छोटी मांग, हर मांग को पूर्णकर क्षेत्रवासियों की समस्या का निदान करने के लिए मोहन मारकाम लगातार यथासम्भव प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयास का ही नतीजा है कि कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र में 16 नवीन पंचायत सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी सड़क, रंगमंच, पुल पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। ग्रामवासियों की इस महती मांग के पूर्ण होने पर समस्त ग्रामवासियों में खुशी की लहर है, सभी ने केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम का आभार व्यक्त करते हुए, उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत 4.30 करोड़ के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

उल्टा पुल्टा

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!

# भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने जारी किया काला चिट्ठा

## 212 बिंदुओं में रमन कार्यकाल के 34 घोटाले, मोदी सरकार के खिलाफ 85 मुद्दे



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए केंद्र और राज्य की पूर्ववर्ती रमन सरकार के खिलाफ काला चिठ्ठा जारी किया। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व अन्य नेताओं ने पार्टी की ओर से जारी किए गए इस काले चिठ्ठे में केंद्र की मोदी सरकार पर कुशासन का आरोप लगाया है। उनके फैसलों को जन विरोधी बताते हुए इसकी सूची भी दी गई है। इसके अलावा प्रदेश में रमन सिंह के कार्यकाल में घोटाले और शोषण का आरोप लगाया है। भाजपा को किसान और आदिवासी विरोधी बताया गया है।

भाजपा के खिलाफ 212 बिन्दुओं में आरोप पत्र जारी किया गया है। इसमें केंद्र की मोदी सरकार के साथ ही प्रदेश की पूर्व में रही रमन सरकार पर भी कांग्रेस ने निशाना साधा है। काला चिठ्ठा में घोटाले, शोषण और जन विरोधी नीतियों की बात कही गई है।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में 15 साल तक शासन करने वाली रमन सिंह सरकार और उनके मंत्रिमंडल पर घोटाला करने का आरोप लगाया है। इसके लिए बाकायदा 34 मामले में घोटालों की एक सूची भी जारी की गई है।इसमें मुख्य रूप से 36000 करोड़ का नान घोटाला, पनामा पेपर घोटाला, मोवा धान घोटाला, आंख फोड़वा कांड शामिल है।

**कांग्रेस के नेता किसी से नहीं डरते : सैलजा**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की जनता में कांग्रेस को लेकर 5 साल बाद भी उत्साह दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि, प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा। उन्हें केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से डराया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस किसी से नहीं डरती। न हमारे नेता डरते हैं, न राज्य की जनता डरती है। उन्होंने अडानी को खदाने बेचने का आरोप लगाते हुए हुए चिटफंड कंपनियों को फायदा पहुंचाया गया।वही किसानों को ठगने का काम मोदी सरकार ने किया।

नगरनार स्टील प्लांट को अडानी को बेचने का काम केंद्र सरकार कर रही है। कोयला खदानों को अडानी को बेच दिया है।नंदराज पहाड़ को भी अडानी को देने की कोशिश की गई।एसईसीएल को बेचने में केंद्र सरकार लगी हुई है।

**भाजपा का चरित्र दलित, आदिवासी विरोधी : बैज**

प्रदेश कांग्रेस दीपक बैज ने भाजपा पर आदिवासी और दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि, भाजपा ने आरक्षण विधेयक को षड्यंत्र पूर्वक राजभवन में रुकवा कर रखा है। भाजपा के शासनकाल में नक्सलवाद चरम पर रहा। महिलाओं पर खूब अत्याचार हुए, आदिवासियों की जमीनें हड़पी गईं, उनका विस्थापन हुआ। आरोप लगाया कि पेसा कानून पर कोई काम नहीं हुआ।

# पुराना एवं नया रायपुर के बीच लाइट ट्रेन चलाने की योजना : एजाज़ ढेबर



**संभावना तलाशने रूस व जापान की टीमें रायपुर आएगी : महापौर**

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर एजाज़ ढेबर ने कहा कि मास्को में मैंने देखा कि सड़कों पर मेट्रो ट्रेनें दौड़ रहीं हैं। लगा कि रायपुर शहर में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। पुराना रायपुर से नया रायपुर तक लाइट ट्रेन चलाने का मेरा सपना है। इस पर संभवानाएं तलाशने रूस एवं जापान की टीमें रायपुर आने वाली हैं। हो सकता है सपना साकार हो जाए।

निगम मुख्यालय में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए एजाज़ ढेबर ने कहा कि मास्को सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एक्सटर्नल एकॉनॉमिक एंड रिलेशन्स तथा परिवहन विभाग के तत्वावधान में 24 से 27 अगस्त तक इंटरनेशनल ट्रांसपर्ट समिट का आयोजन किया गया था।जिसमें 150 देशों के लोग पहुंचे हुए थे।मुझे भी उसमें शामिल होने का अवसर मिला जिसमें मैंने अर्बन रेल ट्रांसपोर्ट विषय पर अपने विचार रखे। वॉटर ट्रांसपर्ट, सेफ स्ट्रीट्स, पार्किंग एवं अल्टर्नेटिव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी मैंने अपनी बात रखी।

मास्को में अर्बन रेल ट्रांसपोर्ट यानी शहरी रेल परिवहन व्यवस्था जो है वह मेरे दिल को छू गई।लगा कि पीपी मॉडल पर रायपुर शहर में भी ट्रेन चल सकती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी मेट्रो रेल सपना रहा है।

रूस व जापान की कंपनियों से हमारी बात हुई। पुराने रायपुर से नया रायपुर के बीच 25 से 30 किलो मीटर हिस्से में लाइट ट्रेन चलाई जा सकती है।500 से 700 करोड़ लागत आएगी। संभावना है दो-तीन माह में रूस एवं जापान की टीम यहां आकर संभावनाएं तलाशेगी।

# राजीव युवा मितान सम्मेलन स्थल तक पहुंचने पुलिस ने जारी किया रूट चार्ट

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर की यातायात पुलिस ने शनिवार को नवा रायपुर में राजीव युवा मितान सम्मेलन के लिए क्षेत्रवार पहुंच मार्ग एवं पार्किंग प्लान बनाया है। इसके अनुसार बस्तर संभाग तथा जिला बालोद , धमतरी, गरियाबंद व अभनपुर क्षेत्र की ओर से आने वाले वाहन केंद्री मोड से नवा रायपुर मार्ग में मुड़कर लॉ युनिवर्सिटी से ट्रिपल आई चौक मुक्तांगन के सामने से कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे।

बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग तथा जिला महासमुंद , बलौदा बाजार व रायपुर (आरंग व खरोरा क्षेत्र) की ओर से आने वाले वाहन मंदिर हसौद से नवागांव मोड़ से नवा रायपुर में मुड़कर क्रिकेट स्टेडियम-साईं अस्पताल से दीन दयाल चौक से ट्रिपल आईटी मुक्तांगन के सामने से कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे।

जिला रायपुर ( शहर व धरसींवा क्षेत्र ) की ओर से आने वाले वाहन सेरीखेड़ी ब्रिज से नवा रायपुर मार्ग होकर क्रिकेट स्टेडियम टर्निंग से सीधे राज्योत्सव मैदान कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे।इसी तरह से दुर्ग संभाग व राजनांदगांव संभाग की ओर से आने वाले वाहन टाटीबंध से पचपेड़ी नाका से माना बस्ती होकर तुता की ओर से राज्योत्सव मैदान की ओर प्रस्थान करेंगे।

**13 पार्किंग स्थानों में बांटा गया है पार्किंग प्लान**

राजीव युवा मितान सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले वाहनों के लिए क्षेत्रवार पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। पार्किंग क्रमांक 2 में 1500 गाड़ियों की पार्किंग होगी जो मेला स्थल परिसर के अंतर स्थित है जिसमें संपूर्ण क्षेत्र के विधायक, पदाधिकारी एवं व्हीआईपी गाड़ियां पार्क होंगी।




पार्किंग क्रमांक 3 में 300 कार पार्क होंगी जो मेला स्थल परिसर के अंदर पेवर्ड पार्किंग है जिसमें सुरक्षा, विद्युत, पेयजल, टेन्ट आदि व्यवस्था में लगे अधिकारी गणों की गाड़ियां पार्क होंगी। पार्किंग क्रमांक 4 में 500 कार पार्क होंगी। यह पार्किंग धरनास्थल के सामने है। यहां पर रायपुर संभाग के कार एवं जीप के खड़ी होने की व्यवस्था होगी। पार्किंग क्रमांक 5 में तुता तालाब के किनारे बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग की 500 कारें पार्क होंगी।पार्किंग क्रमांक 6 में पुरखौती मुक्तांगन के सामने रायपुर एवं धरसीवां क्षेत्र की 500 बसों की खड़े होने की व्यवस्था है।

पार्किंग क्रमांक 7 में पुरखौती मुक्तांगन के सामने बस्तर संभाग, धमतरी, गरियाबंद एवं अभनपुर क्षेत्र के लिए 500 बसों के लिए पार्किंग है।पार्किंग क्रमांक 8 में पुरखौती मुक्तांगन के सामने बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग तथा जिला महासमुंद , बलौदा बाजार व रायपुर (आरंग व खरोरा क्षेत्र) की 700 बसों के खड़ी होने के लिए पार्किंग है।

पार्किंग क्रमांक 9 में निर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन मैदान में सभी संभाग की 300 कारों के लिए पार्किंग बनाई गयी है। पार्किंग क्रमांक 10 में कन्वेंशन सेंटर के पास समाचार चैनलों की ओबी वैन और अधिकारियों की 100कारों के लिए पार्किंग व्यवस्था है। पार्किंग क्रमांक 11 में माना की ओर मुख्य मार्ग किनारे दुर्ग संभाग की 400 बसों के पार्किंग की व्यवस्था है।पार्किंग क्रमांक 12 में ग्राम तुता मार्ग के किनारे दुर्ग संभाग की 600 कार एवं जीप पार्क होंगी। पार्किंग क्रमांक 13 में निमोरा तालाब के किनारे बस्तर संभाग, धमतरी, गरियाबंद जिले की 500 कार एवं जीप के लिए पार्किंग बनाई गयी है।

## मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक में होंगे शामिल

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 सितम्बर को नवा रायपुर स्थित मेला ग्राउंड में दोपहर 2 बजे "राजीव युवा मितान सम्मेलन" में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री इसके पहले दोपहर 1.40 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचकर लोकसभा सांसद राहुल गांधी की अगवानी करेंगे और उनके साथ नवा रायपुर के मेला ग्राउंड आएंगे। यहां राजीव युवा मितान सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री शाम 5.10 बजे लोकसभा सांसद राहुल गांधी को बिदाई देंगे।

मुख्यमंत्री शाम 6 बजे अपने निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में शामिल होंगे।

# दूसरे राज्य से छत्तीसगढ़ आने वाले वाहनों को नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त कराना अनिवार्य



**वाहन पोर्टल में भौतिक सत्यापन कराकर 2 तक प्राप्त करें नवीन पंजीयन चिन्ह**

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। देशभर से यहां राज्य में आने वाले वाहनों के पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करते समय छत्तीसगढ़ के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त करने संबंधी प्रक्रिया को वाहन पोर्टल में अनिवार्य किया गया है। अन्य राज्य से एनओसी लेकर आये ऐसे वाहनों, जिसका पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी भी परिवहन कार्यालय में पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करा लिये है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त नहीं किये है। ऐसे समस्त वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन पंजीयन चिन्ह प्राप्त करने के लिए वाहन पोर्टल के माध्यम से विहित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर आवश्यक दस्तावेज सहित वाहन का भौतिक सत्यापन कराते हुये 20 सितम्बर 2023 तक संबंधित परिवहन कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जा सके। अन्यथा ऐसे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एनआईसी द्वारा विकसित वाहन पोर्टल के माध्यम से राज्य में वाहन संबंधी समस्त कार्य संपादित किये जा रहे है। जिसके तहत अन्य राज्य के वाहनों को पता परिवर्तन की सूचना दर्ज करने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह जारी हो रहे हैं। किन्तु राज्य में वाहन पोर्टल लागू होने के पहले अन्य राज्य से आने वाली वाहनों का केवल पता परिवर्तन की सूचना दर्ज है, जिसमें से विभिन्न वाहनों का छत्तीसगढ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह प्राप्त नहीं हुआ है। परिवहन मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य राज्य के ऐसे वाहन जिनका पता परिवर्तन की सूचना पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसी परिवहन कार्यालय द्वारा दर्ज कर लिया गया है किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन पंजीयन चिन्ह समनुदेशित नहीं किया गया है, ऐसे वाहनों का केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 54 तथा छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम, 1994 के नियम 55 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित करने की कार्यवाही किया जाना है।

# भूपेश देश के दूसरे सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री

## इंडिया टुडे सर्वे में सीएम के कामकाज पर 55.7 फीसदी लोगों ने जताई संतुष्टि



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। वह देश के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे स्थान पर है। सर्वे में 59.1 प्रतिशत लोगों ने उनके कामकाज पर संतुष्टि जताई है। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट इंडिया टूडे ने अभी हाल ही में प्रकाशित की है।

इंडिया टूडे के सर्वे में लोकप्रियता के मामले में ओडिशा के मुख्यमंत्री पहले स्थान पर, दिल्ली के मुख्यमंत्री तीसरे स्थान पर हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री चौथे, असम के मुख्यमंत्री पांचवे स्थान पर हैं।

इंडिया टूडे द्वारा मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता के लिए जनवरी 2023 में कराए गए सर्वे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कामकाज पर 55.7 प्रतिशत लोगों ने संतुष्टि जताई थी। इसके पूर्व वर्ष में हुए सर्वे में 53.3 प्रतिशत ने श्री बघेल के कामकाज को सराहा था।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न न्याय योजनाओं की बदौलत पौने पांच सालों में राज्य के 40 लाख लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाएं गरीबी को दूर करने में बेहद असरकारक साबित हुई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते पौन पांच सालों में अपनी न्याय योजनाओं जैसे- राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब, के माध्यम से राज्य के ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों सहित सभी वर्ग के हितग्राहियों को पौने दो लाख करोड़ रूपए की सीधी मदद दी है, जिसके चलते लोगों के जीवन में बदलाव आया है और वह आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाओं बदौलत पौने पांच सालों में प्रति व्यक्ति का 88,793 रूपए से बढ़कर 1,33,898 रूपए हो गई है। इस अवधि में छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी 3,27,106 करोड़ रूपए से बढ़कर 5,09,043 करोड़ रूपए हो गयी है। निरंतर दो वर्ष तक कोविड-19 के कारण आर्थिक गतिविधियां मद होने के बावजूद राज्य शासन की नीतियों और न्याय योजनाओं के चलते अर्थव्यवस्था के आकार में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

राज्य के लगभग 74 प्रतिशत लोगों का जीवनयापन का आधार खेती-किसानी पर निर्भर है।

किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक मिसाल कायम की है। छत्तीसगढ़ देश का एक मात्र राज्य है, जहां किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। सरकार खरीफ फसलों के उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत प्रति एकड़ के मान से 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी दे रही है। वर्ष 2019-20 से लेकर अब तक इस योजना के तहत किसानों को लगभग 22 हजार करोड़ रूपए की सीधी मदद उनके बैंक खातों में भेजी गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी विकास कार्यक्रम और गोधन न्याय योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने के साथ ही लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में कारगर रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना के तहत सरकार द्वारा दो रूपए में किलो में गोबर और चार रूपए लीटर में गौमूत्र की खरीदी ने ग्रामीण पशुपालकों को अतिरिक्त आय का जरिया दिया है।

34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:
M.Sc. Biotechnology
M.Sc. Bioinformatics
M.Sc. Biomedical Science
M.Sc. Blockchain Technology
M.Sc. Clinical Research
M.Sc. Cyber Security
M.Sc. Data Science
M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Mathematics
M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Microbiology



Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit

Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

CMYK

# छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन की 4 से होने वाली हड़ताल स्थगित



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक फेडरेशन द्वारा 4 सितम्बर से होने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन को विधायक, मंत्री एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग से चर्चा उपरांत स्थगित किया गया है। जिला अध्यक्ष रायपुर राजेश सोनी ने बताया कि लिपिक फेडरेशन पदाधिकारियों ने विधायक सत्यनारायण शर्मा के निवास स्थान पर मुलाकात की। जिसमें विधायक के द्वारा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति की प्रथमदृष्ट्या प्रतीत होने का लेख करते हुये उसमें सुधार करने की अनुशंसा करते हुये वर्तमान अनिश्चितकालीन आंदोलन में नही जाने की सलाह दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंत्रीमंडल के मंत्रियों सहित मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को अपने पत्र के माध्यम से लिपिकों के ज्ञापन प्रेषित किया। कमलप्रीत सिंह सचिव सामान्य प्रशासन विभाग से हुई भेंट में लिपिक फेडरेशन के पदाधिकारियों से लिपिकों के वेतनमान में सुधार हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार करते हुए मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। उन्होने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर नही जाने की सलाह फेडरेशन के पदाधिकारियों को दी। इसी तारतम्य में आज मंत्रालय में मोहम्मद अकबर मंत्री वन, आवास एवं पर्यावरण से संपर्क किया गया। उन्होने ने भी लिपिक फेडरेशन के पदाधिकारियों के ज्ञापन पर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

लिपिकों के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रुप से संजय सिंह प्रांताध्यक्ष छ.ग.लि.व.शा कर्म.संघ, रोहित तिवारी प्रांताध्यक्ष छ.ग.प्र.लि.व.शा.कर्म.संघ, वीरेंद्र नाग प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिक वन कर्मचारी संघ, व्ही. पी. तिवारी, आर.बी.साहू, देवाशीष दास, राजकुमार सौंधिया, जाहिद अहमद, गौतम हाजरा, रफीक मोहम्मद, राजेश सोनी, रघुराज सिंह, मनीष शर्मा, परिवेश ठाकरे, अतिश शर्मा, मुकेश कसार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# टिकिट नहीं मिलने से नाराज श्याम तांडी ने भाजपा छोड़कर किया कांग्रेस में प्रवेश

## प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दिलाई सदस्यता




**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही महीने का समय बाकी है लेकिन दल बदलकर हित साधने की कोशिशें भी जारी है। भाजपा में टिकिट नहीं मिलने से नाराज सरायपाली के नेता श्याम तांडी ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश कर लिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में तांडी ने कांग्रेस की सदस्यता ली। महासमुन्द जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से साल 2018 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रहे श्याम तांडी और उनके साथ सैकड़ो समर्थकों ने रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन आकर कांग्रेस प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार सरायपाली विधानसभा सीट से गाड़ा समाज को टिकट नहीं मिलने से नाराज थे इसलिए उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश किया।

**सरायपाली से सरला को मिली है टिकिट**

भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। सरायपाली से सरला कोसरिया को टिकिट मिली है। वहीं गाड़ा समाज को टिकट नहीं देने से नाराज होकर श्याम तांडी कुछ दिन पहले भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा दे चुके हैं। श्याम तांडी के कांग्रेस प्रवेश करने से भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती है।

**श्याम तांडी ने कांग्रेस भवन में माथा टेककर किया प्रवेश**

श्याम तांडी 2018 में सराईपाली से भाजपा के उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी किस्मत लाल नंद से करीब 52 से ज्यादा वोटो के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। शुक्रवार को राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख दीपक बैज की मौजूदगी में श्याम तांडी ने कांग्रेस प्रवेश लिया और पार्टी की रीती-नीति के अनुसार चलने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

# निजी अस्पतालों में डेंगू मरीजों की गलत जानकारी देने पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,** 1 सितंबर। मलेरिया डेंगू एवं अन्य जनित रोग के लिए संचालक महामारी नियंत्रक ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी किया है तीन बिंदुओं में दिशा निर्देश जारी किया गया है जारी आदेश में कहा गया है कि डेंगू के सम्भावित रोगियों की पुष्टि एलाइजा टेस्ट द्वारा किया जाए रेपिड टेस्ट में पॉजिटिव मरीजों का एलाइजा टेस्ट कराया जाए आदेश में कहा गया है कि निजी अस्पताल में जहां डेंगू मरीजों की संख्या ज्यादा होने की जानकारी मिल रही है वहां भेंट करके जानकारी पुष्टि करें गलत जानकारी होने पर नर्सिंग होम एक्ट की तरह कार्रवाई किया जाए।

# अब 11 तक जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की तैयारी के समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुनरीक्षण तिथि आगे बढ़ाने की घोषणा की गई थी। इसी के परिपेक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की अर्हता तारीख में वृद्धि करते हुए 11 सितंबर 2023 अंतिम तारीख निर्धारित की गई है।

कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने संशोधन करने के लिए पूर्व में निर्धारित तारीख 31 अगस्त थी, जिसे आगे बढ़ाकर 11 सितंबर किया गया है। अब सभी मतदान केन्द्र में कल 2 सितंबर शनिवार और 3 सितंबर रविवार को पूर्व की भांति विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसमें बूथ लेवल अधिकारी कार्यालयीन निर्धारित समय अवधि में आवश्यक फॉर्म के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य करेंगे। 11 सितंबर तक प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 28 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

कबीरधाम जिले में मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन मिशन मोड पर है। जिले के भीतर मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, विक्रय और परिवहन के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा से प्रवेश कर अन्य राज्यों के लिए जाने वाली सभी छोटी-बड़ी परिवहनों पर भी कड़ी मॉनिटरिंग और चौकसी बरती जाएगी।

# धारदार चाकू के साथ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। थाना गंज पुलिस टीम द्वारा थाना गंज क्षेत्रांतर्गत चेकिंग के दौरान अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते आरोपी अनिल कुमार भास्कर पिता अगर दास भास्कर उम्र 23 साल निवासी ग्राम टूंडा गिधौरी बलौदाबाजार हाल पता चुन्नीलाल का मकान पुरैना भिलाई.3 जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चाकू जप्त किया गया वही एक अन्य मामलें में उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम बुधवारी बाजार बीरगांव के पास धारदार चाकू लेकर आने.जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते आरोपी सत्यम सिंह उर्फढोलू पिता राजेश सिंह उम्र 20 साल साकिन नगर निगम रोड वंदना साड़ी दुकान के पास बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 342/23 धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# वीआईपी रायपुर प्रवास के मददेनजर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**रायपुर,** 3 सितंबर। अति विशिष्ट व्यक्तियों के रायपुर प्रवास सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों,थाना प्रभारियों, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम सहित यातायात पुलिस एवं अन्य पुलिस बलों द्वारा विशेष चेकिंग की जा रहीं है। होटल, लॉज, ढ़ाबा की चेकिंग करने के साथ ही 30 से अधिक स्थानों में फिक्स नाकेबंदी पाईंट लगाकर जिले के भीतर प्रवेश करने वाली समस्त वाहनों की बारिकी से जांच व चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग कर भीड़.भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालों संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वों संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने सार्वजनिक मैदान पार्क चौक . चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। चेकिंग के दौरान जो भी संदिग्ध पाये जाएंगे उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# राजीव युवा मितान सम्मेलन में आज 2 हजार शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रायपुर,** 1 सितम्बर। राजीव युवा मितान सम्मेलन में कल 2 सितम्बर को 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। ये शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सीधी भर्ती से नियुक्त किए जा रहे हैं। इस समारोह में लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सहित मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में बस्तर व सरगुजा संभाग में नियुक्त 20 शिक्षकों को अतिथियों द्वारा प्रतीक स्वरूप नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। युवा मितान सम्मेलन नवा रायपुर स्थित मेला स्थल में आयोजित किया जा रहा है। राज्य गठन के बाद पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के विरुद्ध कल 10834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए 12489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। व्याख्याता की नियुक्ति के पश्चात मुख्यमंत्री निवास में 12 अगस्त 2023 को 232 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया था। इसी प्रकार शिक्षकों के विज्ञापित 5772 पदों में से 3449 पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किया जा रहा है। इनमें से 2000 अभ्यर्थियों को कल एक साथ नया रायपुर स्थित राजीव युवा मितान सम्मेलन में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# गौठान में रखे गायों को कसाई खानों में बेचने जा रही नगर निगम : बृजमोहन



**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर निगम के द्वारा गौठान में रखे गौवंश की नीलामी के लिए निकाले गए आम सूचना का तीखे शब्दों में विरोध करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री व रायपुर नगर निगम गौमाता को कसाइयों के हाथ में बेचने की कोशिश कर रही है। उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। क्या गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठानो पर अरबो रुपया खर्च करने का ढिंढोरा पीटने वाली यह सरकार गौ माताओ को गौठानो में रख भी नहीं सकती।

उन्होंने कहा है कि गौवंस को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों सौपने नहीं देंगे। विधायक अग्रवाल ने कहा है कि रायपुर नगर निगम अगर गाय और अन्य पशुओ को नीलाम करेगी तो उन्हें खरीदने वाला कौन होगा इसका निर्धारण कैसे होगा, कि खरीदने वाला गौमाता को पालेगा या सेवा करेगा। कहीं इस नीलामी के माध्यम से कसाई लोगो का प्रवेश तो नहीं हो जाएगा। इस पर सरकार को चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम साढ़े चार साल से बोल रहे है, कि छत्तीसगढ़ सरकार कि गौ सेवा कि सभी योजनाए असफल हो गई है प्रदेश में गौ सेवा के नाम पर सिर्फ ढोंग हो रहा है। नगर निगम रायपुर के इस नीलामी के माध्यम से सरकार कसाइयों को या गौकसी करने वालो को छत्तीसगढ़ के गायों को सौपने जा रही है। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठान बनाने, गौ सेवा करने का ढोंग करने वाली भूपेश बघेल कि सरकार का मूल चरित्र आज फिर सामने आ गया है। गाय बेचते इन्हें लज्जा नहीं आ रही है। गौवंश कि नीलामी किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। गौवंस को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों में सौपने नहीं दिया जाएगा। सरकार को नगर निगम कि नीलामी को आम सूचना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर गौठानो में बंद गायों कि देख रेख व लालन पालन करना चाहिए।

# जहरीली शराब से मौत के लिए प्रदेश की भूपेश सरकार दोषी : चंदेल



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत के लिये प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कसूरवार ठहराते हुए कहा कि जहरीली व विषयुक्त शराब पीने से जांजगीर-चाँपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 2 लोगों की मौत के लिये हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली भूपेश सरकार जिम्मेदार है।

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि विगत 3 महीने पहले इसी क्षेत्र के ग्राम रोगदा में 3 परिवार जहरीली शराब से पूरी तरह उजड़ गये थे। अभी इन परिवारों के आँसू सूख भी नहीं पाये हैं कि अब ग्राम अमोदा की यह घटना सामने आयी है। दोनों मृतक किरण कुमार सूर्यवंशी और ललिता सूर्यवंशी अनुसूचित जाति से हैं। दोनों जहरीली शराब के सेवन से असमय काल के गाल में समा गये। श्री चंदेल ने कहा कि हम लोग एक नहीं अनेक बार शासन व प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिये कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं, सड़क से लेकर सदन तक इस विषय को लेकर आंदोलन भी हुए, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि प्रदेश की भूपेश सरकार के संरक्षण में अवैध व जहरीली शराब का कारोबार खुलेआम गांव-गांव गली-गली में चल रहा है। शासन व प्रशासन के संरक्षण में इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि यह मौत का तांडव इस कांग्रेस सरकार की अवैध कमाई की भूख की परिणति है। छत्तीसगढ़ में शराब से मौत का सिलसिला कब रुकेगा, यह अनिश्चय के गर्भ में है। श्री चंदेल ने कहा कि इन मौतों के लिये जो भी जिम्मेदार है, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। श्री चंदेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कहा है कि प्रदेश में अवैध शराब से मौतों का सिलसिला कब रुकेगा, इस पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जानकारी दें। प्रदेश की जनता इस बात को जानना चाहती है।

## निधन

### महंत दशरथ भारती



**दुर्ग,** 1 सितंबर। गया नगर दुर्ग निवासी दशरथ भारती का आज सुबह करीब 9 बजे निधन हो गया। वे कीर्तन, सुरेश, कौशल भारती गोस्वामी के बड़े भाई और सुनील पूनम देवेन्द्र भारती गोस्वामी के पिता थे। अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नागपुर-दुर्ग खंड पूरी तरह ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस




**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। अब्दुल अमानी कुरैशी। कई बार इन सेक्शनों के एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को होती है भ्रम की स्थिति, बदलते वक्त के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने सिग्नल सिस्टम में भी बदलाव किया है। अब वर्तमान में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिनलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। नई व्यवस्था में स्टेशन वार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिमल लगाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिझल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी। जो ट्रेन जहां रहेंगी और वो जहां है वहीं रुक जाएंगी। कई बार इन सेक्शनों के एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को भ्रम की स्थिति हो जाती है, खासकर जब मेमू ट्रेन जिसके आगे और पीछे दोनों तरफ इंजन लगी रहती है, या वैसी मालगाड़ी जिसके पीछे भी बैंकिंग इंजन लगी होती है।

इन ट्रेनों के रुकने से ऐसा प्रतीत होता है कि इनके इंजन आमने सामने आ गए हैं। खासकर जब आगे वाली ट्रेन रुकती है तो पीछे वाली ट्रेन सिग्रल के इशारे का फॉलो कर एक निश्चित दूरी के अनुसार उसके पीछे रुक जाती है। इसी वजह से वीडियो एवं फोटो से ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनें आ गई है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ही रूट पर एक किमी के अंतर पर एक के पीछे एक ट्रेन चलती है। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है और खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है। स्टेशन बार्ड से ट्रेन के आगे बढते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम नागपुर मंडल के अंतर्गत कलमना-गोंदिया, गोंदिया- राजनांदगाँव, राजनांदगाँव - दुर्ग कुल 260 किलोमीटर, बिलासपुर, जयरामनगर 14 कि.मी. बिलासप दुबिल्हा 16 कि.मी., बिलासपुर घुटकू के मध्य 16 कि.मी., चांपा से कोरबा 37 किलोमीटर जैसे अनेक रेल खंडो में आटोमेटिक सिग्रल प्रणाली लागू की गई है। साथ ही कई महत्वपूर्ण रेलखंडों में इस प्रणाली को स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

ऑटोमेटिक सिमल प्रणाली से एक और गाड़ियों की रफ़्तार तो बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर लागत की दृष्टि से भी वह काफी कम खर्चीला है। पहले कॉपर के केवल लगाये जाते थे जिसमे लागत ज्यादा आती थी।

आजकल ऑप्टिकल फाइबर केबल लगाये जा रहे है जिसकी लागत भी कम होती है एवं इसके चोरी होने का भी भय नही रहता है। यह रिंग प्रोटेक्टेड केबल होते है जो जल्द खराब भी नहीं होते। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के सभी महत्वपूर्ण रेल खंडों में इस प्रकार की ऑप्टिकल फाइबर केबल के साथ आटोमेटिक सिग्रल प्रणाली से कम लागत में ज्यादा आउटपुट की प्राप्ति होगा।

संरक्षित ट्रेन संचालन में सिगलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे में उपयोग में आनेवाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जाता है, इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी।

# प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश को लेकर मौसम विभाग अलर्ट



**तेज आंधी और बिजली गिरने की संभावना**

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अगस्त महीना गर्मी और उमस के बीच ही बीत गया, हालांकि, बीच-बीच में हल्की बारिश भी हुई। लेकिन सावन में जिस बरसात की उम्मीद की जा रही थी, उस तरह से नहीं हो सकी। इसी बीच, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में अगले दो-तीन दिनों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक, 02 और 03 सितंबर को छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं।

प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं कुछेक स्थानों पर आंधी और बिजली गिरने के साथ ही भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 5 दिनों के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। शेष हिस्सों में हल्की वर्षा हो सकती है।

**इन राज्यों में बारिश का अलर्ट**

मौस्म विभाग ने 31 अगस्त से 02 सितंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में और 31 अगस्त और 01 सितंबर को केरल में तथा 04 सितंबर 2023 को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हल्की/मध्यम बारिश से भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इसके अलावा 01 सितंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं अगले 5 दिनों के दौरान देश के बाकी हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

# दो बहनों से गैंगरेप, 10 आरोपी गिरफ्तार

## रक्षाबंधन मनाकर भाई के साथ बाइक से लौट रही थीं, रिम्स के पास रास्ता रोककर आरोपियों ने किया दुष्कर्म



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में 2 युवतियों के साथ गैंगरेप हुआ है। दुष्कर्म इस मामले में भाजपा नेता के बेटे समेत 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों युवतियां रक्षाबंधन मनाकर गुरुवार की देर शाम अपने भाई के साथ रायपुर लौट रही थी। तभी मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के रिम्स अस्पताल के सुनसान इलाके में आरोपियों ने रास्ता रोककर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ितों ने 31 अगस्त को रात 1 बजे मंदिर हसौद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाया। दोनों बहने अपने भाई के साथ भानसोज के रास्ते महासमुंद से रायपुर लौट रही थी। तभी बाइक सवार तीन लड़कों ने रास्ता रोका। इसी बीच पीछे से चार गाड़ियों में सवार करीब 7 लड़के और आ गए। फिर उन्हें सुनसान जगह पर ले जाकर बारी.बारी से दुष्कर्म किया।

**भाजपा नेता के बेटे पर रेप और हत्या का मामला:** इस घटना का मुख्य आरोपी पूनम ठाकुर भाजपा मंदिर हसौद मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ठाकुर का बेटा है। ये आदतन बदमाश है। जिसके खिलाफथाने में पहले से 5 मामले दर्ज हैं। पूनम 2019 में हत्या और 2022 में बलात्कार के मामले में जेल जा चुका है। इस महीने 17 अगस्त को वो जमानत मे जेल से छूटकर बाहर आया था। और गैंगरेप की वारदात को अंजाम दे दिया।

**रातभर आरोपियों को खोजती रही पुलिस :** जानकारी के मुताबिक राजधानी में देर रात 2 युवतियों के साथ गैंगरेप की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने 2 एएसपी 3 डीएसपी और 6 थानेदारों की अलग.अलग टीम बनाकर आरोपियों की खोजबीन की। मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**ये हैं आरोपी :** आरोपियों में पूनम ठाकुर, घनश्याम निषाद, लव तिवारी, नयन साहू, केवल वर्मा, देवचरण धीवर, लक्ष्मी धुव्र, प्रहलाद साहू के साथ अन्य शामिल थे। इनमें से 5 आरोपी पिपरहट्टा गांव के हैं और अन्य आरोपी बोरा उमरिया और टेकारी गांव के हैं।

### रायपुर गैंगरेप मामले में बोले दीपक बैज, मुख्य आरोपी भाजपा नेता का बेटा



मंदिर हसौद में दो बहनों के साथ गैंगरेप की घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एक पत्रकारवार्ता की है। बैज ने कहा इस मामले में सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है, इस दुख के समय में पीड़ित परिवार के साथ हमारी सरकार खड़ी है। बैज ने आगे बताया कि निश्चित रूप से कल रात की दुखद घटना है, हमारी सरकार यह भी चाहती है कि इस तरह की घटना ना हो। दो सगी बहनों के ऊपर जिस तरीके से यह घटना हुई है, सरकार ने उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की है। उस परिवार के साथ हमारी सरकार इस दुख की घड़ी में खड़ी है। बैज ने आगे तीखा हमला करते हुए कहा आरोपी कौन है आदतन अपराधी है, जो पिछले 17 तारीख को ही जमानत पर रिहा हुआ है, जिस पर पहले ही पांच अन्य मामलों में अपराध दर्ज है। बेल पर बाहर आने के बाद आरोपी ने दोबारा एक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वह एक भारतीय जनता पार्टी मंदिर हसौद भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष के बेटे हैं, तो इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार सजग है, लेकिन सजगता के साथ 3 घंटे के अंदर अंदर सरकार की तरफ से कार्यवाही की गई है। और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बहन व भांजे की मौत के सदमे में भाई ने अस्पताल की छत से कूद कर दी जान

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। कमल विहार स्थित वीकेयर अस्पताल की छत से कूदकर गुरुवार सुबह 11 बजे एक युवक ने आत्महत्या कर ली। कुछ घंटे पहले युवक बहन की मौत हुई थी। एक दिन पहले यानी बुधवार को उसकी बहन के बच्चे की जन्म के कुछ घंटों के भीतर ही मृत्यु हो गई थी। वह अपनी बहन की मौत से सदमे में था। घटना की जानकारी अस्पताल वालों को मिलते वहां हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर राजेंद्रनगर थाने पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार 23 साल का नरेंद्र कुमार सहरिया कवर्धा जिले का रहने वाला था। उसकी बहन को डिलीवरी के लिए रायपुर लाया गया था। बुधवार को उसकी बहन ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन कुछ घंटों के भीतर बच्चे की मौत हो गई। दूसरे दिन यानी गुरुवार को उसकी मां भी चल बसी। उसकी बहन को सिकलसेल की बीमारी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो दिन के भीतर बहन और भांजे की मौत का सदमा नरेंद्र बर्दाश्त नहीं कर पाया। गुरुवार की सुबह जब अस्पताल से उसकी बहन के शव को परिजन घर ले जाने के लिए निकाल रहे थे तभी वह अस्पताल के दूसरे फ्लोर की खिड़की का दरवाजा खोलकर कूद गया। सिर के बल गिरने की वजह से उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। जमीन पर बहुत खून भी बह गया। तुरंत उसे अस्पताल के भीतर लाया गया लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। राजेंद्रनगर थाना प्रभारी अर्चना धुरंधर ने बताया कि अस्पताल से युवक की कूदने की खबर मिली थी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**दो दिन पहले ही महिला डाक्टर ने की थी खुदकुशी**

इस आत्महत्या से पहले 29 अगस्त को एक महिला डाक्टर संस्कृति कामरान ने इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने घर के बाथरूम में ओवरडोज इंजेक्शन लगा लिया था। पुलिस को वाशरूम में एनेस्थीसिया बेहोशी का इंजेक्शन मिला था। महिला की खुदकुशी का कारण भी अभी तक अज्ञात है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। महिला एमबीबीएस डॉक्टर थी और प्राइवेट हास्पिटल में नौकरी करती थी।

# आईपीएस भावना गुप्ता आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

## पहली बार छत्तीसगढ़ की किसी महिला आईपीएस को मिला ये अवार्ड



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। आईपीएस भावना गुप्ता को आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया ह वे वर्तमान में एसपी बेमेतरा के पद पर तैनात हैं उन्हें प्रतिष्ठित 40 अंडर 40 आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जो हर साल दुनिया भर में पुलिस सेवा में 40 लीडर को दिया जाता है इसके साथ ही वह यह सम्मान पाने वाली राज्य की पहली महिला आईपीएस बन गई हैं यह पुरस्कार एसपी सूरजपुर और एसपी सरगुजा के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए दिया गया है विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए हिम्मत प्रोग बता दें कि इससे पहले आईएसीपी अवार्ड आईपीएस आरिफ़शेख और संतोष सिंह को मिल चुका है

# एक्सप्रेस-वे में 12 डेंजर प्वाइंट

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन से माना तक लंबे एक्सप्रेस.वे में फिर करीब 12 जगह डेंजर प्वाइंट हो गए हैं क्योंकि सड़क के दोनों ओर लगी लोहे की ग्रिल गायब कर दी गई है। ऐसा पहली बार नहीं दूसरी.तीसरी बार हुआ है। कहीं चोर तो कहीं कालोनी वालों ने और कहीं कहीं बड़ा प्रोजेक्ट ला रहे बिल्डर एक्सप्रेस.वे की ग्रिल गायब कर रहे हैं। ग्रिल गायब होने के बाद लोग उस जगह को रास्ता बना कर वहां से एक्सप्रेस.वे में एंट्री करने लगे हैं। इससे हादसे का खतरा बढ़ गया है। अब जिन जगहों से बार.बार ग्रिल गायब हो रही वहां कांक्रीट की मजबूत दीवार बनायी जाएगी ताकि तोड़कर रास्ता न बनाया जा सके। एक्सप्रेस.वे पर यातायात शुरू होने के साथ ही स्टेशन से इस पर तेज रफ्तार वाहन दौड़ने लगे हैं। इसके बावजूद करीब एक दर्जन जगहों पर सड़क के दोनों ओर लगी लोहे की ग्रिल गायब कर दी गई है। ग्रिल गायब होने के बाद इसके किनारे बने 30 अधिक मकान मालिकों और बड़ी.बड़ी कॉलोनियों ने अपना गेट खोल दिया है। मकान वालों के साथ.साथ कालोनी में रहने वाले शार्टकट के चक्कर में एक्सप्रेस.वे में सीधे एंट्री कर रहे हैं। इसी तरह कुछ बिल्डर जो एक्सप्रेस.वे के किनारे अपना प्रोजेक्ट ला रहे हैंए उन्होंने ने भी ग्रिल उखड़वाना शुरू कर दिया है। इन जगहों से भी एक्सप्रेस.वे के बीच से आवाजाही शुरू हो गई है। पीडब्लूडी विभाग के अफसरों ने लगातार सर्वे के बाद उन जगहों की पहचान कर ली है जहां की ग्रिल या तो बार.बार चोरी हो रही या रास्ता बनाने के लिए उखाड़ी जा रही है। यहां अब सीमेंट की दीवार बनाकर रोड को बंद करने का निर्णय लिया गया है ताकि लोग तोड़कर प्रवेश न कर सकें। तेलीबांधा से अमलीडीह के बीच मकान मालिकों और बिल्डरों ने सारे नियम को ताक में रखकर घर और प्लॉट का सीधा रास्ता एक्सप्रेस.वे की तरफखोल दिया है। इसके लिए ग्रिल उखाड़ दी गई है। मौलश्री विहार से थोड़ा आगे गोल्डन स्काई कॉलोनी का गेट तो बंद है लेकिन एक छोटा सा गेट खोल दिया है। जबकि सीजीआरडीसी ने इसे बंद करा दिया था। ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के पास ज्यादातर ग्रिल नजर आई। एक्सप्रेस.वे के दोनों तरफप्राइवेट बिल्डरों द्वारा बिना अनुमति के सर्विस रोड बनाकर सीधे एक्सप्रेस.वे में मिला दिया है।

**यहां की ग्रिल हर बार हो रही चोरी अब यहां बनाएंगे सीमेंट की दीवारें**

**नियम है इसलिए लगाई गई है ग्रिल**

एक्सप्रेस.वे के नियम में है कि दोनों तरफग्रिल लगाकर इसे पूरी तरह से पैक करें जिससे कोई भी वाहन बीच में कहीं से भी एक्सप्रेस.वे में प्रवेश न कर सके। इसलिए ठेका एजेंसी ने कोरोना संक्रमण के पहले ही ग्रिल लगा दिया थाए लेकिन कोरोना के दौरान ग्रिल गायब हो गई। दोबारा लगाई गई लेकिन फिर उखाड़ दिया गया।

# दोस्तों में हुई बहसबाजी के बाद जमकर मारपीट, तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा में बीतें 48 घंटे में 4 बलवा की घटनाएं सामने आ चुकी है। जिसमें पहले मामलें में दोस्तों के बीच आपस में जमकर मारपीट हुई है। जिसका सीसीटीवी फूटेज वीडियो सामने आया है। तो वही एक मामलें में टैंकर से पानी भरने के विवाद को लेकर एक गुट ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया है। इसके अलावा 2 अन्य मारपीट की घटनाएं सामने आई है। पहले मामलें में विमला सिंह बंजारे ने पुलिस को बताया कि वो टिकरापारा थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर इलाके में रहती हैं। 29 अगस्त को रात 11 बजे के करीब मोहल्ले के कुछ युवकों ने उसके बेटे शुभम बंजारे की जमकर पिटाई कर दी है। इस घटना के वीडियो में साफ्देखा जा सकता है कि कुछ युवक सड़क में खड़े होकर बात कर रहे है। इतने में उनके बीच किसी बात को लेकर बहस हो जाती है। तभी एक लड़के ने शुभम के मुंह पर जोरदार मुक्का मार दिया। जिससे वो सिर के बल जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी यही नही रुका उसने गिरने के बाद उसके चेहरे पर लातों से हमला कर दिया। फिर दोनों पक्षों के युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस का दावा है कि इस मामलें में 3 युवकों की गिरफ्तारी की गई है।

**टिकरापारा में 48 घण्टे में बलवा के 4 मामले**

**टैंकर से पानी भरने को लेकर जानलेवा हमला**

एक दूसरे मामलें में टिकरापारा के रहने वाले जयकुमार धनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बस्ती में नलों से पानी सप्लाई बंद है। वो पानी के टैंकर से अपने घर की टंकी में पानी भर रहा था। तभी दोपहर 1.30 बजे के करीब पड़ोस में रहने वाले अश्वनी शर्मा, संदीप शर्मा ने उससे पानी भरने को लेकर बहस चालू कर दी। इसी बीच उसकी फैमिली के कुछ और लोग आ गए। उन्होंने जयकुमार धनगर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसके चेहरे में चोट आई है। जिसके बाद पूरा मामला थाने पहुंचा।

इसके अलावा टिकरापारा थाने में आपस में गाली गलौज को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज की है। बीतें 48 घण्टे में एक ही एरिया में बलवा की 4 बड़ी घटनाएं हुई है। जिससे शहर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है।

# जुआ खेलते 13 जुआरी पकड़ाए



**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में जुआ, सट्टा एवं क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा थाना क्षेत्रों में मुखबीर लगाने के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर जुआ एवं सट्टा खेलने खिलाने वालों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल नरेश पैलेस में कुछ व्यक्ति रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर थाना प्रभारी गंज को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा होटल नरेश पैलेस में जाकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान होटल नरेश पैलेस के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कुल 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 31,300 रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। होटल संचालक के भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# लक्ष्मी मेडिकल हॉल के कदम राजनांदगांव की ओर

**रायपुर।** 50 वर्षों से अनवरत सेवाएं देने वाले तथा प्रदेश भर में एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने वाले एवं छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ मेडिकल चेन स्थापित करने वाले लक्ष्मी मेडिकल हॉल नें अपना कदम राजनादगांव की ओर बढ़ा दिया है। विगत बुधवार 23 अगस्त को राजनांदगांव जिले की मानव मंदिर चौक में एक नई शाखा का शुभारंभ राजनादगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी मेडिकल हॉल के मुख्य संचालक किस्मत राम जादवानी, सुनील जादवानी, विकास जादवानी एवं मेडिकल हॉल में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि राजनाथ गांव में समस्त बीमारियों की समस्त दवाइयां उपलब्ध ना होने की वजह से वहां के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहां के लोग रायपुर आ कर दवाइयां खरीदते थे। जैसा कि आप सब जानते हैं कि लक्ष्मी मेडिकल हॉल समस्त दवाइयां उपलब्ध कराने में मशहूर है चाहे छोटी बीमारियां हो या फिर किडनी, कैंसर, हॉर्ट या लीवर की बीमारिया, साथ ही मेडिकल हॉल मेडिकल उपकरण भी उपलब्ध कराने में सक्षम है। इस मेडिकल हाल में व्हीलचेयर, कमोड चेयर, वाकर, वाकिंग स्टिक एवं ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य उपकरण हमेशा उपलब्ध रहते हैं। अब तो मेडिकल हाल में जेनेरिक, एलोपैथिक के साथ-साथ आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कराया जा रहा है। समस्त दवाइयां एवं उपकरण की उपलब्धता से राजनादगांव के लोगों में अच्छा उत्साह है, जिसका प्रतिसाद मिलना शुरू हो गया है। इस मेडिकल हॉल के संचालन का जिम्मा जादवानी परिवार के सदस्य मेडिकल क्षेत्र में अनुभव रखने वाले विनय कोडनानी एवं शुक्ला जी को सौंपा गया है। राजनांदगांव के लोगों में इस बात को लेकर भी काफी उत्साह है कि इस मेडिकल हॉल ने निशुल्क घर पहुंच सेवा भी शुरु कर दी है, जिसके लिए मेडिकल हॉल ने मोबाइल नंबर 88219-69222 जारी किया है। जो लोग किसी कारणवश मेडिकल हॉल तक नही पहुंच नही पा रहे वो इस नंबर पर काल करके दवाइयां मंगा सकते हैं।




**मानव मंदिर चौक में खुली नई शाखा**

# पिता-पुत्र से लूट की कोशिश

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में लूट का एक नया वीडियो सामने आया है। जिसमें बाइक सवार 2 बदमाशों ने बाइक गिरने का नाटक कर गली से गुजर रहे पिता.पुत्र से मदद के नाम पर लूट की कोशिश की। दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। जिसके बाद बाप.बेटे बदमाशों के चंगुल से बच निकले। आरोपी भी मौके से फरार हो गए। सरस्वती नगर के शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड की ये घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं हुई है। पुलिस पीड़ित और आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना कुछ दिन पहले की बताई जा रही है। रात 1 बजे के करीब पिता.पुत्र रेलवे स्टेशन से उतरकर पैदल घर जा रहे थे। तभी गली में 2 युवक बाइक लेकर पहुंचे। वे कुछ दूर आगे बढ़कर बाइक से गिरने का नाटक करने लगे। जिसके बाद पिता.पुत्र उनकी मदद के लिए आगे बढ़े। इसी बीच बाइक सवार लुटेरे दोनों पर चाकू अड़ाकर जेब से पैसे और मोबाइल छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने दोनों से मारपीट भी की। पिता.पुत्र दोनों आरोपियों का सामना करते रहे।

**बाइक से गिरने का नाटक कर मांगी मदद**

**पुलिस को शिकायत का इंतजार**

काफी देर मशक्कत करने के बाद पिता.पुत्र लुटेरों से बचकर भाग निकले। सीसीटीवी वीडियो में साफ दिख रहा है कि इस शोरगुल के बाद आसपास के लोग भी उठ गए थे। लेकिन उसके बावजूद लुटेर बेखौफथे। सरस्वती नगर थाना टीआई श्रुति सिंह के मुताबिक लुटेरों की पहचान की जा रही है। पीड़ित पिता.पुत्र जांजगीर चांपा के रहने वाले बताए जा रहे है। उन्होंने थाने में कोई शिकायत नहीं दी है। उनका भी पता लगाया जा रहा है।

# युवक के हाथ से ले गए एक लाख का सोना

- सड़क किनारे कार में सो रहा था
- नींद खुली तो ब्रेसलेट-अंगूठी हो चुकी थी चोरी

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में एक युवक के हाथों से एक लाख रुपए का सोना पार हो गया। यह युवा के सड़क के किनारे अपनी कार खड़ी कर सो गया था। इसी बीच किसी ने उसके हाथ में पहने हुए सोने में ब्रेसलेट और अंगूठी निकाल ली। जब युवक नींद से जागा तो उसे चोरी का पता चला। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। कचना के रहने वाले सौरभ मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उसका पब्लिकेशन और प्रिंटिंग प्रेस का बिजनेस है। वो 28 अगस्त को सुबह 4.30 बजे के करीब धड़ी चौक के पास पहुंचा था। इतने में ही उसकी दोस्त की मर्सिडीज कार का पेट्रोल खत्म हो गया। तो वह कार को सड़क किनारे में खड़ी कर मदद के इंतजार में उसमें बैठा रहा। इसी बीच उसकी आंख लग गयी फिर वो सो गया। इसी बीच चोरी की घटना हो गयी।

**कार का दरवाजा खुला छोड़ा**

पीड़ित सौरव का कहना है कि उसने कार के अंदर गर्मी न लगे करके दरवाजे को खुला रखा हुआ था। जब उसकी नींद पड़ी तो उसके कलाई में 50 ग्राम वजन का ब्रेसलेट और उंगली से एक सोने की अंगूठी किसी ने निकाल ली। जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास थी। इस मामले में सिविल लाइन टी आई विनय सिंह बघेल ने बताया कि युवक की शिकायत पर शुरुआती पूछताछ के बाद अपराध दर्ज किया गया है। युवक ने जिस जगह अपनी कार खड़े करने का दावा किया है। वहां आसपास के फुटेज को खंगाला जा रहा है। आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# तबला वायलिन में सुर-ताल लगाकर वादकों ने बांधा समा

**भातखंडे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा आयोजित संगीत समारोह का समापन**

**रायपुर,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। भातखंडे एवं पलुस्कर स्मृति तथा डॉ श्रीमती अनीता सेन जयंती समारोह का एक दिवसीय आयोजन रंगमंदिर में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती वंदना एवं भातखंडे पलुस्कर स्तवन गान एवं राग मियां मल्हार पर आधारित वाद्य वृंद का आयोजन डॉ एम श्रीराम मूर्ति एवं अरविंद भारती ने विद्यार्थियों के लिए किया इसमें सितार वायलिन के अलावा तबला पखावज एवं गायन के स्वर शामिल थे 10 ठाट की सरगम को राग माला में एवं कठिन अलंकारों को ताल दादरा में निबद्ध कर बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने डॉ दीपक बेडेकर के निर्देशन में प्रस्तुत हुआ कथक नृत्य की छात्राओं ने डॉ अनीता सेन की रचना ठुमरी को अपने भाव में प्रस्तुत किया निर्देशन आरती सिंह का था ताल वाद्य कचहरी में तबला डॉ विद्यनाथ सिंह पखावज त्रिलोचन सोना ढोलक शुभम भानेट घटम उज्जवल ठाकुर खंजरी कमल लोचन साहू तबला सूर्यकांत सेन इत्यादि ने ताल वाद्य कचहरी में समावेश कर तीन ताल में रचना डॉ विद्यनाथ सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत की सुगम संगीत की रचना तारेंद्र सेन एवं लोक नृत्य संगीत डेविड निराला के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ आकांक्षा दुबे एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य विद्यनाथ सिंह ने किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तरल मोदी उपाध्यक्ष अजय तिवारी सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल पद्मश्री मदन चौहान डॉ चितरंजन कर डॉ सुरेश शुक्ला विशेष रूप से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने उपस्थित थे।



उल्टा पुल्टा

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!

# चिल्फी में नोटों से भरी गाड़ी पकड़ाई, 1 करोड़ जब्त

- चिल्फी पुलिस की कार्रवाई
- चार आरोपियों से पूछताछ जारी

**कवर्धा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। चिल्फी से बड़ी खबर आयी है। नोटों से भरी गाड़ी पकड़ायी है। कार में 1 करोड रुपये मिले हैं। पुलिस की टीम में जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक कार क्रमांक डीएल2सी बीए 3123 में 1 करोड रुपये रखे गये थे, हालांकि इस पैसे का कहां और कैसे इस्तेमाल किया जाना था, इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पायी है। पुलिस को ये कामयाबी चिल्फी पुलिस चेक पोस्ट पर मिला है। 4 आरोपियो से पुछताछ जारी है।



जानकारी के मुताबिक रकम ज्यादा भी हो सकती है। फिलहाल नोटों की गिनती जारी है। पुलिस इस मामले में जांच के बाद ही कुछ बताने की बात कह रही है। आईपीएस अभिषेक पल्लव ने कहा है कि चिल्फी चेकपोस्ट में 1 करोड रुपये नगदी पकड़ाये हैं। 4 आरोपियो में निशांत वैद्य पिता भारत भुषण वैद्य उम्र 35 वर्ष साकिन म.नं. 50 सेक्टर 22 फरीदाबाद थाना मुजेसर जिला फरीदाबाद हरियाणा, राहुल रावत पिता विनोद कुमार रावत उम्र 32 वर्ष म.नं. 218 गली नं. 06 बसेल्वा कालोनी फरीदाबाद थाना ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा, विपिन सिंह पिता सुन्दर सिंह उम्र 28 वर्ष पता म.नं. ई 1 गली नं. 04 मयूर विहार फेज 1 दिल्ली और नरेन्द्र कुमार सहाय पिता देवी सहाय उम्र 33 वर्ष पता म.नं. एच 1/163 गली नं.03 जहांगिरपुरी थाना जहांगिरपुरी दिल्ली 110033 शामिल है।

उपरोक्त आरोपियो व्दारा फारचुनर कार क्रमांक डीएल2सी बीए 3123 में दिल्ली से सम्बलपुर रकम 01 करोड रूपये लेजाना बताया।

# एसपी भावना गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से होंगी सम्मानित

**बेमेतरा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता जो वर्तमान में एसपी बेमेतरा के पद पर तैनात हैं, को प्रतिष्ठित 40 अंडर 40 आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने नाम कि घोषण किया गया है, जो हर साल दुनिया भर में पुलिस सेवा में 40 लीडर को दिया जाता है। इसके साथ ही वह यह सम्मान पाने वाली राज्य की पहली महिला आईपीएस बन गई हैं।



- यह सम्मान पाने वाली राज्य की पहली महिला आईपीएस बनी
- महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में - अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने हिम्मत प्रोग्राम चलाया था

यह पुरस्कार एसपी सूरजपुर और एसपी सरगुजा के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए दिया जा रहा है, विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में-अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए हिम्मत प्रोग्राम चलाया। 17 अक्टूबर को सेन डिएगो, केलिफोर्निया में एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता को प्रतिष्ठित 40 अंडर 40 आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है। यह छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गौरव का क्षण है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। यह वास्तव में हम सभी बेमेतरा पुलिस विभाग के लिए गर्व का क्षण है। महान उपलब्धि है, आप उन सभी के लिए प्रेरणा है जों सेवा में शामिल होने के बाद अपने जुनून का पीछा करना बंद कर देते है।

एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता प्रतिष्ठित 40 अंडर 40, आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने की घोषणा होने पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी एवं जिले के अन्य अधि./कर्मचारियो द्वारा एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) को बहुत- बहुत बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दिया गया।

# मदरसा बोर्ड के शिक्षकों को 6 माह से वेतन अप्राप्त



**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर बताया कि 6 वर्षो से, मदरसों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन का 60 प्रतिशत केन्द्र से न आने के कारण शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र से 60 प्रतिशत राशि न मिलने से राज्य भी अपनी 40 प्रतिशत की अंश राशि नहीं दे रहा है।

- मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर कराया अवगत
- राज्य सरकार से मांग की, वे अपना 40 फीसदी अंश ही दे दे

अलताफ अहमद ने बताया कि मदरसा के शिक्षकों को वेतन न मिलने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो रही है। लोगों के लिये परिवार चलाना दूभर हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाला वेतन का 40 प्रतिशत अंश मदरसा बोर्ड को दिलाया जायें। इससे मदरसा शिक्षकों को कुछ राहत मिलेगी। अलताफ अहमद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें शीघ्र ही प्रदेश का 40 प्रतिशत राज्यांश देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर तौहीर खान, इस्माइल अहमद व पाशी अली भी उपस्थित रहें।

# 19 पेटी मध्यप्रदेश की अवैध शराब जब्त

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय को नियंत्रित किये जाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। 31 अगस्त को सेक्टर 6 बैंक कॉलोनी भिलाई में अवैध शराब की सूचना पर त कार्यवाही कर कुल 19 पेटी मदिरा (950 नग) कुल मात्रा 171 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा (नॉन ड्यूटी पैड) मध्य प्रदेश में विक्रय के लिए अधिकृत जप्त किया गया। इस प्रकरण में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार उक्त ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# पंथी के पुरोधा देवदास बंजारे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व अन्य कार्यक्रम

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। सतनामी आश्रम में पंथी नृत्य के पुरोधा स्व.देवदास बंजारे की 18 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेशभर से जुटे कलाकार, साहित्यकार, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए स्व.बंजारे को श्रद्धासुमन अर्पित किये। यह आयोजन सतनामी आश्रम कल्याण समिति पंथी नृत्य एवं साहित्य विकास समिति एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा ने स्व.देवदास बंजारे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। अध्यक्ष पंथी के पितामह पुरानिक लाल चेलक ने की। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी थे। इस अवसर पर विधायक वोरा, कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री चेलक तथा विशेष अतिथि अमित जोगी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पंथी नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया।



वक्ताओं ने कहा कि देवदास बंजारे ने पंथी के माध्यम से 70 से अधिक देशों में गुरूजी का संदेश पहुंचाया है। वक्ताओं ने इतने वर्षो बाद भी उन्हें पद्मश्री व पद्मभूषण सम्मान न मिलने पर समाज की ओर से असंतोष जताया। संभागायुक्त महादेव कावरे ने समाज में शिक्षा के महत्व को घर घर पहुंचाने पर जोर दिया। सतनामी कल्याण आश्रम समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे ने भी संबोधित किया।

**विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वालों का किया गया सम्मान**

पंथी एवं साहित्य विकास समिति द्वारा स्व. देवदास बंजारे की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है।

इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में राजाराम बनर्जी (सामगढ़) चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. राज ऋषि मिश्रा, भिलाई नगर साहित्य के क्षेत्र में अश्वनी रात्रे, लतमार चंदनिया, अश्वनी बबलू, शिवेन्द्र रायपुर, कला के क्षेत्र में रजनी रजक, आरती बारले, अहिवारा, पत्रकारिता में ललित साहू, दिलीप देवांगन, नीरज बारले, महिला सशक्तिकरण के लिये पार्वती ढीढी, रिती देशलहरा, सरोज बाला, ईश्वरी गायकवाड़, समाज सेवा के लिये रामानंद जांगड़े, एसडी बघेल अहिवारा को सम्मानित किया गया। काव्या महिलाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जैन इंडस्ट्रियल में कार्यरत एक युवक संतोष (35) ने अपने सर्वेंट क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मृतक संतोष मानपुर मोहला के अंतर्गत ग्राम कुमला का रहने वाला था। यहां वह शांति नगर इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित जैन इंडस्ट्री में बने सर्वेन्ट क्वार्टर में रहता था। आज उसने बाल्टी के सहारे कमरे की सिलिंग के हुक में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजन में पत्नी, दो बेटियां, व मां है। पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

# अरपा पैरी के धार के विश्लेषण एवं महत्व विषय पर वीडियो प्रतियोगिता

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्यगीत ''अरपा पैरी के धार के विश्लेषण एवं महत्व'' विषय पर वि.वि. स्तरीय अंतर्महाविद्यालयीन वीडियो बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस संबंध में प्रत्येक महाविद्यालय से अधिकतम 05 नियमित विद्यार्थियों द्वारा 04 मिनट अवधि के वीडियो बनाकर वि.वि. के ईमेल आई डी पर 10 सितंबर तक भेजना है। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रतियोगिता हेतु वि.वि. की कुलपति द्वारा गठित निर्णायक समिति प्राप्त वीडियो का मूल्यांकन करेगी तथा श्रेष्ठ 5 वीडियो को चयनित करेगी। इन चयनित 5 प्रतिभागियों को वि.वि. के टैगोर सभागार में स्वयं भौतिक रूप से उपस्थित होकर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण उपरोक्त विषय पर देना होगा। प्रस्तुतिकरण की तिथि 14 सितंबर (हिन्दी दिवस) होगी। सर्वश्रेष्ठ 5 प्रस्तुतकर्ताओं को वि.वि. द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप हिन्दी दिवस के अवसर पर वि.वि. में स्थापित ''नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ'' का उद्घाटन समारोह भी आयोजित होगा। इस समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार परदेशी राम वर्मा छत्तीसगढ़ के राज्यगीत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। वि.वि. द्वारा अभी डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल को ''नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ'' का प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

# जूनियर क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन कल

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के घोषित खेल कैलेन्डर अनुसार वर्ष 2024 के अंडर14 खिलाडियों का चयनए पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा 3 सितम्बर को सुबह 8 से 12 बजे तक किया जायेगा, पश्चात चयनित खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन दुर्ग एवं सीएससीएस रायपुर के द्वारा आयोजित सिलेक्शन मैच में भाग ले सकेंगे।

अंडर.14 के चयन में भाग लेने हेतु योग्यता दृ खिलाडियों की आयु 14 वर्ष से अधिक न हो. कट ऑफ़डेट 31/08/2011 के ख़िलाड़ी ही भाग ले सकतें है, अन्य आवश्यकता . दस्तावेज की दो सेट फोटोकॉपी जिसमे डिजिटल, मैन्युअल जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा पहली से छटवी, सातवी, आठवी तक की स्कूल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सेवानिवृत्ति पर निगम परिसर ने दी दो अधिकारियों को भावभीनी विदाई



**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उपरांत नगर निगम दुर्ग के दो अधिकारियों अतिक्रमण अधिकारी शिव शर्मा और सहायक राजस्व अधिकारी गिरीशचंद दीवान को विदाई दी गई। विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, ने दोनों विदा ले रहे अधिकारियों को शाल, श्रीफल पुष्पहार उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एमआईसी के प्रभारीगण अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोबिया, हमीद खोखर, मनदीप भाटिया, नीता जैन, अरूण सिंह, भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, एवं अधिकारीगण नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# चाकू दिखाकर तोड़फोड़ का आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। गंजपारा में गत रात्रि चाकू लहराकर एक व्यापारी से मारपीट कर पैसा मांगने व पैसा न देने पर चाकू से उसे चोटिल कर देने के मामले में पुलिस ने रंजीत कंडरा नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उस पर 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार गत रात्रि आरोपी ने वहीं पर मोबाईल दूकान चलाने वाले से शौक पूरा करने के लिये रूपयों की मांग की। व्यापारी भीषम यादव द्वारा उसे पैसे न देने पर आरोपी उसकी दूकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस बीच झूमा झटकी के दौरान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय युवा समाज ने भाजपा व कांग्रेस से की प्रदेश में 5-5 सीटों की मांग

**दुर्ग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय युवा समाज ने कांग्रेस व भाजपा के प्रदेश नेतृत्व से मांग की है कि प्रदेश में समाज की जनसंख्या को देखते हुए पांच-पांच विधानसभा क्षेत्रों से दिल्लीवार समाज के लोगों को टिकिट दी जानी चाहिए। यह समाज जनसंख्या के साथ सामाजिक जागरूकता के साथ ही सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में निरंतर आगे रहा है। दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार से लेकर कुर्मि प्यारेलाल बेलचंदन यह परम्परा आगे बढ़ी है। इस संबंध में ज्ञापन की प्रतियां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, महासचिव मनजीत सिंह गैंदू, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय व अन्य नेताओं को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:

M.Sc. Biotechnology
M.Sc. Bioinformatics
M.Sc. Biomedical Science
M.Sc. Blockchain Technology
M.Sc. Clinical Research
M.Sc. Cyber Security
M.Sc. Data Science
M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Mathematics
M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Microbiology



Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit

Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid Identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

# डेंगू के चार नए मरीज मिलने से अभियान तेज

## भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे, आयुक्त अजय त्रिपाठी स्वयं ले रहे स्थिति का जायजा

**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा महापौर निर्मल कोसरे एवं कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार उत्तर डबरापारा वार्ड-12 में प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा जिसमें निगम स्वास्थ्य विभाग एवं शासकीय चिकित्सालय भिलाई-3 के कर्मचारी, स्वास्थ्य मितानिन, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं डॉक्टरों की टीम शामिल है। संक्रमण से रोकथाम के उपाय बताने के साथ-साथ प्रत्येक घरो तक जाकर आस-पास की पानी निकासी वाली नाली तथा पाईप लाईन का निरीक्षण भी संबंधित उप अभियंता द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध सहायक अभियंता जल विभाग द्वारा पाइप लाइन संधारण कार्य करने के निर्देश भी कर्मचारियों को प्रदान किये हैं। निगम स्वास्थ्य विभाग से स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा एवं उनकी टीम के साथ वार्ड की मितानिन एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर.घर तक क्लोरीन टेबलेट वितरण करते हुए सावधानी बरतने के उपाय लोगो को बताए, जिससे मौसम जनित बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके।

उत्तर डबरा पारा भिलाई 3 में उल्टी दस्त के 4 नये मरीज मिले हैं बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि आज सुबह 9.30 से अस्थाई शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 4 नये



मरीज मिले। उल्टी एंव दस्त की दवा, ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट देकर उपचार किया गया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि प्रत्येक मरीजों की निगरानी कर रहे हैं आज निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, इंजीनियर डी के पांडेय, पीईची सहायक अभियंता हेमंत साहू, सेनेटरी इंस्पेक्टर वीणु वर्मा, पवन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की हेमलता, गीते सोनसीर देशलहरे, श्रीमती ए दत्ता मितानिन समन्वयक, श्रीमती शमीम मितानिन प्रेरक सतरूपा निर्मलकर, ममता वैष्णव, सूरुज जांगड़े, सूमन साहू ने टीम बनाकर घर घर विजिट किए पुराने 22 मरीजों का फालोअप किया सभी पहले से बेहतर है आज चरोदा भिलाई 3 निगम की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजना की बस भी डबरा पारा भिलाई 3 में उपचार के लिए लगाई है। आयुक्त अंजय त्रिपाठी ओर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम ने लोगों से स्वच्छता का दस्त में बडा महत्व है। हाथों को शौच के बाद ओर खाना खाने से पहले धोना चाहिए खिचड़ी साबुदाना ओर हलका भोजन लेना चाहिए बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि एक मरीजों का सैम्पल हमर लैब जिला अस्पताल रायपूर जांच हेतु भेजा गया है। सभी प्रकार के संक्रमण पर नजर रखने एंव उपचार करने स्वास्थ्य विभाग पहल कर रहा है लोगों से अपील है कि क्लोरीन टेबलेट वितरण किया गया उसका उपयोग पिने के पानी हेतु करें एक गोली को पीसकर गुंडी में रात को डालें सुबह उस पानी का उपयोग करें सावधानी बरतनी चाहिए।

# अपनी निजी जानकारी मोबाइल पर किसी अनजान से शेयर ना करें



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। हमारी बेटियां हमारी शान है और वे ही प्रदेश के उज्जवल भविष्य की नींव हैं और इनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। जिस समाज की बेटियां सुरक्षित एवं सशक्त हो वही समाज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता है। आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन में एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीता पवार एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिल्पा साहू के मार्गदर्शन मेंए सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा रक्षा टीम के द्वारा रुंगटा इंजीनियरिंग कालेज में अध्ययन करने वाले बालिकाओं को आज हमर बेटी हमर मान के तहत अपनी सुरक्षा के संबंध में टिप्स एवं महिला संबंधी कानून के बारे में बताया गया। महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नंबर, अभियक्ति एप की जानकारी दी गई एवम आवश्यक नंबर की जानकारी दी गई। अपने माता पिता का हमेशा याद रखना है कि यह सलाह दी गई है, और साथ ही अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करना मीडिया का सेफ्टी फीचर्स के साथ प्रयोग करना एवं यातायात नियमों का पालन करना और अपने मोबाइल में महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर को सुरक्षित रखने आदि की जानकारी दी गई।

# सेक्टर-9 अस्पताल का सी.डैक के साथ समझौता

## सूचना प्रणाली के लागू होने से ओपीडी चिकित्सा पुस्तिका की नहीं होगी आवश्यकता

**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवम् अनुसंधान केन्द के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम तथा प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी.डैक) नोएडा के कार्यकारी निदेशक विवेक खनेजा ने चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने, स्वास्थ्य देखभाल लागत को कम करने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और किफायती स्वास्थ्य देखभाल का विस्तार करने के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना के लिए स्वीकृति का ज्ञापन (मेमोरण्डम ऑफअसेप्टेन्स) हस्ताक्षरित किया। स्वीकृति का ज्ञापन एवम् हस्ताक्षरण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ताए कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक, डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ, एम.ए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर, डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनीता द्विवेदी ने किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता इस स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक हैं। जिनके प्रयास के कारण आज यह संभव हो पाया है। इस प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना से चिकित्सा गुणवत्ता में सुधार आएगी। चिकित्सा संबंधी सभी रिकॉर्ड्स जैसे कि डॉक्टर का परामर्श, अस्पताल की सारी जांच रिपोर्ट, खून की जांच, मल मूत्र जांच, सूक्ष्म जीवविज्ञान, नाभिकीय चिकित्सा जांच, एक्स.रे, अल्ट्रासाउन्ड, सीटी.स्कैन, एमआरआई रिपोर्ट ऑनलाइन सिस्टम में रहेगा। इस प्रबंधन सूचना प्रणाली के लागू होने के पश्चात ओपीडी चिकित्सा पुस्तिका की आवश्यकता नहीं होगी तथा चिकित्सक अपने सारे परामर्शों, निर्देशों, दवाइयाँ एवम् रोगी के चिकित्सकीय जांच आदेश को ऑनलाइन सिस्टम में एंट्री करेंगे। फॉर्मेसी में दवाईयों का वितरण भी ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श के अनुसार प्रदान की जाएगी। यह परियोजना 4 वर्ष में पूर्ण होगी। सी.डैक ने भारत के विभिन्न ख्याति प्राप्त चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जिनमें समस्त एम्स अस्पताल, पीजीआइ चंडीगढ, भारतीय रेलवे के अस्पताल, विभिन्न राज्यों के मेडिकल कॉलेज अस्पताल शामिल है। सी.डैक ने अस्पताल सूचना प्रणाली, औषधि प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल मानक तथा ईएचआर, ईएमआर सिस्टम के क्षेत्र में कई प्रौद्योगिकियां और सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर समाधान विकसित किए हैं। इसका लाभ पं.जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवम् अनुसंधान केन्द्रए भिलाई के सभी हितधारकों को मिलेगा।

# पॉवर हाउस रेल्वे स्टेशन बनाया जाएगा मॉडल



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार एसडीएम मुकेश राउटे ने पावर हाउस रेल्वे स्टेशन, सुपेला अण्डर ब्रिज तथा दुर्ग रेल्वे स्टेशन का दौरा किया। पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग में आ रहे दुकानों का अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए। दुकानों को अन्य किसी दुसरे सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। सुपेला निर्माणाधीन अण्डर ब्रिज का निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल्वे के कार्य में अवरोध में आ रहे के लॉज की दुकान जिसका शासन मुआवजा देने के लिए तैयार भी था फिर भी उनके न मानने के कारण उनके ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा सेतु बनाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा था। एसडीएम ने 2 महिने में अण्डरब्रिज का कार्य राजसात करने के निर्देश दिए। दुर्ग रेल्वे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने के लिए पॉर्किंग व्यवस्था ठीक किया जाएगा तथा दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा दी जाएगी। सड़क चौड़ीकरण, पार्किंग को ठीक किया जाएगा। गेट बड़ा किया जाएगा, सर्व सुविधा युक्त बनाया जाएगा।

# सेवानिवृत्त होने पर निगम प्रशासन ने दी बिदाई



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम रिसाली के सफाई कामगार भरत लाल चंदेल 62 वर्ष को सेवानिवृत होने पर बिदाई दी गई। उसे भेट में उपहार दिया गया। वही शाल श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चंद्रभान ठाकुर ने कहा कि भरत लाल आज एक दायित्व से मुक्त होकर अन्य दायित्व से जुड़े रहेंगे। सेवानिवृत एक प्रक्रिया है। इसका यह आशय बिल्कुल न निकाले कि काम करना ही नही है। दुनिया में बहुत से ऐसा लोग है कि जिन्होंने अधिक उम्र होने का परवाह किए बिना समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा कर्मचारी संघ के गोपाल सिन्हा, नालनिश मिश्रा ने भी बिदाई समारोह में अपनी बात रखी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम पी देवांगन व विभाग प्रमुख और कर्मचारी उपस्थित थे। आभार प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेंद्र परिहार ने किया।

**निगम भिलाई से 4 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त**

भिलाईनगर । निगम मे 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त होने वाले रोहित कुमार चन्द्राकर जोन 03, देवेन्द्र मोहन साकरकर जनसूचना विभाग, भरत लाल जोन 2, के.राजू जोन 02 को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ बिदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता शरद चावड़ा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना किये । समारोह में अरूण सिंह, बसंत देवांगन, संजय शर्मा, श्रवण ठाकुर, राज सच्चर, शिव शर्मा, पुरूषोत्तम साहू, प्रियंका राव, अंजनी सिंह, अनिल मिश्रा, हंसराज, रोहित बंजारे, दीपक देवांगन, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिनस्विगमिंग प्रतियोगिता में भाग लेने टीम पुना रवाना



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग टीम के 45 खिलाड़ियों और कोच मैनेजर सहित टीम के सदस्यों ने सांसद विजय बघेल के निज निवास कार्यलय सेक्टर 5 में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया छत्तीसगढ़ फिनस्विमिगं एसोसियेशन जो कि तैराकी का नया खेल प्रारंभ हुआ है। आज 1 सितंबर को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। यह प्रतियोगिता सभी वर्गों में महाराष्ट्र के पुणे शहर में 3 तक फिनस्विमिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो 3 सितम्बर से 05 सितंबर तक आयोजित है। सभी खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर एवं छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग के संरक्षक विजय बघेल सांसद दुर्ग ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करके और मेडल जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं उपाध्यक्ष खिलेश्वर चंद्राकर एवं सह सचिव श्रीमती नंदा साहू एवं आनंद चंद्राकर मीडिया प्रभारी कोच गीतेश्वर साहू, हीरामन रावत एवं छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग के विधि सलाहकार जयंत वर्मा और पोखन साहू पीटीआई भी उपस्थित थे छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग के संयोजक व महासचिव तामेश्वर घंघोरी ने प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी विजय बघेल व अध्यक्ष अजय गुप्ता को दिए।

# 44 कबाड़ियों पर बड़ी कार्रवाई



**भिलाईगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ सिन्हा को आम जनता एवं विभिन्न औद्योगिक एनसीलरी एसोसिएसन के पदाधिकारियों से लगातार अवैध कबाड़ के व्यापार के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उक्त शिकायतों को अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए उनके द्वारा पूर्व में भी कार्यवाही की गई थीं। उक्त कारोबारियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में राजपत्रित अधिकारीयों के साथ ए.सी.सी.यू प्रभारी एवं जिले के समस्त शहरी थानो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिसमें करीबन 22 टीम जिसमे 14 निरीक्षक, 20 उप निरीक्षक, 25 सहायक उप निरीक्षक एवं 80 से अधिक प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया। उक्त अधिकारी, कर्मचारियों को योजना बनाकर अलग-अलग 35 टीमों में विभक्त कर पूर्व से सूचीबद्ध जिले के शहरी थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध कबाड़ के संचालकों के ठिकानों पर वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में रेड कार्यवाही हेतु भेजा गया। जिसके परिणाम स्वरूप जिले के शहरी थाना क्षेत्रों के कुल 44 कबाड़ियों के गोदामों पर एक साथ दबिश दी गयी। जहाँ इनके ठिकानों में भारी मात्रा में लोहे के अवैध कबाड़ वाहनों को काटकर उनके कलपूर्जो को अलग कर भण्डारण कर के रखना, सेंटरिंग प्लेट, बीएसपी का सरिया, लोहा, ऐंगल, कुछ कवाडियों के यहाँ औद्योगिक स्क्रैब भी बरामद हुआ। जामुल थाना में राजू मंडले कबाड़ी दुकान से 1 ट्रक स्क्रैप जप्त कर राजू मंडले को हिरासत में लिया गया। टीम द्वारा मौके पर ही अवैध कबाड़ के संचालनकर्ताओं को नोटिस देकर कार्यवाही किया गया। जिसमें विरूद्ध मौके पर ही धारा 41 (1/4) की कार्यवाही की गयी है। एवं इनके गोदामों को सील किया गया है। 15 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। शेष के विरूद्ध के कार्यवाही जारी हैए फरार आरोपियों की पता तलाश जारी है। जिले के कबाड़ी जिसमे नदीम, ललित, शाकिर, पाल कबाड़ी, राजू मंडले सहित दर्जनों कबाडखानों को सील किया गया। सील करने के बाद सभी अवैध कबाड़ संचालकों को प्रतिबंधित करते हुए बाउंडओवर कराने की तैयारी की जा रही है।

# इस माह मिलेगा 9 प्रतिशत बढ़ भत्ता

**भिलाईनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाए जाने की घोषणा के परिपालन मे वित्त विभाग राज्य शासन द्वारा आदेश जारी किये जाने के बाद निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) सातवां वेतनमान के बेसिक के 9 प्रतिशत के रूप में प्रदान किए जाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक भिलाई निगम के अधिकारी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत महंभाई भत्ता 25 प्रतिशत होने पर 9 प्रतिशत की दर से गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) तथा महंगाई भत्ता (डीए) 50 प्रतिशत होने पर 10 प्रतिशत की दर से गृह भाड़ा भत्ता भुगतान किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की है। जो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अगस्त पेड सितंबर को मिलने वाले वेतन में प्राप्त होगा। नगर पालिक निगम भिलाई के कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री, निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं निगम प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सेंट थॉमस में कार्यक्रम के दौरान कराया गया व्यायाम



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा द्वारा महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस का रंगारंग आयोजन किया गया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी कैलाश नारायण वर्मा ने छात्र. छात्राओं को मेजर ध्यानचंद का परिचय देते हुए सभी को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ देबजानी मुखर्जी ने खेल दिवस के उपलक्ष्य में छात्र. छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए उत्साहित कियाद्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमण् जीण् रोईमोन एवं प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को अपनी शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के दौरान बालिका एवं बालक वर्ग के लिए हाफमैराथन का आयोजन किया गया तथा विजयी छात्र छात्राओं को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ अनुपमा गंगराड़े द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए रिदमिक जुम्बा का आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र. छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ जे मजू एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष मिरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक महेंद्र इखार ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी मांदर की थाप पर भरतनाट्यम



**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत केरल के स्कूली विद्यार्थियों का समूह अपने शिक्षकों के साथ भिलाई पहुंचा। यहां इन बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को करीब से देखा। प्रख्यात लोक वाद्य संग्रह रिखी क्षत्रिय के मड़ोदा-सेक्टर स्थित निवास व कार्यशाला पर इन बच्चों ने करीब 2 घंटे बिताए। जहां में स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के आदिवासी अंचल से रिखी द्वारा एकत्र किए गए लोक वाद्य को करीब से देखा। इन बच्चों ने रिखी क्षत्रिय द्वारा से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी तमाम जानकारियां हासिल की। वहीं छत्तीसगढ़ के परंपरागत वाद्य मांदर की धुन पर इन बच्चों ने केरल का परंपरागत नृत्य भरतनाट्यम भी प्रस्तुत किया। अनूप वीबी टीओसीएच पब्लिक स्कूल कोच्चि के इन बच्चों का रिखी क्षत्रिय के निवास पर परंपरागत स्वागत किया गया। उसके बाद इन सभी बच्चों ने प्रसिद्ध लोक वाद्य संग्रह को दिखा। रिखी क्षत्रिय ने इन बच्चों को सभी वाद्य और इन्हें बजाने की तकनीक की गहन जानकारी दी। रिखी क्षत्रिय ने मांदर पर थाप दी तो बच्चियों सहज होकर भरतनाट्यम प्रस्तुत करने सामने आई। छत्तीसगढ़ी वाद्य मंदिर की धुन पर केरल के परंपरागत भरतनाट्यम की प्रस्तुति देख उपस्थित सभी लोग बेहद खुश हुए इन बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी तमाम बातें रिखी क्षत्रिय से जानी। वहीं छत्तीसगढ़ और केरल के रहन सहन खान व कलाओं पर जानकारियां साझा की। इन बच्चों के साथ मिस मैरी जिंसी जैकब, लिएंडर थेरेसा, ग्रेशिया मरियम, अनूप, मीरा सेया, कार्तिक, निया मार्ग्रेट, तेजस्विनी प्रवीण, केरेन एलिस, थॉमस, अलमित्रा खालिद, निरंजना टीपी, सैलेशिया साजी, नेवा थॉमस, इमानुएल शिल्बी, अशोक अनंतापाट, रिशान विपिन, नील मनोज थॉमस, कुंचे सिद्धार्थ राजू,श्रीजीत, एमआरए अर्जुन सिंह, वैष्णव, एस, अनूप, कार्तिक, रियान मजुमदार शामिल थे। केरल के इस सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी सदस्यों को रिखी क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ का परंपरागत वाद्य रुंजु भेंट किया।

# मल्होत्रा का मृत शरीर चिकित्सा जगत को समर्पित

**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मानवता की भलाई के लिए एक और पार्थिव काया देहदान के माध्यम से मानवता को समर्पित हो गई। नेहरुनगर ईस्ट ब्लाक-45, प्लाट-10 निवासी मल्होत्रा परिवार के वरिष्ठ सदस्य धनीराम मल्होत्रा के मरणोपरांत उनकी मृत काया चिकित्सा अध्ययन हेतु दान कर दी गई। स्व.धनीराम मल्होत्रा एवं उनकी धर्मपत्नी सुदर्शन मल्होत्रा द्वारा 24 जुलाई 2014 को पवन केसवानी द्वारा की गई काउंसलिंग के पश्चात् देहदान की वसीयत जारी कर संकल्प लिया गया था। 30 अगस्त को उनके निधन की सुचना पुत्र सुरेश मल्होत्रा द्वारा निधन की सुचना पर अध्यक्ष पवन केसवानी को दिए जाने पर निकटतम शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। देहदान हेतु मल्होत्रा परिवार की ओर से उनके पुत्र सुरेश मल्होत्रा, नीरज सेठी, अरविंद मेहरा, धीरज घई, राजीव विंग, बी सुग्रीव, दीनेश मिश्रा, जसविंदर परवाना, अजीत नायर, अनिल अरोरा, युवराज सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता आदि की विशेष सहभागिता रही।



# 35 ने किया भाजपा में प्रवेश : बृजेश




**भिलाईनगर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया के नेतृत्व मे 35 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। जिसमें वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर एवं युवा शामिल हुए। अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की नीति विचारधारा सिद्धांतों से एव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभाव भारी संख्या में लोग भाजपा प्रवेश कर रहे है। नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को बृजेश बृजपुरिया ने भाजपा की रीति नीति और विचारधारा बताएं कार्यक्रम को संचालन महामंत्री प्रेमलाल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री जयप्रकाश यादव ने किया। इस अवसर पर महामंत्री योगेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मंत्री बृजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष रोग राम साहू, मंडल अध्यक्ष गजानन भारी संख्या में लोग शामिल थे। शहर के नामी वकील एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रेमचंद देवांगन उनके समेत कई लोगों ने भाजपा में प्रवेश लिया जिनमें से हर वर्ग के लोग शामिल थे। व्यापारी डॉक्टर इंजीनियर एवं कई युवा भी शामिल रहे। भाजपा में नए शामिल हुए लोगों के यह थे जीवनलाल साहू, मोहनीश देवांगन, वागीश देवांगन, डोमेन देवांगन, विक्की देवांगन, कुंदन जायसवाल, राहुल जायसवाल, अखिलेश फिलिप, हिमांशु गोयल, अंकित, भूपेन देवांगन, मुन्ना कुमार, धनेश पटेल, शक्ति सिंह एवं और भी लोग उपस्थित थे। भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष श्री बिजपुरिया ने सभी का स्वागत किया

## रायपुर संभाग में तीन नए ग्रामीण डाकघर खुले

**पिथौरा,** 1 सितंबर। रायपुर उपसंभाग में तीन नए शाखा डाकघर, शाखा डाकघर छड़िया लेखा कार्यालय खरोरा, शाखा डाकघर बहेराडीह लेखा कार्यालय बैकुण्ठ, शाखा डाकघर चक्रवाय लेखा कार्यालय सिमगा का शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्रामीणों में बहुत उमंग व उत्साह दिखा।

# पुष्प लता साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में उजियारा फहराया



## शिक्षा को लेकर अग्रणी रही पुष्प लता

**गुरुर,** 1 सितंबर (देशबंधु)। शिक्षा के क्षेत्र में उजाला फैलाने का कार्य पुष्प लता साहू कर रही है। तन मन धन से स्कूल के लिए समर्पित सहायक शिक्षिका पुष्पलता साहू ने शिक्षा के क्षेत्र मे नई दिशा और सोच को गति प्रदान की है।बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ें रखने एवं शत् प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षिका पुष्पलता साहू ने पहली से लेकर पांचवीं तक सभी बच्चों को प्रतिवर्ष स्वयं के व्यय से कापी,पेन,टाई एवं बेल्ट का वितरण करती है। पूर्व शाला-शा.प्रा.शाला सरबदा में भी 10वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर स्वयं के व्यय से सरस्वती माता के मूर्ति स्थापित की। बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षिका पुष्पलता साहू ने बालवाड़ी( आंगनबाड़ी) में बच्चों के हस्तकौशल विकास के लिए भी स्वयं के व्यय से कापी पेन का वितरण कर शैक्षणिक विकास में सहयोग प्रदान कर रही है।

कोरोना वैश्विक महामारी के समय बच्चों को शिक्षा से जोड़ें रखने के लिए आनलाईन क्लास एवं मोहल्ला क्लास में प्रति सप्ताह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय आने वाले बच्चों को स्वयं के व्यय से पुरुस्कृत कर उनकी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया। ताकि बच्चे लाकडाउन में भी शिक्षा से जुड़े रहे। कोरोना काल के समय हुए लर्निंग लास को दूर करने के लिए शाला में गढ़बो नवा भविष्य,2.0अंगना म शिक्षा,माता उन्मुखीकरण, विज्ञान एवं गणित

ओलंपियाड, कबाड़ से जुगाड माडल निर्माण प्रतियोगिता, ऊर्जा संरक्षण के लिए शैक्षणिक भ्रमण हेतु कृषि उपज मंडी, विद्युत क्रेडा पावर ग्रिड एवं गौठान,हस्त पुस्तिका लेखन प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमो का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया और बच्चों को प्रत्येक गतिविधि के लिए पुरुस्कृत भी किया। इस तरह से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रयासरत रहती है। इनके द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन अनुभूति नामक पत्रिका में दुर्ग डाइट में प्रकाशित किया गया एवं च्सौ दिवसीय भाषा पठन एवं गणितीय कौशल विकास पुस्तक में शिक्षिका पुष्पलता साहू द्वारा लिखी गई चौदह सप्ताह के पाठों को सम्मिलित किया गया है। राज्य स्तरीय गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत सौ दिवसीय भाषा पठन एवं गणितीय कौशल विकास अभियान के चौदहवें सप्ताह में बालोद जिले से ष्ह्ह्यष्द्धश्चह्य.द्ब्रके पोर्टल में हमारे नायक चयनित होने पर शिक्षिका पुष्पलता साहू एवं गतिविधि में भाग लेने वाले बच्चों का ग्रामीणजन, शाला प्रबंधन समिति एवं संजारी बालोद विधायिका संगीता सिन्हा द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी डी.एम.सी,ए.पी.सी,बी.ई.ओ, बी.आर.सी,सी.ए.सी,प्राचार्य, संकुल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और शा.प्रा.शाला बोहारडीह के सभी बच्चे उपस्थित थे।

खेल-खेल में गतिविधि आधारित शिक्षा देने के कारण इन्हें *बेस्ट एक्टिविटी टीचर* पुरस्कार, विद्यालय में शैक्षिक नवाचार के द्वारा अध्यापन कराने के कारण इन्हें *बेस्ट इन्नोवेटिव टीचर* पुरस्कार एवं शाला में साकारात्मक वातावरण निर्माण कर उत्कृष्ट अध्यापन कौशल का प्रदर्शन करने के लिए विकास खंड स्तर पर *उत्कृष्ट शिक्षक* सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया है। वर्तमान में 2022के लिए *राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।

**सफलता की कहानी**
**नाम- श्रीमती पुष्पलता साहू**
**पद- सहायक शिक्षक**
**शाला- शा.प्रा.शाला बोहारडीह**
**वि.ख.- गुरुर, जिला-बालोद**

# देवलाल ठाकुर को भाजपा प्रत्याशी बनाने पर वनांचल आदिवासियों में खुशी की लहर

**दल्लीराजहरा/डौंडी,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष व आदिवासी हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष प्रकाश आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने डौंडीलोहारा विधानसभा क्रमांक 60 से बालोद जिले के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष व वर्तमान में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है जिससे समस्त डौंडीलोहार विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्रामों में आदीवासी व सभी वर्गों में जबरजस्त खुशियों की लहर है जिससे देवलाल ठाकुर प्रचंड बहुमत से विजय होंगे। प्रकाश आर्य ने कहा कि डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र व छत्तीसगढ़ में कई लोगों ने भाजपा पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया है जिसका लाभ हमें 2023 के विधानसभा चुनाव में मिलेगा।प्रकाश आर्य ने आगे बताया की हम लगातार भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी देवलाल ठाकुर के समर्थन के लिए गांव गांव घुम कर आदीवासी वर्ग के साथ दिगर समाज के लोगों से उनके विचार ले रहे है व प्रचार प्रसार कर रहे है। जिसमें भाजपा को अच्छा फीडबैक मिल रहा है। आदिवासी वनांचलों में लोगों ने एक स्वर में देवलाल ठाकुर के समर्थन के लिए हामी भरी। प्रकाश आर्य ने आगे कहा की प्रदेश का आदीवासी समाज कांग्रेस के हाथों छला गया है तेन्दुपत्ते तोड़ाई की मजदूरी बढ़ाने की बात कह आज तक वादा पुरा नही किया।किसानों को केन्द्र सरकार से धान समर्थन मूल्य की राशि में भी धोखा दे रहे है केन्द्र से पुरी राशि लेकर 150 रू कम किसानों को दे रही है। उन्होने यह भी कहा की आज डौण्डी लोहारा ही नही पूरे प्रदेश के शहर गांवों में केन्द्र की योजनाओं से कार्य चल रहा उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी राज्य शासन ठीक से संचालित नही कर रही है। 2018 से झूठ की नीव में बनी भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम छत्तीसगढ़ की जनता मन बना चुकी है। और एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में बनेगी।प्रकाश आर्य ने आगे कहा की देश में नरेंद्र मोदी सरकार को 9 वर्ष पूर्ण होने पर उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों और छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह के 15 वर्षों में किए गए विकास कार्यों से लोगो अच्छी तरह परचित है।



- आदिवासी समाज कांग्रेस के हाथों छला गया : प्रकाश आर्य
- कांग्रेस को प्रदेश से उखाड़ फेंकने जनता मन बना चुकी है

# पशुपालकों से अनुरोध अपने मवेशियों को खुले में न छोड़े : नपाधिकारी

## नगर में पालिका द्वारा चलाया जा रहा रोका छेका अभियान

**दल्लीराजहरा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। खरीफ फसल की सुरक्षा एवं सड़को पर मवेशियों के बैठे होने से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान चलाया जा रहा है। । जिसके परिपालन में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा ,की मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी के निर्देश पर स्वच्छता पर्यवेक्षक सतीश चंद्राकर के द्वारा कार्यवाही करते हुए सड़क पर बैठे पाए गए कुल 11 मवेशियों को कांजी हाउस, गौठान पहुंचाया गया। जिसमें छोटे मवेशियों के लिए फाइन 500 रुपए एवं बड़े मवेशियों हेतु 2000 रुपए निर्धारित की गई है।इस अभियान से जहां एक ओर फसल की नुकसान पर नियंत्रण किया जाता है। वही दूसरी तरफ मवेशियों के सड़क में बैठे होने से घटने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आती है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने शहर के समस्त पशुपालकों से अपील की है की वे अपने मवेशियों को अपने घर में सुरक्षित रखें ,उन्होने पशुपालकों से अनुरोध किया की अपने मवेशियों को खुले में न छोड़े मवेशी खुले सड़क में घुमते पाये जाते है मालिकों पर अर्थदंड लगेगा। साथ ही यह भी कहा की शासन की इस रोका छेका अभियान में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए,नगर पालिका परिषद के कार्य में सहयोग प्रदान करें।



# राजिम के गायत्री मंदिर में हुआ हास्य कवि सम्मेलन

## भारत सोने की चिड़िया फिर बच्चे भूखे नंगे क्यों? : दिवाकर

**राजिम,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय गायत्री मंदिर सभागृह में चल रहे यज्ञाचार्य प्रशिक्षण शिविर में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के नामचीन कवियों ने शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को गुदगुदाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ यज्ञाचार्य परमानंद यादव, हरिशंकर सिंहा, हीरालाल हिरवानी, कल्याणी कंसारी, भवानी कंसारी इत्यादि की उपस्थिति में ओज के कवि टीकमचंद सेन दिवाकर ने देशभक्ति का जज्बा भरते हुए अनेक कविताएं प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि- जहां गंगा जमुना की धार हो, उसे देश की धरती सुखे क्यों। सोने की चिड़िया भारत में बच्चे भूखे नंगे क्यों। कवियत्री सरोज कंसारी ने जिंदगी का फ्लसफा बताते हुए कविता प्रस्तुत की पंक्ति देखिए- जिंदगी के सफर का मुकाम है। कड़वाहट में मीठा सा एहसास है। सूर्य सा तेज और प्रकाशवान है। मां, बहन व बेटी का सुरक्षा ढ़ाल है। व्यंग्यकार संतोष सेन की कविताओं ने ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। उनकी व्यंग्य रचना देखिए-आपको समिति का राशन सही कीमत, सही तौल पर मिलता हो बधाई हो। दुर्भाग्य से आपका स्वास्थ्य खराब हो गया। आप सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। अंततः आप ठीक नहीं हो सकें, पर मारे नहीं। बधाई हो। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने ग़ज़ल पढ़ी और माहौल में चार चांद लगा दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत गजल की टुकड़ी पढ़िए-थक गया हूं मैं अकेले चलते-चलते। साथ तुम होते सफर आसान होता। जीने देती है समझदारी कहां अब। काश! दिल यह मेरा भी नादान होता। हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए हास्य चुटकुला सुनाकर हंसने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने फैशन पर करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि आजकल फैशन में नवयुतियां मल्लिका शेरावत को पीछे छोड़ चुकी है और छोटी उम्र में बुधिया सबसे आगे दौड़ चुकी है। सदन कानून बनाने का कारखाना है, उसे अपने फायदे के लिए चाहे जिधर मोड़ों, तोड़ो या फोड़ो क्योंकि अब पैसे का जमाना है।



## सार-संक्षेप

### राष्ट्रपति का जगन्नाथ मंदिर में भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 1 सितंबर। भारत की राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राजधानी के गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुँची। जहाँ जगन्नाथ मंदिर के अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा ने उनका स्वागत कर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन , मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विधायक कुलदीप जुनेजा , महापौर एजाज ढेबर , अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू , पूर्व राज्य मुख्य सूचना आयुक्त श्री एमके राउत , मंदिर समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा , पीयूष मिश्रा सहित मंदिर समिति के सदस्यगण एवम प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## निधन

### महंत दशरथ भारती

**दुर्ग,** 1 सितंबर। गया नगर दुर्ग निवासी दशरथ भारती का आज सुबह करीब 9 बजे निधन हो गया। वे कीर्तन, सुरेश, कौशल भारती गोस्वामी के बड़े भाई और सुनील पूनम देवेन्द्र भारती गोस्वामी के पिता थे। अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# भाटापारा विस क्षेत्र से कांग्रेस के लिए दमदार प्रत्याशी हैं राधेश्याम शर्मा : देवेन्द्र भृगु

**भाटापारा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु ने कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्र. 46 से दमदार जितने योग्य प्रत्याशी के रुप मे राधेश्याम शर्मा है । जो की राजनीति के क्षेत्र मे साफ सुथरे व नये चेहरे के रुप मे सामने आयें है । गौरतलब है की पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव मे कॉंग्रेस को शहर के 51 बूथ मे से 50 बूथ में हार का सामना करना पडा था । इसी के मद्देनजर विगत दिनों प्रथम प्रवास पर भाटापारा कांग्रेस भवन में नये प्रदेश कॉंग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कहा था कि हमारा ग्रामीण क्षेत्र मजबूत है और शहर को मजबूत करने की दिशा मे प्राथमिकता देना है। ऐसी परिस्थिति में राधेश्याम शर्मा का जन्म भाटापारा मे हुआ है तथा इनकी प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक, हायरसेकंडरी व उच्च शिक्षा भाटापारा से ही ग्रहण किये है व वर्तमान मे व्यवसाय व राजनीति भी भाटापारा क्षेत्र मे ही कर रहे है । जिसके कारण किसान - मजदूर एवं व्यवसाईयों से जमीनी स्तर से जुडे हुये है तथा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों मे भी हमेशा आगे बढकर शामिल रहते है । इससे शहर के मतदाताओं के बीच एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी इनकी छवि काफी लोकप्रिय है। वही राधेश्याम शर्मा का संबंध सरल व्यवहार उच्च, निम्न व मध्यम वर्गों के साथ - साथ अधिकारियों कर्मचारियों के बीच भी मधुर संबंध है । भाटापारा की जनता इस बार कॉंग्रेस से नये चेहरे के रुप मे प्रत्याशी देखना चाहती है, जो अपनी भाटापारा धरती माँ की सेवा कर सके। आज प्राय: भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की जनता नये नेतृत्व को पसंद कर रही है। क्षेत्र की जनता को राधेश्याम (फग्गा भैय्या) से उम्मीद है कि उनको पार्टी से टिकट मिले व भाटापारा के भगवान तुल्य जनता की सेवा का अवसर मिल सके । प्रतिदिन सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण मतदाता पंच सरपंच कॉंग्रेस के कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा (फग्गा) भैय्या से मिल रहे है व किसानों एवं महिला वर्ग का भी भरपुर समर्थन मिल रहा है और वह चाहते है कि फग्गा भैय्या को कॉंग्रेस अपना उम्मीदवार बनाये ताकि भाटापारा के रुके हुये विकास कार्य पूरे हो सके। साथ ही कॉंग्रेस से दावेदारी कर रहे अनेको दावेदारों ने भी दबी जुबान से समर्थन किया है। फग्गा भैय्या के प्रबल दावेदारी से भाटापारा क्षेत्र की जनता का भरपुर स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है । कॉंग्रेस पार्टी अगर राधेश्याम शर्मा को टिकट देकर अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो निश्चित ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और कांग्रेस भारी मतों विजय प्राप्त करेंगी।



# भूपेश सरकार का किसान श्रमिक युवाओं महिलाओं में अच्छा फिडबैक : सोनी

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 1 नवंबर (देशबन्धु)। मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी ब्लॉक डौंडी के विभिन्न ग्रामों में घुम घुम कर किसान युवाओं महिलाओं श्रमिको सै मिल कर भूपेश शासन के जनहित योजनाओं पर बात करते हुए उनके विचार ले रहे है। जिसमें कांग्रेस की भूपेश सरकार के संबध में अच्छा फीडबैक सभी वर्गों से मिल रहा है। ग्राम बोरगांव में गत रात्रि जनसंपर्क किया। मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी सबसे पहले ग्राम के हल्बा आदिवासी भवन में पहुंचकर मां दंतेश्वरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात श्री सोनी ने समस्त ग्राम वासियों के साथ बैठकर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के केबिनैट मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा कराए जा रहे जनहित विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सत्ता को प्रदेश में फिर से स्थापित करने ग्रामिण कार्यकर्ताओं एक जूटता के मिलकर काम करने के लिए अपील किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव बारला जी, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, ग्राम के सरपंच माखन देवहारी, चरण मंडावी, डोमेश कुमार एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**मंत्री प्रतिनिधि ब्लाक के विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों से कर रहे जनसंपर्क**

## प्रादेशिकी का शेष...

### 19 पेटी मध्यप्रदेश की ...

तिथि में ही ग्राम दादर में अवैध शराब धारण, विक्रय की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 20 पाव देशी मदिरा मसाला मात्रा कुल 3.60 बल्क लीटर एवं एक हीरो स्पलेंडर प्लस वाहन जप्त किया गया है।

### पंथी के पुरोधा देवदास बंजारे की पुण्यतिथि पर...

पुस्तक का विमोचन : इस अवसर पर पुराणिक लाल चेलक रचित पुस्तक का विमोचन अमित जोगी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री चेलक ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक दिलीप बंजारे, मोहन चतुर्वेदी, बरसन देशलहरे, सोनम बंजारे, हेमलाल गायकवाड़,भारती आलबरस, कैलाश चतुर्वेदी, शुभम् बंजारे, लितेश जोशी, व्यासनारायण कुर्रे, मंशाराम कुर्रे, धरम देशलहरे, इस तरह विभिन्न पंथी दलों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच संचालन रूप कुमार जांगड़े, टुमन जांगड़े द्वारा किया गया यह जानकारी संस्था के सचिव ऋषि टंडन ने दी हैं।

### जूनियर क्रिकेट खिलाड़ियों का ...

मार्कशीट, आधार कार्ड नवीन दो पासपोर्ट कलर फोटो रजिस्ट्रेशन फॉर्म, रजिस्ट्रेशन नंबर, व् रजिस्ट्रेशन शुल्क क्रिकेट गणवेश व् किट के साथ उपस्थित होवें ।

ट्रायल्स से 20-25 संभावित खिलाडियों का चयन क्रिकेट प्लेयर आशीष सूर्यवंशी, संजीव श्रीवास्तव, सुरमित भोगल, सुशिल मिश्रा, युसूफखान, कौशल वर्मा, इन्दर कौर के देख रेख में किया जायेगा।

### चाकू दिखाकर तोड़फोड़ का...

व्यवसाई के हाथ में चाकू लगने से चोट भी पहुंची है। व्यवसायी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार किय। आज न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय युवा समाज ने...

सौंपी गई। समाज के प्रतिनिधि मंडल के अनुसार प्रदेश में दिल्लीवार कुर्मि समाज की जनसंख्या लगभग साढ़े 4 लाख है। दुर्ग ग्रामीण, गुण्डरदेही, बालोद, राजिम एवं राजनांदगांव है । इन क्षेत्रों से समाज की बैठक में समाज के केन्द्रीय युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, उपाध्यक्ष कमलेश देशमुख, उत्तम देशमुख, हेमंत देशमुख, तिलक राम देशमुख, प्रदीप कोठिया देशमुख, योगेन्द्र देशमुख इत्यादि लोग शामिल हुए।

# अनाचार के दो मामलों में 20-20 साल की सजा

**महासमुंद,** 1 सितंबर (देशबंधु)। विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 योगिता विनय वासनिक ने 31 अगस्त 2023 को एक ही दिन में दो अलग.अलग मामलों में नाबालिग को भगाकर उसके साथ अनाचार करने के अपराध के लिए दो युवकों को 20.20 वर्ष की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। एक मामले में अभियोजन के अनुसार 16 वर्षीय पीड़िता ने थाना पटेवा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 23 अगस्त 2022 को उसका पड़ोसी भेखलाल यादव पिता प्रेमलाल यादव 22 वर्ष निवासी पटेवा जिला.महासमुंद ने शादी का प्रलोभन देकर अपने घर में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। बाद में 25 अगस्त 2022 को उसे भगाकर भिलाई ले गया। वहां भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। और 22 अक्टूबर 2022 को उसे रखने से मना करते हुए मारपीट कर उसे भगा दिया। घर लौटकर मां को जानकारी दी। व बाद में रिपोर्ट दर्ज करायी। जिस पर धारा 363, 366 तथा 376 2 एन एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। ऐसे दूसरे मामले में प्रार्थी ने थाना पटेवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 30 जनवरी 2023 को अपनी सहेली के साथ झलप स्कूल गई थी। करीब साढ़े 4 बजे उसकी सहेली ने घर आकर पूछा कि अभियोक्त्री घर आ गई क्या। उसी सहेली ने घर वालों को बताया कि वह तबियत ठीक नहीं है, दवा लेने जा रही हूं कहकर 3 बजे स्कूल से निकली थी। बाहर रामरतन ध्रुव पिता रामसिंग ध्रुव 22 वर्ष निवासी ग्राम सेमराडीह चौकी . निपनिया, थाना.भाठापारा ग्रामीण, जिला.बलौदाबाजार एक और लड़के के साथ खड़ा था। रामरतन ध्रुव के साथ ही दवा लेने जाने की बात उसने कही थी। यह जानकारी मिलने के बाद प्रार्थी ग्रामीणों को लेकर रामरतन के गांव सेमराडीह गया। वहां रामरतन के घर पर उसकी पुत्री अभियोक्त्री मिली। उसने बताया कि अभियुक्त से उसका प्रेम संबंध है। शादी का प्रलोभन देकर वह उसे रायपुर फिर निपनिया ले गया। दो बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। रिपोर्ट पर धारा 363, 366, 376 2 (ढ) एवं धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। दोनों अलग.अलग मामलों में विशेष न्यायाधीश ने दोनों अपराधियों को धारा 363 के तहत 5 वर्ष की कैद व 1000 रू अर्थदंड] धारा 366 के तहत 7 वर्ष कैद व 2000 रू अर्थदंड तथा धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत 20 वर्ष व 10 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों मामलों में राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

# पीएम आवास व पट्टा की मांग को लेकर ढाई सौ लोगों का जत्था पार्षद के नेतृत्व में पहुंचा कलेक्टर से मिलने



**राजिम,** 1 सितंबर। नगर पंचायत राजीम के वार्ड 12 और 13 के भूमिहीन विगत दिनो प्रधानमंत्री आवास से वंचित लगभग ढाई सौ लोग पार्षद प्रकाश आदिल के नेतृत्व में गरियाबंद जिला कलेक्टर के पास प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टा लेने की मांग को लेकर पहुंचे । गरियाबंद पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास से वंचित सैकड़ो लोगों ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जन चौपाल में आवास स्वीकृत करने एवं पट्टा प्रदान करने की मांग की । श्री आदिल ने अधिकारियो से यह भी कहा कि जिस स्थान में भूमिहीन निवासरत हैं इस स्थल का पट्टा एवं आवास स्वीकृत करा देंगे उक्त स्थल पर उनके पूर्वज वर्षों से निवास करते आ रहे हैं जन चौपाल में हो हल्ला के बाद अपर कलेक्टर के आश्वासन के बाद भूमिहीनो का आक्रोश शान्त हुआ। पार्षद ओमप्रकाश आदिल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास एवं पटटा की मांग को लेकर प्रमुख रुप से लखन साहू, जितेंद्र साहू, बिरजू सोनकर, नरेंद्र देवांगन मनोज निषाद , राघवेंद्र ध्रुव, तीरथ निषाद ,जयराम ध्रुव रवि देवांगन कुमार देवांगन, विष्णु राम साहू, जितेंद्र निषाद ,कैलाश सोनकर, प्यारेलाल निराला , जोहत राम निषाद, नरेंद्र आदिल, नरेश चतुर्वेदी, संतोषी निषाद ,सीमा निषाद भारती निषाद परगना निषाद गनेशीय निषाद ,मालती पटेल, जांबई देवांगन ,मीना भाई ,रूपा यादव ,सकीना बेगम पुष्पा निषाद ,सुखी बाई देवांगन, ममता निषाद, शहजादी अली गुलाबा पटेल, गीता ऑडील दुर्गाबाई ऑडील दुलेश्वर आडील ,मधु आडिल, श्याम भाई आदिल मालती कुर्रे गंधेश्वरी बोरसे, धनेश्वरी कुर्रे, सहित अनेको लोग शामिल थे।

# हेमंत साहू को पीएचडी सम्मान



**बिलाईगढ़** 1 सितम्बर(देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम बरेली विकासखंड कसडोल जिला बलौदाबाजार निवासी हेमंत कुमार साहू को हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा डॉक्टोर आफ फिलासफी(पी, ए च, डी,)की उपाधि प्रदान की गई है।उन्होंने अपना शोध कार्य निर्देशक डा, लक्ष्मी वर्मा सहायक प्राध्यप्क् श्री संक्राचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई व सह सोध् नीरदेशक् डा, ए न पापा राव सहायक प्राध्यापक कल्याण स्नेकोत्तर महाविद्यालयल भिलाई के निर्देशान मे पूर्ण किया यह सम्मान शिक्षा विषय के शिर्सक उच्च माध्यमिक स्तर के बीक्तित्व् तथा आक्रमत्मकता का समायोजन से सम्बन्धात्मक अध्ययन पर दिया गया है हेमंत कुमार साहू वर्तमान मे जिला सिक्छा प्रशिक्षन् सस्थान अछोटी दुर्ग मे सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत है इनकी इन उपलब्धि पर प्राचार्य वाई आर साहू शा,उच्च,मा,विद्यालय छुरा ब्याख्याता डा, रोहित कुमार साहू शा,पलटीनेक सुकमा पत्रकार गोविंदराम साहू प्रशिसंकचन अधिकारी हरिओम साहू खम्हरिया श्रीमती मीनू कल्पना साहू शा,पु,मा,शाला दगणिया रायपुर आदि ने शुभकामनाये एवं बधाई दी है साहू जी बरेली निवासी स्व,नाथूलाल साहू का सुपुत्र एवं रोहित कुमार साहू बड़ा भाई है।

## पोषण माह का किया गया शुभारंभ



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक वजन त्यौहार 1 से 13 सितंबर तक कार्यक्रम चलेगी जिसका आज शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र अमेरा 3 में गर्भवती, शिशुवती महिलाएं और 0-6 वर्ष के बच्चों का वजन किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य सेवती साहु, सरपंच लकेश्वरी साहु, सेक्टर सुपरवाइजर सुनीता कुर्रे, कार्यकर्ता सोनी कुर्रे, खुमीन, धनेश्वरी साहु, कृर्तिसेन,सहायिका सीता साहु के साथ हितग्राही उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी की बैठक कल गुण्डरदेही म

**गुण्डरदेही/बालोद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की आवश्यक बैठक 3 सितंबर रविवार को समय 12 बजे साहू सदन साप्ताहिक बाजार स्थल गुण्डरदेही में रखी गई है जिसमें जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान जिले के नवनियुक्त पदाधिकारीयो का सम्मान ग्राम कमेटी व संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी कार्यक्रम में महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा झा प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेगी।

# टीम भावना के साथ खेलने से लक्ष्य की होती है प्राप्ति: छाबड़ा

**बेमेतरा**, 1 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बारगांव में जिला हॉकी संघ बेमेतरा द्वारा अयोजित जिला स्तरीय हांकी प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किये।



इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को उभारने के लिए खेल विकास प्राधिकरण के गठन सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचनाओं का निर्माण किया गया है,स्थानीय खेल प्रतिभाओं को पहचानने, निखारने और उचित मंच देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई है, इससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है,खेल का जीवन में बड़ा महत्व है.खेल जहां व्यक्ति को अनुशासनात्मक जीवन जीने की कला सिखाता है,वहीं शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूती भी देता है. इसलिए हर युवा को चाहिए कि वे किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ें.महिला हो या पुरुष खिलाड़ी, अपनी खेल प्रतिभा के बल पर अनेकों उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं,कुछ दिन पूर्व ग्राम कुसमी में हॉकी के जादुगर के नाम से विख्यात मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस के अवसर पर राष्टीय खेल दिवस मनाएं है,खिलाडियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने खेल क्षेत्र में आगे बढना चाहिए.मेजर ध्यानचंद भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए खेल दिवस उस महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिनकी प्रतिभा ने भारत को अंतरराष्ट्रीय हॉकी फील्ड में अन्य देशों पर हावी होने में मदद की खेल के महत्व को चिह्नित करने और किसी के जीवन में खेल गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी राष्टीय दिवस मनाया जाता है. उनकी जयंती पर महान शख्सियत को याद करते हैं, जिन्होंने सभी नागरिकों के लिए आदर्श प्रेरणा के रूप में काम किया. मेजर ध्यानचंद की विरासत लोगों को खेलों को करियर के रूप में अपनाने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करती रहती हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भी एक से बढ़कर एक होनहार खिलाड़ी है जिन्होंने,जिला स्तरीय,राज्य स्तरीय, राष्ट्रिय स्तरीय सहित विभिन्न प्रतिस्प्रधाओ जीत दर्ज कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन्ही में से बारगांव की होनहार हाकी खिलाड़ी डाली निषाद जिन्होंने खेलो इंडिया के तहत नागालैंड में राष्ट्रिय स्तर हांकी खेल में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किए साथ ही 19 खिलाडियों ने भी राज्य स्तर में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया साथ यहां की व्यायाम शिक्षक जो की खुद एक अच्छी हांकी खिलाड़ी भी है,जिनके मार्गदर्शन में यहां के बालक/बालिका हांकी के गुर सीख रहे है,और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है, इस अवसर पर विजय पारख उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सच्चिदानद मिश्रा, धनेस्वरी चंदेल सरपंच,शुभम वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधि,खोमलल साहू बी आर सी बेरला,प्रवीण शर्मा, ललित विश्वकर्मा,राजेश चंदेल, देवचरण गोसाई,बल्लू साहू, छम्मन यादव, इंद्रचंद जैन, गिरवर दास,टेकराम साहू,हेमसिह साहू, जगजीत सिंह, देवेन्द्र भादरे,तीक्ष्ण साहू प्राचार्य,भीखम साहू,सुरेंद्र पटेल,तुसली साहू,प्रकाश साहू,कुशल साहू, ओमप्रकाश साहू, एस पी को, एस एस ठाकुर सहीत बडी में ग्रामवासी/खिलाड़ीगण रहे उपस्थित।

# बाबा बालक दास महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक और सतनामी आंदोलन के प्रणेता थे: योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। बाबा बालक दास जंयती पर सतनाम सेना की ओर से निकाली गई शोभायात्रा का किसान नेता योगेश तिवारी ने शहर की घड़ी चौक में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। गौरतलब शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह सर्व समाज के लोगों ने भी स्वागत किया। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने बाबा बालक दास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक, युग पुरुष और मानवाधिकार के लिए सतनामी आंदोलन के प्रणेता व सतनाम धर्म के संस्थापक गुरु घासीदास के उत्तराधिकारी थे। हक अधिकार के लिए समाज की लड़ाई अत्यंत ऐतिहासिक व संघर्षशील रहा है। जिसमें बाबा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक काम किए। इस दौरान नन्दू गुप्ता, मनोज दुबे, पीयूष शर्मा, हीरून साहू, देवकुमार यादव, राम साहू, मनोज दुबे, टोपेन सोनवानी, संजू बारले, प्रांजल पाटिल, मनोज यदु, तरुण देहरे तुषार राजपूत, रोहित राजपूत, राहुल साहू, मनीष साहू, शिवम साहू, दिव्यांश शर्मा, रुद्राक्ष शर्मा, गौरव यदु, सिद्धांत तिवारी, मनोज बंजारे आदि लोग उपस्थित थे।



■ जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा का किसान नेता योगेश तिवारी ने किया स्वागत

# रक्षाबंधन का त्योहार भारतीय संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब हैं

**बेमेतरा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। देशभर में रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। दीपेश साहू जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा को सेंकडो की संख्या मे बहनों ने उनके कार्यालय वार्ड नंबर 5 पर पहुंचकर राखी बांधी। बहनों ने दीपेश साहू की कलाई पर राखी बांधी। वहीं इससे पहले दीपेश साहू ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार भारतीय संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है।



■ बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का त्योहार : दीपेश साहू

बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव तथा सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे।ज्ञ श्रावण मास की पूर्णिमा को हर साल मनाया जाने वाला यह पर्व भाई-बहन के प्यार एवं पवित्र रिश्ते को और गहरा करता है। अटूट प्रेम के इस पर्व पर बहनें जहां अपने भाइयों की सफलता की प्रार्थना करती हैं, वहीं भाई इसके बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का संकल्प लेते हैं।

यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है और अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है आइए, इस शुभ अवसर पर हम महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समानतापूर्ण वातावरण बनाने का संकल्प लें।

जिसमें प्रमुख रूप से बिरन सहोद्रा, परेमिन ,प्रेमबाई, जगती ,चंपा ,सुमरित चंद्रिका ,मीना,ठगनी ,निर्मला ,कीर्तिक्य ,अनिता,भूखिन ,दुर्गा ,देवकी ,धनसिंग ,द्वारिका भाना, संजय ,रामहीन, दुर्गा ,पुनेश्वरी मीरा ,दुलारी ,तीजन, रामहिन, ललिता देवकी, सावित्री, कुमारीपूर्णिमा जानकी ,सरिता ,जमुना, चित्रेखा कमला ,दुरपति निषाद, मधु ,मीना सरस्वती ,कुमारी ,धनबाई ,पूर्णिमा लकेश्वरी, रजनी, परदेशी ,शिवनी ,तनु जानकी ,दुकला ,मुनिया ,जुगा ,राजिमा प्रियरी ,लिकेश्वरी, सरिता, सरोज धनशीर, सोनकुवार, उर्मिला ,प्रमिला दुर्गा साहू ,जाना यादव ,देवतीन रामेश्वरी ,अहिमन ,मोंगरा ,माहेश्वरी सुनीता ,अमृत, रुक्मणि, गीता ,सतवंती ,छुनु ,भानु ,कुमारी पुंवती, राजिया, बसंता ,चित्रेखा, नंदनी बिमला ,सरस्वती, मनकुवरा, निर्मला परगा आदि।

# जिला जेल में विचाराधीन बंदी की अटैक से मौत, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव

**बालोद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के जेल में बंद विचाराधीन बंदी बलराम जोशी 54 वर्ष की अटैक आने से गत दिनों मौत हो गई। स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल जिला जेल के कर्मियों ने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ के लिए विचाराधीन बंदी को अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बलराम जोशी की मृत्यु घोषित किया। बलराम जोशी के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। वही वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार बलराम जोशी की मौत अटैक आने से हुई है ऐसा बताया गया है हालांकि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आई है परंतु जिस तरह से उनकी मौत हुई है वह सामान्य मौत के रूप में बताया जा रहा है जेल प्रशासन के अनुसार बलराम जोशी रविवार की सुबह सामान्य तौर पर खान.पान किया था और शौचालय जाने के बाद बैरक में आया और बोतल से पानी पीने लगा इस दौरान लुढ़क गया जैसे ही जानकारी मिली तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया और उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक गुरुर ब्लाक के ग्राम सोरर का रहने वाला था और 302 के आरोप में करीबन 14 माह से अधिक समय से जेल में बंद था।



गौरतलब हो कि बलराम जोशी अन्य दिनों की अपेक्षा 27 अगस्त को भी अपने बैग के अंदर की साफसफाई सामान्य तौर पर किया था। 27 अगस्त रविवार की रात्रि लगभग 12:00 बजे बैरक क्रमांक छह में अचानक बलराम जमीन पर गिर पड़ा और तत्काल उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलराम के परिजनों को सूचित किया गया। शव पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आना बाकी है। बलराम जोशी की मौत के संबंध में बालोद जिला सहायक जेल अधीक्षक शोभा रानी ने बताया कि विचाराधीन बंदी बलराम जोशी का का स्वास्थ्य जैसे ही खराब हुआ तत्काल उन्हें जिला चिकित्सालय स्वास्थ्य लाभ के लिए रेफर किया गया परंतु चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित किया इसके बाद उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है।

## वन विभाग में सरिया की हेराफेरी को लेकर डीएफओ ने रोपनी प्रभारी को किया निलंबित

**बालोद,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। वन विभाग बालोद के अंतर्गत पर्यावरण पार्क में निर्माण हेतु वन परिक्षेत्र अधिकारी बालोद के द्वारा सरिया सप्लाई हेतु सप्लायर को दिया गया था। जिस संदर्भ में जानकारी मिली कि रोपनी प्रभारी रेनू निषाद ने सरिया 2800 किलो जो कि लगभग 1,65,000 राशि का था में से अपने निजी मकान स्टेडियम के पास निर्माणाधीन गंजपारा बालोद में 37 बडल खाली करवाया है व शेष 6 बडल पर्यावरण पार्क में खाली कराया गया है। इसके बाद सभी पक्षों का बयान होने के बाद इस संदर्भ में वन विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आया उसके बाद बालोद जिला वन मंडलाधिकारी आयुष जैन कार्यवाही करते हुए रेनू निषाद के निलंबन आदेश जारी किया गया। उन्होंने बताया कि बयान दर्ज होने के बाद मामला सही पाया गया की सरिया की हेरा फेरी हुई है। आयुष जैन ने आगे कहा कि वर्तमान में निलंबन आदेश जारी करने के बाद विधिवत विभागीय कार्रवाई जारी रहेगी।

# लक्ष्मी मेडिकल हॉल के कदम राजनांदगांव की ओर

**रायपुर,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। 50 वर्षों से अनवरत सेवाएं देने वाले तथा प्रदेश भर में एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने वाले एवं छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ मेडिकल चेन स्थापित करने वाले लक्ष्मी मेडिकल हॉल नें अपना कदम राजनादगांव की ओर बढ़ा दिया है। विगत बुधवार 23 अगस्त को राजनांदगांव जिले की मानव मंदिर चौक में एक नई शाखा का शुभारंभ राजनादगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी मेडिकल हॉल के मुख्य संचालक किस्मत राम जादवानी, सुनील जादवानी, विकास जादवानी एवं मेडिकल हॉल में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।



ज्ञात हो कि राजनाथ गांव में समस्त बीमारियों की समस्त दवाइयां उपलब्ध ना होने की वजह से वहां के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहां के लोग रायपुर आ कर दवाइयां खरीदते थे। जैसा कि आप सब जानते हैं कि लक्ष्मी मेडिकल हॉल समस्त दवाइयां उपलब्ध कराने में मशहूर है चाहे छोटी बीमारियां हो या फिर किडनी, कैंसर, हॉर्ट या लीवर की बीमारिया, साथ ही मेडिकल हॉल मेडिकल उपकरण भी उपलब्ध कराने में सक्षम है। इस मेडिकल हाल में व्हीलचेयर, कमोड चेयर, वाकर, वाकिंग स्टिक एवं ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य उपकरण हमेशा उपलब्ध रहते हैं। अब तो मेडिकल हाल में जेनेरिक, एलोपैथिक के साथ-साथ आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कराया जा रहा है। समस्त दवाइयां एवं उपकरण की उपलब्धता से राजनादगांव के लोगों में अच्छा उत्साह है, जिसका प्रतिसाद मिलना शुरू हो गया है। इस मेडिकल हॉल के संचालन का जिम्मा जादवानी परिवार के सदस्य मेडिकल क्षेत्र में अनुभव रखने वाले विनय कोडनानी एवं शुक्ला जी को सौंपा गया है। राजनांदगांव के लोगों में इस बात को लेकर भी काफी उत्साह है कि इस मेडिकल हॉल ने निशुल्क घर पहुंच सेवा भी शुरु कर दी है, जिसके लिए मेडिकल हॉल ने मोबाइल नंबर 88219-69222 जारी किया है। जो लोग किसी कारणवश मेडिकल हॉल तक नही पहुंच नही पा रहे वो इस नंबर पर काल करके दवाइयां मंगा सकते हैं।

## गुढ़ियारी के पास मिला ट्रक चालक का शव नहर मे तैरते हुए पाया



**गुण्डरदेही,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को तांदुला नहर मे फुण्डा के पास ट्रक चालक 27 वर्षीय आशीष दामले दल्लीराजहरा निवासी नहर मे बह गया था जिसका शव शुक्रवार को उतई थाना क्षेत्र के गुढ़ियारी नहर पुल के पास तैरते हुए पाया गया घटना की जानकारी स्थानीय उतई थाना को दी गई उसके बाद पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया बताया गया कि ट्रक चालक गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे सीमेंट भरकर अरमरीकला भोथली खाली करने जा रहा था इस बीच फुण्डा के पास नहर मे चालक शौच करने के बाद नीचे उतरा और अचानक उनका पैर फिसल गया पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण चालक बह गया जो शुक्रवार को दो बजे उतई थाना के गुढ़ियारी नहर पुल के पास तैरते हुए पाया गया।

## गैस सिलेंडर मे दो सौ रुपए सस्ता कर मोदी ने गरीबो को दी बड़ी राहत

**गुण्डरदेही,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मोदी सरकार ने देश में एलपीजी गैस सिलेंडर मे दो सौ रुपए सस्ता करने पर बालोद जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने खुशी जताते हुए इसे रक्षाबंधन के पर्व पर आमजन के लिए अनमोल उपहार बताया है श्री यदु ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बड़ी राहत देते हुए 75 लाख अतिरिक्त लाभार्थियों को उज्जवला कनेक्शन दिए जाने का फैसला सराहनीय है उन्होंने कहा कि मोदी ने देश की महिलाओं को सम्मान देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं मोदी ने देश भर के हर घर में उन्नत शौचालय का निर्माण कराकर हमारी बहनों को वह राहत दी है जो दशकों से अपेक्षित थी महिलाओं को राहत देते हुए उन्होंने गैस सिलेंडर के दाम में बड़ी कटौती की है जिसका लाभ सभी को मिलेगा।



# एक महीने में ही मनरेगा से गेबियन निर्माण की पोल खुली

**सहसपुर लोहारा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना से नदियों में प्रवाहित होने वाले मिट्टी, कचरा को एक जगह रोक कर पानी को सुगमता से प्रवाहित करने और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गेबियन का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए इस विकास खण्ड के वो गांव जहाँ नदी नाले है वहां इसका निर्माण किया जा रहा है पर करोड़ो की लागत से बनने वाले गेबियन निर्माण कार्य अब की कमीशन खोरी का जरिया बनने जा रहा है। हमेशा सुर्खियों में रहने वाला ग्राम पंचायत छोटूपारा अब अपने घटिया, गुणवत्ता विहीन गेबियन निर्माण के लिए सुर्खिया बटोर रहा है इस पंचायत के आश्रित ग्राम बेलहरी में बांध के ऊपर बहने वाले नाले में गेबियन का निर्माण 7 जून 2023 को प्रारम्भ किया गया और ये गेबियन मात्र एक महीने बहुत कम बरसात में ही उखड़ गया जिससे साफ है इस निर्माण में व्यापक रूप से अनियमितता बरती गई है इस निर्माण को साइज काला पत्थर से बनना था पर इस स्थल में आसपास को जंगली बोल्डर को इकठ्ठा करके इसका निर्माण कर दिया गया जो स्थल में देखने पर आसानी से पता चल रहा है ज्ञात हो की उक्त कार्य के लिए 2.58 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिली हुई है पर इस स्थल में कुछ हजार बस खर्च ही किया गया इस ग्राम के दशरथ साहू, संतराम साहू एवं ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को लिखित आवेदन देकर इस निर्माण कार्य की जांचकर दोषी लोगो को कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। मनरेगा योजना में जिस प्रकार से गेबियन निर्माण को चरागाह समझ कर सरपंच और इससे जुड़े लोग अनियमितता बरत कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे है उससे नदी नालो को पुनर्जीवित करने का ये अभियान कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया है जिसकी स्थल में पहुंचकर जिम्मेदार अधिकारी जांच करे तों भारी अनियमितता सामने आयेगी।



## सरपंच पद के प्रत्याशी दीनबंधु जंघेल पर कुछ ग्रामीणों ने किया था जानलेवा हमला

**खैरागढ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम ठंडार में विगत दिनों 26 जून को सरपंच पद के लिए उपचुनाव हुआ था। जिसमे सरपंच पद के प्रत्याशी दीनबंधु जंघेल उम्र 45 वर्ष पर ग्राम ठंडार के ही कुछ लोगों ने प्राण घातक हमला किया था। इस घटना के बाद से दीनबंधु जंघेल अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई से जूझ रहा था। दीनबंधु जंघेल लगभग 24 दिनो तक अचेत अवस्था में होने के कारण अस्पताल में अपनी जिंदगी से जंग लड रहा था। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद परिजन अपने घर में दीनबंधु की देखरेख कर रहे है। बीच ङ्क बीच में अस्पताल ले जाना होता है। पीड़ित के भाई सचिदानंद ने घटना के बाद थाना व एसपी कार्यालय में भी शिकायत किया था। जिस पर आज दिनांक तक की जानकारी विधायक, मंत्री व राज्यपाल को भी दिया गया था। कार्यवाही नहीं होने से पीड़ित परिवार सचिदानंद का कहना है कि उनका परिवार आरोपियों के हाथों मरने के बजाय सामूहिक रूप से आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगा। सचिदानंद ने इस संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, पुलिस महानिरीक्षक, एसपी व विधायक को भी आवेदन दे चुका है। पुलिस के द्वारा मामूली कारवाही की गई है। घटना के बाद शिकायत होने पर पुलिस के द्वारा कुछ लोगों के विरुद्ध धारा 147, 149, 323 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आरोपियों ने सरपंच पद के प्रत्याशी दीनबंधु जंघेल को अधमरा होने तक मारा था। आरोपियों ने मरा हुआ समझ कर छोड़ दिया था। इस घटना से दीनबंधु जंघेल के हाथ की हड्डी में फेक्चर हो गया था। जिसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में हुई है। वह 24 दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा था।

■ ग्राम पंचायत ठंडार में सरपंच पद के प्रत्याशी से किया था मारपीट

## मोहगांव पुलिस ने जीराटोला में मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध की कार्यवाही

**खैरागढ,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पांडे, एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन में प्रार्थी चमन निषाद पिता रामलाल निषाद उम्र 30 साल निवासी ग्राम जीराटोला को गांव के ही राजा उर्फ रविन्द्र पटेल पिता महेश पटेल उम्र 22 साल, गोविंदा उर्फ राजू पटेल पिता महेश पटेल उम्र 19 साल,पारस पटेल पिता आनंद पटेल उम्र 19 साल, विरेन्द्र जंघेल पिता श्रीराम जंघेल उम्र 19 साल सभी निवासी ग्राम जीराटोला थाना मोहगांव जिला केसीजी द्वारा जीराटोला चौराहा नहर के पास मो.सा.चलाने से मना करने पर आरोपीगणो द्वारा प्रार्थी को मां बहन की गाली गुफ्तार कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। धारा 294,323,506, 34 भादवि के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मो.सा. व पत्थर को विधिवत् जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगणों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

## रीड -ए -थान के तहत बच्चों ने पुस्तकों का किया वाचन व पठन

**कुम्हारी,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुरूप रूम टू रीड के सौजन्य से दिनांक 1 सितंबर शुक्रवार को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में रीड ए थान का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत विद्यालय के 590 बच्चों द्वारा विभिन्न पुस्तकों का पठन किया गया। मुख्य रूप से बच्चों के साथ राम कुमार सोनी (सांसद प्रतिनिधि) कुम्हारी, मुकुंद राठौर स्स्छ्ष्ट सदस्य और विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लता रघु कुमार एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सुबह 11.00 बजे से 11.30 बजे तक विभिन्न पुस्तकों का पठन एवं वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्सुकता एवं जिज्ञासापूर्ण भाग लिया।

# आज राहुल गांधी एवं 8 को खरगे की सभा को सफल बनाने जिला कांग्रेस ने बनाई रणनीति: भागवत साहू



**राजनांदगांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। कल 2 सितंबर को रायपुर में राजीव युवा मितान सदस्यों के आयोजन में एआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी जी का आगमन हो रहा है आयोजन को अपार सफलता के लिए साथ ही साथ 8 सितंबर को आईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की सभा राजनांदगांव विधानसभा में होने वाली है दोनों महत्वपूर्ण सभाओं को सफल करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव ग्रामीण ने आवश्यक बैठक कर व्यापक रणनीति बनाकर जिला पदाधिकारी वरिष्ठजनों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है ।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला अध्यक्ष भागवत साहू की अगवाई में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी आयोजित बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष भागवत साहू एवं नवाज खान ने उपस्थित कांग्रेस जनों/पदाधिकारीयो को आयोजन के संबंध में विस्तार से अवगत कराते हुए जिले के सभी ब्लॉकों से कांग्रेस के पदाधिकारी रायपुर पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएंगे। साथ ही साथ 8 सितंबर को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन हो रहा है इस अतिमहत्वपूर्ण सभा को विशाल जन समूह के साथ सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी कमर कस ली है जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने सभी ब्लॉकों में स्वय की की उपस्थिति में बैठक आयोजित आम जनता, कांग्रेसजनो से अपील करने का आह्वान किया वहीं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज़ भाई ने खड़गे जी का आगमन राजनांदगांव विधानसभा की धरती पर हो रहा है यह जिले के लिए गौरवशाली पल है इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कांग्रेस जनों को संकल्प लेने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री गोवर्धन देशमुख ने ब्लॉक वार सभा की तैयारी के लिए मीटिंग में कांग्रेस के सभी संगठनों के साथ बैठकर नीति बनाने का रूट चार्ट तैयार कर उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराया उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने दोनों आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के लिए संकल्पित मन से कार्य करने को आस्वस्त किया ।बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता के रूप में नियुक्ति पर रूपेश दुबे का मुंह मीठा कराकर बधाई एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया।रणनीति बैठक में रमेश खंडेलवाल,महामंत्री पंकज बांधव ,संध्या देशपांडे ,चुम्मन साहू जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर ,ब्लॉक अध्यक्ष गण कोमल साहू, रतन यादव ,हीरा सोनी ,घनश्याम देवांगन ,सुरेश सिन्हा ,अब्दुल खान ,बलीराम साहू,अजय मारकंडे दुर्गेश द्विवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अफजल अली, एससी सेल जिलाध्यक्ष गोपीचंद गायकवाड, राजू राजपूत,डा नरेंद्र साहू,सुदेश मेश्राम राकेश सिन्हा, नवीन लूनिया सहित जिले भर से कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे

■ प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे का मुंह मिठाकर किया सम्मान

# दो आरोपियो को आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं चाकुबाजो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01.09.2023 को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगांव में दो व्यक्ति अपने पास हथियार चाकू लेकर घुम रहा है, लोग दहशत में है, कि सूचना पर थाने से तत्काल पुलिस बल मौके पर भेजकर घेराबंदी कर पकडे आरोपी हेमंत उमरेडकर उर्फ मोनू उमरेडकर पिता सुधीर उमरेडकर उम्र 30 सालसाकिन शांतिनगर वार्ड नं0 05 गली नं0 05 ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू तथा आरोपी मोनू मानिकपुरी पिता जानिक दास मानिकपुरी उम्र 28 साल साकिन शंकरपुर ओ0पी0 चिखली राजनादगांव छ0ग0 के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

दोनो आरोपियों का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत पाये जाने से पृथक-पृथक अपराध क्र0 674/23, 675/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। एक आरोपी पूर्व में मारपीट,चोरी एवं एक आरोपी हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 जी सिरील, संदीप चैहान, आर0 प्रख्यात जैन,रंजीत चैरसिया, रामखिलावन सिन्हा, देवनाथ साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आज शाम विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

**राजनांदगांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जल संयंत्र गृह मोहारा के 10 एवं 27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट के मेंटेनेंस एवं सी.एफ.एल. सफाई कार्य किया जाना है, जिस हेतु 10 एवं 27 एम.एल.डी. प्लांट बंद किया जाना है। प्लांट बंद होने से इंदिरा नगर टंकी, सिंगदई मोहड़ टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी, टांकाघर नया टंकी, टांकाघर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी नही भर पायेगी, जिसके कारण उपरोक्त टंकियों से पानी सप्लाई नहीं होगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 10 एवं 27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट के मेंटेनेंस एवं सी.एफ.एल. सफाई के कारण उपरोक्त टंकियों से कल दिनांक 2 सितम्बर 2023 दिन शनिवार को शाम के समय इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- इंदिरा नगर वार्ड, चौखड़िया पारा, नंदई, हिरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उद्यांचल, दुर्गा चौक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामी पारा, सेठीनगर सिंगदई मोहड़ टंकी (क्षमता 05.00 लाख लीटर):- मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती, बजरंग नगर, लखोली कन्हारपुरी टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर):- लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गाचौक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया, कंचनबाग टंकी (क्षमता 13.50 लाख लीटर):- कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशर नगर, जनता कॉलोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शांती विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली, टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- टांकापारा, जी.ई. रोड़, पुराना सिविल लाईन, सारंगपानी चाल, बल्देवबाग, पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशनपारा वार्ड नं. 14, टांकाघर नया टंकी (क्षमता 40.00 लाख लीटर):- रायपुर नाका, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी, जय स्तम्भ रोड़, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड़, सदर लाईन आधा क्षेत्र, गंज लाईन, आरामशीन रोड़, स्टेट बैक कालोनी, पी.एच.ई. कार्यालय, टांकाघर, नेहरू नगर, जमातपारा, आजाद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा, टांकाघर टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर):- गौरीनगर, स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 एवं 12, चिखली वार्ड नं. 05, स्वीपर कॉलोनी स्टेशनपारा, शंकरपुर नया टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर):- शंकरपुर, शांतीनगर, चिखली वार्ड नं. 06, पुराना ढ़ावा, रामनगर, शिक्षक नगर, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर):- शांतिनगर, चिखली बिहारीचाल, पुराना ढ़ाबा, रमन बाजार चिखली, दिनदयाल नगर, गठुला नाला, चिखली झुग्गी झोपड़ी, अम्बेडकर चौक शांतिनगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। दिनांक 3 सितम्बर 2023 से सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

# भूपेश बघेल ने दिया राखी का तोहफा

**कुम्हारी,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत 30 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के दिन मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 1 लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया।

इसके साथ ही उन्होंने आई टी आई में प्रशिक्षण चयनित 84 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया।


बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अब तक छत्तीसगढ़ के भाई बहनों को 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रुपए की राशि खाते में ट्रांसफर कर चुके हैं।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से ऋण लेकर व्यवसाय में मिल रहा लाभ

**राजनांदगांव,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। हितग्राही मूलक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओ के तहत ऋण लेकर अपना व्यवसाय कर महिला पुरूष एवं समूह आत्म निर्भर बन रहे है। आज के समय में लोगों की सबसे बडी समस्या आजीविका की है। कोरोना महामारी के बाद यह समस्या विकराल हो गयी है। बहुत से परिवारों के समक्ष आजीविका चलाना कठिन हो गया है। क्योकि कोरोनाकाल में कई लोग अपने व्यवसाय व नौकरी को खो चुके है और तंगहाल जीवन व्यतित कर रहे है। ऐसी परिस्थिति में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं का सहारा लेकर लोग फिर से आत्म निर्भर बन अपने परिवार का कुशलता से भरण पोषण कर रहे है।

राजनांदगांव नगर निगम द्वारा शासन की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है, जिले के परियोजना अधिकारी एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा योजना के संचालन के संबंध में दिशा निर्देश दे रहे है। योजना के प्रभारी श्री राम कश्यप एवं टीम विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये महिला समूह एवं नागरिकों को प्रशिक्षण व लोन देकर आत्म निर्भर बना रहे है। संचालित योजनाओं में पीएम सान्निधि योजना में आज दिनांक तक 696 वेंडर को लोन 10000 का रेंज स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 670 लोगों को ऋण वितरित भी किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय किस्त में 250 पथ विक्रेताओं को 20000 का लोन वितरण किया गया है तथा तृतीय चरण में 28 लोगों का ऋण वितरण किया जा चुका है। जिस भी पथ विक्रेता को उक्त योजना में लोन की आवश्यकता है वह स्थानीय सामुदायिक संगठन लोक सेवा केंद्र पर संपर्क करें। लोन हेतु अपना आधार कार्ड बैंक पासबुक की कॉपी व मोबाइल नंबर के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की वेबसाइट पर लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# लाल बहादुर नगर मे ब्लाक स्तरीय तुलसी जन्मोत्सव कल



**डोंगरगढ़,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक इकाई डोंगरगढ़ के द्वारा ब्लाक स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जी का 526वा अवतरणोत्सव 3 सितंबर को लाल बहादुर नगर मे मनाया जाएगा,यह आयोजन श्री राम मानस परिवार लाल बहादुर नगर एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है,,2सितंबर शनिवार को शाम 5बजे मानस कलश यात्रा निकाली जाएगी , इस कड़ी में रविवार 3सितंबर को प्रात: 9.00बजे मानस ध्वजारोहण,मानस वंदना एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, तत्पश्चात ब्लाक के क्षेत्रीय मंडलियों की मानसगान प्रस्तुति होगी, जिसमें श्री राम मानस परिवार लाल बहादुर नगर,जय मा शारदा मानस मंडली सेनडोंगर, ममतामई महिला मानस मंडली भोथली,श्री संगम मानस परिवार शोरीटोला, सीताराम मानस परिवार मुसरा कला, विघ्न विनायक मानस परिवार भैंसरा, जय मां सरस्वती मानस परिवार पटपर आदि मंडलियों की प्रस्तुति होगी , इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनंदगांव, कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे गोपाल राम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, प्रमुख अतिथि खेदुरम साहू पूर्व विधायक डोंगरगांव, प्रमुख अतिथि पोषण शुक्ला जिला अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान राजनंदगांव, विशेष अतिथि भरत वर्मा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव, लक्ष्मण साहू जिला महामंत्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान राजनंदगांव, पंडित रामखिलावन दुबे अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान डोंगरगढ़, रवि अग्रवाल संरक्षक डोंगरगढ़, देवेंद्र साहू पूर्व सरपंच लाल बहादुर नगर, श्रीमती तुलसी हीरा सोनी सरपंच लाल बहादुर नगर, हेमलाल वर्मा भाजपा किसान नेता, रामाधार ओझा पूर्व सरपंच झिंझारी, घासीराम साहू समाजसेवी आदि होंगे।

# किसानों ने फसल बीमा की राशि नही मिलने पर किया कृषि विभाग का घेराव



**डोंगरगढ़,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद सदस्य रवि अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम जेठकँहार के किसानों ने अछोली स्थित कृषि विभाग के कार्यालय पहुंच अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है । इस दौरान जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने विभाग के अधिकारी को किसानों की समस्याओ से अवगत करवाते हुवे बताया कि गाँव मे बैठक होने के बाद गांव के किसान आज यहां पहुंचे है और किसान फसल बीमा संबंधी जानकारी मांगने लगे जिस पर विभाग के अधिकारी ने किसानों को तहसील कार्यालय जाने की बात कही अधिकारी के कहे जाने पर किसानों ने आक्रोशित होकर नीचे जमी पर बैठ गए और जानकारी देने पर किसान बीमा की राशि के विषय की मांग की गई ।रवि अग्रवाल ने कहा कि विभाग के अधिकारी गांव में नही जाते है किसान अपनी समस्या किसको बतायेंगे आखिर में उन्होंने परेशान होकर अपनी समस्या लेकर विभाग के कार्यालय में आना पढा । पूरा मामला ग्राम जटकन्हार के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2022 रबी के राशि नही मिलने पर ग्राम जटकन्हार के कृषक वर्ष 2022-23 में रबी फसल में चना एवं गेंहू बोआई किये थे अति बारिश के कारण चना एवं गेंहू के फसल 75त्न नष्ट हो गये थे सभी किसान प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा करवाये हैं लेकिन बीमा की राशि आज पर्यन्त अप्राप्त हैं अन्य गांवो की बीमा राशि प्राप्त हो चुके हैं। कृषको ने रबी फसल 2022-23 बीमा की राशि ग्राम जटकन्हार के किसानों को दिलवाने की मांग की है ।इस अवसर पर पुरषोत्तम कवर ,उमेश मोहबिया, शंभू कवर ,अंगद निर्मलकर, शिव सूर्यवंशी ,महेशु कवर ,ताराचंद कवर सखाराम सिंहा संतराम, सदाराम ,नर्सिंग, तुकाराम, अशोक, सुरेश लाल सहित अन्य किसान मौजुद रहे।

# फुटबॉल चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



**डोंगरगढ़,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। रेल्वे इंस्टिट्यूट व न्यू फ्रेंड्स क्लब डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित इंटर स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप डोंगरगढ़ का आयोजन रेल्वे फुटबॉल ग्राउंड में किया गया जिसमें डोंगरगढ़ की 6 स्कूल की टीम भाग ली है इस लीग मैच में ये सभी आपस मे मैच खेले गए। पहला मैच केंद्रीय विद्यालय और स्वामी आत्मानंद विद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें स्वामी आत्मानंद की टीम 1-0 से विजयी रही , दूसरा मैच सेंट पीटर कॉन्वेंट और सेंट पॉलिटी स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें पीटर कान्वेंट की टीम 3-0 से विजयी रही ।इस दौरान मुख्य अतिथि विनोद खांडेकर (अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ राजनांदगांव) विशिष्ट अतिथि हरिहर राना (ष्ठष्ठक्त्र/ष्ठत्रत्र) भाजपा नेता हरविंदर मगे ,अमित छाबड़ा बी.के. तिवारी, जुनैद अलि, तरण बोपचे, मयुर हत्येल, भूतपूर्व खिलाड़ी - एस हनुमंत राव,नीलू फ्रॉंसिस, सुधाकर राव ष्ट॥ढ्ढ/ऋद्ब/ष्ठत्रत्रस्कूल के पी.टी.आई. विवेक बिसेन, तरुण साहू, फादर जॉन , सूरज रामटेके , प्रदीप सेन एस. सत्यम स्वामी (सचिव जिला फुटबॉल संघराजनांदगांव) एस. वेंकट स्वामी ( चिन्नी सचिव रेल्वे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़) आयुष मिश्रा, पूर्वानंद, दिपेश डे अंकित समुन्द्र, अभय करसे मनीष ग्वाला आकाश बघेल , हेमंत धुर्वे, दिनेश वर्मा नरेश वर्मा, गुलशन धन्नू वर्मा स्टेनली , रितेश हुमने, साहिल राउतकर, माइकल, मोहन, राषि, सेन एलन, दुर्गेश कवर, अतुल, बिरहा सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वाले पर कार्यवाही शुरू

**कवर्धा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में शराब की अवैध बिक्री, परिवहन एवं महुआ शराब बनाने वालो पर कार्यवाही शुरू कर दी है। कवर्धा विकासखंड के पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम जैतपूरी और धनौरा में संयुक्त टीम ने आज शराब की अवेध बिक्री पर लगाम लगाते हुवे 03 कोचियों पर कार्यवाही की है। जैतपुरी और धनौरा में पिछले लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की सूचना मिल रही थी। एसडीएम पीसी कोरी और आबकारी विभाग के संयुक्त टीम ने ग्राम जैतपुरी में लोमस कश्यप और नरेंद्र कश्यप के पास से 5 पेटी देशी शराब जप्त की। इसी प्रकार ग्राम धनौरा में राजेश बंजारे के पास से 50 नग देशी शराब जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

उल्लेखनीय है की कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार को सुबह प्रशानिक और पुलिस अफसरों की संयुक्त बैठक लेकर जिले में मादक पदार्थों की अवैध परिवहन, भंडारण और बिक्री करने वालो पर छापेमार कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए है। वही एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने भी जिले के थाना, चौकी प्रभारियों को गांव-गांव में बेचने वाले शराब कोचियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में आज कवर्धा विकासखंड में शराब की अवैध बिक्री पर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी प्रकार बोडला, पंडरिया, सहसपुर लोहार क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। वही जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने चिल्फी के अंतर्राजीय चेकपोस्ट में अन्य प्रांतों से आने वाले छोटी बड़ी सभी वाहनों की जांच की गई। बतादे की जिले में मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, भंडारण और बिक्री और जुवा सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों पर रोक और नियंत्रण लगाने के लिए 6 विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है। इस संयुक्त टीम में प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम के साथ साथ पुलिस, वन, आबकारी, परिवहन और जीएसटी विभाग का अमला शामिल है।

# जंगल के रखवाले बाल नाटक पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन



**खैरागढ़,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। पाठक मंच व प्रगतिशील लेखक संघ खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जंगल के रखवाले (बाल नाटक) पर विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार 28 अगस्त को संपन्न हुआ पाठक मंच के सदस्य तथा प्रलेस खैरागढ़ के संरक्षक विनयशरण सिंह के जन्मदिन पर उनके निज निवास गंजीपारा में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आधार वक्तव्य देते हुये रवि यादव ने इस नाटक को पर्यावरण के प्रति संवेदनहीन होते समाज का आईना कहा नाटक का मुख्य ध्येय पर्यावरणीय चिंताओं के प्रति मनुष्य का ध्यान आकृष्ट करना है. टीए खान ने कहा कि आसपास होने वाली घटनाओं का रचनात्मक प्रयोग इस नाटक में देखने को मिलता है। अनुराग शांति तुरे ने कहा कि विनय शरण सिंह की बाल नाटिका जंगल के रखवाले आज के युगीन बाल साहित्य में कई स्तर पर प्रासंगिक है। यह बाल नाटिका न केवल पठन में रुचिकर है वरन प्रारब्ध से अंत तक पात्रों के साथ रमणीय भी है। नाटिका एकता के मूलमंत्र को उत्कर्ष देते हुये वनों की परम आवश्यकता और पशु-प्राणियों की पारिस्तिथिकी की महत्ता को सीधे परिभाषित करती है और वर्तमान में जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या की ओर भी हमारा ध्यान आकृष्ट कराती है. व्यंग्यकार रविंद्र पांडे ने कहा कि आज के समय की ज्वलंत समस्या को इस नाटक के माध्यम से उठाया गया है. स्कूली बच् चों द्वारा अगर इस नाटक का मंचन किया जाता है तो और प्रभावशाली सिद्ध होगा क्योंकि नाटक का दृश्य मीडिया है. यशपाल जंघेल ने कहा कि पर्यावरणीय चिंता से जुड़ा यह नाटक अपने समय का महत्वपूर्ण दस्तावेज है. यह नाटक केवल निराशा को व्यक्त नहीं करता बल्कि उम्मीद की एक किरण भी इसमें दिखाई देती है. नाटक के शुरू में पेड़ का ठूँठ दिखाई देता है लेकिन अंत में इसी ठूँठ से कोपलें फूटती दिखाई पड़ती है जो जीवन के प्रति लेखक की आस्था को व्यक्त करता है. प्रलेस के अध्यक्ष संकल्प पहटिया ने कहा कि इस नाटक को पढना शुरू करते हैं तो चित्र बनना शुरू हो जाता है और कुछ चरित्र जैसे बंदर का चरित्र, मोर का चरित्र, सियार का चरित्र भी और यह सब एक सहजता है जो पाठक को पर्यावरण जैसी वैश्विक चिंता के साथ अंत तक बांधे रखती है और रचनाकार के लेखकीय दायित्व को पूरा करती है. वरिष्ठ अधिवक्ता व पाठक मंच के सक्रिय सदस्यद्वय कमलाकांत पांडेय व टीके चंदेल का अभिनंदन करते हुये पाठक मंच के संयोजक डॉ.प्रशांत झा ने कहा कि साहित्यकार को अपने समय के परम सत्य पर पैनी दृष्टि रखनी चाहिये. विनय ने इस काम को बखूबी किया है। यह नाटक प्रकृति के प्रति मानव के दुर्व्यवहार की पोल खोलता है। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ.साधना अग्रवाल ने कहा कि कमजोर व बड़े दोनों प्राणियों की सामूहिकता से जंगल में घर जैसी भावना उभरती है जिसके कारण नाटक को पूर्णता मिलती है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.जीवन यदु ने कहा कि एक ही रचना को प्रत्येक पाठक भिन्न-भिन्न नजरिये से देखता है इससे रचना पूरी तरह खुल जाती है। विनय का यह नाटक मुझे महाश्वेता देवी के नाटक जंगल के दावेदार की याद दिलाता है। नाटक का मुख्य उद्देश्य जंगल को बचाना है लेकिन साथ ही इसमें छोटी किंतु महत्वपूर्ण बातें भी है जैसे एकता, स्वयं की रक्षा आदि जो काबिल-ए-गौर है. नाटक में एकता के भाव को आज के परिदृश्य में राष्ट्र के संदर्भ में भी देखना चाहिये. नाटककार ने जगह-जगह सूक्ष्म संकेत दिये हैं जैसे स्त्री चेतना को लेकर इस बात को रखा गया है कि जंगल में हरे-भरे वृक्षों को काटने केवल पुरूष ही आते हैं. अंत में रचनाकार विनयशरण सिंह ने वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि छोटी-छोटी सी कविताएं दिमाग में उभरी जिसके बाद पात्र जुड़ते गये और जंगल के रखवाले बाल नाटिका की रचना फलीभूत हुई।

उल्टा पुल्टा

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
**दांत का डॉक्टर**- बस 500 रुपये लगेंगे.
**राजू**- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

# किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा के घर जाकर किया सम्मान

**बलौदाबाजार**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। सुहेला अंचल के लिए वरदान बनने वाली कुम्हारी जलाशय में पानी भरने के पाइप लाइन बिछाने के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान करने पर किसान संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा बलौदाबाजार भाटापारा जिले के तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ एवं वर्तमान खैरागढ़ छुई खदान गंडई कलेक्टर गोपाल वर्मा के घर ग्राम नवापारा में पहुँचककर श्री फल एवं साल से सम्मान किया। स्थानीय निवासी होने एवं किसान परिवार से नाता होने के चलते उन्होंने कुम्हारी जलाशय के बारे राज्य सरकार को निरंतर अवगत कराया। तत्कालीन सीईओ के पद में रहते हुए इस कार्य के लिए सराहनीय प्रयास किया। इस कार्य हेतु श्री वर्मा ने किसानो के इस महत्वपूर्ण मांग को विभाग एवं मुख्यमंत्री तक पहुचाने, विभाग में स्वीकृति कराने बजट में शामिल कराने आदि महत्वपूर्ण कार्य कराने एवं कार्य को शुरू से लेकर अंजाम तक पहुचाने में



महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। जिस कारण रक्षा बंधन के दिन घर आने की सूचना मिलते ही किसानों ने घर जाकर उनका सम्मान किया।

- **कुम्हारी जलाशय पाइप लाइन कार्य में मिला महत्व पूर्ण योगदान**
- **बलौदाबाजार जिपं. सीईओ थे गोपाल वर्मा**

गौरतलब है कि अदानी पावर प्लांट से कुम्हारी जलाशय में पानी भरने के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों में हर्ष है। किसान इस मांग को भाजपा और कांग्रेस सरकार तक लेकर गए थे। दोनों सरकारों ने इसके लिए घोषणाएं थी, परंतु उस पर अमल भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार में अब मूर्तरूप दिया जा रहा है। विदित हो कि अंग्रेज शासनकाल में 1824 में लगभग 1800 एकड़ में बने कुम्हारी जलाशय को 2024 में 100 पूरे होने जा रहे हैं। जिसमें पहले बारिस का बहुत सारा पानी कुम्हारी जलाशय में आता था और उसका कैचमेंट एरिया बहुत बड़ा था, परंतु समय के साथ आसपास कुछ बांध बनने से कुम्हारी बांध में जलभराव कम होता चला गया। इसी कमी के कारण अंतिम छोर तक पानी की कमी होने लगी, इसे देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने अन्यत्र कहीं से लाकर इसे भरने की मांग की। कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे समोदा बैराज से पानी लाकर भरने की घोषणा की थी। आज उस योजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस योजना में टाटा के 155 मीटर के प्रेशर पाइप लगाए जा रहे हैं। लगभग साढ़े चार किलोमीटर में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# खूनी रफ्तार अर्टिगा ने ली युवती की जान, दो घायल



**मामला चम्पारण चौकी क्षेत्र की**

**नवापारा राजिम**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा थाना अंतर्गत चंपारण चौकी क्षेत्र में गुरूवार देर शाम एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने 3 साईकिलों को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। इस हादसे में सायकल सवार एक युवती की मौत हो गई। वहीं अन्य लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार डंगनिया-चम्पारण की रहने वाली गिरजा पिता हिच्छाराम साहू 18 वर्ष चम्पारण में कान्हा कलेक्शन दुकान में काम करती थी। रोज की तरह गुरूवार को भी गिरजा साहू काम खत्म कर देर शाम वापिस गांव लौट रही थी। साथ में उसकी सहेलियां तामेश्वरी यादव, लोकेश्वरी साहू व पूनम साहू अलग-अलग साइकिल में थी। इस बीच तामेश्वरी के पिता विष्णु यादव घर जाने उनके साथ शामिल हो गए। ये सभी चम्पारण के दीपेश वेल्डिंग दुकान के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार सीजी 04 एनजे 5539 में टक्कर मार दी। फिर कार अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। इस हादसे में गिरजा साहू सहित सभी घायल हो गए। जिसे उपचार हेतु कुर्रा के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने गिरजा साहू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# खैरा में 12 लाख की लागत से तीन स्थानों पर बनेगा सामुदायिक भवन

**महासमुंद**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खैरा में 12 लाख रुपए की लागत से तीन सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामाजिक पदाधिकारियों व नागरिकों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भवन निर्माण होने से विभिन्न आयोजनों में सहुलियत हो सकेगी।



**संसदीय सचिव ने सामाजिक पदाधिकारियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में किया भूमिपूजन**

शुक्रवार को ग्राम पंचायत खैरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य आरीन चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, सरपंच श्रीमती नीलम कोसरे, मनोज चंद्राकर मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने सामुदायिक भवन निर्माण की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि सामुदायिक भवन निर्माण होने से समाज के समाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सहुलियत होगी। राज्य शासन की ओर से सर्व समाज के उत्थान और सशक्त बनाने की दिशा में पूरा प्रयास किया जा रहा है। सभी प्रमुख समाजों की मांग पर सामाजिक भवन बनाया गया है। ऐसा कोई समाज नहीं है जिन्होंने सामाजिक भवन की मांग की और वह पूरा नहीं हुआ हो। साथ ही छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण आज गांव में और किसानों में खुशहाली का माहौल है। भूपेश सरकार की सभी नीति गांव गरीब और किसानों के हित में है और सभी योजनाओं से आम आदमी को सीधे लाभ पहुंच रहा है। कार्यक्रम का संचालन किरण कन्नौजे ने तथा आभार प्रदर्शन शंकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# डेंगू को लेकर निगम अलर्ट, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**धमतरी**, 1 सितंबर (देशबन्धु)। नियमित हो रही बारिश तथा मौसम के बदलते स्वरूप को देखते हुए डेंगू के प्रकोप से बचने नगर निगम अलर्ट मोड में आते हुए डेंगू के रोकथाम के लिए महापौर विजय देवांगन, आयुक्त विनय कुमार ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न दिशा-निर्देश जारी कर लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही डेंगू के मच्छर का लार्वा नष्ट करने के लिए त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए।




**महापौर, आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

**डेंगू से बचने के लिए फॉगिंग, स्थल को स्वच्छ रखने के लिए ब्लीचिंग छिड़काव के निर्देश:** महापौर विजय देवांगन ने निर्देश दिए कि समस्त निगम क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम के लिए फॉगिंग तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाए। डेंगू को गंभीरता से लेने के आदेश देते हुए उन्होंने साफ कहा कि इससे बचने के लिए सारी तैयारियां कर ली जाएं।

महापौर विजय देवांगन ने संक्रामक रोगों से बचाव के लिए महापौर द्वारा नगर वासियों से अपील की गई है कि वह अपने घरों में कहीं भी जल जमाव न होने दें, कूलर, पुराने टायर, जल जमाव वाले पात्र, गमले, अन्य ऐसी स्थान जहां जल एकत्रित होता है वहां से जल को प्रतिदिन साफ करें। घर में साफ सफाई रखने तथा विशेष रूप से शौचालय को साफ रखने के लिए अपील की गई है। डेंगू की रोकथाम के लिए प्रचार पर भी जोर देते हुए निर्देश दिया है की डेंगू के रोक थाम संबंधित वार्डो में मुनादी करावे।

**डेंगू के रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर करे तैयारी:** सभी वार्डो में सर्वे कर गंदी नालियों, टूटी-फूटी पाइप लाइनें इत्यादि जिनसे बीमारी फैलने का आशंका है उन्हें चिन्हांकित कर आवश्यक कार्यवाही करे। स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य अधिकारी को स्वयं निरीक्षण कर बीमारी के रोकथाम हेतु निवारक उपाय कर जल विभाग से समन्वय कर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति >> शेष पृष्ठ 9 पर >






## ध्रुव गोड़ समाज के जिला स्तरीय बैठक 5 को

**कुरूद,** 1 सितम्बर ( देशबंधु)। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला विकास समिति धमतरी की आवश्यक बैठक 5 सितंबर दिन मंगलवार को केसीपीएस स्कूल के पास आदिवासी भवन कुरूद में सुबह 11ः00 बजे से रखी गई है. बैठक में भवन में बाउंड्री वाल निर्माण हेतु भूमि पूजन, जिला कार्यसमिति की बैठक और अंगार मोती ट्रस्ट धमतरी की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी. समाज के जिला अध्यक्ष शिवचरण नेताम,तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सामान्य प्रभाग , महिला प्रभाग, युवा प्रभाग,पाली एवं परीक्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# आगामी सोमवार से शुरू होगा आरसेटी रायगढ़ में नि:शुल्क रोजगार प्रशिक्षण

**बिलाईगढ़,** 1 सितम्बर (देशबंधु)। राज्य शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए स्वरोजगार स्थापना के उद्देश्य से आरसेटी रायगढ़ के द्वारा पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वह प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर सकें। साथ ही साथ गांव के 18 से 35 वर्ष के महिला पुरुष बेरोजगार युवा भी इस प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में जिला रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के गांवों के लोगों को सितंबर से अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण, रहना, खाना, ड्रेस, कॉपी किताब सभी पूर्णतःनिशुल्क है। 35 प्रतिभागी सभी कोर्स में शामिल हो सकते हैं। कोर्स शुरुआत होने के एक दिन पूर्व तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, उम्र निर्धारण प्रमाण पत्र, किसी स्व सहायता समूह से यदि जुड़े हैं तो समूह की बैठक पंजी का मुख्य पेज, अंकसूची आदि की छायाप्रति और पांच रंगीन पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा।

इसमें कोर्स- अचार पापड़ एवं मसाला पाउडर निर्माण 4 सितंबर से 10 सितंबर, मोबाइल (सेलफोन) सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग 5 सितंबर से 4 अक्टूबर, पेपर कवर, लिफाफा एवं फाइल निर्माण 14 सितंबर से 23 सितंबर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण 25 सितंबर से 7 अक्टूबर, पेपर कवर, लिफाफा एवं फाइल निर्माण 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर और जिला रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के रीपा गौठानो में मधुमक्खी पालन 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2023 तक का प्रशिक्षण निर्धारित है। प्रशिक्षण शुरू होने से एक दिन पहले तक वाट्सअप नंबर 8656919787, 7974942078 में पंजीयन होगा। प्रशिक्षण में दोनों जिले के सिर्फ गांवों के 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार, बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवा, इच्छुक महिला, पुरुष, समूह, भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण लेने के लिए पता च्भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान परिसर टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ छ.ग. 496001ज्ञ पर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से या व्हाट्सप्प नम्बर 8656919787,7974942078 में व्हाट्सप्प करके पंजीयन करा सकते हैं। सारंगढ़, बरमकेला, सरिया, भटगांव, बिलाईगढ़ (नगरपालिका, नगर पंचायत) आदि के शहरी निवासियों को इस प्रशिक्षण में शामिल नही किए जाएंगे।

■ रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सिर्फ ग्रामीणों के लिए है यह प्रशिक्षण

### एक माह का मोबाइल सेलफोन सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग कोर्स

बाजार के प्रचलन के मद्देनजर मोबाइल सेलफोन सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग का कोर्स युवाओं के लिए आकर्षण का कोर्स है। प्रशिक्षण के बाद गांव गांव तक इसमें रोजगार की संभावना है।

# आमाकोनी गांव में 15 लीटर महुआ शराब की बिक्री करते युवक गिरफ्तार



**बागबाहरा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। खल्लारी पुलिस ने आमाकोनी गांव में रक्षाबंधन त्योहार के दिन कल बुधवार को अवैध महुआ शराब की बिक्री करते हुए एक युवक को 15 लीटर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध कायम कर कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से आरोपी युवक को कोर्ट ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव तथा अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती मंजूलता बाज के निर्देशन में खल्लारी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर कल बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम आमाकोनी गांव? के गौठान के पास अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा है। इस सूचना के आधार पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड किया गया। जहां एक व्यक्ति मिला, जिसे नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम टीकम चक्रधारी पिता हीरालाल चक्रधारी उम्र 38 वर्ष साकिन आमाकोनी थाना खल्लारी जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से दो 10-10 लीटर वाली जरीकेन में एक सफेद रंग की दस लीटर वाली जरकीन में भरी हुई 10 लीटर तथा दूसरे 10 लीटर वाली जरकिन में 5 लीटर हाथभठ्ठी निर्मित 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। जिसकी कीमत कुल 4500 रूपये बताई गई है। उक्त अवैध शराब को गवाहों के समक्ष जब्त कर जप्ती पत्रक बनाया गया। खल्लारी पुलिस ने आरोपी युवक टीकम चक्रधारी।आमाकोनी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से कोर्ट ने आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में खल्लारी थाना प्रभारी निरीक्षक इंद्रभूषण सिंह , प्रधान आरक्षक भीखम साहू , आरक्षक हीरालाल अकोनिया , गोविंद बेहरा का सराहनीय योगदान रहा।

# कुरूद में बहेगी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की अमृत धारा

**कुरूद,** 1 सितम्बर ( देशबंधु)। कुरूद के पुरानी मंडी प्रांगण में 2 सितंबर से 10 सितंबर तक पंडित श्री अरुण दुबे जी सरगांव बिल्हा वाले के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की अमृत धारा बहेगी। आयोजनकर्ता चतुरभुज सीताराम, श्रीधर , एवं परिवार जनों ने क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमीयों को इस श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने हेतु सादर आमंत्रित किया है।




श्रीमद् भागवत कथा महापुराण आयोजनकर्ता श्रीधर परिवार से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम उनके पूर्वज स्वर्गीय श्री चतुर्भुज शर्मा, स्वर्गीय श्रीमती मुली बाई शर्मा, स्वर्गीय श्री घनश्याम शर्मा एवं स्वर्गीय श्री राहुल शर्मा जी के पुण्य स्मृति में आयोजित है। जहां पर कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनांक 02 सितंबर 2023 को श्री गौरी गणेश पूजन, वेद पूजन, श्री कलश पूजन, श्रीमद् भागवत महात्म्य, श्री गोकर्ण गीता के साथ प्रारंभ होगी जो कि दिनांक 10 सितंबर 2023 तक तुलसी वर्षा, हवन , कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान के साथ संपन्न होगी। कथा प्रवचन प्रतिदिन समय दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक चलेगी। 2 सितंबर को रात्रि 8ः00 बजे से 11ः00 बजे तक भाटापारा वाले पलाश शर्मा का भजन कार्यक्रम एवं 9 सितंबर को मनोज शर्मा का भजन कार्यक्रम आयोजित है।

# कसेकेरा में आयोजित हुआ भव्य रामायण महोत्सव

**बागबाहरा,** 1 सितम्बर (देशबंधु) । खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध ग्राम पंचायत कसेकेरा में आयोजित एकदिवसीय मानसगान महोत्सव छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस रामायण महोत्सव की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष बल्ला सिंह ठाकुर ने की। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सचिव मानिक राम साहू, उपसचिव उदय राम साहू, कोषाध्यक्ष सेतन कुमार साहू, हरिशंकर यादव एवं गोलू जैन विराजमान थें। रामायण महोत्सव की शुरुआत सीताराम जी की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात रामायण महोत्सव प्रारंभ हुआ। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची हुई मानस मंडलियों ने भगवान रघुनाथ सरकार के गुणगान को गाते हुए अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। वहीं उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि भगवान श्री रामचंद्र जी का छत्तीसगढ़ से बड़ा ही पावन रिश्ता है। क्योंकि उनकी माता कौशिल्या छत्तीसगढ़ की बेटी है। इसीलिए भगवान रामचंद्र जी रिश्ते में छत्तीसगढ़ के भांजे कहलाते हैं। और इसीलिए तब से लेकर आज पर्यंत तक छत्तीसगढ़ में भांजे को उच्च स्थान दिया जाता है। मामा भांजा का रिश्ता छत्तीसगढ़ में इतना पावन है कि मामा के घर के प्रत्येक कार्य में भांजे की उपस्थिति अनिवार्य मानी गई है। श्री यादव ने बताया कि आज राज्य को बने 23 साल बीत गए हैं। लेकिन भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली इकलौती यह सरकार है। जिसने माता कौशिल्या की सुध ली। और भगवान श्री राम के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ से जो प्रभु श्री राम का प्रवास रहा। उन स्थानों को चिन्हित करके आज पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जा रहा है। और राम वन गमन पथ का निर्माण हो रहा है। साथ ही मां कौशिल्या की जन्मभूमि चंदखुरी में माता कौशिल्या का भव्य मंदिर का निर्माण हमारी सरकार कर रही है। श्री यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ही एकमात्र ऐसी सरकार है। जो छत्तीसगढ़िया वाद और छत्तीसगढ़ के धर्म संस्कृति खेल तीज त्यौहार को बढ़ावा दे रही है। जिससे छत्तीसगढ़ का नाम आज संपूर्ण विश्व में बड़े सम्मान के साथ दिया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बुढान सिंह ठाकुर, सोहन साहू, समीर खान, रिकी राम साहू, सुंदरू विश्वकर्मा, देव साहू, सोहन साहू, गोविंद साहू ,रखु राम ,साहू महेंद्र साहू, टीकम साहू ,भोग सिंह ,खेदुरम साहू, कोमल साहू, धनराज साहू, पूनम ठाकुर ,छन्नू विश्वकर्मा ,हीराधर ,छन्नू राम ठाकुर ,छन्नू राम यादव ,उत्तम बघेल ,सत्यवान साहू ,दौलत पांडे, ठाकुर राम. दिलीप ठाकुर, गोपाल यादव, लेखराम साहू,युधिष्ठिर, मंटु राम यादव, टिकेश्वर यादव, रेवाराम गजानन साहू, देव कुमार साहू ,रूपेंद्र साहू,कुलेश्वर, फलेश्वर, तपेश्वर सेन, नारायण ठाकुर, मोहन साहू, सुरेश साहू, चरण निषाद, राधे यादव, टामेश साहू ,भूपेंद्र, गिरजा शंकर ,ह्यूमन, भीष्म साहू, एस कुमार ठाकुर, केदार यादव, मिथिलेश यादव, सुरेंद्र, घणाराम निषाद, समर सिंह, चंद्रकांत, टिकेश्वर, जीतू ,चिंता ,वीरेंद्र ,रमेश ,उमेश ,दुर्गेश ,धनराज ,मिथिलेश नेताम, डोमन, घनश्याम ठाकुर ,संजय , गेंद राम सहिस, कृष्ण यादव, मेघराज साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।



# ऑटो चालकों एवम बासुदेवो ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**आरंग,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। आरंग अनुभाग में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है, इसी कड़ी में रक्षाबंधन के पावन पर्व में बस स्टैंड व सदर आरंग में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें उत्साह से फल वाले, खोमचे वाले, चाय वाले,वासुदेव गण,व्यापारी बंधु एवं ऑटो चालको ने उत्साह से अपनी सहभागिता दी एवं ऑटो चालकों ने कहा की मतदान महादान है जबकि वासुदेव गणों ने मंत्रोच्चार कर राखी बांधते हुवे शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया साथ ही सहभागी जनों ने कहा वे स्व प्रेरित होकर अवश्य ही लोगों को जागरूक करेंगे । इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने उन्हें निष्पक्ष लोकतांत्रिक मतदान की शपथ दिलवाई । इस अभियान में लाला साहू,बल्लू यादव,रवि यादव,संतोष साहू,किशन साहनी,महेंद्र मिर्धा, टिकम साहू,रवि गोस्वामी,नारायण राम, मोधू बासुदेव,जितेंद्र वासुदेव,राकेश नामदेव,व्यापारी गण रमेश आहूजा,राकेश नामदेव,अनिल आहूजा,रवि आहूजा,रामचंद्र आहूजा,विनीत गुप्ता,चंद्रशेखर लोधी आदि की सहभागिता रही।

# मगरलोड थाना में पुलिस अधीक्षक का आकस्मिक निरीक्षण

**मगरलोड,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। धमतरी पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर का आज गुरुवार 31 अगस्त को शाम 5 बजे मगरलोड थाना में आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने वार्षिक निरीक्षण के तहत थाना के विवेचकों से चर्चा कर थाना क्षेत्र में हुए अपराधों पर अंकुश लगाने की निर्देश थाना प्रभारी मगरलोड,बड़ी चौकी को दी।



■ क्षेत्र में चल रहे जुआ सट्टा अवैध गांजा, ढाबो में शराब की बिक्री जोरों पर

■ थाना परिसर के जर्जर भवन,मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, रोजनामचा, अपराधियों की जानकारी ली

उन्होंने थाना में रोजनामचा मालखाना,कंप्यूटर कक्ष, अपराधियों की सूची, कंप्यूटर कक्ष,अपराधों की जांच, फरारीयो की जानकारी, जवानों की समस्या,मकान की स्थिति,प्रथम सूचना पत्र,अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं उन्होंने मगरलोड क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को अंकुश लगाने की बात भी कही मगरलोड क्षेत्र में बढ़ते अपराधों में गंभीर समस्या यहां मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में जगह-जगह गांजा क्षेत्र के ढाबों में अवैध शराबों की बिक्री मगरलोड बाजारों में लगातार मोबाइल की चोरी असामाजिक तत्वों के द्वारा गुंडागर्दी, क्षेत्र में हो रहे बड़े स्तर का जुआ पर अंकुश लगाना चुनौती बन गया है।

वहीं एसपी प्रशांत ठाकुर द्वारा गांजा की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की निर्देश थाना प्रभारी को दी है वहीं उन्होंने पत्रकारों को ही गांजा बिक्री की जानकारी मांगी जिस पर पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से कहा की पुलिस खुफिया तंत्र द्वारा कोई कार्य नहीं करना ऐसा प्रतीत होता है अवैध गांजा की बिक्री की शिकायत ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा भी की गई है लेकिन पिछले 5 सालों से कोई बड़ी कार्यवाही आज तक नहीं की गई है जिससे ग्रामीणों में एवं शहर वासियों में लगातार आक्रोश पनप रहा है। धमतरी पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निरीक्षक के समय अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल सुश्री बिंदेश्वरी पवार रक्षित निरीक्षक शर्मा मगरलोड थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू, करेली बड़ी चौकी प्रभारी एल एस मंडलेश्वर, मगरलोड ए एस आई तेजू राम सिन्हा,अजय बनारसी, प्रधान आरक्षक गोपी चंद्राकार सहित थाना की स्टाफ उपस्थित रहे।

# भारतीय डाक विभाग के उपसंभाग का शुभारंभ





**भाटापारा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। 31 अगस्त को रायपुर उपसंभाग में तीन नए शाखा डाकघर, शाखा डाकघर छड़िया लेखा कार्यालय खरोरा, शाखा डाकघर बहेराडीह लेखा कार्यालय बैकुण्ठ, शाखा डाकघर चक्रवाय लेखा कार्यालय सिमगा का शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्रामीणों में बहुत उमंग व उत्साह दिखा। उक्त कार्यक्रम में डाक विभाग की बहुत सी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उपस्थित सभी ग्रामीणजनों ने डाक विभाग के प्रति आभार प्रकट किया और योजनाओं से जुड़ने का वादा किया।

# महाविद्यालय में युवा मतदाताओं को दिलाया गया शपथ

**सरायपाली,** 1 सितम्बर(देशबंधु)। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.मालती तिवारी के निर्देशानुसार स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में महाविद्यालय स्वीप नोडल अधिकारी यूके बरिहा के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिनकीआयु 01अक्टूबर 2023को पूर्ण हो जायेगा उनका नाम मतदाता सूची में आनलाईन पंजीयन किया जा रहा है।छ.ग.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य 11सितम्बर 2023तक किया जायेगा। महाविद्यालय में मतदाता सूची पंजीयन कराने हेतु शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में सतीश स्वरुप पटेल मतदाता बनने और मतदाता सूची में नाम शामिल हेतु महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये तथा विद्यार्थियों के जिज्ञासा का समाधान किया। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियों नारा लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने नव प्रवेशी और युवा मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई तथा बिना किसी लालच और भय से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की और दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल करने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय में विविध गतिविधियों और आनलाईन पंजीयन कराने का कार्य पीतांबर बाघ के द्वारा कुशलता पूर्वक किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय के कैम्पस एम्बेसडर और स्वयंसेवकों का सहयोग भी मिल रहा है। महाविद्यालय के स्वीप कार्यक्रम में राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकगण प्रेमलाल साहू, भूपेंद्र सिंह, शिवानी सिन्हा, कैम्पस एम्बेसडर सिन्धु जगत, मेघा दास, अर्पिता कर और पूजा बाघ भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# बहनों ने बांधी भाई को रक्षा सूत्र

**खरोरा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है। आज रक्षाबंधन के पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। पुरोहितों के अनुसार गुरुवार पूरे दिन राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त है काल ना होने पर दिन में किसी भी वक्त भाईयों की कलाईयों पर रखी जा सकती है। रक्षाबंधन के त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को यह त्यौहार मनाया जाता है।



रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र त्यौहार है ,बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी तथा भगवान से बहन ने भाई के लिए हमेशा खुश और स्वस्थ रहने की कामना की , वहीं भाई ने अपनी बहन को बदले में कोई भी विपत्ति आने पर बहन की हमेशा रक्षा करने वालों व लंबी आयु एवं अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना की ।

रक्षाबंधन एक ऐसा त्यौहार है जिसे सभी अमीर - गरीब वर्ग के लोग मनाते हैं। रक्षाबंधन पर पुराण के अनुसार जब असुरों के राजा बली देवताओं के ऊपर आक्रमण किया था तब देवताओं ने राजा इंद्र को काफी नुकसान हुए ,इस अवस्था को देखकर इंद्र की पत्नी सची से रहा नहीं गया और विष्णु जी के पास समाधान प्राप्त करने गयी तब प्रभु भगवान विष्णु ने एक धागा सची को प्रदान करते कहा कि इस धागे को जाकर अपने पति के कलाई पर बांधे दे और जब उन्होंने ऐसा किया तब इंद्र के हाथों राजा बलि की पराजय हुई।

इसी तरह दुष्ट राजा शिशुपाल के साथ युद्ध के दौरान श्री कृष्ण जी की अंगूठी में गहरी चोट आई थी जिसे देखकर द्रोपति ने अपने वस्त्र का उपयोग कर उनकी खून बहने को रोक दिया था । भगवान श्री कृष्ण को द्रोपति की इस कार्य से काफी प्रसन्नता हुई और उन्होंने उनके साथ चीरहरण के समय एक भाई -बहन का रिश्ता निभाया था वही द्रोपदी ने श्रीकृष्ण को राखी बांधी। माता कुंती अपने नाती के हाथों में राखी बांधी थी, इस दिन भगवान गणेश के दो पुत्र शुभ और लाभ को रक्षाबंधन के दिन माता संतोषी बहन के रूप में प्राप्त हुई थी।

# समाज का उत्थान एवं प्रगति हम सभी का सामूहिक कर्तव्य: अदिति

**खरोरा,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के ग्राम इकाई खपराडीह में स्व भुवनेश्वर प्रसाद बघमार व स्व अंगारमती बघमार की स्मृति में अदिति नेमसिंह बघमार जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार में नगर इकाई में निर्मित छात्रावास भवन के कक्ष के लिए डेढ़ लाख राशि देने की घोषणा की।



■ छात्रावास कक्ष के लिए जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार द्वारा डेढ़ लाख राशि दी गई

अदिति बघमार ने समाज के प्रति अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि देश, प्रदेश, क्षेत्र, धर्म और समाज से हम सभी की पहचान होती है। इन सभी के प्रति हमारा कर्तव्य होता है कि हर सतत संभव प्रयास से और हर छोटे से बड़े योगदान से हम अपनी भूमिका अदा कर सके।

हमारे मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पहल पर जो निर्माण कार्य किए जाने है और जो योजना बनी है उससे अवश्य ही हमारे सामाजिक उत्थान को गति प्राप्त होगी। इसके लिए उन्हें राजप्रधान धर्मेन्द्र सरसिहा को शुभकामनाएं प्रेषित की और समाज के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्यों को सामाजिक चेतना और उत्थान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा ये मेरी ओर से एक छोटा सा प्रयास सामाजिक योगदान के लिए और भविष्य में भी समाजिक कार्य के लिए हर सतत संभव प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर राजप्रधान बलौदाबाजार राज धर्मेन्द्र सरसीहा, बलौदाबाजार राज सचिव प्रदीप बघमार , बलौदाबाजार नगर अध्यक्ष नरसिंह वर्मा व छात्रावास प्रभारी एवं अधिवक्ता गणेश बघमार उपस्थित रहे।

## रायपुर संभाग में तीन नए ग्रामीण डाकघर खुले

**पिथौरा,** 1 सितंबर। रायपुर उपसंभाग में तीन नए शाखा डाकघर, शाखा डाकघर छड़िया लेखा कार्यालय खरोरा, शाखा डाकघर बहेराडीह लेखा कार्यालय बैकुण्ठ, शाखा डाकघर चक्रवाय लेखा कार्यालय सिमगा का शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्रामीणों में बहुत उमंग व उत्साह दिखा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों को कानून हाथ में लेना पड़ा महंगा

**गरियाबंद,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार रात पैरी नदी पुल में हुए सड़क हादसे में युवक को मौत के बाद मालगांव के आक्रोशित ग्रामीणों को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और कानून को अपने हाथ में लेना महंगा पड़ा है। आखिरकार आंदोलन कर रहे ग्रामीणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए शुक्रवार को इस मामले में सिटी कोतवाली थाने में ग्रामीणों के विरुद्ध तीन एफआईआर दर्ज कर ली है।

ज्ञात हो की बुधवार रात बाइक की ठोकर से गांव के 16 वर्षीय हुमन निषाद की मौत के बाद ग्रामीणों ने जत्थे ने जिला अस्पताल में धावा बोल दिया था। यहां सरकारी संपत्ति के तोड़ फोड़ के साथ ही पुलिस प्रशासन से बदसलूकी जैसे गंभीर अपराध को अंजाम दिया था। इसके अलावा आरोपी पर भी ग्रामीणों ने जानलेवा हमला किया। इन सब घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन के आला अफसरों ने कड़ी कार्यवाही के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए थे। जिसके फलस्वरूप यह सड़क हादसा का मामला एफआईआर के बाद ग्रामीणों के लिए भारी पड़ गया है। सूत्रों के अनुसार घटना के अगले दिन से ही पुलिस मामले में बड़ी कार्यवाही के जुट गई थी, देर रात ही अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और स्टाफ के साथ आरोपियों की पहचान की।

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने इस मामले एक साथ चार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की।



- पुलिस ने मालगांव के 15 ग्रामीणों के खिलाफ अलग-अलग कई धाराओं में दर्ज किया मामला
- मृतक के भाई और परिजनों पर भी जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

जिसमे तीन एफआईआर तो मृतक के भाई, परिजनों और ग्रामीणों के खिलाफ है। पहली एफआईआर में मृतक के परिजनो के तरफ से आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध, दूसरी अस्पताल स्टाफ की ओर से आक्रोशित ग्रामीणों के विरुद्ध, तीसरी आरोपी के और से मृतक के भाई, परिजनों के खिलाफ तथा चौथी बाइक के आगजनी को लेकर ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज की गई है। इधर, चक्काजाम को लेकर भी ग्रामीणों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की जानकारी मिली है।

उल्लेखनीय की जिला अस्पताल में तोड़फोड़ की घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ नर्स ने भी इस मामले की शिकायत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से करते हुए आक्रोशित ग्रामीणों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। कार्यवाही के अभाव में काम न करने की चेतावनी भी दी। इसे लेकर शुक्रवार सुबह करीब आधे घंटे काम बंद कर अस्पताल का पूरा स्टाफ बाहर आ गया था। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला एफआईआर की कार्यवाही के बाद प्रबंधन और स्टाफ को समझाने अस्पताल भी पहुंचा। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के आश्वासन के बाद प्रबंधन और स्टाफ ने काम करने सहमति प्रदान की।

**दर्ज किए गए चार एफआईआर**

एफआईआर 1 - में डोमन निषाद पिता कन्हैया की शिकायत पर वाहन क्रमांक छ्त्र04 डीसी 2560 के खिलाफ आईपीसी की धारा 271,304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

एफआईआर 2 में स्वास्थ्य कर्मी नीतू ध्रुव की शिकायत पर मृतक हुमन निषाद के परिजन और वीर सेन, अर्जुन सेन, संतोष निषाद, हेमंत निषाद, दुर्गेश यादव, कमल निषाद, ईश्वर निषाद, दीपक निर्मलकर, लक्ष्मी यादव, वीरू ध्रुव, बल्लू ध्रुव, भीम निषाद, ओमन नेताम, श्रवण सेन, करम निषाद सहित अन्य पर आईपीसी की धारा 147,149,152, 186, 294, 332, 353 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

एफआईआर 3 में भागवत देवांगन पिता अवध राम देवांगन की शिकायत पर ह्यूमन निषाद के रिश्तेदार डोमन निषाद एवं ग्राम मालगांव के अन्य ग्रामीणों पर आईपीसी की धारा 147, 149, 294, 307, 323 के तहत मामला दर्ज किया है।

एफआईआर 4 बाइक चालक भागवत देवांगन के पुत्र ने बाइक क्रमांक सीजी04 डीक्यू 2560 के आगजनी को लेकर मालगांव के ग्रामीणों और मृतक के परिजनो के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई हैं।

# गिधौरी क्षेत्र में हो रहा लगातार बिजली कटौती

## समस्याओं को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



**कटगी/बलौदाबाजार,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। गिधौरी क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती का सिलसिला जारी है परंतु सुधार कार्य कछुआ चाल से होने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। लगातार आये दिन घंटों तक बिजली कटौती होती है और इस कटौती का कोई भी समय सीमा नही रहती क्योंकि जब मर्जी तब बिजली कटौती की जा रही है। बिजली व्यवस्था पुरी तर से चरमरा गया है 33केव्ही लाईन को बडा सब स्टेशन सेल एवं बरपली से बिलाईगढ़ एवं भटगांव सरसीवा क्षेत्र में बढा दिया गया है जिससे आये दिन लो वोल्टेज तथा बिजली कटौती और बार बार खराब होने की समस्या बना हुआ है।

बिजली कटौती से समस्त क्षेत्र वासी काफी परेशान और अक्रोशित हैं जिस पर ध्यान देते हुए भीम आर्मी जिला बलौदा बाजार द्वारा शुक्रवार को कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग को जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया तथा जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतवानी दिया गया है जिसमे में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश बंजारे, जिला महासचिव अजय राघव, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल, दिव्य रेवतीरमण आदि उपस्थित थे।

# नाराज हैं विधानसभा क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं



**भाटापारा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। अरसे से उपेक्षा का दंश झेल रहे विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को आस थी कि पार्टि घोषणा पत्र सुझाव संकलन के बीच उनकी सुनी जाएगी लेकिन ध्यान में भी नही आया यह वर्ग।

वायदे आपने भी खूब किए थे, सत्ता में रहते हुए। क्यों पूरे नहीं हुए ? नाराज हैं, विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी। चुनावी गतिविधियों बढ़ने लगी हैं। इसलिए हर पार्टी, हर तबके से मिल रही है लेकिन राजनैतिक पार्टियों से बेहद खफा खिलाड़ियों का लगभग पूरा वर्ग घोषणा पत्र सुझाव संकलनकर्ता से बेहद नाराज है क्योंकि उन्होंने भी ना बुलाया, ना जरूरत पूछने की जहमत उठाई।

**इसलिए था भरोसा**

जिला ही नहीं, प्रदेश और देश स्तर के खिलाड़ी दिए हैं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र ने। अल्प सुविधाओं के बीच जैसा प्रदर्शन और परिणाम दिया, उससे खिलाड़ियों के इस वर्ग को उम्मीद थी कि पार्टीयो द्वारा घोषणा पत्र सुझाव संकलन में वरीयता दी जाएगी लेकिन यह सब तो दूर, सूचना देना भी जरूरी नही समझा गया।

**उपेक्षा का दंश**

क्षेत्र के खिलाड़ी कहते हैं कि अपने दम पर जैसा प्रदर्शन किया है, उसमें अब राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी दोनों पार्टी के दौर में शुरू हुई खिलाड़ियों की उपेक्षा बदस्तूर जारी है।

**मानें यह सुझाव**

खिलाड़ियों ने घोषणा पत्र सुझाव संकलनकर्ता से कहा है कि शहर और क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है।जरूरत केवल पर्याप्त प्रशिक्षण और प्रशिक्षण स्थल की है। सर्व सुविधायुक्त इंडोर स्टेडियम और खेल मैदान उसे पूरा करवाएं। तब ही खिलाड़ियों का साथ मिल पाएगा।

# राजिम के गायत्री मंदिर में हुआ हास्य कवि सम्मेलन

## भारत सोने की चिड़िया फिर बच्चे भूखे नंगे क्यों? : दिवाकर

**राजिम,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय गायत्री मंदिर सभागृह में चल रहे यज्ञाचार्य प्रशिक्षण शिविर में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के नामचीन कवियों ने शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को गुदगुदाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ यज्ञाचार्य परमानंद यादव, हरिशंकर सिंहा, हीरालाल हिरवानी, कल्याणी कंसारी, भवानी कंसारी इत्यादि की उपस्थिति में ओज के कवि टीकमचंद सेन दिवाकर ने देशभक्ति का जज्बा भरते हुए अनेक कविताएं प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि- जहां गंगा जमुना की धार हो, उसे देश की धरती सुखे क्यों। सोने की चिड़िया भारत में बच्चे भूखे नंगे क्यों। कवियत्री सरोज कंसारी ने जिंदगी का फलसफा बताते हुए कविता प्रस्तुत की पंक्ति देखिए- जिंदगी के सफर का मुकाम है। कड़वाहट में मीठा सा एहसास है। सूर्य सा तेज और प्रकाशवान है। मां, बहन व बेटी का सुरक्षा ढ़ाल है। व्यंग्यकार संतोष सेन की कविताओं ने ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। उनकी व्यंग्य रचना देखिए-आपको समिति का राशन सही कीमत, सही तौल पर मिलता हो बधाई हो। दुर्भाग्य से आपका स्वास्थ्य खराब हो गया। आप सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। अंततः आप ठीक नहीं हो सकें, पर मारे नहीं। बधाई हो। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने ग़ज़ल पढ़ी और माहौल में चार चांद लगा दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत गजल की टुकड़ी पढ़िए-थक गया हूं मैं अकेले चलते-चलते। साथ तुम होते सफर आसान होता। जीने देती है समझदारी कहां अब। काश! दिल यह मेरा भी नादान होता। हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए हास्य चुटकुला सुनाकर हंसने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने फैशन पर करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि आजकल फैशन में नवयुतियां मल्लिका शेरावत को पीछे छोड़ चुकी है और छोटी उम्र में बुधिया सबसे आगे दौड़ चुकी है। सदन कानून बनाने का कारखाना है, उसे अपने फायदे के लिए चाहे जिधर मोड़ों, तोड़ो या फोड़ो क्योंकि अब पैसे का जमाना है।



## सार-संक्षेप

### जिला में 13 नव नियुक्त हुए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी

**बलौदाबाजार,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा छ.ग. लोक सेवा आयोग रायपुर के चयन सूची क्रमांक 1556/08/चयन/2023 दिनांक 23 जुन 2023 द्वारा चयनित 13 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी का चयन जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) में हुआ है। जिसमें डॉ. माधुरी डहरिया दतान (ख), डॉ. दुष्यंत ध्रुव गुर्रा, डॉ. तारिका ठाकुर तेलासी, डॉ. योगेन्द्र दतरेंगी, डॉ. सुमन चन्द्रा निपनिया, डॉ. अनिता दामाखेड़ा, डॉ. दिपीका ध्रुव रावन, डॉ. नंदकुमार सिंगारपुर, डॉ. हर किशोर घृतहलरे ओड़काकन, डॉ. रजनिश पोर्ते सलीहा, डॉ. प्रवीण कुमार पवनी, डॉ. प्रज्ञा चौबे अर्जुनी (ब), डॉ. पूजा वर्मा गिरौदपुरी जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव एवं संचालक आयुष रायपुर छ.ग. के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिये है। उक्त जानकारी जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. एल एस ध्रुव ने दी।

## निधन

### महंत दशरथ भारती



**दुर्ग,** 1 सितंबर। गया नगर दुर्ग निवासी दशरथ भारती का आज सुबह करीब 9 बजे निधन हो गया। वे कीर्तन, सुरेश, कौशल भारती गोस्वामी के बड़े भाई और सुनील पूनम देवेन्द्र भारती गोस्वामी के पिता थे। अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# भाटापारा विस क्षेत्र से कांग्रेस के लिए दमदार प्रत्याशी हैं राधेश्याम शर्मा : देवेन्द्र भृगु

**भाटापारा, 1** सितंबर (देशबन्धु)। किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु ने कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्र. 46 से दमदार जितने योग्य प्रत्याशी के रुप मे राधेश्याम शर्मा है । जो की राजनीति के क्षेत्र मे साफ सुथरे व नये चेहरे के रुप मे सामने आयें है । गौरतलब है की पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव मे काँग्रेस को शहर के 51 बूथ मे से 50 बूथ में हार का सामना करना पडा था ।इसी के मद्देनजर विगत दिनों प्रथम प्रवास पर भाटापारा कांग्रेस भवन में नये प्रदेश काँग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कहा था कि हमारा ग्रामीण क्षेत्र मजबूत है और शहर को मजबूत करने की दिशा मे प्राथमिकता देना है। ऐसी परिस्थिति में राधेश्याम शर्मा का जन्म भाटापारा मे हुआ है तथा इनकी प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक, हायरसेकंडरी व उच्च शिक्षा भाटापारा से ही ग्रहण किये है व वर्तमान मे व्यवसाय व राजनीति भी भाटापारा क्षेत्र मे ही कर रहे है । जिसके कारण किसान - मजदूर एवं व्यवसाईयों से जमीनी स्तर से जुडे हुये है तथा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों मे भी हमेशा आगे बढकर शामिल रहते है । इससे शहर के मतदाताओं के बीच एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी इनकी छवि काफी लोकप्रिय है। वही राधेश्याम शर्मा का संबंध सरल व्यवहार उच्च, निम्न व मध्यम वर्गों के साथ - साथ अधिकारियों कर्मचारियों के बीच भी मधुर संबंध है । भाटापारा की जनता इस बार काँग्रेस से नये चेहरे के रुप मे प्रत्याशी देखना चाहती है, जो अपनी भाटापारा धरती माँ की सेवा कर सके। आज प्राय: भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की जनता नये नेतृत्व को पसंद कर रही है। क्षेत्र की जनता को राधेश्याम (फग्गा भैय्या) से उम्मीद है कि उनको पार्टी से टिकट मिले व भाटापारा के भगवान तुल्य जनता की सेवा का अवसर मिल सके । प्रतिदिन सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण मतदाता पंच सरपंच काँग्रेस के कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा (फग्गा) भैय्या से मिल रहे है व किसानों एवं महिला वर्ग का भी भरपुर समर्थन मिल रहा है और वह चाहते है कि फग्गा भैय्या को काँग्रेस अपना उम्मीदवार बनाये ताकि भाटापारा के रुके हुये विकास कार्य पूरे हो सके। साथ ही काँग्रेस से दावेदारी कर रहे अनेको दावेदारों ने भी दबी जुबान से समर्थन किया है। फग्गा भैय्या के प्रबल दावेदारी से भाटापारा क्षेत्र की जनता का भरपुर स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है । काँग्रेस पार्टी अगर राधेश्याम शर्मा को टिकट देकर अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो निश्चित ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और कांग्रेस भारी मतों विजय प्राप्त करेंगी।



# राज्यव्यापी अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**पिथौरा,** 1 सितंबर। राज्यव्यापी अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन 1 सितम्बर से 7 सितम्बर 2023 तक सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में किया जाना है। इस कड़ी में आज विकास खंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में साक्षरता शपथ एवं रैली निकाल कर साक्षरता सप्ताह शंखनाद किया गया।विदित हो कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम के लिए प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार किया गया है।

आज अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस विकास खंड पिथौरा के विभिन्न शालाओं में साक्षरता शपथ,रैली व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं विकास खंड मुख्यालय में विकास खंड स्तरीय साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन पिथौरा की साक्षरता टीम द्वारा किया गया। जिसमें सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारिका पटेल, परियोजना अधिकारी एफ. ए. नंद व विकास खंड साक्षरता नोडल अरुण कुमार देवता द्वारा विकास साक्षरता समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.एस.पोयाम तथा वि.ख.शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर के मार्गदर्शन में कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पिथौरा में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की उपादेयता पर गोष्ठी व साक्षरता पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में अपना विचार रखते हुए प्राचार्य आशा राम बरिहा ने समाज जनों से अपील करते हुए कहा की साक्षरता की सफलता के लिए सबसे सहयोग की अपील। वहीं एबीईओ द्वारिका पटेल ने कहा कि ज्ञान की व्यापिकरण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के साक्षरता आधारित जिज्ञासा को शांत करते हुए विभाग के इस अभियान की विस्तृत जानकारी दी। वहीं परियोजना अधिकारी एफ. ए. नंद ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के मुख्य विन्दुओ पर प्रकाश डाला। नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता ने साक्षरता सप्ताह के सात दिनों की गतिविधियों के संचालन पर फोकस करते हुए गोष्ठी में उपस्थित होने के लिए सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ व्याख्याता अमृत पटेल, अमर सिंह पटेल, दिलिप कुमार साहू, शंकर गोयल , विजयलक्ष्मी होता,गुणमणी साहू,रोश एडविन तिर्की भी. एक्का प्रकाश साहू, विजय सिन्हा, गोपेश ड़डसेना , रमा प्रजापति, विमला नायक, ज्योति पटेल निलिमा साहू नगर के गणमान्य नागरिक व छात्राएं उपस्थित थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### किसान संघर्ष समिति के...

800 पाइप लगाए जाएंगे। आरआईएल (अडानी, ररखेड़ा) की समोदा बैराज से आई पाइपलाइन में टी लगाकर इस कुम्हारी जलाशय में लाई गई पाइप लाइन को जोड़ा जाएगा। कुम्हारी आंदोलन में जिनका भी सहयोग मिला उन किसानों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर किसान संघर्ष समिति 8 सितंबर को आभार व सम्मान समारोह का आयोजन करेगी।

### खैरा में 12 लाख की...

कन्नौजे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से , रेवाराम कोसरे, ललिला कुर्रे, सोनिया निहाल, दीपक चंद्राकर, राजा चंद्राकर, बैशाखू कन्नौजे,नारायण कन्नौजे, भुवन कन्नौजे, रूपेश कन्नौजे, सुदेश कन्नौजे, नरेंद्र कन्नौजे, रितेश कन्नौजे, संतोष कनौजे, ढेलूराम कनौजे,अरूण कनौजे, शिव कनौजे, मरराखन कनौजे, परदेशी कनौजे, शीतल कनौजे, सुशीला कनौजे, गजेंद्र कनौजे, रितेश कनौजे,ओमप्रकाश कनौजे,लल्ला कनौजे, भगेला कनौजे, शेखर कन्नौजे, भरत कन्नौजे, तोरण कन्नौजे रूपेश कनौजे, रोहन कनौजे सहित सामाजिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डेंगू को लेकर निगम...

सुर्निश्चित करने कहा है।

कर्मचारियों का भी रखे ध्यान

आदेश की परिपालन में संलग्न में सभी नियमित कर्मचारियों तथा प्लेसमेंट कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु सभी कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधित आवश्यक एवं विहित उपकरण उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने कहा है।

स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करे

शासन के स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर बीमारियों के रोकथाम तथा बीमार व्यक्तियों के आसपास क्षेत्र में तत्काल टीम पहुंचकर समुचित सुसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। बैठक मे मुख्य रूप से उपायुक्त पी.सी सार्वा, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडेय, कमलेश सोनकर, पार्षद बिसन निषाद उपस्थित थे।

# अनाचार के दो मामलों में 20-20 साल की सजा

**महासमुंद,** 1 सितंबर (देशबंधु)। विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 योगिता विनय वासनिक ने 31 अगस्त 2023 को एक ही दिन में दो अलग.अलग मामलों में नाबालिग को भगाकर उसके साथ अनाचार करने के अपराध के लिए दो युवकों को 20.20 वर्ष की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। एक मामले में अभियोजन के अनुसार 16 वर्षीय पीड़िता ने थाना पटेवा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 23 अगस्त 2022 को उसका पड़ोसी भेखलाल यादव पिता प्रेमलाल यादव 22 वर्ष निवासी पटेवा जिला.महासमुंद ने शादी का प्रलोभन देकर अपने घर में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। बाद में 25 अगस्त 2022 को उसे भगाकर भिलाई ले गया। वहां भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। और 22 अक्टूबर 2022 को उसे रखने से मना करते हुए मारपीट कर उसे भगा दिया। घर लौटकर मां को जानकारी दी। व बाद में रिपोर्ट दर्ज करायी। जिस पर धारा 363, 366 तथा 376 2 एन एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। ऐसे दूसरे मामले में प्रार्थी ने थाना पटेवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 30 जनवरी 2023 को अपनी सहेली के साथ झलप स्कूल गई थी। करीब साढ़े 4 बजे उसकी सहेली ने घर आकर पूछा कि अभियोक्त्री घर आ गई क्या। उसी सहेली ने घर वालों को बताया कि वह तबियत ठीक नहीं है, दवा लेने जा रही हूं कहकर 3 बजे स्कूल से निकली थी। बाहर रामरतन ध्रुव पिता रामसिंग ध्रुव 22 वर्ष निवासी ग्राम सेमराडीह चौकी . निपनिया, थाना.भाठापारा ग्रामीण, जिला.बलौदाबाजार एक और लड़के के साथ खड़ा था। रामरतन ध्रुव के साथ ही दवा लेने जाने की बात उसने कही थी। यह जानकारी मिलने के बाद प्रार्थी ग्रामीणों को लेकर रामरतन के गांव सेमराडीह गया। वहां रामरतन के घर पर उसकी पुत्री अभियोक्त्री मिली। उसने बताया कि अभियुक्त से उसका प्रेम संबंध है। शादी का प्रलोभन देकर वह उसे रायपुर फिर निपनिया ले गया। दो बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। रिपोर्ट पर धारा 363, 366, 376 2 (ढ) एवं धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। दोनों अलग.अलग मामलों में विशेष न्यायाधीश ने दोनों अपराधियों को धारा 363 के तहत 5 वर्ष की कैद व 1000 रू अर्थदंड] धारा 366 के तहत 7 वर्ष कैद व 2000 रू अर्थदंड तथा धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत 20 वर्ष व 10 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों मामलों में राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

# पीएम आवास व पट्टा की मांग को लेकर ढाई सौ लोगों का जत्था पार्षद के नेतृत्व में पहुंचा कलेक्टर से मिलने



**राजिम,** 1 सितंबर। नगर पंचायत राजीम के वार्ड 12 और 13 के भूमिहीन विगत दिनो प्रधानमंत्री आवास से वंचित लगभग ढाई सौ लोग पार्षद प्रकाश आदिल के नेतृत्व में गरियाबंद जिला कलेक्टर के पास प्रधानमंत्री आवास एवं पट्टा लेने की मांग को लेकर पहुंचे । गरियाबंद पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास से वंचित सैकड़ो लोगों ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जन चौपाल में आवास स्वीकृत करने एवं पट्टा प्रदान करने की मांग की । श्री आदिल ने अधिकारियो से यह भी कहा कि जिस स्थान में भूमिहीन निवासरत हैं इस स्थल का पट्टा एवं आवास स्वीकृत करा देंगे उक्त स्थल पर उनके पूर्वज वर्षो से निवास करते आ रहे हैं जन चौपाल में हो हल्ला के बाद अपर कलेक्टर के आश्वासन के बाद भूमिहीनो का आक्रोश शान्त हुआ। पार्षद ओमप्रकाश आदिल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास एवं पटटा की मांग को लेकर प्रमुख रुप से लखन साहू, जितेंद्र साहू, बिरजू सोनकर, नरेंद्र देवांगन मनोज निषाद , राघवेंद्र ध्रुव, तीरथ निषाद ,जयराम ध्रुव रवि देवांगन कुमार देवांगन, विष्णु राम साहू, जितेंद्र निषाद ,कैलाश सोनकर, प्यारेलाल निराला , जोहत राम निषाद, नरेंद्र आदिल, नरेश चतुर्वेदी, संतोषी निषाद ,सीमा निषाद भारती निषाद परगना निषाद गनेशीय निषाद ,मालती पटेल, जांबई देवांगन ,मीना भाई ,रूपा यादव ,सकीना बेगम पुष्पा निषाद ,सुखी बाई देवांगन, ममता निषाद, शहजादी अली गुलाबा पटेल, गीता ऑडील दुर्गाबाई ऑडील दुलेश्वर आडील ,मधु आडिल, श्याम भाई आदिल मालती कुर्रे गंधेश्वरी बोरसे, धनेश्वरी कुर्रे, सहित अनेको लोग शामिल थे।

# हेमंत साहू को पीएचडी सम्मान



**बिलाईगढ़** 1 सितम्बर(देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम बरेली विकासखंड कसडोल जिला बलौदाबाजार निवासी हेमंत कुमार साहू को हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा डॉक्टोर आफ फिलासफी(पी, ए च, डी,)की उपाधि प्रदान की गई है।उन्होंने अपना शोध कार्य निर्देशक डा, लक्ष्मी वर्मा सहायक प्राध्यप्क् श्री संक्राचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई व सह सोध् नीरदेशक् डा, ए न पापा राव सहायक प्राध्यापक कल्याण स्नेकोत्तर महाविद्यालयल भिलाई के निर्देशान मे पूर्ण किया यह सम्मान शिक्षा विषय के शिर्सक उच्च माध्यमिक स्तर के बीक्तित्व् तथा आक्रमत्मकता का समायोजन से सम्बन्धात्मक अध्ययन पर दिया गया है हेमंत कुमार साहू वर्तमान मे जिला सिक्छा प्रशिक्षन् सस्थान अछोटी दुर्ग मे सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत है इनकी इन उपलब्धि पर प्राचार्य वाई आर साहू शा,उच्च,मा,विद्यालय छुरा ब्याख्याता डा, रोहित कुमार साहू शा,पलटीनेक सुकमा पत्रकार गोविंदराम साहू प्रशिसंकचन अधिकारी हरिओम साहू खम्हरिया श्रीमती मीनू कल्पना साहू शा,पु,मा,शाला दगणिया रायपुर आदि ने शुभकामनाये एवं बधाई दी है साहू जी बरेली निवासी स्व,नाथूलाल साहू का सुपुत्र एवं रोहित कुमार साहू बड़ा भाई है।

# पोषण माह का किया गया शुभारंभ



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 1 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक वजन त्यौहार 1 से 13 सितंबर तक कार्यक्रम चलेगी जिसका आज शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र अमेरा 3 में गर्भवती, शिशुवती महिलाएं और 0-6 वर्ष के बच्चों का वजन किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य सेवती साहु, सरपंच लकेश्वरी साहु, सेक्टर सुपरवाइजर सुनीता कुर्रे, कार्यकर्ता सोनी कुर्रे, खुमीन, धनेश्वरी साहु, कृर्तिसेन,सहायिका सीता साहु के साथ हितग्राही उपस्थित थे।

# अभनपुर विधानसभा से कांग्रेस दावेदारों के सिंगल नाम भेजे जाने पर दस आवेदकों ने की पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैस से शिकायत



**जिले की सात में चार सीटों पर तीन-तीन नामों का पैनल तैयार, जबकि रायपुर पश्चिम, आरंग और अभनपुर से भेजे गए सिंगल नाम**

**नवापारा-राजिम,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पत्र क्रमांक 493 दिनांक 16 अगस्त 23 को समस्त अध्यक्ष / जिला/शहर/ नगर/ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव आवेदन अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के परिपालन हेतु निर्धारित की गई निर्देशों का अभनपुर विधानसभा क्रमांक 53 में स्पष्ट रूप से उल्लंघन कर पार्टी के दावेदारों की अवहेलना की गई है। उक्त आरोप अभनपुर विधानसभा से चुनाव की टिकट के लिए आठ आवेदक जिनमे टिकेंद्र सिंह ठाकुर, देहुती साहू, फ्णीश साहू, टिकेंद्र बघेल, खोरबाहरा राम साहू, वासू साहू, द्वारिका साहू, प्रवीण कल्ला, रतिराम साहू आदि समस्त अभनपुर के टिकट के दावेदारों ने संयुक्त रूप से एक लिखित विज्ञप्ति मे इस संवाद दाता को बताया ।

**ब्लॉक अध्यक्षो ने कराये कोरे कागज पर हस्ताक्षर:** उन्होंने यह भी बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों द्वारा कोरे कागज पर प्रत्यासियो के हस्ताक्षर कराकर उनकी अनुपस्थिति में प्रस्ताव लिखकर मात्र एक ही नाम की अनुशंसा करते हुए अन्य आवेदकों के नाम पर विचार ना करते हुए नीति निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। मीटिंग में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों को ना बुलाकर अपने निजी समर्थकों को बुलाकर प्रस्ताव तैयार किया गया।

**निष्ठावान कार्यकर्ताओ को उपेक्षित कर अपने दोनो पुत्री को ही पद से कर रहेहे सुशोभित:** क्षेत्र में लगातार वर्तमान विधायक की कार्यप्रणाली से निष्ठावान कार्यकर्ता एवं आम जनता में काफी रोष व्याप्त है। लगातार आठ बार विधानसभा और दो बार लोकसभा टिकट प्राप्त होने पर दोनों लोकसभा में एवं तीन बार विधानसभा में वर्तमान विधायक की हार हुई, साथ ही युवा कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस संगठन में निष्ठावन कार्यकर्ताओ को उपेक्षित कर अपने दोनों पुत्रों को ही पद से सुशोभित कर रहे हैं। राजीव मितान क्लब जिला समन्वयक, प्रदेश सचिव, गृहग्राम तोरला में शाला विकास समिति हाई स्कूल के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस प्रकार परिवारवाद को बढ़ावा देने से क्षेत्रीय जनमानस एवं कार्यकर्ताओं मे भारी रोष व्याप्त है।

**कार्यकर्ताओ को निराधार आरोप लगाकर पार्टी से निष्कासित, अपमानित और सार्वजनिक रूप से उपेक्षित:** यह बताना आवश्यक है कि क्षेत्र में लगातार दो चुनाव 2013 एवं 2018 में अंतिम चुनाव लड़ने की बात कह कर लोगों की सहानुभूति प्राप्त करने प्रचारित किया गया। वर्तमान सरकार में मंत्री ना बन पाने का रोष कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को झेलना पड़ रहा है। जो कार्यकर्ता दावेदार हो सकते हैं उनपर निराधार आरोप लगाकर पार्टी से निष्कासित प्रताड़ित एवं सार्वजनिक रूप से उपेक्षित और अपमानित किया जाता है।

**क्षेत्र की जनता एवम कार्यकर्ता कर रहे हे नये प्रत्याशी की मांग:** उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को प्राप्त सभी आवेदनों पर विचार करते हुए किसी भी नये उम्मीदवार साथी को पार्टी टिकट प्रदान करते हुए उम्मीदवार घोषित किया जाये। चुंकि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नये प्रत्याशी को अभनपुर विधानसभा में अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है जिसकी वजह से क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में भी नये प्रत्याशी की मांग कर रहे है।

# किक बॉक्सिंग नेशनल प्रतियोगिता में सीमा निषाद ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर सिमगा नगर का किया नाम रौशन



**सिमगा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक शिवरतन शर्मा छाया विधायक सुनील महेश्वरी एवं निषाद समाज के लोगों ने सीमा निषाद व उनकी टीम का गाजे बाजे फूलमाला के साथ स्वागत कर सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया ।

झारखंड के रांची शहर में जूनियर वर्ग कीक बॉक्सिंग नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन 22 अगस्त से 27 अगस्त तक किया गया था जिसमें 28 राज्यों के 3000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जहां कुमारी सीमा निषाद ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया । साथ ही अलौकिक वर्धन सिल्वर मेडल देवेश रात्रे ब्रान्ज आन्या मानिकपुरी ब्रान्ज आदर्श मानिकपुरी ब्रान्ज सागर तुरकर ब्रान्ज काजिम रजा ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया । निषाद भवन में विधायक शिवरतन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का गमछा गुलदस्ता भेटकर उनका स्वागत किया ।

उन्होंने इस अवसर पर मिडेल प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने कीक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल के बदौलत ही मेडल प्राप्त किया है । सुविधा के बदौलत सफलता नहीं मिल सकती है सफलता तो जूनून और जब्बे से मिलती है किसी भी क्षेत्र में हो अपने कार्य को पूरे लगन से करने पर उसमें हमें सफलता जरूर मिलती है जैसे की एकलव्य को गुरु द्रोणाचार्य ने ज्ञान देने से मना कर दिया था इसलिए एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुर्विद्या की सारी शिक्षा प्राप्त किया था । उन्होंने किकबॉक्सिंग टीम के मांग पर 15000 हजार रुपए सहयोग राशि देने की बात कही ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोच अमन सोनी नगर पंचायत के अध्यक्ष भागवत सोनकर छोटू यादव संतोष दास मानिकपुरी चंद्रमणि तिवारी समाज के अध्यक्ष हेमनाथ निषाद नारायण निषाद पार्षद संतोषी निषाद समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद पूर्व महासचिव बोधी राम निषाद दयालु निषाद खोरबाहरा निषाद जेठू निषाद रविशंकर ग्वाल सूर्यकांत ताम्रकार राजू निषाद जिला संगठन सचिव रेवाराम निषाद भागवत निषाद मुकेश कुमार निषाद उत्तम निशा भानू निषाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

# दुलारपाली के ग्रामीणों ने विधायक नन्द से मिलकर अपनी समस्या बताई



**सरायपाली,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण ने इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं तथा कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का भी निराकरण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भेंटमुलाकात कर समस्याओं से रुबरु होकर उनके निराकरण का सतत प्रयास कर रहे हैं। आज विधायक कार्यालय में ग्राम दुलारपाली के ग्रामीणों ने विधायक से भेंट मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण का निवेदन कियाजिसे गंभीरता पूर्वक सुना जिसे संज्ञान में लेते हुए मौके पर विभागीय अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया द्य साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की जनकलाकारी योजनाओं के बारे में बताया गया इस अवसर पर गांव के सरपंच, पंचगण भारी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

# संविधान बदलने के बात से आक्रोशित अजा अजजा के लोगों ने रैली निकाल कर राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन

**प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार विवेकदेव राय को गिरफ्तार करने की मांग**



**पलारी,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। पलारी में अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार विवेकदेव राय द्वारा संविधान बदलने के आलेख से आक्रोशित अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के समाजिक पदाधिकारियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विवेकदेव राय को गिरफ्तार करने के मांग को लेकर सभा आयोजित कर संविधान बदलने की मानसिकता वाले बयान पर निन्दा प्रस्ताव पारित कर सतनाम भवन से रैली निकालकर डॉ अम्बेडकर प्रतिमा स्थल थाना परिसर में महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार पलारी को ज्ञापन सौंपा गया। अनुसूचित जाति जनजाति संगठन के अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज संघर्ष समिति ने कहा कि संविधान बदलने की प्रयास किया गया तों देश-भर में तथा छत्तीसगढ़ में दो अप्रैल जैसा आन्दोलन किया जाएगा।सभा को राजकुमार पात्रे, डी आर बघेल, जयनारायण गायकवाड़, महेश बारले, नेमू सोनवानी, टेकराम कुर्रे, रवि रविंद्र ने संबोधित करते हुए संविधान के समर्थन में अपनी बात रखें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भागलाल कोशले, अंगद खुंटे, हरिश गेन्ड्रे, महेश ढीढी, विश्वनाथ मांडले, के एन कुर्रे, परस बंजारे, संतोष घृतलहरे, गणेशु सोनवानी, कृपा राम साण्डे, देवेन्द्र पात्रे, बीरचंद मांडले, सेवक भतपहरी, पुरुषोत्तम बघेल, नरोत्तम टंडन, लंकेश्वर बघेल, मारकंडे सर, दलिप ऑडिल, राम प्रसाद आडिल, मिथिलेश, तुषार, सचिन यादव, झग्गर, मनीराम बेलदार, पुरुषोत्तम टंडन कृपा मांडे, धनजीत, योगेन्द्र, तुषार बंजारे, कन्हैयालाल कोशले, विजय कुर्रे, दिलेश्वर भारद्वाज, लोचन बांधे, ओगरादास, करसायल, इंद्र देव, कार्तिकराम, बेदराम कुर्रे, बुधारु गायकवाड, सुरेंद्र, मिथिलेश यादव, आदि सैकड़ो के संख्या मे उपस्थित थे।

# मंत्रालय एवं संचालनालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**आरंग,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर रायपुर एवम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में विधान सभा क्षेत्र आरंग के अंतर्गत स्थित मंत्रालय महानदी भवन एवं संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया, जिसके अंतर्गत ईवीएम प्रदर्शन में 400 से अधिक लोगों ने डेमो वोट कर मतदान प्रक्रिया को समझा और लोंगो को जागरूक करने का संकल्प लिया. पुलिस जवान निर्भीक सिंह नारायण ने डेमो वोट कर आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भीकता पूर्ण मतदान करने का संदेश दिया, वहीं दृष्टिबाधित शिवकुमार अग्रवाल 60वर्षीय ने ब्रेल लिपि के माध्यम से डेमो वोटिंग में भाग लेते हुए कहा की सभी को प्रसन्नता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। आयोग द्वारा पीडब्ल्यूडी मतदाताओं हेतु पोस्टल बैलट को प्रशंसनीय कदम बताया. इस दौरान तहसीलदार मंदिर हसौद विनोद साहू, नायब तहसीलदार श्रुति शर्मा एवं आलोक वर्मा आदि का मार्गदर्शन एवं मास्टर ट्रेनर प्राचार्य चंदूलाल साहू, व्याख्याता भास्कर प्रसाद यादव, शिक्षक गण स्वीप प्रभारी महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव, विनय कुमार अग्रवाल एवं योगेंद्र देवांगन की सहभागिता रही एवं इन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित हर क्रॉस चे श्चन का समुचित जवाब देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम चैलेंज से भी अवगत कराया, साथ ही जागरूकता नारो एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ से समापन किया गया ।कार्यक्रम में सचिवालय, संचनालय के कर्मचारी, अधिकारी, आम जनमानस एवं सुरक्षा में तैनात जवानों सहित सहित लगभग 1000 लोगो ने उत्सुकता पूर्वक ईवीएम मशीन की कार्यप्रणाली को जानकार लाभान्वित हुए एवं इसे एक सराहनीय पहल बताया ।

# उच्च अधिकारियों की टीम सरायपाली के दौरे पर



**सरायपाली,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य के संबंध में जिला के उच्च अधिकारियों की टीम सरायपाली के दौरे पर पहुंचीटीम में मुख्य रूप से कलेक्टर प्रभात मलिक एस पी धर्मेन्द्र सिंह डी एफ ओ पंकज राजपूत एस डी एम हेमंत नंदनवार तहसीलदारकृष्ण कुमार साहू विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी बी आर सी सतीश पटेल आदि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 सरायपाली अंतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के दौरान ग्राम पंचायत तोषगांव के तीन मतदान केन्द्र क्रमांक क्रमशः भाग संख्या - 197, 199 और 200 केन्द्र स्थल शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला तोषगांव पहुंचे जहां शाला भवन परिसर निर्माण और बच्चों के लिए शैक्षणिक गुणवत्ता वातावरण का अवलोकन किए कक्षा दूसरी के बच्चों के साथ शैक्षिक विषय गतिविधियों के बारे में प्रश्न पूछे बच्चों ने सभी अधिकारियों के अभिवादन किया बच्चों के शैक्षिक उत्साह वर्धन के लिए मिठाई बांटें भविष्य में शाला निरीक्षण पर आने का आश्वासन दिये। इस दौरान विद्यालय के परिवार के कमलासन आचार्य प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला बिसीकेशन साहू राजेन्द्र सिदारमंदाकिनी प्रधान कुलेन्द्र नेताम अनिता साहूसमस्त शिक्षक शिक्षिकाए आदि शिक्षक शिक्षिकाएं सहित मतदान केन्द्रों के सुपरवाइजर अभिहित अधिकारी और बीएलओ गण उपस्थित थे।

# चंद्रयान 3 व बद्रीनाथ धाम की थीम पर सजेंगे पंडाल, खरोरा में रहेगी गणेशोत्सव की धूम



**खरोरा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। 19 सितंबर से शुरू हो रहे गणेश चतुर्थी को लेकर नगर के युवाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है। वैसे तो गणेश चतुर्थी में अभी वक्त है नगर महित आस-पास के युवा पिछले कुछ महीनों से इसकी तैयारी में जुट गए हैं। खरोरा, केसला में भैरव बाबा, सिद्धि विनायक, इंडियन आर्मी, महाकाल, विघ्नहर्ता, जय माँ करियादामा, विनायक, ज्वाला, प्रगति, युवा प्रोत्साहन, युवा शक्ति, वंदे मातरम, लिटिल स्टार, एसडीएम गणेशोत्सव जैसे कई छोटी बड़ी सार्वजनिक गणेश समितियों के लोग कई महिनों से तैयारी में लगे हैं। इनके व्दारा अपने निर्धारित स्थानों पर गणपति महाराज के लिए भव्य पंडाल सजाने की तैय्यारी की जा रही हैं। इस बार इन पंडालों में बद्रीनाथ धाम, चंद्रयान-3 जैसे कई आकर्षक थीम देखने को मिलेंगी। पूरे दस दिनों तक पूजा अर्चना पश्चात 29 सितंबर अनंत चतुर्दशी के दिन विर्सजन होगा। इस दौरान सभी छोटी बड़ी गणेश समितियों व्दारा देर रात तक आकर्षक झाँकीया निकाली जायेगी। गौरतलब हैं की युवा विचार संस्थान व्दारा पिछले कुछ वर्षों से नगर में गणेश विसर्जन के दौरान झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें इस वर्ष भी खरोरा, केसला की दर्जनों गणेश समितियाँ भाग ले रहीं हैं। आयोजक समिति से विकास ठाकुर ने बताया कि युवा विचार संस्थान की और से इस वर्ष झॉकी में प्रतिभागी समितियों के उत्साहवर्धन हेतु क्रमशः 71, 51, 31, 21 एवं 11 हजार नगद राशि, प्रशस्ती पत्र एवं प्रतीक चिन्ह सहित अन्य सभी समितियों को सांत्वना पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

# बजरंग दल की बैठक में पूरे जिले से लेकर ग्राम तक के कार्यकर्ताओं को मिला पदभार



**पलारी,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। बजरंग दल का पुरा जिला बैठक पलारी ब्लॉक के ग्राम दतान में हुआ जिसमें बजरंग दल के प्रदेश संयोजन रतन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन राजपूत विभाग मंत्री नीरज साहू की मुख्य उपस्थितिए में कार्यक्रम हुआ बैठक का मुख्य उद्देश्य पुरे कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति जागरूक करना, अपने धर्म और संस्कृति के प्रति हमेशा खड़े रहने के लिए जागरूक करना व पुरे छत्तीशगड़ को धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ हत्या जैसे कृत्यों से मुफ्त करना साथ ही समाज में जात पात को किनारे कर सर्व हिन्दू समाज एक जुट होकर हमेसा एक दूसरे का सहयोग करना चाहे वो कोई भी व्यक्ति हो साथ ही ऐसे विषयों पर बात हुई, प्रदेश संयोजन रतन यादव ने जिला से लेकर ग्राम तक का पदभार कार्यकर्ताओं को दिलाया जिसमें जिला अध्यक्ष भोला वर्मा जिला संयोजन नारायण वैष्णव, जिला सह संयोजक विनय कुमार वर्मा प्रखण्ड अध्यक्ष परमेश्वर साहू प्रखण्ड मंत्री नंदकिशोर वर्मा प्रखंड संयोजन पारशदीप सुहेल प्रखण्ड सह संयोजक आर्यन वर्मा अखाड़ा प्रमुख सत्या यादव गौ रक्षा प्रमुख देव कुमार साहू सुरक्षा प्रमुख अभिषेक कश्यप एवं विभिन्न खंड और ग्राम इकाई में भी मिला मुख्य कार्यकर्ताओं को पदभार, जिसमें हेमंत साहू, मनोज साहू, राजेश यादव, ओम गुप्ता, राहुल यादव, बसंत मिश्रा, उमेश ओझा, डिकेश साहू, प्रवीण वर्मा, रवि साहू, लारेंश, चितरंजन व दर्जनों कार्यकर्ताओं को मिला पदभार वा सकड़ो के संख्या में कार्यकर्ता सामिल थे।

# अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सिमगा,** 1 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टाउन पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला धनेश निषाद पिता स्व. रामा निषाद उम्र 32 साल साकिन वार्ड क्रमांक 01 भवानी नगर सिमगा जो अपने मोटर सायकल क्रमांक ष्ट्त04/स्स्7182 में भारी मात्रा में शराब ले जा रहा है । सूचना मिलने पर पुलिस ने तिल्दा रोड में घेराबंदी कर आरोपी धनेश को रंगे हाथों पकड़ा जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक थैला के अंदर 30 पाव देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180स्स्भरी हुई जुमला 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रू तथा मोटर सायकल ॥स्र डिलक्स क्रमांक ष्ट्त04/स्स्7182 कीमती 20,000 रूपये कुल जुमला किमती 23600 रूपये मिला जिसे गवाहो के समक्ष गिनती बरामदगी कर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया । आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजन को दिया गया । आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 264/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर प्रकरण अजमानतीय होन से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया जहाँ न्यायाधीश ने आरोपी को जेल भेज दिया ।

सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक 88 संतोष वर्मा, आर.606 राजेंद्र ठाकुर, आर.704 किशोर मरकाम का विशेष योगदान रहा।